पंचांग शोधन कमेटी की रिपोर्ट में प्रेक्षणीय विषय.

विभाग १ ग्रंथारंभ

विभाग २ [अयनांशवाद निर्णय] ... ... पृ. १-३०

इन्दौर पंचांग प्रवर्तक कमेटी की संपूर्ण

रिपोर्ट.

शुद्ध पंचांगोपयोगी शास्त्रार्थ सहित ग्रहलाघव कों चालन देकर उसी के गणित से शास्त्रशुद्ध सूक्ष्म पंचांग बनाने की पद्धति व कोष्टक.

भूमिका.

लेखक—विद्याभूषण दिनानाथ शास्त्री चुलेट.

ज्योतिष का उद्भव और वेद काल में ज्योतिष का धार्मिक स्वरूप.

१ बहुत प्राचीन वैदिक कालसे मंत्र द्रष्टा ऋषियोंने ज्योतिःशास्त्र के मूलतत्वों का शोध लगा लिया था; यज्ञ प्रयोग उस समय की वेध क्रिया थी और सुपर्ण चिति आदि के चित्र में दैवत चिन्हांकित इष्टकाएं (इंटे) रखकर उसका लेखन किया जाता था। जिसके द्वारा आज क[illegible] के पंचांगों के माफक उस समय में (और आज) भी तिथि, नक्षत्र, करण, दिन प्र[illegible]ग, रात्रि प्रमाण, मास, पक्ष, अयन (विषुव दिन), तोयन (पर्जन्यारंभ नक्षत्र), ऋ[illegible], संवत्सर और युगों का परिमाण आदि यथार्थ रीतिसे मालूम होते थे। उसके द्वारा [illegible]िक मास का भी पता लग जाता था। इसी कारण वैदिक मंत्रों में उपासना के रूपमें ज्योतिर्गोल का ही वर्णन है। क्योंकि उस समय ज्योतिःशास्त्र और धर्मशास्त्र का एक ही रूप था।

वेदांग काल के इधर ज्योतिष का स्वतंत्र स्वरूप

२ आगे जब वेदांग काल में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त और छंदग्रंथों का अलग अलग निर्माण होने लगा तब ज्योतिष का भी वेदांग ज्योतिष नामक ग्रंथों द्वारा अलग निर्माण हुआ; और धर्म शास्त्र के स्मारक स्मृतिग्रंथ भी अलग अलग बनते गये। अब तक तंत्र (ग्रहगणित) संहिता व जातक भेद से ज्योतिष के १८ ग्रंथ और मानवादि स्मृति (धर्मशास्त्र) के २६ ग्रंथ बने इनके द्वारा और भी कई उपांगरूप ग्रंथों की रचना हुई।

ज्योतिःशास्त्र और धर्म शास्त्र का परस्पर संबंध

३ इनका परस्पर में अंगांगी भाव का संबंध होने से ज्योतिःशास्त्र में स्मृति ग्रंथोक्त युग पद्धति आदि बातों का और धर्म शास्त्र में व्यवहारोपयोगी ज्योतिष की बातों का समावेश किया गया। इसी कारण हमारे ज्योतिःशास्त्र और धर्मशास्त्र परस्पर में एक दूसरे के समर्थक हैं।

शास्त्र शुद्ध पचांग का स्वरूप और उपयोग.

४ इसीलिये हमारे-व्रत, उपवास देवपूजा व श्राद्ध संकल्पादि धर्मशास्त्रोक्त संपूर्ण कार्य तथा मुहूर्त जन्मपत्र वर्ष फल, प्रश्नफल, आदि फल ज्योतिष के कार्य और कृषि, व्यापार, इतिहास (प्राचीन वस्तु संशोधन), व गणित शास्त्रीय आदि व्यावहारिक कार्य; धर्म शास्त्रानुसार (श्रुतिसम्मत) प्रणालीसे बने हुए दृक्प्रत्यय युक्त, शुद्ध व सूक्ष्म गणित के पंचांग से ही किये जाते हैं । और यही शास्त्रशुद्ध पंचांग कहलाता है ।

वेधद्वारा पंचांगको शोधन करनेकी प्रणाली.

५. आकाशस्थ ज्योतियों की यथार्थ स्थितिको बतलानेवाला पंचांग है । वह स्थिति प्रत्यक्ष वेध लेनेसेही निश्चित हो सकती है । इसलिये जिन ग्रंथों के आधार पर पंचांग बनते आए वे उस कालमें उपलब्ध वेधक्रियाके साधनों से बने हुए होने से तत्कालीन दृक्प्रत्यय युक्तही रहते थे । किंतु कुछ वर्षों के बाद जब जब उसके गणित में अंतर पडने लगता था तब तत्कालीन ज्योतिर्विद लोग उसमें बीज संस्कार [चालन] देकर करणग्रंथ तथा नये सिद्धान्त ग्रंथ बनाकर शास्त्रानुसार उसे शुद्ध कर दिया करते थे । तभी आज ज्योतिष के अनेक सिद्धान्त और करण ग्रंथ उपलब्ध हैं ।

वेधक्रिया प्रचलित रहने से विभिन्न ग्रंथोंकी एक वाक्यता.

६. भिन्न भिन्न कालमें उक्त ग्रंथोंका निर्माण हुआ है इसलिये उनमें कुछ भिन्नता दिखती है । किंतु यही भिन्नता मानवीय ज्ञानोन्नतिके साथ साथ ज्योतिःशास्त्रकी नई नई खोजोंके कारण, वेधक्रिया और ज्योतिःशास्त्रके प्रागतिक रूपको दर्शाती है । यदि हम उच्च और संपात के सम्मिश्र गतिप्रमाणों को सायन व केंद्रीय वास्तविक रूप के बनाकर अलग अलग कर दें तो आजतक के बने हुए सभी सिध्दान्त ग्रंथोंकी आपस मे एक वाक्यता हो जाती है । अर्थात् सभी के भगणपरिमाण सूक्ष्म गणित के परिमाणों में एक रूप होकर मिल जाते हैं । यह (हमारे ग्रंथों के शुद्धताकी) हमारे लिये कितने गौरव की बात है ।

वेधक्रिया के लोप से पंचांग वादकी उत्पत्ति.

७. इस प्रकार स्वतंत्र वेध लेने की प्रणाली [परंपरा] ग्रहलाघव करण ग्रंथके निर्माण काल शाके १४४२ तक प्रचलित थी । किंतु उसके बाद भारतकी वेध प्रक्रिया लुप्त हो जानेसे प्राचीन ग्रंथों के वेध-सिद्ध परिमाणों की तत्त्वान्वेषणताभी लुप्तप्राय होगई । इसी कारण नया सिद्धान्त ग्रंथ या करण ग्रंथ बनाने की प्रतिभाशक्तिका न्हास होगया । और ऐसे ग्रंथों के निर्माण के बदले (१) आर्ष अनार्ष वाद, (२) सायण निरयण वाद, (और शुद्ध निरयण मान में) (३) आरंभ स्थान वाद तथा [४] अयनांश वाद खडे होगये हैं । इतनाही नहीं तो वर्तमान कालिक पंचांगों के निर्माण में भी तीन पक्ष पैदा होगये हैं जो इस प्रकार है ।

८ ग्रहों की गति स्थितिमें दृग्गणितैक्यताके लिये दिये जानेवाले कालान्तर जन्य संस्कार और स्मृति ग्रंथोक्त युग परिमाण का उपयोग छोडकर प्राचीन सिद्धान्त ग्रंथों के केवल नाम धारी (शके ४२१) के पश्चात् जिनकी रचना की गई है ऐसे) सिद्धान्त ग्रंथों को आर्षग्रंथ मानकर उनके आधारपर बने हुए मकरंद, करण प्रकाश, करण कुतूहल, रामविनोद और ग्रहलाघव तिथिचिंतामणि आदि से पचाग बनाने वाला पहिला ग्रहलाघवीय पक्ष है।

ग्रहलाघवीय (अ) पक्ष.

९ ग्रहलाघव पक्ष के सिवाय शक १७५९ (सन १८३८ ई.) से एक दूसरा आँग्ल विद्या विशारदोंका पक्ष खडा होगया है. यह पक्ष श्रुति, स्मृति व वेदाग प्रोक्त ज्योतिष और तंत्र, होरा, संहिता आदि ज्योतिष के मूलतत्वों को जाने विना ही केवल प्रो० कोल ब्रूक, प्रो० वेण्टली, प्रो० व्हिटने, प्रो० बर्जेस आदि के बनाए हुए सूर्य सिद्धात आदि नव्य ग्रंथों के अंग्रेजी भाषान्तर के तथा पाश्चात्यों के सूक्ष्म गणित के पंचागों के आधारपर प्रो० बापू देव शास्त्री, प्रो० छत्रे, और ज्योतिर्विद् केतकर आदिने पचाग प्रणालीका रूपान्तर करने के लिये राशि चक्र के आरंभस्थान दर्शक तारकाओं में विभिन्न नूतनरूप देकर अयनांशों का और मद, केंद्रीय वर्षमान को प्रचलित रखकर शुद्ध नाक्षत्र वर्षमान का वाद उत्पन्न कर नक्षत्रों से गणना की जानेवाली वेध पद्धति के स्थल में आँग्लपंचागोक्त सायन परिमाणों को ही दृक्प्रत्यय मानकर उसीपर से पंचाग बनानेवाले नूतन पक्ष में भी (ब) और (क) दो भेद हो गए हैं। वह इस प्रकार हैं।

नूतन पक्ष में दो भेद

१० गणपत कृष्णाजी मुंबई के छापखाने से प्रकाशित शके १७८२ के ग्रहलाघवीय पचाग में लिखे मेष संक्रमण काल से ही सूर्यसिद्धातोक्त (मदकेंद्रीय) वर्षमान लेकर प्रो R. S. के इ. स. १९०८ में पाश्चात्य ग्रंथों के आधार से प्रो. केरो लक्ष्मण नाना साहब छत्रे के बनाए हुए ग्रहसाधन कोष्टकोक्त झिटापिशियम तारे को आरंभस्थानीय मानकर (१८°–१९°) अयनाशों का शक १७८७ से थेडे ही वर्षोंतक " पटवर्धनी " पंचाग बनानेवाला, आगे लोकमान्य तिलक महोदय के समक्ष में शास्त्र शुद्ध नाक्षत्र वर्षमान लेकर नाटिकल आल्मनाक के आश्रय से शक १८४० से ठीक २३° अयनाशों का आरंभ कर " टिळक पंचांग " बनाने वाला, बाद में प्रो० छत्रे के कहे हुए सूर्यसिद्धातोक्त वर्षमान छोडकर उन्हीं छत्रे के बताए हुए अयनाश (१८°–१९°) का वही पंचाग बनानेवाला पूना कमेटी पक्ष या झिटापक्ष= (ब) है.

पूना कमेटी पक्ष (ब)

११. उपरोक्त [ब] पक्ष को महत्व देने के लिये ज्यो. वि. वेंकटेश बापुजी केतकर ने शक १८२० के ज्योतिर्गणित नामक ग्रंथमें अयनाश[$\frac{\circ}{१८}$–$\frac{\circ}{१९}$] को अग्रस्थान देकर चित्राभिमुख आरंभस्थान के अयनाश($\frac{\circ}{२२}$–$\frac{\circ}{२३}$) के प्रचलन रहित बतलाया व शक १८२२ में झिटापक्षवाले पचाग बनाया लेकिन जब

केतकी पक्ष= [क]

ज्यो. वि. शंकर बालकृष्ण दीक्षित के भारतीय ज्योतिः शास्त्र में झिटा की निराधारता व चित्रा की साधारता सिद्ध हुई देखकर निरभिमानसे झिटा पक्षको त्याग कर स्वयं केतकरजीने पूना केसरी पत्र (तारीख २-२-१९२१) आदि लेखोंमें अपनी गल्ती सुधारी है और शास्त्रशुद्ध चित्राभिमुख बिन्दु को आरंभ स्थान में मानकर ग्रहगणित, वैजयन्ती व नक्षत्र विज्ञानादि पाश्चात्य सरणी के सूक्ष्म गणित के ग्रंथ बनाये हैं तदनुसार अयनांश (२२°-२३°) का स्वयं पंचाग बनानेवाला केतकी पक्ष या दीक्षित पक्ष = (क) है।

तीनों पक्षों के गुणोंकी प्रशंसा

१२. इन तीनों पक्षोंका उद्देश भारतीय पचाग प्रणालीको उन्नत करने का है किंतु इनमें से (अ) पक्ष प्राचीन ग्रंथ व प्राचीन शोधों को विकाश में लाकर और नूतन सस्कारों से शुद्धकर उसे वास्तविक स्वरूप देने में, (ब) पक्ष उसके स्थल में आँग्ल विद्याविशारदों की कही बातों को प्रचलित कराने में और [क] पक्ष प्राचीन तथा अर्वाचीन शोधों को उपयोगमें लाकर दोनों की संगति लगाने में; उसकी उन्नति समझता है।

और विद्वानों के किये हुए महत्वपूर्ण कार्य.

१३. तदनुसार ग्रहलाघव, ग्रहासिद्धान्तादि ग्रथोंकी टीका व कई ग्रथों की टिप्पणी कर उनको प्रकाशित कराना, चुचरचार व चलन कलनादि कई ग्रथों को बनाकर उसमें भास्कराचार्यादि के शोधोंकी सूक्ष्मता व उपयोगिता बतलाकर म. म. प. सुधाकर द्विवेदीने, पाश्चात्य गणित पद्धतिका गोल प्रकाश ग्रथ बनाकर प्रो० नीलाम्बर झा ने, सूर्य सिद्धांत सिद्धांतशिरोमणि आदि की नव्यपद्धतियुक्त हिन्दी टीका बनाकर ज्यो. वि. प. दुर्गाप्रसादने, पंचसिद्धांतिका ... संस्कृत टीकाके साथ इंग्रजी टीका बनाकर पिंसिपल थीबो साहबने, इस शास्त्रकी उन्नति करने के लिये महत्वपूर्ण कार्य किये है।

तीनों पक्षों के प्रशंसनीय कार्य.

१४. इसी प्रकार कई ग्रंथकार और पंचागकारोंने हमारे धर्मशास्त्र व ज्योतिःशास्त्रकी जोड कायम रखते हुए निरयण मानके पंचागों को शनैः शनैः सूक्ष्मगणित के करते जाने का श्रेय ग्रहलाघव पक्ष को है। उक्त छत्रे साहेब ने ग्रंथ बनाकर तथा लो० तिलक व सर भालचंद्र भाटवडेकर आदि ने मुंबई, पूना, सांगली में सम्मेलन कराकर उसमें सूक्ष्मगणित के पंचांग को प्रचार में लाने का और ५००० रुपियों का नगद पुरस्कार देकर मि. दफ्तरी वकील द्वारा नूतन करण ग्रंथ बनवाने का औदार्य प्रकट करने का श्रेय पूना कमेटी पक्ष को है। और ब्यासनाथ-रामधेनु, तैत्तिरीय ब्राह्मण, व वेदसंहिता में लिखे हुए राशिचक्र के आरम्भ स्थान दर्शक चित्रा तारे का अन्वेषण करने के बिना ही केवल अर्वाचीन सिद्धान्त साधित ग्रहों की तुलना साधन के हेतु से क्यों न हो दीक्षितजी के सूचित किये हुए चित्रा तारे को अयनांत दर्शक मानकर; पूना कमेटी पक्ष के तर्फ से दिया

जाने वाला पांच हजार रुपियों का पुरस्कार त्याग करके पंचांग कार को चाहिये ऐसे लेख व ग्रंथों को प्रकाश में लाकर भारतीय ज्योतिःशास्त्र को पाश्चात्यों के वेद्ध सिद्ध परिमाणों के तुल्य शुद्ध व सूक्ष्म बनवा देने का श्रेय केवकी पक्ष को है।

उन्नति के मार्ग का दिग्दर्शन.

१५. इन तीनों पक्षों का ध्येय यद्यपि भारतीय ज्योतिः शास्त्र की उन्नति करना है किन्तु ये पक्ष आपस में एक दूसरे को गिराकर अपने उद्देश की सिद्धि के लिये जिस मार्ग का अवलंब कर रहे हैं वह मार्ग उन्नति का नहीं है। वट वृक्ष की उन्नति उसके पोषण करने में या वह वृक्ष सूख गया हो तो वटके ही बीज बोने में है न कि उसे उखाड़कर उसके स्थान में पीपल आदि दूसरे वृक्षों के बीज बोने में या वृक्ष लगाने में है। यह उन्नति तो पीपल आदि वृक्ष की है। वट की नहीं। ठीक इसी तरह हमारे पूर्व पुरुषोंने जिन २ तत्वों का शोध लगाकर उत्क्रांति तत्वानुसार उनका विकास होते हुए अनंत काल तक उसको कायम रखने के लिये जिस पद्धतिका उन्होंने स्वीकार किया है उस पद्धति का अवलंब करके उन तत्वों का विकास करना ही भारतीय ज्योतिःशास्त्र की उन्नति है। उसे त्यागकर दूसरी पद्धति व दूसरे २ प्रकारों के शुरू करने में प्राचीनों के प्राप्त किये हुए शोधों का श्रेय दूसरों को देना है।

आकाशीय दृश्यों से ज्योतिष की सार्थकता.

१६. हमें २२ मार्च को आरंभ होनेवाले सायन मान के मेष वृषभादि राशि, अश्विनी आदि नक्षत्र और चैत्र वैशाख आदि महीने केवल प्राचीन नाम धारी नहीं चाहिये तो आकाश में तारका पुंजों पर निश्चित किये हुए मेष वृषभादि की आकृतिवाले राशि, अश्वमुखादि नक्षत्र और इनकी स्थिरप्राय नक्षत्रों के या सानिध्य के नक्षत्रों युक्त पौर्णिमावाले मास; जैसे चित्रा पौर्णिमावाला महीना चैत्र विशाखा युक्त वैशाख इसी तरह के मेषादि राशीयुक्त शुद्ध नाक्षत्र मानके अन्वर्थक महीने चाहिये। केवल जो बातें सांपातिक मान से परिगणित होती हैं जैसे *ऋतु, अयन, चरखंड, लग्न, भाव साधन और वेध द्वारा छाया नापने आदि सायनमान* मालूम होने के लिये शास्त्र शुद्ध नाक्षत्र मान में चाहे जिस दिन चाहे जिस समय का सांपातिक मान आजावे ऐसे अयनांश चाहियें। इसी तरह मंद केंद्रोपमान आजावे ऐसा शुद्ध मंदोच्च चाहिये।

प्राचीनों के शोध हमारे लिये पर्याप्त हैं.

१७. इस प्रकार के शुद्ध व सूक्ष्म परिमाणों का योग्य अन्वेषण करनेपर हम पता लगा सकते हैं कि वैदिक और सिद्धान्त साधित ग्रहों में ही कालान्तर जन्य संस्कार करनेपर दृक्प्रत्यय युक्त शुद्ध व सूक्ष्म ग्रह बन सकते हैं। तब उस पद्धति को त्यागकर दूसरे का अवलंब करना व्यर्थ है। क्योंकि प्राचीनों के शोध पर्याप्त हैं। और उनके द्वारा ही पाश्चात्य गणित सरणी की सूक्ष्मतासह के शास्त्र शुद्ध नाक्षत्र मानका पंचांग साधन करने में ही हमारा गौरव है।

प्रच्छन्न सायन वादियों के प्रयत्न.

१८ किंतु भारतीय ज्योतिःशास्त्रमें सायनमान को समर्थित करने वाले ज्यो. वि. दीक्षित के लेखों को और सांगली संमेलन के इतिहास को तथा उसके बाद केसरी व स्वराज्य नामक पत्रोंमें प्रसिद्ध हुए पंचांग वाद संबंधी लेखों को देखने से पता चलता है कि आँग्ल विद्या विशारदों मेंसे कतिपय महानुभावों ने प्रचलित नाक्षत्र प्रणाली को धीरे धीरे नामेट करने के लिये ही हमारे में कई विसंवाद (झगडे) खडे किये हैं वह इस प्रकार से हैं।

इनकी पहिली चाल बाजी.

१९. आरंभस्थान दर्शक, देदीप्यमान, एकतारा वाले, निजकी अत्यल्प गतिमान्, निःसंदेह योग तारावाले चित्रा नक्षत्र की जगह—आरंभस्थानसे चार अंश पहिले के, नेत्रोंसे स्पष्ट नहीं दिखने वाले, छोटे ३२ बत्तीस ताराओं मे से छोटे से एक तारे को योग तारा पहिचानने में संदेहोत्पादक तारावाले झिटापिशियम को रेवती की योग तारा बता कर ' नक्षत्राणि रूपं अश्विनौ व्यात्तम् ' इस प्रकार की श्रुतियों को गलत करने के लिये आरंभ स्थान दर्शक ताराका विसंवाद, और

दूसरी चाल बाजी.

२०. छायार्क से करणागत स्पष्ट रवि का अंतर रूप के अयनांशों का अवलंब करने में प्राचीन मंदफल की स्थूलता के कारण प्रतिदिन के प्रति ग्रंथ के भिन्न भिन्न अयनांशों को बतलाते हुए सायन मेष संक्रमण के समय के ही अयनांश करणागत में मिलाकर छायार्क से उसे गलत करने के लिये और स्थिर तारासे अयनांश गणना पद्धति को नामेट करने के लिये उपर्युक्त सिद्धान्त व करण ग्रंथों की स्थूलता व विभिन्नता बतलाने का विसंवाद-खडा कर देते हैं।

चाल बाजी का भांडा फोड.

२१. और यह ऐसा कहते हैं कि—" देखिये अनेक करण ग्रंथों के अनेक अयनांश आते हैं वह भी सिर्फ सायन मेषार्क के समय के हैं। अन्य दिनों के संपैक सूर्यादि मे छायार्कादि का मेल नहीं मिलता है। इसी कारण अधिक मास आदि में भिन्नता होती है। इस प्रकार के नाक्षत्र मान में तो कई झगडे हैं। " वंध्यापा विधवा नारी दुखिनी चेति मे मतिः ॥ १ ॥ ऐसा एक प्राचीन कुतर्कानुसार आर्य ज्योतिष के नाक्षत्र मान के झगडे छोडकर सायन मानका प्रचार करना अच्छा है। हमने भी प्रत्यगाधन के ग्रंथ सायन मान के ही बनाये हैं। इस सायन मान से न तो अयनांशों का झगडा और जनवरी, फरवरी मास लेने में न अधिक मास का झगडा पड सकता है। क्योंकि तारीख की गिनती से कलेंडर के माफक महीने व दिन रहने से

तिथि महीनो के वृद्धिक्षय का भी झगडा कतै लोप होजाना है। फिर बस एक राफेल का पंचाग या नाटिकल आल्मनाक प्रतिवर्ष बुला लेने पर आकाश में ग्रहों के स्थान टटोलने के झगडे को छोडकर उन पंचागों से तमाम भारत वर्षीय पंचाग और ग्रंथों को गलत बतला कर सूक्ष्म मत का डंका बजा सकते हैं।

२२. ऐसा कहनेवाले स्पष्ट सायन वादियों के और कृतिसे प्रदर्शित करनेवाले प्रच्छन्न सायन वादियों के प्रति मेरा नम्र निवेदन है कि यद्यपि आप तो ऐसा सायन मानको एवं तारीख व महीनों को रूढकर सकोंगे किन्तु निम्नांकित समस्याओं को हल कैसे कर सकोगे? वह यह है कि "चांद्रमास के अनुसार होनेवाला समुद्र का ज्वार भाटा और स्त्रियों का मासिक धर्म तीन वर्ष में ३७ बार व्यक्त होकर अमावास्या पौर्णिमा के आकर्षण शास्त्रानुसार कई निर्जीव व सजीव पदार्थ चांद्रमास की ही गवाही देते रहेंगे नकि क्यालेंडर में लिखे महीनों से (१२×३)= ३६ बार होकर फिर अधिक मास का नामोनिशान आपके सायन मास से कैसे मिटेगा?

नाक्षत्र मान को हटाने वालों के प्रति मेरे प्रश्न.

२३. फल ज्योतिष के उच्च नीच व स्वगृही राशि आदि तारका पुंजाकृति के ग्रह सादृश्य वर्णोंपर निश्चित किये गये हैं; और जातक में कही हुई पृष्ठोदय शीर्षोदय, बहुप्रसव, अल्पप्रसव, स्वभाव, वर्ण, तथा स्थल आदि बातें स्थिरप्राय राशि व नक्षत्रों के दृश्य आकृति विशेषपर कही गयी हैं; तब वह सायन संपात प्रतिवर्ष अयनगति से हटता जाने के कारण इस वर्ष के ज्योतिःपुंज के स्थान में दुसरे वर्ण के ताराओं का नक्षत्र भाग आजाने में वर्णान्तर व आकृति में भेद हो जानेपर प्रकाश शास्त्र और आकर्षण शास्त्रानुसार फल ज्योतिष में उसका समर्थन कैसे किया जायगा?

यह शास्त्रशुद्धी के उपाय नहीं हैं.

२४. सायन वर्षमान वर्तमानमें ३६५,२४२२१६ दिन का है किंतु यही एक हजार वर्ष के पहिले ३६५.२४२२४८ दिन का था इस तरह चल वर्ष मान के आधार पर बनाए हुए ग्रहों में प्रति वर्ष के कालान्तर संस्कार दिये बिना सूक्ष्मता का डंका कैसे बजसकेगा इतना ही नहीं तो चल संपात को अचल मानने में अचल ताराओं को वार्षिक और दैनिक अयनगति देकर जो सायन मान बनाने में कितना प्रयास पड रहा है यह नाटिकल आल्मनाक (सन १९३१) के पृष्ठ २९२ से ५१६ तक के सवा दो सौ पेजों को देखने से ज्ञात होगा। किंतु वर्तमान कालिक परावलंबी भारतमें न तो कोई इतना प्रयत्न करेगा तब रही सही तारोंसे मेलान-कर देखने की क्रिया भी क्या नामशेष नहीं होवेगी?

चलबिन्दुसे चलग्रहों की दीर्घ गणना करना कठिन है।

केंद्रीय और सांपातिक वर्षमान शास्त्र शुद्ध नहीं हैं।

२५. इसी तरह ग्रह लाघव पक्षमें भी कतिपय विद्वान् उच्च संमिश्र मंद केंद्रीय वर्षमान को लेकर अन्यान्य सिद्धांत ग्रंथों की भिन्नता व स्थूलता को प्रदर्शित करते हैं और आपके गणित का सूक्ष्ममान से मेल करने के लिये नाटिकल आल्मनाक आदि सायन पंचांगोंमें मंद केंद्रीय भाग व अयनगति कम करके सूक्ष्म मान के पंचांग बनाते हैं। किंतु शास्त्रीय रीतिसे देखा जाय तो यह दोनों प्रकार के वर्षमान अशुद्ध हैं।

अशुद्धता के कारण ये हैं।

२६. अशुद्ध कहने का कारण यह है कि जैसे रविमध्यगणित और भूमध्यगणित के केंद्रीय मान से मंदफल, मंदकर्ण, दिनगति, आदि भगोल विशिष्ट बातें तथा सूर्य से पृथ्वी के अंतर में कम ज्यादा होने का परिमाण ज्ञात होने से; थोडे प्रमाण की क्यों न हो; सर्दी गर्मी का भी परिवर्तन मालूम होता है। और तदनुसार शीघ्रफल, शीघ्रकर्ण व शर आदि के गणित की भूगर्भीय बातें भी मालूम होसकती हैं। ऐसा ही सायनमान से भूपृष्ठीय गणित की खगोलीय-लंबन विशिष्ट बातें=अयन, ऋतु के अनुसार दिनमान के बडे छोटे होने से सर्दी गर्मी का परिवर्तन आदि बातें मालूम होती हैं। और उसका भगोलीय गणित में तथा खगोलीय गणित में उपयोग करने के लिये शुद्ध नाक्षत्र सौर वर्ष से उच्च नीच स्थान और अयनांशों की योजना की गई है सो गणित शास्त्र से शुद्ध है। किंतु इस पद्धति को त्याग कर केंद्र से या संपात से राशि चक्र का आरम्भ मानकर केंद्रीय वर्ष को या सायन वर्ष को जो आप सौर वर्ष कहते हैं सो स्थिरताराओं से सूर्य के चक्र भोग में ज्यादा कम दिखते हुए विकार युक्त को भी सौर वर्ष मानने में गणित शास्त्रानुसार (३६०+उच्चगति)=केंद्रीय वर्ष; (३६०–अयन गति)=सायन वर्ष इस प्रकार रवि के चक्र भोग में अशुद्धता होती है।

यह शास्त्र शुद्धि की ओट में भ्रांति किंवा छल है।

२७. इत्यादि कारणों से कह सकते हैं कि ऐसे अशुद्ध वर्षमान को स्वीकार कर केवल प्राचीन ग्रंथोक्त वर्षमान को स्वीकार करने की ओट में बाकी प्राचीन शास्त्रोक्त सभी मूलांकों को त्याग कर पाश्चात्यों के पंचांगों से अपने पंचांग बनाते हैं। इससे ग्रंथों की निरुपयोगिता प्रदर्शित करना है। किंतु यह भारतीय शास्त्र शुद्धि का उपाय नहीं है। वरन उसे अशुद्ध करना है। इतना ही नहीं तो मंदकेंद्र या अयन संपात से गिने जाने वाले (३०) या (१३° २०′) अंशों के विभागों की आकृति विशिष्ट न होते हुए भी मेष वृषभादि राशि के या चित्रा नक्षत्र के आकृति वाले पौर्णिमा युक्त नक्षत्र के बिना ही चैत्रादि मासों के अनन्वर्थक नाम कहना भ्रांति किंवा शास्त्र का छल करना है।

२८. यदि उनको इस प्रकार करने की आवश्यकता ही प्रतीत होती होवे तो औचिक या केंद्रीय और साम्पातिक पहिली दूसरी राशि; या पहिला दूसरा महीना व आगे तारीख वार आदि लिख कर जैसे कि और भी बहुत से केलेंडर मिलते हैं; उस प्रकार से यह भी क्यालेंडर [जंत्री] कर सकते हैं। किंतु वैदिक काल से प्रचलित शुद्ध नाक्षत्र मानके पंचांग को उक्त क्यालेंडर का रूप देने की व राशि नक्षत्र तार का पुंजों के नामों को उपयोग में लाने की फूट फैलाने के अतिरिक्त आवश्यकता ही क्या है। ऐसे निष्कारण कार्यों को खडाकर के आपस में अनैक्यता (फूट) क्यों फैलाते हैं। इस तरह प्रचलित प्राचीन प्रणाली का जो यह महानुभाव लोप कर रहे हैं; सो ऐसे ही से क्या इसकी उन्नति हो सकती है ? कदापि नहीं !!

यह तो पचांग को क्यालेंटरका रूप देना है।

२९. वस्तुतः इस ज्ञानयुग में तो तत्ववेत्ता पुरुषों का कर्तव्य है कि जिन २ आकृति विशिष्ट तारकापुंजों के नाम वैदिक काल से कैसे कैसे किस अर्थ में किस हेतु बदलते आए हैं। उनके संबंध के वर्णन से कौन २ ऐतिहासिक बातों का पता लगता है। इसकी खोज करनी चाहिये कि जिसकी शुद्धता उपयोगिता को देखकर संसार चकित होजाय; क्योंकि इसी के द्वारा भारत के इतिहास का हजारों ही नहीं लाखों वर्ष का पता लगकर उससे संसार का बहुत उपकार हो सकता है और ऐसा करने में इसकी उन्नति है न कि झगडे फैलाकर उसका नामशेष करने में है।

सचे, उन्नति के कार्य यह हैं।

३०. इस प्रकार के वितंडावाद और व्यर्थ परिश्रम करने से पूर्व पुरुषों के किये हुए शोधों के ऊपर पानी तो फिर ही रहा है वरन् धर्मानुष्ठान व श्रद्धास्पदों की श्रद्धा का कतई लोप होरहा है। उसमें भी अधिक मास की भिन्नता से नितांत ही विद्रोह फैल जाता है। वैसा ही अधिक मास का योग इस (सं. १९८८ शाके १८५३) वर्ष में भी आनेवाला है। जिसके संबंध में उपरोक्त महलाघवीय पक्ष और केतकी पक्ष के पंचांगों में आषाढ अधिक होने से धर्मग्रंथोक्त मान से कोकिलाव्रत का होना है। किंतु पूना कमेटी पक्ष के पंचांग में भाद्रपद को अधिक मास बतलाया है। इससे कोकिलाव्रत का लोप होजाना संभव है इतनाही नहीं तो आषाढी, नागपंचमी, श्रावणी, जन्माष्टमी और मलमास वर्ज्य की बातों के करने में उक्त द्वैविध्य से दो तीन महीनों तक कितने ही विवाद होते ही रहेंगे।

ऐसे वितंडावाद से धर्म और शास्त्र की हानि।

३१. लेकिन वर्तमान स्थिति को देखने से पता चलता है कि—भारतीय ग्रंथों का अवलोकन करके उनके तत्वों का अन्वेषण और प्रत्यक्ष वेध लेने की क्रिया के लोप होने से ही भारत में ऐसे निष्कारण विवाद खडे हुए हैं। पाश्चात्य देशों की ओर देखिये वहां हरएक बात को प्रत्यक्ष वेध क्रिया से मिलाकर देखने की प्रणाली प्रचलित है; और वहां राष्ट्रके अंगीकृत

वेध क्रिया के लोप से हानि।

कर्तव्यों में से ज्योतिःशास्त्र, इतिहास और अपने धर्म की उन्नति करना आपका एक प्रधान कर्तव्य मानने से पुराण वस्तु संशोधन का कार्य दीर्घ प्रयत्न से चल रहा है। उससे उधर इतिहास, ज्योतिःशास्त्र और आकर्षण शास्त्रादि की एवं धर्म की प्रतिवर्ष उन्नति होरही है। और इधर उक्त दोनों शास्त्रों के उत्पादक भारतवर्ष में इसकी उन्नति करना तो दूर रहा "साधारण शंकु द्वारा ग्रहों की छाया छापकर-स्थूलमान से भी क्यों न हो उसके विषुवांश क्रांति के निश्चय को नहीं कर सकने वाले महानुभाव भी आकाश को और प्राचीन ग्रंथों को बिना देखेभाले ही नाटिकल का आश्रय लेकर संस्कृत ग्रंथों को गलत कहने में तनिक संकोच नहीं कर सकते हैं यह भारतीय ज्योतिःशास्त्र के उन्नति की कितनी अवहेलना है।

परावलंबित्व से सूक्ष्मता का अभाव।

३२. सूर्य का उदयास्त और याम्योत्तर लंघन काल देखे कौन ! क्योंकि टेलिग्राफ ऑफिस द्वारा स्टेंडर्ड टाइम् मालुम हो ही जाता है। ग्रह गणित करे कौन ! राफेल के पंचाग से या नाटिकल आल्मनाक से ५॥ क्लाक का चालन देकर भारत के ग्रह और ग्रहों की युति आदि बातें बिना परिश्रम के मालूम हो ही जाती हैं। किंतु इस प्रकार की परावलंबी बातों से सूक्ष्मता नहीं मिल सकती है। जब आप पांच दस घडी (वॉच) को एकत्रित करके देखेंगे तो उन सब की एक टाइम नहीं मिलेगा. यानी-कम से कम दो चार दिनमें दो चार मिनिट का तो फर्क पड ही जायगा।

परावलंबन की पराकाष्ठा और हमारे कर्तव्य।

३३. इसी तरह पश्चात्य पंचागों के ग्रहों के अन्दर परस्पर के आकर्षण संस्कार दिये हुए रहने से अयनांश घटाकर शुद्ध नाक्षत्र मान नहीं बन सकता है। अयनांश वर्षमान व पंचाग शैली को बदलने में बाएं हाथ का खेल समझनेवाले एक पंचांग में लिखे हुए ग्रह तो एक तरफ जारहे हैं किंतु नाटिकल में लिखी युतिकाल के घंटों में स्टे. टा. के लिये ५।३० मिलाने पर मुख्य युति कालादि के मिनिट ३०।३० बहाल हैं। और जहां जहां इसमें युति के १९।२० व इत्य फलाक लिखे हों तो एक तारीख बढाने की तकलीफ कौन करे ! उसी तारीख में (२२।३०) और (१।३० तथा (५।३०) के आगे "पहाटे" (प्रातःकाल) लिख दिया कि बस है। जिसका अर्थ आगे पीछे की दोनों तारीखों पर लगा सकते हैं। ऐसी बातों को देख कहना पडता है कि वेध क्रिया से शास्त्र शुद्धता लाना तो दूर रहा ऐसे पंचांगों में नाटिकल शुद्धता भी नहीं रहती है।

इस लिये मान्यो ! अब ऐसे परावलंबित्व से काम नहीं चलेगा अब तो हमें स्वावलम्बन करके सब विवादों की आलोचना समालोचना करके विवादों के कारणों को दूर कर देना चाहिये।

विवाद मिटाने के लिये किये हुए प्रयत्न।

३४. उक्त विवादों को मिटाने के लिये अनेक प्रयत्न हुए हैं कई कमेटिया स्थापित होकर उनके द्वारा कई लेख और अनेक ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं। इसके संबंध में कई बडी २ सभाएं हुई; जिनमें पहिली श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका मठ के सभापतित्व में (शाके १८२६) बंबई में पंचांग शोधन महापरिषद् आगे शाके १८३९ पूनामें लो. तिलक महोदय के सभापतित्वमें पंचांग शोधन परिषद् हुई। तथा कई छोटी सभाएं होकर अंतिम सभा श्रीमन्त पन्त प्रतिनिधि औंध नरेश के सभापतित्वमें शाके १८४८ में पंचागैक्य मंडल द्वारा पूनामें कीगई। जिसमें तीनू पक्ष के दो दो पंच निर्वाचित हुए थे। इसीमें केतकी पक्ष के तरफ से एक पंच मैं भी नियुक्त किया गया था.

पंचांग शोधन का बहुतसा कार्य होगया है।

३५. इस प्रकार अनेक सज्जनों के दीर्घ प्रयत्न एवं उद्योग से बहुतसा कार्य होगया है। कई विवाद मिट गए हैं कई एक विवादों के कारण अपने स्वार्थ से संबंध रखते हैं वह अभी मिटने के हैं। जटिल प्रश्नभी धीरे धीरे सुलझ रहे हैं। क्यौंकि अपने २ पक्ष के समर्थन के लिये जो खंडन मंडनात्मक लेख व सभाओं की रिपोर्ट प्रकाशित होती हैं। उनके द्वारा सत्यांश निकल रहा है। अन्यान्य विवादों के मूल कारण खुल रहे हैं। अतएव उनकी जड ऊपर आरही है।

इंदोर सरकारकी नियुक्त कमेटी शेष कार्य कर रही है।

३६. ऐसी अनुकूल स्थिति में उन सबको एकत्रित करके सुज्ञ पाठकों की सेवामें निवेदन करने का कार्य यह इन्दोर पंचाग प्रवर्तक कमेटी कर रही है। क्यौंकि शंका कुशंका ही विवादों की जड हैं। इसीके कारण पंचांग शोधन सरीखे पवित्र कार्य में कई पक्ष पैदा होगए हैं। उनका समाधान करते हुए इस विवरण में यथावकाश सर्वसाधारण विषयों के ऊपर थोडा बहुत प्रकाश डाला गया है। कई महत्वपूर्ण विषयों को निर्णित करने के लिये तो कई प्रश्न खडे करके उनको हल कर दिया है। तो भी यह कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। क्यौंकि कई ऐसे जटिल कार्य व कठिन समस्या हैं कि प्रस्तुत रिपोर्ट के दिग्दर्शन मात्र लेख से सभी पक्ष के महानुभावों का समाधान न होगा वरन वह इसे पक्षपात कहेंगे। लेकिन हमने पक्षपात बिलकुल नहीं किया है। क्यौंकि यह सभा "सत्यमेव जयते नानृतम्" सत्य की सदाजय होती है असत्य की नहीं। इसतत्वको पूर्ण जानती है। इसलिये आगे किये जानेवाले प्रश्नों का उत्तर देने परही यह सभा अपने कार्य को पूर्ण किया समझेगी। वस्तुतः वाद प्रतिवाद होने परही सत्या सत्यका निर्णय हो सकता है। अभी तो पंचांग शोधन कार्य के हितैषी महानुभावों की सेवामें प्रस्तुत रिपोर्ट का निवेदन कर्तव्य कार्य की रूपरेषा का निदर्शन मात्र है।

३७. इस के सिवाय पचाग शोधन से सबध रखनेवाले कई महत्वपूर्ण विषयों का निर्णय मैने वेदकाल निर्णय के अन्दर विशेषतः परिभाषा प्रकरण में किया है। * जैसा कि राशिचक्र के आरभ स्थान का निर्णय (पृ ७० ११०) महीनों के नामों की अन्वर्थकता, नक्षत्रों की योग ताराओं के भोगशर, और महापात व सप त द्वारा आज से २० हजार वर्ष पूर्व तक के कोष्टक १-८ तथा ३ लाख वर्ष तक का स्थिति को दर्शाने वाला के एक ग्रथ के उपसहार में दिया है। इतनाही नहीं तो पौलिश सिद्धातादि प्राचीन सिद्धांतों के काल तथा वेदाग ज्योतिष के कूट श्लोकों का स्पष्टार्थ बतलाया है। ऐसे ही पचागों में लिखे जानेवाले युगों का निर्णय जोकि सवत् १९८१ सन १८२४ से २८ युग का कलियुग समाप्त होकर सतयुग का आरभ होगया ऐसा युगपरिवर्तन § नामक पुस्तक में चिरजीव गोपीनाथशास्त्री चुलेटन सिद्ध कर दिया है। ताकि पचागों में कलियुगे प्रथम चरणे के स्थल में कृतयुगे कृत प्रथम चरणे लिख सकते हैं। तीसरे, अयनांश वाद के सबध में श्रीमत होम मिनिस्टर साहब के प्रयत्न से श्रीमान् प्रिंसिपल आपटे साहब अब्झरवेट्री उज्जैन ने कृपा करके झीटा पक्ष का समर्थन और ग्रहलाघव व चित्रापक्ष का परीक्षण किया तथा इसके उत्तर में मेरे विधान व अतिम समाधानयुक्त पुस्तक तयार हुआ है। वह भी थोडेही दिनों में हमारी सरकार की औदार्यतासे उपकार प्रकाशित होकर जिज्ञासु महोदयों की सेवामें भेजा जासकता है।

पचाग शोधन के उपयोगी और तीन ग्रथ बने हैं।

३८ हमें विश्वास है कि प्रस्तुत रिपोर्ट उक्त तीन पुस्तकों के अवलोकन से पचाग शोधन कार्य में बाधा डालने वाले कुल विवादों का समूलोन्मूलन होजायगा, किन्तु सभव है कि कई पक्षपाती लोग इतने पर भी निश्चित सिद्धांतों को मान्य नहीं करेंगे। और इसकी बहोतसी आलोचना व समालोचन होने लगेंगी। ऐसी अवस्था में सर्व सज्जन महानुभावों से मेरी अपील है कि आप दत्तचित्त होकर इस जटिल समस्या का निर्णय कराले और वह इस तरह होसकता है कि, एक महती सभा करें, उसमें सर्व पक्षीयोंके तर्फ से चुने हुए होकर कार्य कारिणी एव वाद निर्णायक मध्यस्थ मडल की स्थापना करें। उसमें निर्वाचित मुद्देपर लेखी या जबानी वाद प्रतिवाद कराके मध्यस्थ मडल द्वारा न्याय करा लेना चाहिये।

सम्मेलन करना अतिम उपाय है।

---

* 'वेदकाल निर्णय' नामक पुस्तक को वैदिकरिसर्च इन्दौर ने पास किया और श्रीमत होलकर सरकार की हिन्दी साहित्य समिति के एक हजार नगद पुरस्कार व श्रीमत सरकार के आश्रय से ही प्रकाशित किया गया है।

§ युग परिवर्तन नामक पुस्तक श्रीमान् सेठ साहब किसनलालजी गोयनका के व्यय से अकोला में छपकर एलिचपुर में प्रकाशित हुआ है। यह दोनों पुस्तक इन्दौर में हमारे पते प भी मिल सकते हैं।

इस कार्यके पूर्ण करने में नरेश और विद्वानों की सहायता चाहिये।

३९. इस प्रकार का सम्मेलन जबकि इन्दौर में ही किया जायगा तो मैं आशा करता हूं कि; यहां की विद्यानुरागी न्यायप्रिय दयालु सरकार इसे योग्य रिती से पूर्ण करने के लिये पर्याप्त सहायता प्रदान करेगी। तदनुसार अन्यान्य रियासतों से भी सहायता वाञ्छनीय है। किंतु सपूर्ण महानुभावों ने भी इस लोक हितकारी, अत्यंत आवश्यक और पवित्र कार्य में तनु, मन धन, व विद्वत्ता के परिचय से यथा योग्य सहायता प्रदान करने का औदार्य प्रकट करना चाहिये। तथा इस रिपोर्ट के पहुंचने पर आप अपना अभिप्राय प्रकट करके उक्त कार्य करने में हमें उत्साहित करें। अथवा और जो कुछ योग्य उपाय दिखे कृपया उसकी सूचना भी देनी चाहिये।

पंचाग की उन्नति के मुख्य उपाय.

४०. संसार न्याय प्रिय है। न्यायाधीश के द्वारा संसार के बडे २ आपसी झगडे तय हो जाते हैं। उसमें भी योग्य न्याय मंडल के सामने ही सभी विवादों का यथार्थ निर्णय सुचारु रूप से होकर सत्य सत्य बातों का अन्वेषण हो सकता है। इतनाही नहीं तो उक्त सम्मेलनमें पंचाग शोधन के मूल सिद्धांतों का निश्चय हो जाने से तदनुसार आगे सिद्धांत, करण, और सारणी ग्रंथों की रचना भी कोई जामकती है कि जिसके द्वारा भारत के सभी पंचाग कारोंको गणित करने की कठिनाई न होते हुए; थोडे ही समय में सरल व सुगमता से वह स्पष्ट ग्रह और पंचाग बना सकें।

यही अत्यंत आवश्यक कर्तव्य कर्म है।

४१. ऐसा करने से ही सभी पंचागों की एकवाक्यता हो सकती है। ऐसे ही शुद्ध पचाग से आकाश का मेळ हो सकता है। इसीके अनुमार किये हुए संकल्प सत्य ही होना चाहिये। एककालावच्छेद से किये हुए धर्मानुष्ठान का कितना प्रभाव पड सकता है यह विद्वानों से कुछ छुपा नहीं है। पंचांग का उपयोग आबाल वृद्ध सभी करते हैं। पंचांग के ही द्वारा तिथि मुहूर्तादि का निश्चय होकर विवाहादि मागलिक कार्य किये जाते हैं। प्रश्न व जन्म पत्री आदि पंचाग से ही बनाई जाती हैं। और पंचाग के ही आश्रय से उनके फला देश कहे जाते हैं। जब कि ऐसे अत्यतोउपयोगी पंचागों में से (अ) पक्षके पचाग की अष्टमी निकटकी भद्रामें १५ घडी का और रवि संक्रमण में १ दिन तक का फरक तथा (ब) पक्ष व (क) पक्ष के परस्पर नक्षत्रों में १८ घडी का व्यतीपातादि में २६ घडी का व रवि संक्रमण में ४ दिन तक का फरक रहता है यह सब निकाल जाने से शुद्ध पंचांग प्रचार का श्रेय आपको प्राप्त होगा।

इन्दौर सरकारसे अंतिम प्रार्थना।

४२. अब मैं हमारी श्रीमन्त सरकारसे प्रार्थना करता हूं कि भारत के अत्यंत ही आवश्यक इस कार्य को आज १० वर्ष हुए तबसे श्रीमन्त महाराजाधिराज सर तुकोजीराव महाराजा ने सुसंपन्न करने के लिये हातमें लिया है और उसी कार्य की पूर्ती के लिये इन्दौर गव्हर्नमेन्ट के द्वारा प्रस्तुत पंचांग कमेटी स्थापित की गई है कि जिसके रिपोर्ट की यह भूमिका लिखी गयी है। और यहां के पंचांग को शास्त्र शुद्ध सूक्ष्म गणित का करने के लिये सुचारु प्रयत्न हो रहा है। यह कार्य पूर्ण तभी होगा कि (१) सिद्धांत, (२) करण, और (३) सारणी ग्रंथों को तयार कराकर सर्व पक्षीयों का एक सम्मेलन कराके कलम ३९-४० में सूचित न्याय मंडल के द्वारा उक्त ग्रंथोंको पास करालें। इससे श्रीमन्त के हाथमें लिया हुआ काम एक आदर्शरूप सुसंपन्न होकर भारतके ही नहीं संसार के इतिहासमें इन्दौर स्टेट की सुकीर्ति सुवर्णाक्षरोंमे अंकित होकर अजर अमररूप से सदा कायम रहेगी। ईश्वर से भी मैं यही प्रार्थना करता हूं कि श्रीमंत महाराजाधिराज श्री यशवंतराव महाराज की सदा अभ्युदय एवं विजय हो।

भवदीय कृपाभिलाषी,
दीनानाथ शास्त्री चुलेट,
अध्यक्ष पंचांग कमेटी
इन्दौर.

तारीख ६-४-३१ ई.
यशवंतगंज घर नंबर ८८
इन्दौर.

श्री.

इन्दोर पंचांग प्रवर्तक कमेटी के रिपोर्ट की

प्रस्तावना.

पंचांग; मानव जातिमात्र के लिये अत्यन्तही उपयोगकी वस्तु है। इसी के आधार पर ठीक समय धार्मिक और व्यावहारिक सम्पूर्ण कार्य किये जाते हैं। वर्तमान में विविध प्रकार के पंचांग छपकर प्रकाशित होते रहते हैं, किंतु जिन पंचांगों का हम उपयोग करते हैं उनमें लिखे अनुसार आकाश के ग्रहनक्षत्रादि दृष्टिगोचर होते हैं या नहीं, तथा वह पंचांग के नियम के अनुसार हैं या नहीं, — ऐसे मिलान में हमारी दृष्टि होनी चाहिये। घडी (वॉच्) का उपयोग करने वाले ने घडी ठीक चल रही है या नहीं, इस बात की परीक्षा प्रतिदिन करते रहना चाहिये और जिस दूसरे काल दर्शक यंत्र से हम उसकी परीक्षा करते हैं वह किस नियम के अनुसार बना है उसका भी विचार कर लेना चाहिये। इस प्रकार की परीक्षा न की जाय तो निश्चय ही वर्षभर चाबी देते जाने बाद घडी में प्रातःकाल के ६ बजने पर वास्तविक मध्याह्नकाल का समय दृष्टिगोचर होने का प्रसंग आ सकने की सम्भावना है। यदि नाक्षत्र काल दर्शक घडी से मिलाते जाओगे तो एक दिन का फरक पड जायगा !!

पंचांग के संबन्ध में हमारी ऐसी ही स्थिति होगई है। अज्ञान आलस्य और ग्रह गणित परिवर्तित करते रहने के रहस्यों की ओर पर्याप्त ध्यान न देने के कारण हमने गत ४०० वर्षों में आकाश की तरफ मानो बिलकुल देखा ही नहीं है। हमारा जो कुछ आधार है सो पंचांग है। जैसा कोई आकाश और पंचांग का परस्पर में बिलकुल ही संबन्ध न हो, ऐसा मानने वाले हम मंदबुद्धि या नाटिकल आल्मनाक आदि इंग्रेजी जंत्री को ही आकाश मानने योग्य परावलंबी होगए हैं। ऐसा करने से हमारी ऐतिहासिक, धार्मिक,

नैतिक, औद्योगिक तथा व्यवहारिक कितनी ही क्षति होगई और होरही है। एवं वेधक्रिया का तो सर्वथा लोप होगया है।

इस महत्व के विषय की ओर दूरदर्शी विद्वानों की दृष्टि नहीं पहुंची ऐसी बात भी नहीं है। वर्तमान में पंचांग शोधन के लिये सभा आदि के अच्छे २ प्रयत्न भी किये जारहे हैं किन्तु कार्यकर्ताओं में नीचे लिखे अनुसार कुछ शास्त्रीय बातों की न्यूनता प्रतीत होती है। यही कारण है कि अभी तक इस कार्य में हमें पूर्ण सफलता नहीं मिली। धर्मशास्त्र और ज्योतिः शास्त्र के कई विद्वान यद्यपि संस्कृत या अंग्रेजी भाषा में उत्तमा परीक्षा तक के धार्मिक, सिद्धान्तिक और गणित के अनेक ग्रंथ पढकर उसमें प्रवीणता सम्पादन कर लेते हैं परन्तु वह पंचांग के तिथि नक्षत्रादि पांचों अंगों के मूल तत्वों को समझने की एवं पंचांग बनाने का अल्प सामर्थ्य रखते हैं। जो विद्वान पंचांगों को बनाते आए हैं वह धर्मशास्त्रीय और ज्योतिः शास्त्रीय शास्त्रार्थ भाग समझने में तथा दृक्प्रत्ययोपपत्ति बतलाने में बहुत ही असमर्थ देखे गये हैं।

इस तरह के भिन्न मत के विद्वानों ने उक्त दोनों शास्त्रों के कार्य कारण सम्बन्ध को न पहिचान कर आपस में विवाद करते हुवे अपना अपना पक्ष बना लिया है। यदि किसी ने किसी प्रकार कुछ कार्य किया भी तो वह चाहे ग्रंथ हो या पंचांग, उक्त न्यूनता के कारण असंगत और अपूर्ण होता है। यदि किसी ने क्रमबद्ध पूर्ण कार्य किया भी तो उसे भिन्न पक्ष का कहकर सत्यासत्य निर्णय तक उस बात को पहुंचने नहीं दिया जाता। तथा स्थूल हो या नाटिकल की नकल हो अपने अपने पक्ष के पचांग बनाकर बिना सुधार किये ही प्रतिवर्ष प्रकाशित करते हुवे दूसरे पक्ष को गिराने की धुन में लगे रहते हैं। इससे न तो उनकी आपस में एकवाक्यता होती है न वह पंचांग का सुधार करने पाते हैं।

विषय द्वैत और अद्वैत वाद का सा बना दिया गया है. परन्तु ज्योतिर्गणित शास्त्र ऐसा है नहीं, दो और दो मिल कर ही चार होते हैं। किसी भी पक्ष में इसके विपरीत नहीं हो सकता।

बडे सौभाग्य एवं आनंद की बात है कि उक्त न्यूनता को दूर करने के लिये श्रीमंत होलकर राज्य की ओर से प्रकाशित होने वाले पंचांग को अखिल भारतवर्षोपयोगी सूक्ष्म गणित का अद्वितीय आदर्श रूप करने के उद्देश्य से उलझन में पड़े हुए इस पंचांगवाद के सत्यासत्य निर्णय को प्रकाशित करने के लिये विद्यानुरागी श्रीमंत होलकर सरकार ने "शुद्ध पंचांग प्रवर्तक कमेटी" की स्थापना की है; उसी का प्रथम कार्य यह १६ सभाओं की रिपोर्ट है।

पचाग शोधन सभाक्षा के अन्यान्य रिपोर्टों के साथ इस [रिपोर्ट] की तुलना करके देखने पर आप कहेंगे कि यह केवल रिपोर्ट ही नहीं प्रत्युत ऊपर बताई हुई न्यूनता की पूर्ति करने वाला, भारत वर्ष में अद्वितीय सर्वोत्कृष्ट, तुलनात्मक पद्धति से धर्म शास्त्र और ज्योतिःशास्त्र की एकवाक्यता दिखाने वाला सिद्धान्त रूप–मौलिक ग्रंथ है।

क्योंकि हमने विवरण [रिपोर्ट] विभाग (३) के साथ—(१) शास्त्रार्थ विभाग को जोड कर इस विषय की समस्त शकाओं का समाधान कर दिया है, तथा—(२) गणित विभाग को जोडकर सूर्य सिद्धा त और ग्रह लाघव को चालन दिया है। उसी गणित की पद्धति मे दृक्प्रत्ययुक्त ग्रहों का साधन एवं शुद्ध पचाग बनाने का प्रकार बनला दिया है। और पचाग गणित के उपयोगी अनेक कोष्टक—वर्ष सारिणी, दिनमान व इन्दौर के सूर्योदयास्त का स्टैंडर्ड टाइम दर्शक सारणी तथा भावसारणी आदि दे दीहैं. कि दो सौ वर्ष तक चालन दिये बिना ही उक्त कोष्टकों द्वारा साधारण ज्योतिषी भी सरलता व सुगमता से सूक्ष्म गणित के शुद्ध पचागों को निर्माण करने में समर्थ हो सकेंगे।

य० विषय इतना उलझा पडा है कि उसको सुलझाने में हमें इस रिपोर्ट के (१६०+४०) =२०० पृष्ठ लिखने पडे हैं। तो भी यह सक्षेप रूप है। आशा है इसका विस्तृत वर्णन भी शीघ्र ही ग्रथ रूप में प्रकाशित होगा।

सर्व साधारण विद्वानों को भी उक्त विषय का सरलतासे थोडे से में आकलन हो इसलिये विभाग और प्रकरण डालकर प्रकरणों की सक्षिप्त सूची तथा विषयों की अनुक्रमणिका बना दी है, और वह ऐसी बनाई है कि रिपोर्ट के बिना पढे ही इस अनुक्रमणिका को पढन से ग्रथ संक्षेप के सदृश रिपोर्टका रेखाचित्र आपको मालूम हो सकेगा।

ज्योतिष के सस्कृत पारिभाषिक शब्दों का अंग्रेजी शब्दों के उत्तर सहित शुद्ध कोष भी परिशिष्ट में जोड दिया है ताकि आंग्लविद्याविशारद भी इसके भावार्थ को समझ सकेंगे। अनुवाद करने में तो इसका विशेष ही उपयोग होगा। अन्त में प्रस्तुत लेख को स्पष्ट बताने वाले चित्र (आकृति) व नक्शे दे दिय हैं ताकि सब लोग उक्त विषय को अच्छी तरह समझ सकें।

हम समझते हैं कि भूमिका में बतलाए हुए चार प्रकार के पचाग वादों में से दो तीन वाद ता इस रिपोर्ट से मिट जावेंगे किंतु एक अयनाश वाद नहीं मिटेगा। क्योंकि शुद्ध पचांग के प्रचार के प्रवाह को रोककर दूसरी ओर हटा देने वाला यही बडा भारी रोडा पडा हुआ है। यद्यपि हमने वेदकालनिर्णय की परिभाषा प्रकरण में, युगपरिवर्तन के

चारों युगों के आरम्भकालदर्शक कोष्टक आदि में एवं प्रस्तुत रिपोर्ट के संस्कृत पत्र के अन्दर आरम स्थान निर्णय में अयनांशों का प्रसग आने पर इस विषय के ऊपर प्रकाश डाल कर इस रोडे के आधार को स्पष्ट बता दिया है।

और भी इसे स्पष्ट करने के लिये विद्वद्वर्य श्रीमन्त होम मिनिस्टर एवं डेप्यूटी प्राइम मिनिस्टर साहेब सरदार किबे महोदय ने बडे प्रयत्न और परिश्रम से श्रीमान प्रिंसिपल गोविंद सदाशिव आपटे साहब उज्जैन का और मेरा अयनांश और आरम्भस्थान निर्णय इस विषय के ऊपर लेखी शास्त्रार्थ करीब २०० पृष्ठों का (१) विधान, (२) परीक्षण और (३) समाधान विभागों में तयार कराया है। वह प्रकाशित होने पर आशा है कि सभी विद्वान् लोग इसका विचार करके पक्षपात को त्याग कर सपूर्ण विवाद रूपी रोडों को उखाड कर फेंक देंगे अर्थात् सत्य वस्तु के स्वीकार करने में मतैक्य सपादन कर लेंगे।

अब इस पवित्र और लोक हितकारी कार्य को हात मे लेने वाले श्रीमन्त महाराजाधिराज राज राजेश्वर सवाई श्री यशवन्तराव होल्कर बहादुर को शतशः धन्यवाद देता हू कि; पूज्य पिता श्री के आरम किये कार्य को पूर्ण करने के लिये प्रस्तुत कमेटी की स्थापना आपकी सदिच्छा होने से ही स्थापित की गई है। इससे यह रिपोर्ट का लिखना श्रीमन्त महोदय के कृपा प्रसाद का ही फल है। इसलिये हमारी सर्वान्तर्यामी परमेश्वर से यही प्रार्थना है कि *श्रीमन्त महाराजा साहब की सदा विजय हो और आप दीर्घायु, सुखी एव आनदित रहें।*

श्रीमन्त महाराजा साहब सर तुकोजीराव होल्कर बहादुर तृतीय महोदय को अनेकानेक धन्यवाद देता हू कि आपने सवत् १९६९ में स्थूलपचाग के अतिरिक्त सूक्ष्म गणित का दूसरा पंचाग बनवाकर सूक्ष्मगणित के ही पचाग बनवाने की आज्ञा प्रदान की। मुंबई, पूना आदि पचाग शोधन सभाओं म स्टेट के तरफ से विद्वानों को भेजकर द्रव्य की भी बहुत सी सहायता प्रदान की तभी से वेधलेने के कार्य में अनेक ज्योतिषियों को श्रीमन्त के तरफ से सहायता मिलने लगी है। इतना ही नहीं तो प्रचलित पचाग वाद को मिटाने के लिये आप दत्तचित्त हैं। ईश्वर कृपा से आप दीर्घायु सुखी आनंदित रहें।

श्रीमन् माननीय विद्यानुरागी राय बहादुर, वजीरद्दौला, सिरेमलजी बापना बी. ए, बी एस. सी, एल. एल. बी, सी आइ ई कारभारी साहब महोदय को सप्रेम धन्यवाद है कि श्रीमान् ने अपने करकमल से इस कमेटी को नियुक्त करके उसके कार्य को सर्वांग पूर्ण करने के लिये सब रीति से हमें सहायता पहुंचाते रहे।

श्रीमान् माननीय विद्याप्रिय इन्तमुद्दौला, रावबहादुर सरदार माधवरावजी किबे एम. ए., एम. आर. ए. एस , एफ. आर. एस. ए. होममिनिस्टर साहब महोदय को *सस्नेह धन्यवाद है कि श्रीमान् ने अपने करकमल से धरातल यंत्र की स्थापना करके* वेधलेने के लिये हमें तुरीययत्र आदि यंत्र बनवा दिये हैं।

श्रीमन्त होलकर सरकार के मंत्रि मंडल को हार्दिक धन्यवाद है कि; जो बडे सुचारु रूप से इस कार्य का संचालन कर रहे हैं। उक्त कार्य को सांगोपाग पूर्ण करने के लिये हम लोगों को प्रोत्साहित करते हुए वेधक्रिया के समय स्वयं आप उपस्थित होकर हमें पूर्ण सहयोग देते रहे और दे रहे हैं।

श्रीमन्त के स्टेट प्रेस के सुपरिन्टेन्डेन्ट श्रीमान् पं. हरिश्चंद्र जी शर्मा साहब को सहर्ष धन्यवाद है कि इस रिपोर्ट को अच्छे स्वरूप में शीघ्रही प्रकाशित करने में सहायता दी।

भाद्रपद संवत् १९८७
सन् १९३१

सम्पादक
दीनानाथ शास्त्री चुलेट.
(अध्यक्ष पंचांग कमेटी इन्दोर)

प्रकरणों की-संक्षिप्त-सूची.

पंचांग शोधन संबन्धी-शास्त्रार्थ विभाग-१

पंचांग शोधन के मूलतत्व-गणित विभाग-२

प्रस्ताविक-विवरण विभाग-३

सूचना—कालम (ध्यार प्रार) के अंकों को आदि में और रिपोर्ट के पृष्ठांकों को अलग में दिये हैं।

सम्पादक,
दीनानाथ शास्त्री चुलैट.

६

पंचांग प्रवर्तक कमेटी इन्दौर की

—)०(—

रिपोर्ट.

विस्तृत अनुक्रमणिका.

—)०(—

पहला प्रकरण-सभा की स्थापना—पृ० १—३

१:-सभा स्थापन का हेतु. (२–४):-प्रस्तुत कार्य की प्रशंसा. ५:-श्रीमत होलकर सरकार का पत्र १. ६:-उद्देश व सभासदों की नियुक्ति. ७:-समय. ८:-सभास्थान व व्यवस्था. ९:-सभासदों को सूचना २. १०:-श्रीमन्त सरकारको ब्योरा. ११:-निर्दिष्ट एक सभासद सम्मिलित न होसके. १२:-निर्दिष्ट सभासदों का संघटन १३:-एक सेक्रेटरी की सहायता लीगई—३.

दूसरा प्रकरण—पंचांग शुद्ध करने की प्रणाली और सभापतिका मंतव्य—पृ० ३—१८

१:-पंचाग शोधन सम्बंध का आरंभिक कथन. २:-गणेश दैवज्ञ कथित शुद्धि परंपरा—४. ३:सिद्धान्त ग्रंथों में भी कालांतर जन्य अन्तर. ४:-करण ग्रंथोंमें भी कालान्तर जन्य अन्तर. ५:-गणेश दैवज्ञ की सूचना व शुद्धि परंपराका इतिहास—५. ६:-पंचाग शोधनमें वेधका प्राधान्य. ७:-प्रत्यक्ष से अंतर का निश्चय व केशव दैवज्ञका कथन. ८:-महलाघव के समय कितना अन्तर था. (क) तीनों सिद्धांतों में अंतर. (ख) करण ग्रंथोंमें अंतर—६. (ग) सिद्धात ग्रंथोंमें कितना अन्तर था. (घ) नये सिद्धांत ग्रंथ बनाने की सूचना. (च) करण ग्रंथोंके सुधार की सूचना. (छ) महलाघव के पूर्व कितना अन्तर था—७. (ज) वेधका वर्णन. (झ) चंद्र चंद्रोचमें अन्तर. (ट) सूर्यमें अतर. (ठ) ग्रहोंमें अंतर. (ड) चालन की सूचना. ९:-ग्रहलाघवोक्त बीज—८. १०:-वेधतुल्य पंचाग का धर्मानुष्ठान में उपयोग. ११:-वसिष्ठ ऋषि का प्रमाण. १२:-तिथि चिंतामणिमें कही हुई वेधतुल्यता में प्राचीन सम्मति. १३:-भास्कराचार्य का कथन—९. १४:-वर्तमान शंकराचार्य द्वारका मठकी सम्मति. १५:-तै० आरण्यक का आर्ष प्रमाण—१०. १६:-वर्तमान के सिद्धात ग्रंथ आर्ष ग्रंथ नहीं हैं. १७:-सिद्धात ग्रंथका स्वरूप और लक्षण. १८:-करण ग्रंथ का स्वरूप और लक्षण. १९:-सूर्य सिद्धान्तादि ग्रंथों की उपयुक्तता उनके निर्माण कालमें विशेषथी—११. २०:- शुद्ध पंचागसे तिथ्यादि निर्णय में वसिष्ठ सिद्धातका प्रमाण. २१:-केशव और गणेश दैवज्ञ के कथन से ग्रहलाघव के समय में ही दो अंशका अन्तर था—१२. २२:-ग्रहलाघव के बाद पंचागशोधन क्यों न होसका. २३:-वेधक्रिया के त्यागनेसे भारत में ज्योतिष का अपकर्ष. २४:-वेधक्रिया के द्वारा पाश्चात्य देशों में ज्योतिष का उत्कर्ष—१३. २५:-वेध द्वारा त्रिस्कंध ज्योतिष का विकास. २६:-पंचाग साधन के लिये ऊंचा गणित चाहिये. २७:-पाश्चात्यों के तुल्य हमें भी शुद्ध पंचाग बनाना चाहिये—१४. २८:-उधर ज्योतिष की उन्नति राजाश्रयसे हुई है. २९:-भारत के राजा लोग भी इसे शुद्ध कराते आए हैं. ३०:-वेधशुद्ध पचाग बनाने में भारतीय विद्वानों की प्रवृत्ति (नोट) ज्योतिष की उन्नति के लिये फ्रेंच सरकार के उद्गार—१५, ३१ वेधशुद्ध पंचाग बनाने में

भारतीय राजाओं की प्रवृति ३२:-वेधक्रिया को उन्नत करने के लिये होलकर सरकार की कृपा-दृष्टि-१६, ३३:-श्रीमत सर तुकोजीराव महाराजा की दृक्प्रत्यय शुद्ध पचांग बनाने की आज्ञा ३४:-संवत् १९६० के पचाग की प्रस्तावना से प्रसिद्ध होगई है। आप दृक्प्रत्यय शुद्ध पंचांग का प्रचार चाहते थे। ३५:-वेधशुद्ध पंचाग बनाने में हमारे सरकार की मनीश। ३६:-यहा के पंचाग शोधन के लिये ग्रहलाघव को ही चालन देकर शुद्ध करना चाहिये-१७, (अ) इसकी आवश्यकता बतानेवाले कारण (ब) इससे यह पंचाग सर्व सम्मत हो जायगा। इसी से बनाने में भी सुभीता होगा। अब हम सब सभासदोंने एक मतसे काम करना चाहिये-१८.

तीसरा प्रकरण—सभापति का भाषण—पृष्ट १९-२२

१:-पंचाग को शुद्ध करने का हेतु २:-पंचाग शोधन संबंधी प्रस्ताविक बातें ३:-केवल प्राचीन मताभिमानियों का पंचाग शोधन सबंध में विरोध-१९, और इनके अ, आ, ई, ऊ व ए आक्षेप-२०, ४:-केवल नव्य गणितज्ञों का आँग्ल पद्धति के पंचाग बनवाने में अनुरोध-२१, ५:-दूरदर्शी विद्वानोंका सिद्वात रूप उपदेश ६:-सूर्यसिद्धान्तादि ग्रंथोंकी अपेक्षा ग्रहलाघव के ग्रह शुद्ध है ७:-चालन देने पर ग्रहलाघवीय गणित से ही दृक्प्रत्यय पचाग बन सकता है-२२, ८:-श्रीमंत सरकार की आज्ञा-शुद्ध सूक्ष्म पचाग बनाने के लिये है. ९:-दृश्य गणित के पंचाग का स्वरूप १०:- शुद्ध पंचांग का सब लोग आदर करेंगे-२३.

चौथा प्रकरण—प्रश्नों का चुनाव और विषयोंका विवरण पृ. २३-२४

१:-यहा के सूर्योदयास्त की स्टँडर्ड टाइम और दिनमान सूक्ष्म गणित से करना चाहिये या नहीं वर्षसारणी लग्न व भावसारणी पंचाग में सूक्ष्म गणित की चाहिये या नहीं ३:-' हमारे सिद्वात ग्रंथोक्त मूलाङ्कों में कितना बीजसंस्कार दिया जाय जिससे कि यह हमारे धर्मशास्त्र से विरुद्ध न होते हुए दृग्गणित की ऐक्यता होजाय ' व स्पष्टग्रह सूक्ष्म गणित से किये जाय या नहीं ४:-पंचागीय तिथ्यादि विभागों का साधन सूक्ष्म गणित से किया जाय या नहीं ५:- सूक्ष्म तिथिका ९, १० घडी का वृद्धिक्षय होने से धर्मशास्त्र से बाधा आसकती है या नहीं अथवा तिथिका ५, ६ घडी का परम वृद्धिक्षय धर्मशास्त्र से सिद्ध होता है या ९, १० घडी का ?

पाँचवाँ प्रकरण—ज्योतिः शास्त्रीय लेखी प्रश्नोत्तर पृ. २४-३६

(प्रश्न कर्ता=ज्यो. पं. रामसुचित त्रिपाठी, उत्तरदाता वि. भू. दीनानाथशास्त्री चुलेट)

भाग १

प्रश्न-१:-अस्वस्थता के कारण अभी (ता. २५-९-२९ से १६-११-२९) तक मैं उपस्थित न हो सका था सो कमेटीने अभीतक कितना कार्य किया है'-२४, २:- पंचांग

के यदि सभी विभाग दृक्प्रत्यय से बनाना चाहते हैं तो (वह) आर्षसिद्धांत व धर्मशास्त्र से विरुद्ध होनेसे मुझे मान्य नहीं है ३:-केवल आकाशीय नाटक दिखाने के लिये पंचांग नहीं है ४:-इन प्रश्नों का लेखी उत्तर मिलने से (बाद में आपका (यह) प्रश्न-" मूलांकों में क्या संस्कार देना चाहिये जिससे दृक्प्रत्यय सिद्ध हो " — उपस्थित हो सकता है ?

उत्तर-१:-यहां के पंचाग में देने के लिये सूर्योदयास्त का स्टँडर्ड टाईम, दिनमान, वर्षसारणी लग्न व भावसारणी, तथा ग्रह स्पष्ट करने की पद्धति मैंने सूक्ष्म गणित से तय्यार की थी कमेटी ने उसे देना स्वीकार कर लिया है-२५, २:-इस पंचाग के सभी विभागों का गणित दृक्प्रत्यय उपपत्ति से सिद्ध रहेगा इसमें आर्षसिद्धात व धर्मशास्त्र से क्या विरुद्ध होता है इसका प्रमाण बतलावें-२६, ३:-पंचांग आकाशीय नाटक ही नहीं वस्तुतः आकाशीय प्रतिबिंब रूप नकशा है, ४:-ग्रहण इत्यादि में क्यों न हो ? किंतु " क्या बीजसंस्कार देने से सूक्ष्मग्रह बनसकते हैं " इस प्रश्न का आपने अभीतक उत्तर नहीं दिया सो लिख देवें-२७,

भाग २

प्रश्न-५: पंचांग शोधन का काम जगत के धर्मानुष्ठानोपयोगी होने से इस कार्य को काशी, कलकत्ता, लाहोर, दरभंगा, ग्वालियर, बडोदा, जैपुर, कानपुर व मैसूर कॉलेज के ज्योतिःशास्त्र के प्रधानाध्यापकों का अभिप्राय बुलाया जाय कि; कितनी वस्तु पंचांग में दृक्प्रत्यय से है और कितनी आर्षसिद्धान्तानुसार हैं २८, ६: मूलांक में क्या बीज संस्कार देना-इस संबंध में सूर्यसिद्धांतीय सूर्य को चरफल-मंदफल सूक्ष्म रीति से देकर स्पष्ट सूर्य और चंद्र में चारों फल को सूक्ष्म बनाकर स्पष्ट चद्र से ही पचाग साधन करना योग्य है। मूलांक में संस्कार करने की आवश्यकता नहीं ७:-विवाह, यात्रा, जातकादि के अदृष्टफला देश में सूर्यसिद्धांतोक्त ही ग्रह लेवें-३०, ८:-दिनमान, सूर्योदयास्त चंद्रादि ग्रहों के उदय अस्त, ग्रहयुति, नक्षत्र ग्रहयुति, शृंगोन्नति, ग्रहण इनमें ग्रहलाघव सिद्धांत से, ज्योतिर्गणित से या नाटिकल से चाहे जिस से संस्कार-करो सर्वथा मान्य है। -३२.

उत्तर-५: वैदिककाल में ऋषि लोग सूर्य चंद्र के अंतर को प्रत्यक्ष देखकर सुपर्ण-चिति आदि ९ प्रकार के दृश्यगणित के ही पंचांग बनाते थे। अदृश्यगणित के नहीं-३३, ६:-बौधायन ऋषि ने १३ व १७ दिन के पक्षका होना कहा है; तो तिथि के ९,१० घडी के वृद्धिक्षय बिना पंद्रह दिन में दो तिथि की घटाबढी नहीं हो सकती ७:-तिथि के ९,९ घडी के घटबढकी कल्पना आर्यभट्ट के बाद स्थूलगणित के पंचाग बनाने के प्रचार से हुई है जैसा कि माधवाचार्य ने श्रुतिसम्मत सिद्धान्तों को असंभाव्य बतलाते हुए १३ व १७ दिन के पक्ष के प्रमाणों को भी अशुद्ध बताया है यह माधवाचार्य की ही गलती है- ३४, ८:-आर्य भट्टादि के बनाए हुए ग्रंथ आर्ष नहीं, आर्ष तत्त्वों का लोप करने वाले हैं। आर्ष-

सिद्धान्तों के अनुसार दृश्यगणित से बनाया हुआ हमारा सिद्धान्त प्रभाकर ग्रंथ है उसी पर से ज्यो. ती. नीलकंठ ने शुद्ध पंचांग बनाया है-३९,

भाग ३

(ज्यो. पं. त्रिपाठी का दृश्य गणित के पंचांग का स्वीकाररूप निष्कर्ष)

९:-ग्रहलाघव स्थूल होने से उसपर से पंचांग बनाना योग्य नहीं १०:-पंचागस्थ ग्रहों में उच्च, क्रांति, मंदफल, शीघ्रफल सूक्ष्मता से लाकर स्पष्ट ग्रह रखना योग्य है। वेध से उनको मिलाता रहे. ११:-सूक्ष्म शब्द से गणित का वास्तविक मान लिया जाय *-३६.

छठ प्रकरण- धर्म शास्त्रीय लेखी प्रश्नोत्तर-पृ० ३६-५४

(प्रश्न कर्ता=ध. पं. रामकृष्ण साठे शास्त्री, उत्तर-दाता वि. भू. दीनानाथ शास्त्री चुलेट)

भाग १.

प्रश्न १:—जबकि शुद्ध पंचांग की तिथि का १० घडी तक क्षय होता है तब उससे श्राद्ध आदि कार्यों में बाधा आती है–३६, २:-" शूलपाणिः...... कुतुपोग्राह्यः " इत्यादि बचनों से जो व्यवस्था है सो करें–३७.

---

* विशेष सूचना—ज्यो. पं. त्रिपाठी के पत्रों को देखने से पता चलता है कि; किसी भी विषय को न तो उन्होंने समझा है, न उसके संबंध में कोई निश्चित मत दिया है और न पूर्ण विरोध किया है। केवल जो उन्होंने प्रमाण लिखे हैं वह उनके ही कथन के विरुद्ध होते हुए सूक्ष्म गणित के पंचांग की स्वीकृति दर्शाते हैं। वस्तुतः सूक्ष्म गणित से कोई भी विषय को हल नहीं कर सकने के कारण पंडितजी का प्रश्न व्यर्थ है। तथापि इनके पत्रों की विचित्र भाषा व परस्पर विरुद्ध शैली से जो बहुतमा निरर्थक भाग विरोधाभास रूप दिखता है वह उतना बिलकुल निरर्थक नहीं है। वह सिर्फ यथानुक्रम मे बतलाते नहीं आया है क्योंकि इससे भी अधिक शुद्ध पंचांग के विरोध में मेरे प्रथम भाषण (रिपोर्ट पृ. २०-२१ अ, आ, ई, ऊ, ए,) में कहा गया है। और वह बडे २ विद्वानों की टीका, टिप्पणी सहित लेखों द्वारा प्रसिद्ध हो चुका है। किन्तु अभी तक किसी विद्वान से उन सबका यथार्थ उत्तर दिया नहीं गया है। इसलिये उन सबका संग्रह करके " सभापति का संस्कृत पत्र ,, नामक पत्र में पंचाग संबंधी कुल शंकाओं का समाधान कर दिया गया है। उसी के अंतर्गत आप के भी प्रश्नों का उत्तर आजाने से यहां वह अलग नहीं लिखा है।

संपादक

चुलेट शास्त्री.

उत्तर—१ -आपने जो निर्णयसिन्धु (पृ. २ अक्षय तृतीया निर्णय) की पक्तियाँ उध्दृत की हैं; उसका निर्णय आपके कथन के विरुद्ध है. २ -उसी से तिथि का क्षय १० घडी का सिद्ध होता है. ३ इसमें श्राद्ध का गौण काल १५ व मुख्य काल १० घडी का कहा है–३७ ४ इसलिय श्राद्ध आदि कार्य में बाधा नहीं आती है क्योंकि गौण काल में श्राद्ध का होना कहा गया है जिसके प्रमाण १ पद्मपुराण, २ नारद, ३ दीपिका, ४ स्मृत्यर्थ सार-३८, ५ दिवोदास, ६ गोविंदार्णव, ७ हेमाद्रि ८ गोभिल, ९ अनन्त भट्ट, १० माधवार्य, ११ निर्णयामृत, १२ शूलपाणि और १३ कालादर्श- इन ग्रंथों के हैं-३९ ४०. ५ - माध्याह्न से सायकाल घटी १५ तक श्राद्ध का गौण काल है ६ कमला करने अंतिम निर्णय ऐसा ही किया है ७ मध्यान्ह के पहिले विष्णु पूजन के बाद मध्यान्ह में भी श्राद्ध हो सकता है–४० ८ दीपिका में भी ऐसा ही लिखा है ९ -सूर्योदय से दिनार्ध तक पूर्वान्ह में देव कार्य, दिनार्ध से सूर्यास्त तक अपरान्ह में पितृकार्य यह सामान्य काल है-४१ १० श्राद्ध में कुतुपादि ५ मुहूर्त कहे हैं सो १० घडी मुख्य काल है ११ दिनमान के तीन भाग पूर्वाह्न माध्यान्ह व अपरान्ह काल कहलाते हैं. १२ ९, १० घडी का वृद्धि क्षय धर्मशास्त्र सम्मत है-४२, १३ और मनु कात्यायन, गोभिल, पारिजात, पराशर और लौगाक्षि के आर्ष प्रमाण से सिद्ध है. १४ ५,६ घडी का वृद्धि क्षय धर्मशास्त्र सम्मत नहीं है-४३.

भाग २

प्रश्न—(मुद्दा ३ के सबंध में—) १ -निर्णयसिंधु में अक्षय तृतीया के ऊपर जो एक दो वचन दिये पढ़े वहीं हमारे छात्र खाबडे शास्त्री आने लिख दिया और हमको यह बाद सम्मत होने से हमने सही करके सभा में पेश किया (२) " कुतुपादि रोहिणांतो मुख्य काल । दिन द्वये तद व्याप्तौ पूर्व " (अर्थ-कुतुप् ५ वें मुहुर्त से रोहिण ९ वें मुहूर्त तक की १० घडी मुख्य काल है । दो दिन के मुख्य काल में तिथि की व्याप्ति न हो तो पहिले दिन करना) ४४, ३ "कुतुपादारभ्य सायंकाल प्राक्तना नैमित्तिक श्राद्धस्यकाल " (अर्थ=पांचवें मुहूर्त से सायकाल के पूर्व अनैमित्तिक श्राद्धकाल कहा है.) ४ श्राद्ध में पचधाविभक्त अपराह्न को ही मुख्य माना है । उसके अभाव में रोहिणयुक्त कुतुप् ही मुख्य है ५ प्रदोषादि व्रतों में भी दश घडी क्षय होने से बाधा आती है परंतु समयाभाव से लिखना इष्ट नहीं मानते-४५,

उत्तर –१ जब कि आपके लिखे २ रे व ५ वें क्रम में १० घडी का मुख्य काल कहा गया है तब १० घडी के क्षय हुए बिना दोनों दिन में तिथि की अव्याप्ति हो नहीं सकता ! (कालम ३ में) आठ मुहूर्त का अनैमित्तिक सामान्य काल कहा होने से पांच मुहूर्त घट जाने पर पूर्व तिथि में श्राद्ध करना कहा है २ -इसमें दिन द्वये अव्याप्तौ के अर्थप्राप्ति न्याय से १० घडी का क्षय सिद्ध होता है, ६ घडी का नहीं ४६,

भाग ३

प्रश्न—' आपके मत से १४ घटी से २४ तक श्राद्धकाल मुख्य माना जाता है और वह १० घटीमित होने से दिन का $\frac{1}{3}$ रूप है लेकिन इसका आधा २ काल दूसरे तीसरे भाग में जाता है इससे यह नहीं सिद्ध होता कि १० घटी का क्षय करना सम्मत है-४६, २:-जैसे सप्तमी २४ व अष्टमी १४ घटी है। पहिले दिन अपराण्ह काल में अष्टमी न होने से श्राद्ध कर सकते नहीं दूसरे दिन गौण कुतुपयुक्त रोहिण काल में भी नहीं है इसलिये अष्टमी श्राद्ध में आपत्ति आती है ३:-इसी रीति से ३६, २६ त्रयोदशी के प्रदोष में दोष आता है-४७,

उत्तर— दिनत्रिभाग के इधर उधर आधा २ भाग जाने से मुख्य काल के एक देश में व्याप्ति रहती है। और प्रकारान्तर से मुख्य काल भी रहता है इन प्रमाणों से बाधा न आते १० घडी का क्षय सिद्ध होता है-४७, २:-जैसे आपके उदाहरण में घटी २०-३० के अपराह्न काल में २४ घडी बाद अपराह्न के एक देश में अष्टमी में श्राद्ध कर सकते हैं। अनैमित्तिक-दूसरे दिन १४ घडी कुतुपादि पांच मुहूर्त (८-१८ घडी) में होने से श्राद्ध कर सकते हैं ३:-इसी तरह प्रदोष में भी दोष नहीं है।

भाग ४ धर्म शास्त्रीय निर्णय।

* यात्रा विवाहोत्सव जातकादौ खेटैः स्फुटैरेव फल स्फुटत्वम्॥ स्यात्प्रोच्यते तेन नभश्चराणां स्फुट क्रिया दृग्गणितैक्य कृद्या॥

सि. शि. ग्र. ग. स्पष्टाधिकारे श्लोक १

१४　ज्योतिः शास्त्र सम्बन्धी एक लेख में जगद्गुरू शंकराचार्य द्वारका मठ ने भी कहा है कि:-

वेध तुल्य में अर्वाचीन संमति

" ज्योतिः शास्त्र महा तात्पर्यंदम्पर्यय विषयीभूतकालावयव याथात्म्य मनुभावय माने विहित समस्त श्रौत स्मार्त क्रियाकलाप नियतकाल विभ्रमापनोद, निर्भर मनुकूलीकृता शेष शेष भूत वस्तु स्थवस्थाक्रमपरामृष्टविपर्यय प्रतीति जननमविपर्यस्ताबाधितासंदिग्ध दृक्प्रतीति पर्याप्तमेव परि समाप्यते स्वभाव भावित मर्थत इत्यादर गोचरं भवत्येवेति

[भारतीय ज्योतिः शास्त्र पृष्ठ ४०१]

"यह ज्योतिष शास्त्र शुद्ध समय को बतलाने वाला प्रत्यक्ष शास्त्र है क्योंकि इसकी एक एक बात कई रीतियों से प्रत्यक्ष हो सकती है। अतएव सम्पूर्ण श्रौत, विधि और व्रत नियम विवाहादि स्मार्त कर्म यथार्थ निश्चित समय में ही करने से फलद्रूप होते हैं। इसी से सब संदेह दूर हो जाते हैं। ध्यान देकर देखने से इसकी सत्यता स्वयं सिद्ध हो जाती है। तब इसके स्वाभाविक धर्म से ही इसको संसार में आदरणीय होना ही चाहिये।

१५　वेद में भी ज्योतिः शास्त्र एवं कालमापने के संबन्ध में कहा है कि:-

वेध तुल्य लेना ही आर्ष प्रमाण है.

" स्मृतिः प्रत्यक्षमैतिह्यम्। अनुमानश्च तुष्टयम्॥
एतैरादित्य मण्डलम्। सर्वरेव विधास्यते॥ १॥
अणुभिश्च महद्भिश्च समारूढ प्रदृश्यते॥
संवत्सरः प्रत्यक्षेण नाधिगन्तः प्रदृश्यते॥ २॥

तैत्तिरीय आरण्यक [१-२-१,२]

अर्थात्- १- प्राचीन स्थिति के स्मरण से, २- आकाश में दूरवीक्षण त्रिकुन्द [तीन कांच की दूरबीन] अर्थात् नलिका, यष्टि व तुरीय यंत्रादि द्वारा प्रत्यक्ष देखने से; ३- पूर्व ग्रंथकारों की चली हुई पद्धति के ऐतिहासिक गणित से और ४- ज्योतिषियों की गति स्थिति के अनुमान; (इन चार साधनों) से सूर्य मण्डल का अर्थात् सूर्य के परिभ्रमण के काल का निश्चय होता है। क्योंकि ज्योतिः शास्त्र की छोटी बड़ी सब बातों में इसका वास्तविक रूप प्रत्यक्ष में दिखता है। और ऐसे ही संवत्सर का भी प्रत्यक्ष देखने आदि से निर्णय हो सकता है।

वर्तमान के सिद्धान्त ग्रंथ आर्ष नहीं हैं

१६ इस कथन से और ज्योतिषशास्त्र के ग्रंथों की उपरोक्त वेध परम्परा से, बार बार अन्तर दूर करने से स्पष्ट है, कि ऋषि प्रणीत श्रुति सम्मत प्रणाली के अनुसार अन्तर निकाल कर शुद्ध करने की पद्धति को त्यागकर; ब्रह्मगुप्त, आर्यभट और मयासुर के बनाए हुए ग्रंथों के ब्रह्म, आर्य और सूर्य, सिद्धांत नाम रखकर एवं उनको ऋषियों के बनाए हुए कहकर तथा ये सब शाके ४२१ के इधर के नए बने हुए होनेपर भी सूर्य सिद्धान्त जिसको बने आज २५,९७,०३२ वर्ष होगए ऐसा उसके गणित का गौरव करके उसके अनुसार ही पंचांग बनाकर उसके बताए हुए नित्य के सूर्योदय सूर्यास्त में एवं ग्रहण आदि में दो चार घड़ी का प्रत्यक्ष में अन्तर दिखते हुए भी; उसके अनुसार ही ग्रहसाधन एवं पंचांग करते रहना आर्ष ग्रंथों के नाम लेकर वेदोक्त परम्परा एवं प्राचीन ऋषियों की आज्ञा का उलंघन करके उनका अपमान करने के समान है।

सिद्धांत ग्रंथ का स्वरूप.

१७ ग्रहों की कक्षा में जो सूक्ष्म अन्तर पडता जाता है कालान्तर में उसे प्राचीन वेधसिद्ध मानों से मिलाने पर, जब वह दृष्टिगोचर होता है, तब उस अन्तर को निकालकर दृक्प्रत्यय शुद्ध ग्रंथ बनता है उसमें भी भारतीय ज्योतिर्विद, सिद्धान्त ग्रंथ उसे कहते हैं। जो श्रुति, स्मृति ग्रंथों में बताए हुए ज्योतिष के तत्वों के अनुसार बना हुआ हो, उसमें कहे हुए भगण व सावनदिन आदि से सृष्टि या कल्प के आरंभ से वर्षगण और अहर्गण के द्वारा शून्य क्षेपक से ग्रहों की स्थिति और गति सिद्ध की जाने पर वह प्रत्यक्ष में गणित करने के तुल्य मिलते हों।

करणग्रंथ का स्वरूप

१८ यह भी बतला देना आवश्यक है, करणग्रंथ उसे कहते हैं जो सिद्धांत आदि से बनाए हुए ग्रहों में कम या अधिक अन्तर वेध से निश्चित करके उस बीज संस्कार से ग्रहों की वास्तविक स्थिति व गति के क्षेपक व ध्रुवक युक्त, सुलभ रीति के गणित का बना हुआ हो। तब यहां विचार ने की बात है कि वेध चमत्कारों से दृग्गणितैक्य नहीं किया जाता तो इतने सिद्धान्त और करणग्रंथ नहीं बनाए जाते।

सूर्यसिद्धांतादि ग्रंथों की उपयुक्तता उनके निर्माण काल में विशेष थी.

१९ हां यह बात तो अवश्य कहनी चाहिये कि उक्त ग्रंथकारों ने ज्योतिःशास्त्र की बहुत कुछ प्रगति की है। और आकर्षण शास्त्र, अनेक गणित के प्रकार व सूक्ष्मातिसूक्ष्म तत्वों का शोध लगाया है। ग्रंथ के अंकों को देखकर उनकी सूक्ष्मता बतलाना कुछ बडी बात नहीं है. *

---

* "यदि भगण मर्यादि युते कि ततो यथेष्टदिनैः ॥ अहर्गणैर्गणयति दिन ... ॥ ३७ ॥ ... ॥ ३८ ॥ पंच सिद्धान्तिका करणाध्याय. ४

किन्तु आकाश में ग्रहों को देखकर यंत्रादि कों से वेध, लेकर उनकी स्थिति, गति, च्युति, उच्च, पात, फल और मदकर्ण आदि मानों को शोध- कर उनका निश्चय करना बहुतही कठिन बात है इसलिये उनकी हम जितनी प्रशसा करें उतनी थोडी है। किंतु केवल उनके स्तोत्र ही गाते रहना और उनके स्वीकृत शोधन कार्य को त्याग देना योग्य नहीं है।

२० दृश्य गणित की सूक्ष्मता के लिये, ग्रथ से निश्चित किये हुए अकों में भी कालान्तर सस्कार दिया जाता है भारतीय ज्योतिष ग्रथों में इसे असकृत्कर्म × कहा है। अर्थात् ग्रथोक्त ग्रह को बार बार फल सस्कार देकर वास्तविक मान के "दृश्य ग्रह के" तुल्य सूक्ष्म करके उस शुद्ध ग्रह का उपयोग करना हमारे सपूर्ण ग्रंथों का तात्पर्य है। जैसे केशव दैवज्ञ ने कहा है कि.

दृश्य गणित के पचांग से तिथ्यादि निर्णय के प्रमाण केशव दवज्ञ का (१)

"यस्मिन्देशे यत्र काले येन दृग्गणितैक्य यम्॥
दृश्यते तेन पक्षेण कुर्या तिथ्यादि निर्णयम्॥ १॥"

(ग्रह कौतुक में वसिष्ठ सहिता का वचन)

"जिस स्थल में जिस काल में जिस पक्ष से लाये हुए ग्रह की दृग्गणित से एकता मिलती हो उसी ग्रह से तिथि आदि का निर्णय करें।"

२१ इस प्रकार के दृश्य गणित से स्पष्ट मालूम होता है कि जिस समय में ग्रह लाघव ग्रथ बनाया गया था उस समय में उसके गणित के अनुसार ग्रहों की स्थिति, गति और क्रांति; प्राचीन ग्रथों में बताई हुई ग्रहों की स्थिति की अपेक्षा अधिक शुद्ध थी। तौभी उसमें कुछ अन्तर होना गणेश दैवज्ञ ने स्वय कहा है, यथा -

२ प्रमाण गणेश दैवज्ञ क

"पूर्वोक्ता भृगुचद्रयो क्षणलवा स्पष्टा भृगो क्षेपिता॥ द्वाभ्या ते रदयास्त दृष्टि समता स्या- ल्लक्षितैरा मया॥ २०॥

ग्रह लाघव के समय में ही दो अंश का फर्क

(म॰ ला॰ उदयास्ताधिकार)

× "प्राङ् मध्यमे चलफलस्य दल प्रदद्या, तस्माच्च मान्दमखिल विदधीत मध्ये."

ग्रह लाघव (३ १०)

"दोर्भ्यां कृताभ्या प्रथम फलाभ्या ततो खिलाभ्यामसकृज्जरतु॥ नाशङ्कनीय न चले किमित्थ यतो विचित्रा फल वासनाऽत्र॥ ३९॥" "अत्र गणित स्कध उपपत्तिमाने चागम प्रमाणम्।"

(सिद्धान्त शिरोमणि ग्र ग स्पष्टाधिकारे पृ ७२ व गोलबन्धा धिकार)

" यद्यपि मैंने शुक्र और चंद्र के स्पष्ट कालांश लिखे हैं, किन्तु मुझे प्रत्यक्ष में उसमें दो अंश कम दिखते हैं। इसलिये इसमें दो दो अंश कम करना चाहिये।

ग्रहलाघव के बाद ज्योतिष का शोधन क्यों न हो सका.

२२ ऐसे विद्वान को धन्य है कि जिसने स्वयं अपनी बताई हुई ग्रहस्थिति में अंतर ज्ञात होने पर गलती का स्वीकार किया है। यह कितनी सचाई पूर्ण और उच्च विचार की बात है। ऐसे निरभिमानी ज्योतिर्विद की कही हुई बातें प्रमाणभूत क्यों न मानी जांय! किंतु हमारे दुर्भाग्य से उनके पश्चात एक भी ऐसा ज्योतिःशास्त्र और धर्मशास्त्र का ज्ञाता धुरंधर विद्वान भारत में नहीं हुआ कि जो भारतीय ज्योतिःशास्त्र का सिद्धांत ग्रंथ या करण ग्रंथ बनाकर श्रुति स्मृति प्रोक्त ज्योतिष शास्त्र का सुधार करता। क्योंकि इन ग्रंथों की आवश्यकता तो केशव दैवज्ञ ने ही (कलम ८ 'घ' और 'च' में) बता दी है।

वेधक्रिया को त्यागने से हमारे यहां ज्योतिष का अपकर्ष.

२३ किंतु साथ में यह कहना भी अप्रासंगिक नहीं होगा कि महाराज विक्रम और भोज के आश्रय की भांति न तो उन्हें पर्याप्त राजाश्रय ही मिला और न काल की अनुकूलता प्राप्त हुई। तब ज्योतिषी शास्त्री विचारे क्या करते; जब उनको उदर भरण भी बडी कठिनाई के साथ करना पडता था; तब उन्हें यंत्र और ग्रंथादि वेध सामग्री के लिये द्रव्य कहां से मिलता? फिर भी ऐसे कठिन काल में भी वे इस शास्त्र का थोडा बहुत शोधनादि कार्य तो करतेही रहे हैं। जैसे शाके १९५२ में विश्वनाथ दैवज्ञने ग्रहलाघव की टीका में 'बीज संस्कार' देकर उक्त रवि चंद्र और चंद्रोच्च की शुद्धि * बताई है।

वेध क्रिया के द्वारा पाश्चात्य देश में ज्योतिष का उत्कर्ष.

२४ उधर पाश्चात्य देशों में राजाश्रय होने से इस समय इस शास्त्र की बहुत ही उन्नति हुई है और हो रही है। एक समय वह था कि हमारे शोधन का उपयोग वे किया करते थे और अब हमें उनके शोधका उपयोग करना पडता है। जैसा कि पोलिश सिद्धान्त के रचना काल के वसन्त संपात स्थानीय तारे को ग्रीक ज्योतिषी पोलक्स कहते थे और अलेक्झांड्रिया व कान्स्टान्टानोपल के बीच के यवनपुर नाम के नगर के उज्जयिनी से रेखांशान्तर ४६.५ द्वारा पोलिशोक्तमान से अपने पंचांगों को ठीक करते थे और आज ग्रिनिविच के ७५.७ से उज्जयनी इंदौर नगर की मध्य रेखा द्वारा नाटिकल आल्मनाक नामक अंग्रेजी पंचांग से काशी निवासी महामहोपाध्याय पंडित बापूदेव शास्त्री आदि यहां काशी में शुद्ध पंचांग बनाते हैं।

---

* यह बीज संस्कार ग्रहलाघव के शोधन कार्य में आगे बताया जावेगा।

२५ इस शास्त्र के तीन विभाग माने जाते हैं।

१ गणित स्कंध याने गोलीय ज्योतिष Spherical Astronomy

वेद द्वारा त्रिस्कंध ज्योतिष का विकाश.

२ संहिता स्कंध याने प्रेरणात्मक ज्योतिष Gravitational Astronomy.

३ फलित स्कंध याने दिव्य परिणाम ज्योतिष Physical Astronomy
Theoretical Astronomy, Celestial Mechanics.

(१) उसमें गोलीय ज्योतिष के लिय साधारण रेखा गणित के अतिरिक्त गोलिय त्रिकोण मिति, दीर्घ वर्तुलीय त्रिकोणमिति, कुट्टक, श्रेढी शून्य लब्धि, चलन कलन, व शुल्व सूत्र।

(२) प्रेरणात्मक ज्योतिष के लिये उच्च बीज गणित Higher Algebra समीकरणोपपत्ति Theory of Equations
बैजिक भूमिति Analytical Geometry
परमाणु गणित Differential Calculus
पिंड गणित Integral Calculus
परमाणु समीकरण गणित Differential Equations

(३) प्रकाश शास्त्र, आकर्षण शास्त्र, वर्ण तरंग शास्त्र, जीवनेन्द्रिय शास्त्र और विद्युन्मानस शास्त्र।

पंचांग गणित के लिये ऊंचा गणित चाहिये.

२६ उक्त तीनों विभागों को पूर्णतया समझने के लिये उक्त विषयों का ज्ञान उत्तम प्रकार का होना चाहिये इन विषयों के मूलतत्व संहिता, तंत्र, सिद्धान्त ग्रंथों में उत्तम प्रकार से वर्णन किये गये हैं; किन्तु यहा विचार करने की बात है कि एक समय वह था कि उक्त विषयों के मूलतत्वों को हमने शोधकर निश्चित किया और दूसरा आज समय यह है कि उसे हम पूरा जानते भी नहीं हैं। फिर उसकी उपपत्ति लगाकर सिद्ध करना तो दूर रहा। जिस धारा पद्धति से हम सुगमता से गणित कर सकते थे उसके स्थान में लाग्रथम्स Logarithms (घाताङ्क गणित) के कोष्टकों से हमें काम करना पडता है।

पाश्चात्यों के माफक हमें भी सूक्ष्म पंचांग बनाना चाहिये.

२७ किंतु इस समय में पाश्चात्यों ने इसे पूर्णतया हस्तगत कर लिया है। प्रेरणात्मक ज्योतिष (Gravitational Astronomy) में तो वे बहुत ही आगे बढ गये हैं। जैसे विश्व, आकाश गंगा, नक्षत्र, सूर्यग्रह, उपग्रह धूम्रकेतु, और उल्काये पदार्थ कहां व कैसे हैं? सूर्य, ग्रह, तथा उपग्रहों का परस्पर आकर्षण शास्त्र मे संबंध क्या है? कौन? किसके चारों ओर घूमता है। इन की कक्षाओं के चित्र किस प्रकार के

हैं कक्षाओं का तल किस तरफ और कैसा झुका हुआ है। उनका परस्पर अंतर व प्रदक्षिणा काल कितना है ? इत्यादि अनेक प्रश्नों को हल करने में अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रास, जर्मनी आदि देशवासियों ने आजन्म परिश्रम करके उनके उत्तमोत्तम ग्रंथ लिखे हैं। और लिखते जारहे हैं।

उधर उन्नति राजाश्रय से हुई है।

२८ इन बातों को देखकर ऐसा प्रश्न होना स्वाभाविक है कि ऐसे परिवर्तन होने का मूल कारण क्या है ? उसके उत्तर में इतना ही कहना पर्याप्त है कि इस शास्त्र की उन्नति के लिये सहायता करना यह बात हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों में से महत्व का कर्तव्य माना गया है ऐसी भावना संपूर्ण पाश्चात्य पराक्रमी राष्ट्रों की सुदृढ है।*

इधर के राजाओं ने भी इसे शुद्ध करते आए हैं..

२९ इधर हमारे भारत में स्व नामधन्य महाराजा जयसिंहजी जयपुर नरेश ने जयपुर, दिल्ली, उज्जयिनी, काशी, मथुरा आदि नगरों में वेध शालाएं बनवाकर वहां योग्यातियोग्य ज्योतिषी रखकर शक १६५२ में सिद्धान्त सम्राट नामक ग्रन्थ बनवाकर इस शास्त्र की बडी उन्नति की इसी प्रकार उन दिनों में करण कल्पद्रुम सिद्धान्तराज, और तत्त्व विवेकादि करण ग्रंथ अन्यान्य विद्वानों द्वारा बनाए गए.

वेध शुद्ध पंचांग बनाने में भारतीय विद्वानों की प्रवृत्ति.

३० महामहोपाध्याय बापूदेव शास्त्री म. पं. नीलांबर झा प्रो. नाना छत्रे, प्रो. चिन्तामणी रघुनाथाचार्य, श्री. पं. कृष्ण शास्त्री गोडबोले, ज्योतिषाचार्य वेंकटेश बापूजी केतकर, प्रातःस्मरणीय राष्ट्र सूत्रधार लोकमान्य बाळ गंगाधर तिलक और महामहोपाध्याय सुधाकर द्विवेदी ने उत्तमोत्तम ग्रन्थ लिख के अनेक प्रकार से इस शास्त्र की उन्नति की। पूने की पचांग कमेटी ने तो रुपये ५००० पारितोषक देकर ज्योतिर्विद श्रीयुत दफ्तरी वकील महोदय से करण कल्पलता नामक पंचांग

---

* फ्रेंच सरकार Annusire नामक पुस्तक ईसवी सन १७९५ से प्रति वर्ष प्रसिद्ध करते है। उसकी प्रस्तावना में उनकी अंगीकृत कर्तव्य निश्चित किये हुए रहते हैं। जैसे— II (la Burean des Longitudes) est instituo en vue du perfectionnement de diverses branches de la Science astronomique et de leurs applications à la geographie, à la navigation et à la physique du globe, ce qui comprend...... 4° l' avancement des theories de la mecanique celeste et de leurs applications; le perfectionnement des Tables du Soleil, de la Lune et des planets; 5° ....

साधन का ग्रन्थ बनवाया, किन्तु उसमें शास्त्र शुद्ध अयनांश नहीं होने से और उससे बने पंचांग का कोई भी सिद्धांत या करण ग्रंथ से मेल नहीं है। क्योंकि शास्त्र शुद्ध निरयन मान से उसके ग्रह ३°।५८.१ अधिक हैं।

वेध शुद्ध पंचांग बनाने में भारतीय राजाओं की प्रवृत्ति.

३१ इस ओर महाराज जम्बू नरेश की भी कृपा हुई "आपने एक चंद्रग्रहण के गणित की प्रत्यक्ष प्रतीति करके प्रसन्न होकर म० पं० बापूदेव शास्त्री को १००० रुपिया भेट में प्रदान किये" [भारतीय ज्यो० शा० पृ. ३०० से उद्धृत].

३२ हमारे सम्माननीय महाराजा होलकर सरकार की तो कई वर्षों से इसकी ओर कृपा दृष्टि होरही है। शके १८१८ में श्रीयुत शंकर बालकृष्ण दीक्षित ने इस विषय में जो मराठी भाषा में लिखा है उसका उद्धरण निम्नलिखित है:—

इस ओर इन्दौर महाराज की कृपा दृष्टि.

"मी इन्दूर एथें गेलो होतों, तेव्हां तेथें सरकारवाड्यांत मुद्दाम वेधाकरितां दिशा साधन वगैरे सोय करून एक जागा केलेली आहे, आणि तुकोजी महाराजांच्या पदरचे ज्योतिषी तेथें कधीं कधीं वेध घेत असत असें समजलें." (भारतीय ज्योतिष शास्त्र पृष्ठ ३९३)

महापुरुष नेपोलियन सम्राट जैसा रणधुरंधर था वैसाही वह शास्त्र और कलाओं का पुरस्कर्ता भी था हमारी परमपूजनीय चक्रवर्तिनी महाराणी साहबा के उदार आश्रय से जैसे "हानसेन के चन्द्र कोष्टक" नामक पंचांग साधन ग्रंथ (ई. स. १८५७ में) प्रसिद्ध हुआ उसके सदृश "बुर्गके चन्द्र कोष्टक" नेपोलियन बादशाह के औदार्य से (ई. स. १८०६ में) प्रसिद्ध हुए थे। उसकी प्रति बादशाह को नजर करते समय लाग्रांज, लाप्लास, लालन्द और डिलांबर विक्रम सभा के नवरत्न सदृश महा गणितज्ञ (बोर्ड ऑफ लॉंजिटयूड) याने ज्योतिषशास्त्र प्रवर्तक मंडल के सभासद थे। उनके अर्पणपत्र में नीचे लिखे अनुसार हृदयंगम उद्गार प्रगट किए गए हैं।

.........ce n'est point au Vainqueur de Marengo et d'Austerlitz,...... que le Bureau des Longitude vient offrir le tribut de nos veilles C'est au Protecteur e'claire' des sciences et des arts, qui couvert de tant de gloire daignait entrer dans nos rangs, assister a' nos confe'rences, animer encourager et diriger nos travaux...................

३३ इसी प्रकार इस राज्य से प्रति वर्ष जो पचांग प्रकाशित होता है उसमें संवत् १९६० शके १८२९ के पंचांग की प्रस्तावना में लिखा गया है कि:—

संवत् १९६० में दृश्य गणित का पंचांग मंजूर होचुका है

"मालव देशांतील सर्व लोकांस यथार्थ तिथ्यादि ज्ञानानें धर्मानुष्ठान क्रिया व विवाहादि सर्व मंगल कृत्यें उक्त मुहूर्तावर व्हावी म्हणून स्वदेश धर्माभिमानी श्रीमंत होलकरान्वय नृपचूडामणि राजाधिराज महाराज तुकोजीराव महाराज साहेब यांनीं सिद्धान्तानुसारी, सूक्ष्म, प्रतीति कारक दृश्य गणिताशि सहित पंचांग ....प्रसिद्ध केलें असें."

३४ इससे श्रीमन्त महाराजाधिराज का विद्यानुराग, सद्धर्म प्रेम और उदारता का तो परिचय होता ही है। साथ ही (१) सिद्धान्तानुसारी, (२) सूक्ष्म, (३) प्रतीति कारक, और (४) दृश्य गणित (ऐसे पंचांग के स्वरूप) को बनाने वाले चारों विशेषणों को देखने से स्पष्ट होजाता है कि:—

श्रीमन्त कै० महाराज तुकोजीराव (दूसरे महोदय) वास्तविक "मान" का, दृक्प्रत्यय युक्त व शास्त्रशुद्ध सिद्धन्तानुसार पंचांग चाहते थे। यह बडे सौभाग्य की बात है।

३५ यह बात भी बडे आनन्द की है कि प्रायः दो वर्ष से इंदोर के ज्योतिष तीर्थ पं०. नीलकंठ मंगलजी ज्योतिषी ने महल (जूने राजवाडे) के ऊपर वेध लेने के लिये दिशाओं का साधन करके शंकु छाया नापने एवं नलिकासे ठीक पूर्व दिशा में सूर्य का वेध लेने के लिये तथा अयनांश साधन के लिये एक संगमरमर पत्थर के स्थापित करने की आवश्यकता बतलाई उसके अनुसार लोक प्रिय माननीय होलकर सरकारकी आज्ञा से जब यह पत्थर रखने की व्यवस्था प्रसिद्ध विद्वान् माननीय दीवान ए-खास बहादुर सरदार माधवरावजी किबे साहब बहादुर एम. ए. (एम. आर. ए. एस. आदि) द्वारा गत फाल्गुन मास में की गई। उस समय वहां मैं भी उपस्थित था। अब उमसें वेध लेने का काम उक्त पंडितजी किया करते हैं। मुझे आशा है कि माननीय होलकर सरकार भविष्य में इसकी ऐसी उन्नति कर देनेकी कृपा करेंगे, जिसके द्वारा गणित शास्त्र को प्रशंसनीय सहायता सदा मिला करेगी.

वेध शुद्ध पंचांग बनाने में हमारे सरकार की मनशा.

३६ उक्त लेख का सारांश ये है कि जिस ग्रंथ के आधार पर यह पंचांग बनाया जाता है, उस ग्रंथकार के कथन से एवं अन्यान्य और प्रमाणों से निम्न लिखित दो बातें निश्चित [निर्णीत] होती हैं।

इस पंचांग के शोधन के लिये ग्रह लाघव को बाल न देकर शुद्ध करना चाहिये.

(अ) जिस ग्रंथ का गणित दृक्प्रत्यय से बराबर मिलता है। उसी ग्रंथ के आधार से बने हुए पंचाग के तिथि, नक्षत्र, ग्रह-गोचर, लग्न साधनादि संपूर्ण कार्यों में यहां आज तक मान्य किये जाते थे। और—

(ब) ग्रह लाघव के समय ही उसमें थोडा अंतर था और आगे सिर्फ १११ वर्ष के पश्चात् शाके १५५३ में विश्वनाथ दैवज्ञ ने उस अतर को निकाल ने के लिये बीज संस्कार किया है। किंतु आज उसे ४०९ वर्ष होगये हैं इसलिये निश्चय है कि उसमें बहुतसा अंतर पड गया है। इन दो कारणों से इस पचाग के शोधन के लिये ग्रह लाघव को ही शुद्ध करना चाहिये।

क्योंकि सिद्धान्त ग्रंथों की अपेक्षा करण ग्रंथ कोही चालन देकर शुद्ध करना गणित के लिये सुभीते का होता है। उसमें भी बहुमान्य ग्रंथ को चालन देनेमें उसके द्वारा बना पंचाग भी सर्वमान्य होसकता है। क्योंकि भारतवर्ष में ग्रह लाघवीय पचांग के इतना मान और पंचांगों को नहीं है इतना ही नहीं तो यहां जिस पचाग को सुधारने की हमें आज्ञा हुई है वही खुद ग्रह लाघव से बनाया जाता है। इसलिये पचांगकार को ग्रह लाघव का गणित मालूम होना चाहिये इससे हमारा अब यही कर्तव्य है कि चालन देकर ग्रह लाघव को ही शुद्ध करना चाहिये ताकि उसके द्वारा सर्वसाधारण ज्योतिषी भी सूक्ष्म गणित का पचांग बना सके।

इससे यह ग्रंथ सम्मत हो जायगा.

इतना ही नहीं तो इस सभा का यह भी कर्तव्य है कि पचांग में जो दिनमान व सूर्योदय इत्यादि की स्टेंडर्ड टाइम् लिखी जाती है तथा लग्न सारणी भावसारणी और वर्ष प्रवेश सारणी लिखी जाती है सो उनकी स्थूलता निकाल कर इन्दौर नगर के रेखांश अक्षांश द्वारा इतनी सूक्ष्म बना देना चाहिये कि उसके दृक्प्रत्यय में एक मिनिट का भी फर्क नहीं पडे। और यही सारणी सूर्योदयों में देते जाने में भी पचास वर्ष तक काम दे सके।

इसके बनाने से भी सुभीता होगा.

आशा है सम्पूर्ण सभासद सदस्य होकर श्रम विभागतत्व के अनुसार अपने अपने तर्क से इस के एक एक विषय को पूर्ण करेंगे तो निर्दिष्ट समयमें पचांग शोधन का कार्य करके इसका विवरण [रिपोर्ट] श्रीमंत सरकार की सेवा में भेज दिया जावेगा।

एक मत से हमें काम करना चाहिये.

भवदीय

दीनानाथ शास्त्री चुलैट.

सभापति का भाषण.

[पहिली सभा में] [ता. २८-९-२९]

विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट बोले कि;

हेतु.

१ "भारत में बहुत से पंचांग ग्रहलाघव व तदनुसार बनी हुई तिथि चिंतामणि की सारणी से बनाए जाते हैं किन्तु वर्तमान समय में दृश्य बातों से मिलाने पर—'अमावस्या, पौर्णिमा और कृष्णाष्टमी तिथि के समय १। घडी से १४ घडी तक अंतर सदा दृष्टि में आता है। इससे भद्रा व व्यतीपात सरीखे कुयोग के समय में भी आध घंटे से ५॥ घंटे का, ग्रहण के स्पर्श मोक्ष काल में दो घंटे का, ग्रहों के भोग में ६ अंशों का और गुरु शुक्र के उदय अस्त में ९,१० दिनों का ज्यादा से ज्यादा अन्तर दृष्टि गोचर होता है। इसके अनुसार पंचांग की सभी बातों में अन्तर रहना स्वाभाविक बात होगई है।

प्रस्ताविक बातें.

२ यह अन्तर हमही बतला रहे हैं ऐसी बात नहीं है किंतु; भारत में इस विषय में कई सभा होकर उनमें सभी पक्ष के लोगों ने इस बात को मुक्त कंठ से स्वीकार कर लिया है; इतना ही नहीं बरन उसे सुधारने के लिये क्या २ उपाय किये जावें ऐसी समस्या को पूर्ण करने के लिये उसमें बहुत से कार्य किये भी गये हैं। और उसको पूर्ण करने का सौभाग्य श्रीमंत होलकर सरकार की नियुक्ति से इस सभा को प्राप्त हुआ है।

पहले पक्ष का कहना.

३ पंचाग के सुधार के संबंध में बहुत से ग्रंथकार और प्रबंध लेखक आदि विद्वानों का कथन * है कि; हमारे धर्म शास्त्र और ज्योतिष शास्त्र के ग्रंथों का परस्पर में इतना निकट संबंध है कि वह एक रूप के बराबर होगये हैं। अतएव धर्मशास्त्र के तत्वानुसार अभी तक के सभी ज्योतिष शास्त्र के ग्रंथ बने हैं। और उनके अनुसंधान से ही धर्मशास्त्र के ग्रंथों में व्रतोपवास श्राद्ध आदि के काल निर्णय किये गये हैं। यह निर्णय और ज्योतिष के ग्रंथ ऋषियों के कहे हुए वचन

---

* काल माधव से धर्मसिंधु तक के ग्रंथ व 'महाराष्ट्रीय पंचांगैक्य मंडल पूना शाके १८४७ के वृतांत में पत्र नं० २३ आदि में लिखा है सो [देखिये पृष्ठ नं. १५]

हैं। तथा हमारा धर्म ही आर्ष वचन प्रमाण को मानने वाला A है। तो इस शोधन से आर्ष ज्योतिष के तत्वों में बाधा आने से हमारे धर्मानुष्ठान की बातों में भी बाधा आती है। जिससे यह सुधार करना हमें मान्य नहीं है। वह बाधाएँ यह हैं कि;

[अ] मनुस्मृति की युग व्यवस्था के अनुसार– ' कल्पादि से वर्ष गणों को करके; वहां ग्रहों के शून्य क्षेपक मानकर ज्योतिष के ग्रंथों में ग्रहगणित लिखा है और सूक्ष्म गणित के नव्य ग्रंथों से उस वक्त सब ग्रहों का शून्य क्षेपक नहीं आता तब धर्मग्रंथों में कही बातें क्या इससे मिथ्या प्रतीत नहीं हो सकती ? इतना होकर भी सूर्य-चंद्र के गति के कालान्तर जन्य फर्क (सौ वर्ष में प्रो० हानसेन के मत से +१२'१९ श, प्रो० न्यूकंब के मत से +८.४४ श. और गत्यन्तर +२९.१७ B से) निश्चित नहीं होते हुए भी उससे त्रिकाल दर्शी को निष्कारण मिथ्या कहना नहीं होता क्या ?

[आ] हमारे ज्योतिष के आधार से बनी तिथि की घटती ६ घडी की और बढती ५ घडी तक की होती है। इसी के अनुसंधान से धर्मग्रंथों में श्राद्ध और व्रतादि काल का निर्णय लिखा गया है। किंतु नय गणित की तिथि में वही घटा बधी ६ व १० घडी तक होती है। तब श्राद्धादि कार्यों का धर्म ग्रंथों से योग्य निर्णय कैसे हो सकता है !

(ई) हमें मालूम है कि पाश्चात्य जंत्री बहुत सूक्ष्म हैं किन्तु उनकी नकल के पंचांगों द्वारा कुछ हमें नौ का स्थान दृश्य गणित से निश्चित नहीं करना है; कि उक्त स्थल के दृश्य आकाश से रेखांश अक्षांश का फर्क न पड जाय। हमें तो केवल धर्मानुष्ठान काल और फल ज्योतिष का शुभाशुभ फल चाहिये। यह भी ऋषियों के वचनों से; फिर जब उनका बताया कर्मकाल ही गलत हुआ तब उस कर्म का बताया हुआ शुभाशुभ फल भी गलत सिद्ध नहीं होता क्या !

A जैमिनि मीमांसा सूत्र के आरंभ में ' चोदना लक्षणोऽर्थो धर्मः , ऐसा (१.१.२) धर्म का स्वरूप बताया है। इससे ' वचनात्प्रवृत्तिर्वचनान्निवृत्ति. ' प्रमाण में माने जाते है। B ज्योतिर्गणित पृष्ठ ८२ में लिखितानुसार।

[ऊ] जब कि धर्मका फल अदृष्ट होते हुए भी आर्ष वचनों से उसका अस्तित्व माना जाता है तब उसके अनुसंधान से कहा काळ भी मानना योग्य है। तथा कर्मानुष्ठान के योग्य काळ की व्याप्ति इतनी बढ़ाई हुई है कि उसके पर्याप्त काळ को हमारे पंचांग बता सकते हैं जैसे संक्रांति काळ के आगे पीछे '१६-४० घडी, गुरू शुक्रास्त में बाल वृद्धत्व के १५-७ दिन, आदि' बताए गए हैं; २३ अंशों के ऊपर आगे की राशि का फल कहा जाता है इतना ही नहीं बरन वास्तु-प्रकरण में २।. नक्षत्रों की राशि के स्थान में २ व ३ नक्षत्रों की राशि कहीं होने से वहां वही फल में स्वीकृत होती हैं तदनुसार यहां स्थूलता मानने में हानि होती है ऐसा प्रत्यक्ष बता सकते हैं क्या ?

[ए] यदि आपको कुछ सूक्ष्मता ही बताना हो तो जंत्री, क्यालेंडर, आलेख्यों द्वारा बतावें किंतु वैसा करना छोडकर श्रौतस्मार्त धर्मानुष्ठान के तत्वानुकूल पंचांग का 'उक्त अ—ऊ समस्या को पूर्ण करे बिना' शोधन करना निष्कारण प्रयत्न नहीं होता क्या ? A

४ "दूसरे" गणितशास्त्र के ग्रंथकार और प्रबन्ध लेखक आदि कतिपय विद्वानों का कथन * है कि कलाज्ञान और शास्त्रीय शोध चाहे किसी के हों उन्हें लेने में हमें हानि नहीं है। इसलिये, ज्योतिष यह प्रत्यक्ष शास्त्र है; प्रत्यक्ष दिखनेवाली बात को 'हम ऐसा मान्य करेंगे व ऐसा मान्य नहीं करेंगे इस प्रकार कहना योग्य नहीं है। तब पंचांग के शोधन करने में शुद्ध गणित से चाहे हमारे धर्मशास्त्र ग्रंथों के कथन के अनुसार; कल्प के आदि और अन्त में शून्य क्षेप के ग्रह हों, चाहे नहों; मनुस्मृति के माफक युगमान हो, या, न हो; ऐसे ही दृश्य गणित के मान से बनी हुई तिथि के निर्णय करने में धर्मशास्त्रोक्त रीति से बाधा आती हो, या न आती हो उसकी कुछ हमें आवश्यकता नहीं है। आज श्राद्ध नहीं करके कल किये ऐसे करने से हमारा कुछ हानि नहीं है; बरन पंचांग को स्थूल रखने में है। इसलिये आज जो दृक्प्रत्यय में आवे उस सारणी या ग्रहगणित से पंचांग बनावें फक्त अयनांश आदि बातों का विचार सभा में बहुमत से

दूसरे पक्ष का कहना.

A ज्योतिर्विद पंडित मनीरामजी गांगावत गौड कृत सिद्धान्त दैवज्ञ विनोद की भूमिका में इसका कुछ भाग कहा गया है।

* पंचांगैक्य मण्डल पूना में सभापति महोदय के निर्णय में इसका कुछ भाग कहा गया है [शाके १८४७ प्रथमाधिवेशन.]

करलेवें। इस प्रकार ग्रहगणित ग्रंथों से भी पंचांग नहीं बना सकें तो नाटिकल आल्मनाक नामक आदि इंग्रेजी पंचांगों से सूक्ष्म गणित का पंचांग बना लेवें. A

तीसरे पक्ष का कहना.

५ "तीसरे" भारतीय सिद्धान्त, ज्योतिष शास्त्र व धर्मशास्त्र के कतिपय विद्वानों का कथन है कि श्रुति और स्मृति ग्रंथों में कहे हुए ज्योतिष के तत्वों के अनुसार बने हुए प्राचीन ग्रंथों के मूलाङ्कों को शुद्ध करके उसके द्वारा दृक्प्रत्यय युक्त पंचांग बनाया जाय और उसकी प्रस्तावना में पहिले पक्ष के किये हुए प्रश्नों का यथा योग्य उत्तर देते हुए वह पंचांग कोई भी आर्ष वचन के विरुद्ध नहीं जाने पावे; ऐसा शास्त्र शुद्ध और उसकी सब बातें दृश्य गणित के तुल्य एवं सूक्ष्म गणित की होनी चाहिये।

ग्रहलाघव को शुद्ध करें तो.

६ जब कि; 'अन्यान्य सिद्धान्त ग्रंथों में बीज संस्कार देकर श्रीमत् गणेश दैवज्ञ ने वेध लेकर तत्कालीन दृश्य गणित से मिलाते हुए शुद्ध मूलांक ग्रहलाघव ग्रंथ में लिखे हैं, इसलिये सूर्य सिद्धान्तादि ग्रंथों की अपेक्षा ग्रहलाघव ग्रंथ शुद्ध है।" तब यदि उस मूलाकों में वेधसिद्ध चालन देकर क्षेपक, ध्रुवक और फल साधन की सारणी आदि सुधारी जावें तो जिस ग्रंथ के आधार पर आज तक के पंचांग बनाये जाते हैं वह ग्रंथ ही शुद्ध होजायगा। और उसके द्वारा शुद्ध, सूक्ष्म, व दृक्प्रत्यय कारक गणित के पंचांग भी बनते रहेंगे। इससे प्राचीन ग्रंथों का उपयोग भी होता रहेगा और केवल सारणी पर से पंचांग बनने वालों को बड़ा सुभीता हो जायगा।

दृक्प्रत्यय कारक पंचांग हो सकता है.

७ किन्तु यहां यह शंका उपस्थित होसकती है कि उक्त शुद्ध पंचांग बनने से और उसमें सूक्ष्मता होने से क्या वह धर्म शास्त्र ग्रंथों से विरुद्ध होगा? ऐसा संदेह करने का कोई कारण नहीं है। क्योंकि हमारी नई शोध से सिद्ध किया गया है कि; "वेद" यह "ज्योतिष शास्त्र का मूल ग्रंथ है। अतएव इसका एक २ मंत्र आकाश के दृश्य ज्योतियों का वर्णन करता है। इसलिये निश्चय है कि जो बातें सूक्ष्मातिसूक्ष्म वेध लेने पर भी अभी तक 'निश्चित नहीं' अनुमित की जासकती हैं; वही वेद में उतनी ही सूक्ष्म कही गई हैं। तब इसके द्वारा पहिले पक्ष के उपस्थित किये हुए (अ+ आ+ ई+ ऊ+ ए+) प्रश्नों का

A मुंबई की पंचांग शोधन परिषद में म० म० पं० दुर्गाप्रसादजी के कहे हुए प्रथम पक्ष के उत्तर में म० प० स्मृति तीर्थ आदि के भाषण का सारांश। व प्रस्ताव नं० ३-४ में स्वीकृत बातें (शक १८२९)

सप्रमाण निर्णय करने से सब शंकाओं का समाधान होजाता है। और धार्मिक ग्रंथों से निश्चित हो सकता है कि एक तिथि का वृद्धि क्षय ५+६ घटी का नहीं है किन्तु ९+१० घडी का श्रुति स्मृति सम्मत है।

८ अत: अब हमें श्रुति व स्मृति ग्रंथों के प्रमाणों से ही सूक्ष्म गणित के पंचांग का निर्माण कराना चाहिये। क्योंकि इसके संबंध में कै. वा. श्रीमंत बडे तुकोजीराव महाराज ने संवत १९६० के साल के इस राजधानी से प्रकाशित होने वाले पंचांग में (भूमिका कलम ३३ में लिखे प्रकार की) जो रूप रेषा अंकित करदी है बस उसी तरह के पंचांग को हमें बनवाना चाहिये।

सरकार की भी ऐसी ही मनीशा है.

क्योंकि पंचाग की सब बातें जबकि दृश्य कही गई हैं तब आकाश में ग्रह नक्षत्रों के उदयास्त याम्योत्तर लंघन काल आदि द्वारा; चाहे जिस दिन की पंचांग की बातें–जैसे सूर्य चंद्र के १२ अंश के अंतर से तिथि; चंद्र की स्थितिसे नक्षत्र और सूर्य चंद्र के नक्षत्रों के जोड से योग; इत्यादि–प्रत्यक्ष बतलाते आना चाहिये।

तथा इसके संबंध का बहुतसा कार्य भाग भारतीय पंचांग शोधन महापरिषदों एवं पंचांगैक्य मंडल द्वारा निश्चित होचुका है। उन निश्चित बातों के अनुसार ही यह पंचांग बनाना चाहिये। और इस पंचांग की शास्त्र शुद्धता व दृक्प्रत्ययता बतलाने के लिये महीने या पंद्रह दिन का एक पंचांग का पृष्ठ छापकर विद्वान लोगों की सेवामें भेज दिया जाय तो मैं उम्मीद करता हूं कि आपका किया प्रयत्न और पंचांग का; विद्वान लोग अवश्य ही आदर करेंगे। अतएव यह पंचांग मालवे में ही नहीं तो भारतवर्ष में एक आदर्श पंचाग होजायगा। इससे पंचांग शोधन कार्य की पूर्णता का श्रेय इस इंदौर पंचांग कमीटी को प्राप्त होसकेगा।

दृश्य गणित के पंचांग का सब आदर करेंगे.

भवदीय,
दीनानाथ शास्त्री
चूलेट.

प्रश्नोंका चुनाव मुद्दे (विषय निर्वाचन)

इस प्रकार सभापति के भाषण के अन्त में इस रिपोर्ट की भूमिका रूप पत्र सभापति ने दाखल किये व तदनुसार नीचे लिखे प्रकार मुद्दे निश्चित किये गये वह ये हैं कि–

१ प्रचलित पंचांग मे प्रसिद्ध होने वाले दिनमान व रवि के उदयास्त की स्टेंडर्ड टाइम यहां के रेखांश अक्षांश से सांप्रतकाल की [सूर्य की] परमक्रांति द्वारा सूक्ष्म गणित से चर पलों का साधन करके दृग्गणितक्य युक्त बनाई जाती है या नहीं ? यदि नहीं हों तो उसको ठीक २ करने में क्या उपाय किया जाय ?

२ चालू पंचांग में लग्न, भावादि सारणी छप करती हैं वह बरोबर हैं या नहीं ? यदि न हो तो उसमें क्या उपाय किया जाय जिससे कि वह सूक्ष्म गणित की तयार की जाय।

३ ग्रहण ग्रहों के उदय अस्त आदि कार्य ठीक २ मिलने के लिये सूक्ष्म गणित से ग्रह साधन करना अवश्य है इसके लिये " हमारे सिद्धान्त ग्रंथोक्त मूलांकों में कितना बीज संस्कार दिया जाय जिससे कि वह हमारे धर्मशास्त्र से विरुद्ध न होते हुए जिसके द्वारा दृग्गणितैक्य होजाय। "

४ तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण इत्यादि पचांग विभाग भी सूक्ष्म गणित से बराबर हैं या नहीं ? यदि नहीं है तो उसे शास्त्रशुद्ध और सूक्ष्म करने के लिये क्या किया जाय।

५ शुद्ध गणित के पंचाग मे जबकि तिथि का वृद्धिक्षय ९ १० घडी तक का होता है तो क्या इसमें धर्मशास्त्र से बाधा आती है। जो कि " बाण वृद्धि रस क्षयः " आदि कहा जाता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित रामसुचित त्रिपाठी का पहिला दृश्य गणित के पचांग का खंडनात्मक लेख.

॥ श्री ॥

जावक नंबर २३ ता० १६-११-२९ ई.

रा. रा श्रीमान् वि. दीनानाथ शास्त्रीजी की सेवामे

नमस्कार

पत्र नम्बर २

पंचाग कमेटी के अध्यक्ष शास्त्रीजी साहब- कई एक कमेटी में मैं नहीं उपस्थित होसका शारीरिक अस्वस्थ्यता के कारण इसलिये मैं जानना चाहता हूं कि आज तक कमेटी द्वारा पंचाग का कितना कार्य्य होचुका और कैसा पंचाग बनाने चाहते हो-मन

कमेटी में आपके मुख से मालूम हुआ कि दृक्प्रत्यय से पचाग बनेगा यदि सबही विभाग पचाग के दृक्प्रत्यय से बनाने चाहते हैं तो आर्ष सिद्धान्त विरोध होने से और धर्मशास्त्र विरोध होने से मेरे को मान्य नहीं है-आर्ष सिद्धान्त विरोध बचन चाहते हो तो देने को तैयार हू आशा है कि आर्ष वचन के लिये समय भी देंगे इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि केवल आकाशीय नाटक दिखाने के लिये पचाग नहीं बनता इन बातों का उत्तर लेखी मिलने से आपका प्रश्न मूलांकों में क्या सस्कार देना जो दृक्प्रत्यय सिद्ध हो यह प्रश्न उपस्थित होता है।

आपका हितैषी

पं. रामसुचित त्रिपाठी.

जावक न २३ ता २०-११-२९ ई॰

पत्र का प्रत्युत्तर

लेखक—विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री (कमेटी में)

॥ श्री ॥

पत्र नम्बर २

श्रीयुत

ज्योतिषाचार्य पडित रामसुचित त्रिपाठी

नमस्कार !

आपसे ता० १०-११-२९ के पत्र न १९ द्वारा जो-उत्तर मागा गया था उस प्रश्न का उत्तर न आकर आपही ने कुछ प्रश्न खडे किये हैं। वह इस प्रकार—

१ आज तक कमेटी द्वारा पचाग का कितना कार्य हो चुका ?

२ कैसा पचाग बनाना चाहते हैं ?

३ यदि सबही विभाग पचाग के दृक्प्रत्यय में बनाना चाहते हैं तो आर्ष सिद्धान्त विरोध होने से और धर्मशास्त्र विरोध होने से मेरे को मान्य नहीं।

४ केवल आकाशीय नाटक दिखाने के लिये पंचाग नहीं बनता।

उपरोक्त चार प्रश्न आपने खडे किये हैं। इनका उत्तर क्रमवार इस प्रकार है कि

१ आज तक कमेटी द्वारा जो भी कुछ कार्य हुआ है, वह आपको मुख जबानी तारीख १६-११ २९ ई का सभा के दिन सपूर्ण विस्तारपूर्वक समझा दिया था तो भी आप के पत्र के लेख से ज्ञात होता है कि वह आपकी समझ में नहीं आया। इसलिये फिर दुबारा उसका स्पष्टीकरण करने में आता है कि—

आपके इन्दौर में प्रचलित पंचांग होल्कर स्टेट के तरफ से निकल रहा है। जिसे आप ग्रहलाघवी समझ रहे हो, उसमें जो रवि का उदयास्त और दिनमान दिया जाता है; उसके गणित का तपास करने से पता लगा है कि वह ग्रहलाघवी नहीं है। और इस बाबत पं. बालकृष्ण जोशी द्वारा जांच करनेसे पता लगा और उन्होंने कबूल किया कि "गत पांच वर्ष से सूर्य के उदयास्त और दिनमान में ग्रहलाघव के मान से प्रत्यक्ष में चूकी के आने के कारण मैंने इसको बदल दिया है। और उसका एक कोष्टक भी न्यारा दे दिया है।" जो कि ग्रहलाघव के और धर्मशास्त्र के लिये भू गर्भीय मान से आपके मत से भिन्न है। इसलिये हमारी बनाई हुई सूक्ष्म गणितकी सारणीसे रवि के उदय-अस्त तथा दिनमान आगे के पंचांग में छापने के लिये रखा गया जिसकी जांच और उपपत्ति प्रो० गोळे साहब को पूर्ण रीति से समझाई गई और वह प्रस्ताव सर्व संमती से पास होगया।

वैसेही लग्न सारणी में राश्यारंभ में एक साथ अंतर डाल कर जो २ राशि भर में समान अंक अंशों के लिये बनाते हैं। वह मानस्थूल रहता है। अतः इस सारणी को अंतर न्यास पद्धति से सूक्ष्म करके हमने पेश करी थी वह भी सर्व संमति से पास होगई और पंचांग कर्ता पं० बालकृष्ण जोशी ने पंचाग में देने के लिये कॉपी भी करली है। सारांश पहिले प्रश्न का उत्तर यह है कि-आज तक कमेटी द्वारा-पंचांग में उदयास्त और लग्न सारणी तथा दिन मान सूक्ष्म चर पलों से जो लाये गये हैं सो ही प्रति वर्ष पंचांगों में प्रसिद्ध हो यह प्रस्ताव भी सर्व संमति से पास किया गया।

२ "ग्रहण ग्रह युति चंद्रशृंगोन्नति और रविका उदयास्त-दिनमान चतुर्थीका चंद्रोदय और कालाष्टमी आदि बात सूक्ष्म गणित की पंचाग में दी जावे" ऐसा जो तारीख १६-११-२९ ई. को आपने प्रस्ताव लाये थे सो सर्व संमति से पास कर लिया है। उसी तरह दृकतुल्य और ठीक ठीक १२ अंश के अंतर से प्रत्यक्ष सूर्य चंद्रादि की साक्षि द्वारा आने वाली तिथि ही, तिथि की पात्रता रख सकती है। अन्यथा स्थूल गणित के ग्रहलाघव मान से शके १८५१ कार्तिक वदी ३० शुक्रवार का सूर्य ग्रहण जैसे अपात्र समझा गया वैसेही सब तिथियें इसी भ्रममे अपात्र होती हैं सो स्थूल पंचांगसे मार्गीदार लोग न हों! इसलिये सूक्ष्म और दृकतुल्य तिथि धर्मशास्त्र युक्त सशास्त्र समझी जाती है। ऐसी पवित्र तिथि पचांग में देना चाहते हैं।

३ पंचांग में ऐसा कोई भी विभाग नहीं है कि जिसमें दृकप्रत्यय न हो अर्थात् सब विषय प्रत्यक्षता में ओतप्रोत हैं फिर नहीं समझ में आता कि आपके ऐसे कौनसे आर्ष वचन हैं जो दृग्गोचर रहित बात मानने के लिये बाध्य करते हों! और साथ में

यह भी नहीं पढने में आया कि पंचांग में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष ऐसे कोई भिन्न २ भेद दिखाया हो यदि कहीं होतो सप्रमाण आधार युक्त ऐसा लेख लिखकर लाने का कष्ट उठावें ताकि उसका विचार करने में आवेगा।

४ यह प्रश्न आपका बडा अनोखा और आश्चर्य जनक है क्या ? खगोलीय बातें खगोल में न रहेंगी तो क्या भूगोल में दिखेगी। पंचांग आकाशी नाटक ही नहीं किंतु आकाश में देदिप्यमान तारा-ग्रह इत्यादि की दीप्तियों को बताने वाला व्यवस्थित एवं ठीक २ नकशा है। आकाश में प्रत्येक ग्रहों को अधिक ढूंढने की दिक्कत न हो इसलिये उसके राशि-अंश-कला विकला के विभागों का पता; पंचांग ही में चलता है। अतः पंचांग का अक्षर २ दृक्प्रत्यय से तोलने ही के लिये रहता है। अन्यथा उसका क्या उपयोग।

इसका थोडे से में इतना ही उत्तर बस है कि पंचांग आकाशीय नकशा है। और इसकी जांच आकाश ही में हम कर सकते हैं।

आपका
दीनानाथ चुलेट

विशेष सूचना—

ग्रहण इत्यादि में भी क्यों न हो ? किंतु क्या बीज संस्कार उसमें देना इस आशय का जो ता० १६-११-२९ को प्रस्ताव भेजा गया था उसका शीघ्र ही उत्तर लिख भेजे। अर्थात् आज से तीन दिन के भीतर तक जल्दी देवें।

आपका
दीनानाथ चुलेट.

पत्र नंबर ३
श्री.

(सूचना पत्र) ता० ९-१-२९ ई०

रा. रा. श्रीमान् वि. दीनानाथ शास्त्री पंचांग कमेटी
सभाध्यक्ष की सेवामें

नमस्कार.

आज तारीख तक दरबार आर्डर मुताबिक पंचांग कमेटी सभा में आये जैसा काम चला था वैसा काम किये. अब पंचांग संशोधन जो पंचांग का मुख्य विषय है उसमें

आपका और हमारा विचार में भेद हुआ. भेद होने से यह निश्चय नहीं होता है कि आपका विचार सच्चा है या हमारा विचार सत्य है. यह काम जगत को धर्मानुष्ठानोपयोगी होने से आपका मत यदि असत्य है तो आप दोषी बनेंगे यदि हमारा मत असत्य हुआ तो हम दोष भागी बनेंगे, इसलिये कृपया, इस विसंवाद पंचाग कार्य को काशी, कलकत्ता, लाहोर, दरभंगा, ग्वालियर बडोदा, जयपुर, कानपुर, मैसूर प्रधान कॉलेज ज्योतिष शास्त्राध्यापकों से अभिप्राय मगाया जाय, जिससे निश्चित हो जाय कि कितनी वस्तु पंचाग में दृक्प्रत्यय से है और कितने आर्ष सिद्धातानुसार है. या कैसा धर्मानुष्ठान के लिये पंचांग साधन करना मत भेद का खुलासा हमने अलग लिखा है. ११ पत्र

आपका हितैषी,
ज्योतिषाचार्य पं० रामसुचित त्रिपाठी.

अ नं. ४०   ता० ९-१२-२९

श्री

श्री. दिनानाथ शास्त्री इन्होंको नमस्कार,

आपके ता. २०-११-२९ के पत्र में यह बातें लिखी गई है कि– (१) जो दृग्गोचर रहित बात मानने के लिये बाध्य करते हो ? एसा कौनसे आर्ष वचन है ? (२) और आप ऐसा भी लिखते है कि यह भी नहीं पढने में आया कि—पचांग में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष ऐसे कोई भिन्न २ भेद दिखाया हो ? (३) और मूलांक में कितना संस्कार देना ? इनके ऊपर हमारा यह उत्तर है.

अदृष्ट गणना से स्पष्ट ग्रह और दृग्गणना से दृक्स्पष्ट ग्रह इस तरह दो होते हैं, यथा– पंचतारा में चार फल संस्कार होने से और सूर्य में मंद फल चरफल संस्कार देने से और चद्र में मंदफल-चरफल–भुजफल-देशान्तर चार संस्कार से ही भौमादि तथा सूर्य चंद्र स्पष्ट कहे जाते हैं । इन ग्रहों का उदयास्त यदि देखना है तो इन ग्रहों में दृक् संस्कार करने से स्पष्ट दृक् ग्रह होते है. आपने यदि इन ग्रंथावलोकन किया है तो देखो सिद्धान्त शिरोमणि के उद यास्ताधिकार श्लोक १-२ ' प्राग्दृक् ग्रहस्यादुदयाख्य दृग्ग्रम् अस्ताख्यके पश्चिम दृक् ग्रहश्च ' इत्यादि.

आपने लिखा है कि- किस अनोखा ग्रंथ में लिखा है कि दृक्प्रत्यय ग्रह नहीं लेना इस जगह पर मेरा यह ही कहना है कि–जिस ग्रंथ को श्री. आई. ई. बापूदेव शास्त्रीजी तथा महामहोपाध्याय श्री. सुधाकरजी पढने पढाने में ही जीवन व्यतीत किया उस ग्रंथ का देख

मान कर आप अपना काम निकालना चाहते हो इसलिये वह ग्रंथ आपको अनोखा होगया. आप कहते हैं कि स्थूल रविचंद्र मे कहा लिखा है. पचाग साधन करना इसका समाधान आपके अनोखा ग्रंथ में हा भास्कराचार्य ने लिखा है. " स्थूल कृतं भानयन यदेतत् ज्योतिर्विदा संव्यवहारहेतोः ॥ सूक्ष्मप्रवक्ष्येऽथ मुनीप्रणीतं विवाहयात्रादि फल प्रसिद्धयै. ॥ " आपके दृक्प्रत्यय ग्रह पचाग को विवाह यात्रा जातक कर्म में नहीं लेना इसमें प्रमाण सूर्यासिद्धान्त की किरणावली टीका के स्पष्टाधिकार के अंत में लिखा है सो ऐसा है ' एतत् नियत तत्काले वेधादिनाकृत्वा तत् संस्कृत ग्रहेभ्यो ग्रयुति ग्रहण शृंगो-भत्यादि दृष्टफल मादेय अदृष्ट फल यथास्थित ग्रहेभ्य इति विवेक: " इस विषय में केवल इतना ही प्रमाण नहीं किन्तु गुरुवर्य महामहोपाध्याय पंडित सुधाकर शास्त्रीजी की पंचाग भूमिका को देखिये इन्होंने भी सूर्य सिद्धान्तीय पचाग दृष्ट अदृष्ट गणनानुसार ही पचाग बनाते थे और आजभी बनता है. आप खुद अपने मुख से कहते हो कि लग्न नतकर्म संस्कृत सूर्य चन्द्र को लेकर मैं पचाग साधन नहीं करता इसका क्या कारण. जब आप दृक् ग्रह को स्पष्ट ग्रह मानते हो तो लग्न संस्कृत नतकर्म संस्कृत ग्रह आपके मत से स्पष्ट ग्रह है फिर उस पर से फलादेश यात्रा विवाह जातकादि का विचार करने से क्यों भागते हो. यदि आपके मन से दृक् ग्रह ही मुख्य है. यदि आकाश में दृक्प्रत्यय से मिला हुवा ही यात्रा विवाह जातकादि में लिखा है तो यात्रा विवाह जातकादि में रवि मेष का चद्र वृष का भौम मकर का बुध कन्या का गुरु कर्क का शुक्र मीन का और शनि तुला का इत्यादि " अजवृषभमृगागना कुलीर झष वणिजौच दिनकर्यादितुगा इन उच्च राशियों का आधार लेकर यात्रा विवाहोत्सव जातकादि में विचार करना आपके मत से योग्य नहीं है, क्योंकि आपतो आकाश में जो दृक्प्रत्यय से मदोच्च राशी है उसको ही शीघ्रोच्च उच्च समझते हो. ऐसा यदि हो तो आपका परिश्रम सबही व्यर्थ है क्योंकि आकाशीय उच्च को नहीं लेते हुवे स्थूल ही उच्च से फलादेश किया है ज्योतिष शास्त्र में फलादेशही मुख्य है. भास्कराचार्य ने भी लिखा है कि " ज्योति शास्त्र फल पुराणगणके आदेश इत्युच्यते

मालूम हुआ कि इन लोगों ने वेध करके निश्चय किया है. मंदोच्च भगण में अन्तर इतना बहुत दिन में पडने पर भी जो कि लिखा है कि—' वर्षगतैरनेकैः अपिनोपलक्ष्यते ' इतने दिनों में भी कोई संस्कार नवीन मदफलातिरिक्त नहीं देक ही पंचाग साधन किया. सिद्धान्त बनाने वाला साक्षात् ब्रह्मा और वृद्ध वसिष्ठ ऐसे त्रिकाल दर्शी थे. पौरुषेय भी नहीं जिससे अप्रमाण माना जाय. गत सभा में आपके भाषण से मालूम हुआ कि प्राचीन सिद्धान्त को पंडितों ने सुधारकर नष्ट कर डाला. आपके मत से पाप भागी होगा. आपके मत से जीर्णोद्धारकरना ही पातक है. यदि लेखकाध्यापकाध्येतृदोष से भ्रष्ट होगया होतो उसको शुद्ध करना नहीं आपके मत से पाप भागी होगा. आपके ज्योतिर्गणित, नाटिकल प्रभाकर सिद्धान्त में पाच संस्कार के योग से स्पष्ट ग्रह बनाया परतु यहा श्री सूर्य भगवान ने अष्टगति भेद से चार फलों का संस्कार देकर स्पष्ट ग्रह बनाया. यथा— (वक्रानुवक्र कुटिला मन्दा मन्दतरासमा ॥ तथा शीघ्रतरशीघ्रा ग्रहाणामष्टधागतिः. तत्तद्गतिवशान्नित्यं यथा दृकतुल्यतांग्रहा ॥ प्रयान्ति तत्प्रवक्ष्यामि स्फुटीकरण मादरात् इसलिये विवाह यात्रादि शुभाशुभ फलादेश के लिये यह स्पष्ट ग्रह दृक् संस्कार करने से दृक् तुल्यता को जिस तरह प्राप्त होता है. ऐसी स्फुट क्रिया कहता हूं किंतु दृक्ग्रह साधन नहीं और भौमादि के लिये कर्म चतुष्टय से ही स्पष्ट क्रिया सूर्य सिद्धान्त का ही आधार लेकर गणेश दैवज्ञ ने भी फल संस्कार किया है. (प्राङ्क मध्यमे चलफलस्य दलं विदध्यादिति) आपने जो लिखा है कि मूलांक में क्या संस्कार देना अथवा बीज संस्कार कैसा देना इस प्रश्न का उत्तर मेरे तरफ से यही है कि सूर्य सिद्धान्तीय सूर्य को चरफल-मंदफल सूक्ष्म रीत से बनाकर स्पष्ट सूर्य और चंद्र में चारों फल या सूक्ष्म बनाकर जो स्पष्ट चंद्र इन दोनों ग्रहों से ही पचांग साधन करना योग्य है.

मूलांक में स्पष्ट ग्रहों के लिये संस्कार करने की आवश्यता नहीं ऐसा ही भौमादि पंच तारा ग्रहों के मंदोच्च शीघ्रोच्च के जो राश्यादि को से जो चार फल संस्कार ये ही स्पष्ट ग्रह भौमादि होंगे. वे ही ग्रह विवाह यात्रा जातकादि फलोपयुक्त हैं. ' गतिस्थुति परिणति , इत्यादि दृक्संस्कार से बने हुवे ग्रह अदृष्टफला देश में नहीं लिये जायेंगे— प्रमाण " नक्षत्रग्रहयोगेषुग्रहास्तोदयसाधने । शृंगोन्नतौतु चंद्रस्य दृक् कर्मादाविदीमृतम् ॥ सूर्य सिद्धान्त के किरणावली टीका में भी वैसा ही स्पष्ट लिखा है. इसलिये दिनमान-सूर्योदय, सूर्यास्त-चंद्रोदय-चंद्रास्त भौमादि पंच तारा ग्रहों का उदयास्त-ग्रहयुति-नक्षत्रग्रह योगशृंगोन्नति-ग्रहण इनमें प्रभाकर सिद्धान्त से ज्योतिर्गणित से या नाटिकल से चाहे जिस पर से संस्कार करो सर्वथा मान्य है या वेध द्वारा बीज संस्कार दे सकते हो वक्री, मार्गी उदय अस्तादि विषय में जो वाकायन्त्रैर्तीन सिद्धान्त या करण ग्रंथ में पठित है वह स्थूल है. यदि आप वाक्यान-त्रैर्तीन के उपपत्ति जानते हो तो आपको

व्यक्त ही है और इस कारण से ग्रथ कर्ता ने लिखा भी है " वक्रादिक स्थूलमिदमयोक्तं सुखार्थमेवेतिनतद्यथार्थम् ॥ अस्तोदयोस्पष्टतरौ प्रसाध्यौ सिद्धान्तरीत्या श्रुसुतादिका नाम् ॥ यद्वात्रशुक्राङ्गि रसौ प्रसाद्धौ विवाह यात्रादि फल प्रसिद्धये ', अतएव इन विषयों में सिद्धान्त कर्ता को या कारण ग्रथ बनाने वाले जो दोष भागी बनता है वह स्वय पातकी है जो कि ग्रथ बनाने वाला आपका दोष खुद जाहिर कर रहा है. बडे आश्चर्य की बाते हैं कि जिस वराहमिहिर के आधार पच सिद्धान्तिका को लेकर प्रमाण साबित कर रहे हो और वराहमिहिर के ग्रथ में अनेको जगह जिसको आर्ष मानकर प्रमाण वराहमिहीर ने दिया है उसको आप कहते हो कि कोई आर्ष ग्रथ है नहीं अस्तु आपके मत से कोई आर्ष ग्रथ नहीं है और वेद भी पौरुषय है आप के मत से तो किसी स्मृति धर्म शास्त्र में वादी प्रतिवादी कोई विषय का निर्णय कराना चाहता हो तो अब कोई आधार नहीं रहा अस्तु आपसे छोटे पडित वराहमिहीर ने जो निर्णय किया है सो लिखता हू " पौलिस रोमक वशिष्ठ सूर्य पितामह इन पाच सिद्धान्त में जिसको वराहमिहीर ने शुद्ध आर्ष वताया, उसको भी लेकर आप पचाग साधन करते तो सर्व मान्य होता। वराहमिहिर का बचन। पौलिश कृतोऽस्फुटोसौ तस्यासन्नस्तुरोमक प्रोक्त ॥ स्पष्टतर सावित्र परिशेषौदूर विभ्रष्टो।

ज्योतिर्विदाभरण कारने भी लिखा है

स्थूल सदा ब्रह्ममत निरूक्त भादित्य सिद्ध तभतचसूक्ष्मम् ॥ एव आर्ष वचन कमलाकर भट्ट का भी है जिसने धर्मशास्त्र के ग्रथ निर्णय सिन्धु बनाया है। " अदृष्ट फल सिद्धार्थं यथाऽर्काद्युक्तित कुरु ॥ गणितयद्वि दृष्टार्थं तद्दृष्टयुद्भवत सदा। इतना ही नहीं किंतु नृसिंह दैवज्ञ, सार्वभौम कमलाकर भट्ट ने भी सूर्य सिद्धान्त को वद ही माना है यथा " वेद एवराचित ग्रमथा स्ववासना कथन मल्प धियादि ॥ दोष एवन गुणोर विणोक्त तेन युक्ति युतमेव सदोह्यम् ॥

ब्रह्म सिद्धान्त में शाकल्य ऋषि ने भी लिखा है।

अतीन्द्रियार्थे विज्ञानप्रमाण श्रुतिरेवहि ॥ श्रुतिर्यत्रप्रमाणस्या युक्ति कातत्र नारद ॥

जिज्ञासो युक्ति रिष्टास्ति यदि श्रुत्यानुसारिणीति यदि इन ग्रहों में सस्कार देने की सभावना है तो वेध द्वारा परममन्दान्तफलज्या। परमशीघ्रान्त्य फलज्या का ज्ञान होने से ही दोनों फल में नवीन सस्कार होने की सभावना है आप विरोध नहीं होते हुए वास्तव ग्रह ज्ञान होगा केवल ग्रह भगण में घटाना बढाना ऐसा बीज सस्कार किसी ने नहीं किया ऐसा यदि वास्तव ग्रह ज्ञान सिद्धान्त युक्ति से करना है तो वास्तव अन्य फलज्या वास्तव कर्ण के ज्ञान बिना कदापि वास्तव भुज फल ज्ञान नहीं हो सक्ता

वास्तव भुजफल ज्ञान प्रकार.

$$\frac{\text{ज्याकेवाम}\times\text{ज्याअवा}}{\text{त्रि.}}=\text{वाभुफ} \qquad \frac{\text{ज्याअम}\times\text{वाकर्ण}}{\text{त्रि.}}=\text{ज्याअवा.}$$

$$=\frac{\text{ज्याकेवाम}\times\text{ज्याअंग}\times\text{वाकर्ण}}{\text{त्रि.}\times\text{त्रि.}} \qquad \frac{\text{वाभुफ}\times\text{त्रि}}{\text{वाक}}=\text{ज्याफवा}$$

$$=\frac{\text{ज्याकेवाम}\times\text{ज्याअंग}\times\text{वाक}\times\text{त्रि.}}{\text{त्रि.}\times\text{त्रि.}\times\text{वाक}}=\frac{\text{ज्याकेवाम}\times\text{ज्याअम}}{\text{त्रि.}}$$

आपका हितैपी

ज्योतिषाचार्य पं० रामसुचित त्रिपाठी.

आपके ता. ९-१२-२९ ई० की सभा में कहे मुताबिक वास्तव भुजफल सकृत्प्रकार की युक्ती भी लिख दिया है आपनें सभा कहा कि प्राचीन सिद्धान्त स्पष्ट नहीं लिखा है सो आपके लेख में कई वार आया है हमने भली भांति देख लिया. यदि प्राचीन अर्वाचीन सिद्धान्त को जानते हो तो स्वयं वेध कर यन्त्रों द्वारा देखो मदोच्च शीघ्रोच्च जन्य कितना अन्तर पडता है और बीज संस्कार प्राचीन पद्धति के अनुसार कितना बढाना या घटाना जब आप सिद्धान्तानुसार पचांग बनेगे जिस पचांग से धर्मानुष्ठान कार्य होंगे. जिस २ दिन तारीख को पंचाग साधन विषय में जो विषय पास किया है आपने उसमें यदि हमारा हस्ताक्षर नहीं है तो मेरी सम्मति नहीं समझी जायगी.

आपका हितैषी,

गव्हर्नमेंट कालेज काशी के राजकीय ज्योतिषाचार्य

पंडित रामसुचित त्रिपाठी.

नंबर ४२ ता० ९-१२-२९ ई०

दृश्य गणित के पंचाग का खडना मक पत्र ३

लेखक विद्या भूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट.

मिसल पत्र नं० ४०

ज्योतिषाचार्य पं० रामसुचित त्रिपाठी ज्योतिष शास्त्र के प्रधानाध्यापक संस्कृत महा विद्यालय इंदौर

सा० न० वि० वि० आपका कृपा पत्र नं० ४० ता० ९-१२-२९ का आया किन्तु उसमें जो आपने प्रमाण लिखे हैं सो आपके दृश्य गणित के पचाग के खंडनात्मक लेख

के पर्याप्त न होने से आपके ही कथन को पुष्ट करने के प्रमाण इस पत्र के साथ युक्त कर के दिये हैं. आगे आपके पत्र में लिखे हुए आक्षेपों का अनेक श्रुति स्मृति के प्रमाण देकर इस पत्र में उत्तर दे दिये है. और सिद्ध करके बता दिया है कि वैदिक काल में ऋषि लोग आकाश में सूर्य चंद्रादि ग्रहों को प्रत्यक्ष देखकर उस वक्त में सुपर्ण चिति नामका पंचांग बनाते थे उसी सुपर्ण चिति के पंचांग का निर्माण ऋषि लोग किस प्रमाण से कैसा करते थे. उस समय में किस प्रकार दृश्य बातों से कई ज्योतिष के सिद्धान्त उन्होंने निश्चित किये थे वह सब प्रमाण युक्त इस पत्र में बतला दिया है और साथ में सुपर्ण चिति का एक चित्र भी बता दिया है. इसी पंचांग के तत्वों के आधार पर इस वक्त में सिद्धान्त ग्रंथ की आवश्यकता हरएक सभा में श्रौतस्मार्त धर्माभिमानी विद्वानों ने बताई है। और अभी तक के शतशः ग्रंथों में दृश्य गणित का ही पंचांग शुद्ध कहाता है। वही धर्मानुष्ठान में लेना योग्य है.

इत्यादि स्वयं कारणों से हमने सिद्धान्त प्रभाकर नामका ग्रह गणित ग्रंथ बनाकर उसी के आधार पर आग्रिम साल का पंचांग भी बनवाया है। और वह इंग्रेजी पंचागों के इतना सूक्ष्म दृक्प्रत्यय कारक शुद्ध होगया है। क्योंकि प्राचीन काल में सूर्य चंद्र की दृश्य स्थिति के द्वारा ही पंचांग किये जाते थे। इसलिये उस वक्त चंद्र इतना स्पष्ट रहता था कि आज जो सुक्ष्मातिसूक्ष्म यंत्रों से बने हुए; प्रो॰ हानसेन और प्रो॰ न्यू कंब आदि के बताये हुए ५०-६० संस्कारों से स्पष्ट होता है। इसको बतलाने के अनेक प्रमाण हैं उनमें से एक नीचे लिखे प्रकार वेदमूर्ति बोधायन ऋषि का है और वह हमारे पत्र नंबर में बताया गया है किन्तु यहां बताने का हमारा हेतु यह है कि उक्त सब; दृश्य पंचांग गणित का प्रचार " संहिता " ब्राह्मण, सूत्रकाल और स्मृति व पुराण काल तक था। और ज्योतिष के ग्रंथों को देखते शाके ४२१ के आर्यभट्ट के " काल तक था; किंतु आर्वाचीन काल में वह "स्फुट ग्रहं मध्य रागं प्रकल्प्य" की क्रिया बंद होकर मध्यम ग्रहको फल संस्कार देने में स्थूलता होने लगगई व उक्तक्रियाका (गणित; सौदो सौ वर्ष में कोई ग्रंथकार करके अपने तात्पुरते ग्रह वेध से मिलाकर ; फिर मध्यम ग्रहों को वर्षानुवर्ष बनाकर; फक्त एक चंद्र को मंद फल संस्कार ही देने से दिनों दिन वह दृश्य गणित से) पंचांग बनाने की परंपरा छूट गई। इससे यह फरक पड गया कि जो पहिले दृश्य गणित से तिथि का वृद्धि क्षय ९+१० घडी का होताथा; वह अनुमान के गणित से ५+६ घडी का रूढ होगया। इस ऐतिहासिक बात को सिद्ध करने के लिये जूने ऋषि के कहे हुए वचन का शाके १३०० में हुए माधवाचार्य अपने काल माधव नामक ग्रंथ में अर्थ करते हैं कि "ननु बौधायनेन त्रयोदश सप्तदश दिनयो रन्याधानं प्रतिषिद्ध्यते। तथामति त्रयोदश सप्तदशयोः प्रसक्ति रेव नास्ति; तत्कथं प्रतिषिध्यते इति चेत्। एवं तर्ह्यप्रसक्त प्रतिषेधे नित्यानुवादोऽस्तु। अस्ति चाप्रसक्त प्रतिषेधरूपो नित्यानुवादो वेदे, " न पृथिव्यां नान्तरिक्षे न दिव्यऽग्निश्चेतव्य इति। " (काल माधव चतुर्थ प्रकरण पृष्ठ २०७)

अर्थात् बौधायन महर्षि ने जो १३ और १७ दिन का पक्ष कहा है; इसकी क्या गति है। क्योंकि यह तेरह और सतरह दिन के पक्ष में अन्वाधान को मना करते हैं। तबतो इतने दिन का पक्ष होता रहना चाहिये। किन्तु वर्तमान में तो यह असंभाव्य बात है। क्योंकि ९+१० घडी की वृद्धिक्षय के बिना; ऐसा हो नहीं सकता। और वर्तमान में तो ६+९ घडी की ही घट बध होती है। इसलिये यह नहीं होती बात की मनाई कैसी? ऐसा आप पूर्व पक्ष करके; उत्तर पक्ष कहतेहैं कि; यह एक कल्पना मात्र है। क्योंकि वेद में भी ऐसे कल्पना मात्र वचन हैं।

जैसे वेद में कहा है कि " (१) पृथ्वी, (२) अंतरिक्ष और (३) द्यौः में यज्ञ का आरंभ (अग्नि का आधान) नहीं करे। " इस प्रकार यह भी असभाव्य बात है क्योंकि अंतरिक्ष और द्यौः में यज्ञ कैसे हो सकेगा?

इस प्रकार के माधवाचार्य के कथन से दूसरी गल्ती उनकी ये पाई जाती है कि वेद के अर्थ को भी वे नहीं समझते थे। अतएव उन्होंने इसे भ्रामक कल्पना मात्र बता दिये हैं। वस्तुतः ऐसी बात नहीं है। इसी पत्र के साथ दिये हुए वैदिक पचाग (सुपर्ण चिति) और वेद कालीन ज्योतिष; इसमें देखने से आपको पता लग जायगा कि वसन्त संपात से २७०, १८०, ९० अंशों पर जब सूर्य आता था, उसको क्रमश पृथ्वी, अंतरिक्ष और द्यौः कहते थे तथा वसन्त सपात के दिनको स्वर्ग कहते थे। इसलिये उपरोक्त श्रुति का तात्पर्य यह है कि वसत सपात से २७०, १८०, ९० दिनों में यज्ञ नहीं करके सपात के दिन करें। किन्तु अबतो मरे बाद स्वर्ग लोक मिलता है और वेद में तो और ही लोक बोले गये हैं। तो "स्वर्गकामोयजेत" का क्या अर्थ होगा। ऐसी अनेक शका होगी। इसलिये हमने इसके आगे वेद यह ज्योतिष के ग्रथ हैं, इन्हीं ग्रथों के आधार पर उस वक्त में ५ प्रकारके पंचाग बनते थे। (१) चक्रचित् (२) कङ्कचित् (३) प्रउग चित् (४) उभयत प्रउग चित और (५) सुपर्ण चित् इन पचागों में से अभी दिग्दर्शन के लिये एक सुपर्णचित् और उस वक्त के ज्योतिष के शोध यहाँ यहां बतलाये हैं।

किन्तु आज वैदिक अर्थ में इतना परिवर्तन होगया है कि उसके सब तत्व समझाने में संक्षेप से लिखने में भी कई पृष्ठ हो जाते हैं, किन्तु इसमें यह एक आपको नई बात दिखेगीकि; आज जो वेद को केवल धर्म ग्रंथ मानते हैं किन्तु वह धर्म ग्रंथ होते हुवे भी ज्योतिषके ग्रथ हैं; ज्योतिषके मूलतत्वों को शोध कर निश्चित करने वाले इस काल के प्रोफेसर लगराचार्यादि के नाम श्रीयुत केतकरजी अपने ग्रह गणित में रखते हैं। बाकी सभी इस जमाने के शिक्षित लोग कहते हैं कि जो कुछ शोध लगा है सो अभी दो चार सौ वर्षों में लगाहै ऐसा कहते हैं किन्तु प्राचीन पचाग को देखकर यही लोग

प्राचीन गौरव के गुण गान करेंगे. इतना ही नहीं तो इतने प्राचीनकाल में जिस वक्त अक्षर लेखन तो दूर रहा केवल ईंटों ही से पचाग बनाए जातेथे तदनुसार तिथि नक्षत्र योग और कारण तथा दिनमान रात्रिमान यह सब बातें उसके द्वारा अबभी मालूम हो सकती हैं। आगे स्मृति ग्रंथों में भी वही शुद्ध गणित का प्रचार था और उसी से अंक वृद्धिर्दशक्षय वाक्य सिद्ध करके बताया है क्योंकि वर्तमान कालिक निर्णय सिन्धु आदि ग्रंथकारों को वह दृश्य गणित की बातें विस्मृत होनेसे उन्होंने कुछ तो भी कह दिया है। इसलिये यहा हमने वह वैदिक ज्योतिषका ही प्रमाण माना है। इनके मूल तत्वों की खोज वैदिक काल में ही ऋषियों ने लगा लिये थे जोकि इसके पूर्व के हिन्दी व सस्कृत पत्रों में लिखा गया है। इन सब प्रमाणों से आपको ज्ञात होगया होगा कि उस वक्त में दृश्य गणित का ही पंचाग बनाते थे किंतु जब कि ज्योतिष को वेद का चक्षु नेत्र कहा है नेत्र से देखने का ही काम है विचार करने की बात है कि आपके कहे माफक यदि अदृष्ट गणित से ऋषि लोग पचांग में तिथि आदि बनाते तो आज तक यह ज्योति शास्त्र यह इतने ऊंचे दर्जे को नहीं पहुचता। धन्य है जिनकी बुद्धिमत्ता को कि सिर्फ १ सुपर्णचिति पचाग से लाखों वर्षों के तिथि, नक्षत्र, योग, करण, दिनमान, रविका और चद्र का नक्षत्र राश्यादिमान वसन्तसंपात अधिकमास इत्यादि मूल तत्व की बातें आज भी यथार्थ मालूम हो सकती हैं। आपने अपने पत्र के पृष्ठ ५ पंक्ति ६-८ में लिखा वैसा मेरा लिखने का आशय यह नहीं है। मैंने ऐसा लिखा है कि "यदि आर्य भट आदि जिन ग्रंथों के स्वरूप को जैसे श्रीमंत वराहमिहिरने कायम रखा है वैसे करते तो किस कालमें क्या मान थे यह आज हमें दिख सकता था अथवा जैसे ग्रहलाघव कारने अंतर बताया है वैसा वो भी करना था। किंतु इन्होंने क्या उसमें कम ज्यादा किया सो भी लिखा नहीं है. इसस मैंने लिखा है कि ये आर्ष ग्रथ नहोते हुए उनके लोप करने वाले हैं। खैर हमें मुद्देके सिवा अन्य बातें देखना ही नहीं है। किंतु इस पत्र से आपकी अब खात्री होजायगी कि ऋषि लोग दृश्य रवि चंद्र से ही पचाग बनाते थे। उसी के तत्वों के अनुसार शुद्ध सूक्ष्म गणितका हमने सिद्धात प्रभाकर ग्रंथ बनाया है। अन्य सिद्धातोंके ही वह स्वरूप का है उसीके आधार पर दृश्य गणित का पंचाग श्रीयुत नीलकठ जोशी ने हमारे पास की सारणी के अंकों से बनाया है। सो ऋषियों के तत्त्वानुसार धर्म ग्रथ सम्मत है उस दृश्य गणित के पचाग को अब तो भी दुराग्रह त्याग अनुमति देंगे ऐसी आशा है। यदि कुछ भाग में आपको सूक्ष्मता इच्छित हो सुखसेवार वह लिख भेजने की कृपा करें।

भवदीय

दीनानाथ शास्त्री, चुलेट.

(दृश्य गणित के पंचांग का स्वीकार)

आवक नं० ४२ ता० ११-१२-२९ ई०

लेखक **ज्योतिषाचार्य पं० रामसुचित त्रिपाठी.**

॥ श्री ॥

रा. रा. श्रीमान् दीनानाथ शास्त्रीजी की सेवामें

नमस्कार

हमने लेखी अभिप्राय भेजा है उसमें इतना और समझा जाना योग्य है ।कि ग्रहलाघव बहुत स्थूल होने से उसपर से पंचांग योग्य नहीं है इसलिये पंचांग साधन सूर्यसिद्धांत से होना योग्य है और उक्त पंचांगस्थग्रह होंमें उच्च-क्रांति-मंद फल, शीघ्र फल सूक्ष्म लाकर देकर स्पष्ट ग्रह पंचांग में रखना योग्य है । इसके अतिरिक्त संस्कार जो देने से आकाश में ग्रह देख पडेगा उसको दृक् संस्कार कहते हैं उसको ग्रह में संस्कार देकर पंचांग कर्ता वेध से उदय अस्तादि में मिलाता रहे । सूक्ष्म शब्द से जीवा-चाप-क्रांति गृह-त्रिज्या-वास्तव मंदफज्या-वास्तव शीघ्र फज्या लेना ।

ता० १०-१२-२९ ई०

ज्यो. आ. **पंडित रामसुचित त्रिपाठी.**

॥ श्री ॥

पत्र नं० ५

नं० २१ ता० १६-११-२९

श्रीमान् वि० शास्त्री दीनानाथजी को

सा० प्रणाम आगे आपका पत्र नं० २० का पाया आपके मतानुसार १० क्षय होवे तो धर्म्मशास्त्रानुसार श्राद्धादि कार्य्यों में बाधा आती है. इसका निर्णय होना अत्यावश्यक है । फक्त ।

पं० रामकृष्ण शास्त्री साठे.

पंडित रामकृष्णजी साठे का प्रथम पत्र

(मे लान के लिये ता० २०-११-३० ई०
आठवीं मिटिंग का यह पत्र ९ में उत्तर के साथ रखा है ।)

शुलपाणी: निर्णयामृतादयस्तु कालादर्शे अमा श्राद्धम् अपराण्हिकम् एवं मन्वंतरादीनां युगादीनांच विनिर्णयः । यदि श्राद्धे अपराण्हेनचेत् स्मृत्यर्थसारे कुतुपकाल योगीत्युक्तम् अन्यत्र रौहिणंतु नलंघयेत् इत्यादि वचनेन रौहिणयुक्तः कुतुपो ग्राह्यः । इत्यादि वचनेन याव्यवस्था स्यात् साकार्या ।

पं० रामकृष्ण शास्त्री साठे.

पत्र नं० ६ ता. २०-११-२९

उपरोक्त पत्र के उत्तर में दिया हुवा पत्र.

लेखक- विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट.

श्रीयुत धर्मशास्त्राचार्य पंडित रामकृष्णजी शास्त्री महोदयजी

सा० न० वि० वि

आपके पत्र के उत्तर में निवेदन किया जाता है कि;

आपने जो निर्णय सिन्धु (द्वितीय परिच्छेद अक्षय तृतीया निर्णय प्रकरण) की पंक्ति अपने पत्र में उधृत की हैं । उनके द्वारा आपका कहा हुआ दश घडी का क्षय होने तो श्राद्धादि कार्य में बाधा आती है यह अर्थ नहीं निकलता इतना ही नहीं किन्तु निर्णय सिंधु का यह समग्र लेख पढा जायतो उससे १० घडी का तिथि क्षय होने पर श्राद्ध किस दिन करे वह अर्थ निकलता है अर्थात् आपके किये हुये आक्षेप का खंडन उक्त लेख से ही हो जाता है. इसलिये यहां हम वह लेख लिखते हैं । इसमें से जो पंक्तिया आपने अपने पत्र में थोडी अशुद्धी करके लिखी हैं उनके नीचे (अंडर लाईन की) रेषा देकर बना दी हैं ।

(१.) निर्णयसिंधु (प. ३) अक्षय तृतिया निर्णय में– " श्राद्धेपि पूर्वान्ह व्यापिनी ग्राह्या । पूर्वाण्हेतु सदा कार्याः शुक्ला मनु युगादयः ॥ दैवे कर्मणि पित्र्येच कृष्णे चैवा पराण्हिका " इति पाद्मोक्तेः । द्वे शुक्ले द्वे तथा कृष्णे युगादि कवयोविदुः ॥ शुक्ले पौर्वाण्हिके ग्राह्ये कृष्णे चैवापराण्हिके ॥१॥ इति हेमाद्रौ नारदीय वचनाच दीपिकापि अयोमन्वादि युगादि कर्म तिथयः पूर्वाण्हिका स्युः सिते विशेषा अपराण्हिकाश्च बहुले ' इति । स्मृत्यर्थसारेपि युगादि मन्वादि श्राद्धेषु शुक्ल

श्राद्ध में सामान्य काल १५ घडी का.

पक्षे उदय व्यापिनी तिथि र्ग्राह्या कृष्णपक्षेऽपराण्ह व्यापिनीति। दिवोदासीये गोभिलः वैशाखस्य तृतीयांयः पूर्वे विद्धां करोतिवै ॥ हव्यं देवान गृण्हंति कव्यच पितरस्तथेति '। गोविन्दार्णवे प्येवंतेनैयं पूर्वाण्ह व्यापिनी, दिन द्वये सत्वे परैवेति धर्म तत्व विदो हेमाद्र्यादयः। अनन्तभट्टस्तु ' सवैधृतिर्व्यतीपातो युगमन्वादयस्तथा ॥ सन्मुखा उपवासेस्युर्दानादावन्तिमाः स्मृता इत्याह दानादा विति श्राद्ध संग्रहः उपवासस्तत्र वक्ष्यते। हेमाशवप्येवं माधवस्तु व्यतीपातः श्राद्धे पराण्ह व्यापी ग्राह्य इत्याह। स्मृत्यर्थसारेतु कुतुपकालयोगीत्युक्तं यत्तु मार्कंडेयः शुक्ल पक्षस्य पूर्वाण्हे श्राद्धं कुर्याद्विचक्षणः ॥ कृष्णपक्षापराह्नेहि रौहिर्णतुनलंघयेत्। रौहिणेनवमोमुहूर्तः। अत्र शुक्लपक्ष युगादि श्राद्धं पूर्वाण्हे कार्य मिति शूलपाणिः

- ४ अर्थात्-जब कि धर्मशास्त्र ग्रंथों में अक्षय तृतीया आदि तिथियों की युगादि व मन्वादि संज्ञा की है अतएव इस दिन श्राद्ध आदि करने का बडा माहात्म्य लिखा है तब यह श्राद्ध दिन के किस विभाग में किया जाय इस विषय का निर्णय ऊपर जो कमलाकर भट्ट ने किया है उसका भावार्थ ये है कि; " इस दिन श्राद्ध तिथि भी पूर्वाण्ह व्यापिनी लेना ! क्योंकि-इस विषय में प्रमाण ये हैं उनमें (अ) १ पद्म पुराण का प्रथम प्रमाण ये है उसमें लिखा है कि; " जैसे महीने के शुक्ल पक्ष को पूर्व पक्ष और कृष्णपक्ष को अपर पक्ष कहा है वैसे पूर्व शुक्लपक्ष की तिथि में देवपूजन व पितृश्राद्ध दिन के पूर्वान्ह नामक अर्ध विभाग में और अपर (कृष्ण) पक्ष की तिथि में दिन के उत्तरार्ध भाग = अपरान्ह में करें " ऐसा महीने के दोनों पक्षों के कार्य दिन के दोनों (पूर्वाण्ह व अपराण्ह नामक) विभागों में करना कहा है। क्योंकि

दश घड़ी का क्षय होतो श्राद्धादि कार्य में बाधा नहीं आती.

(आ) २ युगादि तिथि शुक्ल पक्ष में दो व कृष्णपक्ष में दो होती हैं तहां शुक्ल पक्ष की पूर्वान्ह व्यापिनी लेना और कृष्णपक्ष की अपरान्ह व्यापिनी लेना ऐसा हेमाद्रि नामक ग्रंथ में नारद का वचन है।

क्योंकि १५ घडी क. कर्म काल कहा है.

(इ) ३ दीपिका ग्रंथ में भी ऐसाही लिखा है कि " मन्वादि व युगादि कर्म की तिथि, शुक्लपक्ष में की पूर्वाण्ह व्यापिनी और कृष्णपक्ष में की अपराण्ह व्यापिनी लेना "

(ई) ४ स्मृत्यर्थसार ग्रंथ में भी " युगादि मन्वादि श्राद्धों की तिथि शुक्लपक्ष की सूर्योदय व्यापिनी व कृष्णपक्ष की अपराण्ह व्यापिनी लेना. " ऐसा लिखा है। इसमें सूर्योदय व्यापिनी के कथन में पूर्वान्ह का आरंभ सूर्योदय से दिनार्धतक और अपराण्ह का दिनार्ध से सूर्यास्त तक ऐसे दो ही भाग बतलाए हैं.

(उ) ५ दिवोदास ग्रंथ में गोभिल का वचन है कि "जो मनुष्य वैशाख शुद्ध तृतीया पूर्व विद्धा करे तो देव पूजन को देवता ग्रहण नहीं करते और श्राद्ध को पितर नहीं लेवे" इसमें उक्त तिथि पूर्व विद्धा निषेध कहने से यह सूर्योदय व्यापिनी उत्तर तिथि लेनी ऐसा इससे अर्थ निकलता है। और

(ऊ) ६ गोविन्दार्णव ग्रंथ में भी ऐसा लिखा है अतः उक्त शास्त्रों के आधार से निश्चित होता है कि उक्त (अक्षय तृतीया) तिथि पूर्वाण्ह व्यापिनी लेना चाहिये और

(ऋ) ७ हेमाद्रि आदि धर्म शास्त्र ग्रंथों में ऐसा भी लिखा है कि यदि तृतिया दो दिन में पूर्वाण्ह व्यापिनी होवे तो दूसरे दिन की सूर्योदय व्यापिनी लेवें.

(ऌ) ८ इत्यादि निर्णय उक्त तिथि में श्राद्ध व देवपूजन करने के संबंध में हुवा किन्तु इस दिन उपवास करना हो तो उसके संबंध में निर्णय लिखते हैं कि—

देव पूजा में भी बाधा नहीं आती.

(ए) ९ अनन्तभट्ट के ग्रंथ में प्रमाण लिखा है कि 'वैधृति' व्यतीपात यह योग और युगादि मन्वादि तिथि उपवास के लिये पहिले दिन की और दान श्राद्ध इत्यादिक विषय में पर विद्धा याने सूर्योदय व्यापिनी लेनी। हेमाद्रि में भी ऐसा ही लिखा है। फक्त.

(ऐ) १० 'व्यतिपात के दिन जो श्राद्ध किया जाता है वह परान्ह व्यापि लेना' ऐसा माधवाचार्य ने अपने ग्रंथ में कहा है। जो कि मध्यम दिन मान के वक्त १५ घडी से ३० पर्यंत का होता है।

भोजन काल में भी बाधा नहीं आती.

(ओ) ११ किंतु उक्त व्यतीपात में के श्राद्ध को पूर्वान्हापराण्ह नामक दोनों कालों के बीच के संधीकाल में यानी १४ घडी से १६ के अन्दर के कुतुप् नाम के आठवें मुहूर्त में भोजन के समय ही करना ऐसा स्मृत्यर्थसार में बताया है।

(औ) १२ मार्कंडेय ने तो शुक्ल पक्ष में श्राद्ध हो तो पूर्वान्ह में और कृष्ण पक्ष का अपराण्ह में ऐसा श्राद्ध का मुख्य काल बताकर जब कि अपराण्ह की तिथि में श्राद्ध करना हो तो रोहिण नाम के ९ मुहूर्त का उल्लंघन नहीं करे ऐसी इसमें (भोजन का अति काल न होने पावे इसलिये) विशेषता बताई है।

दिन के १२ बजे में भोजनकाल होता है.

मध्यान्यसे सायंकाल तक श्राद्ध काल है.

(अ) १३ किंतु रौहिण मुहूर्त को कोई श्राद्ध का मुख्य काल न समझले इसलिये शूलपाणि नामक ग्रंथकार ने इस विषय में इसका अर्थ स्पष्ट कर दिया है कि शुक्ल पक्ष का युगादि श्राद्ध पूर्वाण्ह में याने दिन के पूर्वार्ध भाग में करे अर्थात् कृष्ण पक्ष का श्राद्ध अपरान्ह में ही करे।"

(५) इस प्रकार १३ ग्रंथकारों के वचनों के आधार पर युगादि तिथियों के अंदर श्राद्ध करने के सिर्फ पूर्वान्ह और अपरान्ह नामक दोही काल बताकर आगे इस (पूर्वतोऽनुवृत्त) लेख को पूर्ण करते हैं।

कमलाकर का कथन.

(६) "निर्णयामृतादयस्तु कालादर्शेऽमाश्राद्ध मापराण्हिक मुक्त्वा एष मन्वन्तरादीनां युगादीनां विनिर्णय इत्युक्तत्वात् 'द्वे शुक्ले' इत्यादि वचनं विष्णु पूजन विषयं। श्राद्धंत्वापराण्हिकमेवेति व्यवस्थां जगदुः। सेयं पूर्वोक्तानेकवचो विरोधात्। पूर्वाण्हेदैविकं कुर्यादित्यादि वचना देव 'छिद्रे' वचन वैयर्थ्याच्च स्वाच्छन्द्य विलासित मात्र मित्युपेक्षणीया किंच कालादर्शोक्ति र्न्यायमूला वचो मूलावा। नाद्यः युगादि श्राद्धस्यामाश्राद्ध विकृतित्वेन न्यायतो परान्ह व्याप्ता वपि वचनेन तस्य बाधात्। नान्यः अति देशा देवापराण्ह प्राप्तेर्वचन वैयर्थ्यात्। अप्राप्ते शास्त्रमर्थवदिति न्यायात्। तेन यदि कालादर्शोक्तेः कथंचिच्छ्रद्धा जाड्येन समाधित्सातर्हि न्याय प्राप्त कृष्ण पक्ष युगादिविषयत्वेनसा व्यवस्थापनीयेतिदिक्। पूर्वाण्हस्तत्र द्वेधाभक्त दिन पूर्वार्धः "द्वेधाभक्त दिनांश को क्रमादितः प्राण्हापराण्हाविति" दीपिकोक्तेः माधवादयोप्येवम्।

(निर्णय सिंधुः प. २)

बारा बजे के पहिले विष्णु पूजन के बाद श्राद्ध का वास्तेक काल है।

[७] [भावार्थ] निर्णयामृतादि ग्रंथकार कालादर्श नामक ग्रंथ में "अमावास्या श्राद्ध अपरान्ह में करें" ऐसा कहकर "यही निर्णय मन्वन्तरादि व युगादि का है" ऐसा उनका कहना होने से 'शुक्ल पक्ष में दो युगादि' पर उपरोक्त नारदका वचन विष्णु पूजन विषय में है। श्राद्धादि के विषय में तो अपरान्ह व्यापिनी तिथि को ही लेना ऐसी आपने इस विषयके वचनों की व्यवस्था लगादी है। तथापि यह व्यवस्था पूर्वोक्त पद्मपुराण आदि (१-१३) अनेक वचनों के विरुद्ध होने से और पूर्वान्ह में देव पूजन आदि कार्य व अपरान्ह में श्राद्ध आदि पितृ कार्य करना इत्यादि वचन से ही यह अर्थ प्रदर्शित होते हुए इतने (कलम १-१३) ग्रंथकारों को व्यर्थ बताना मानो मनघडंत बात है. याने मन आवे वैसे बक देने के माफक है, इसलिये इन (कालादर्श) का कथन प्रमाणित नहीं है। क्योंकि न तो यह न्याय युक्त है, न धर्म प्रमाण के वचनों से प्रमाणित है।

युगादि श्राद्ध, अमावस्या श्राद्ध की विकृति (रूपान्तर) होने से प्रकृति (मूल श्राद्ध के स्वरूप) के माफिक ही विकृति होती है। इस न्याय से अपरान्ह काल की व्याप्ति युगादि श्राद्ध के विषय में प्राप्त हुई तो भी पूर्वोक्त संपूर्ण वचनों से उस अपरान्ह काल का बोध हो जाता है। इसलिये यह न्याय युक्त नहीं है. ऐसे ही इस विषय में उक्त अतिदेश (प्रकृति के माफिक विकृति करें इस कथन) से ही अपरान्ह काल की प्राप्ति होजाती थी फिर से वही कथन स्वयं व्यर्थ समझा जाता है। और इसलिये "अप्राप्त, विषयक शास्त्र वचन सार्थक होता है,

पार्वण श्राद्ध में भी बाधा नहीं आती.

इस न्याय से कालादर्श का कथन अयुक्त (अयोग्य) है। इतने पर भी जब किसी का कालादर्श के कथन पर अंध श्रद्धा ही हो तो कृष्णपक्ष के युगादि श्राद्ध संबंध का उक्त कथन मानकर वे कैसे तो भी उसकी व्यवस्था मानलें यह उसको दिशा बताई है.

(अ:) अब ऊपर जो पूर्वान्ह और अपरान्ह नामक श्राद्ध के दो काल बताये हैं उसका निर्णय (कमलाकर भट्ट) करते हैं कि; 'दिनमान के दो समान भाग करके जो पूर्व भाग वह पूर्वाण्ह और दूसरा भाग वह अपराण्ह है क्योंकि "दीपिका" नामक ग्रंथ में कहा है कि "दिन मान के समान दो विभाग करने पर पूर्व भाग वह पूर्वाण्ह और उत्तर विभाग वह अपराण्ह इस (श्राद्ध) विषय में कहाता है." और माधवाचार्य ने भी अपने ग्रंथ में पूर्वाण्ह और अपराण्ह का अर्थ ऐसाही किया है।"

१५ घडी के श्राद्ध काल का निर्णय.

(८) इस प्रकार के निर्णय सिन्धु के लेख से और उसमें बताये हुये (अ से अ: पर्यंत के १३) प्रमाणों से यह सिद्धान्त निश्चित होता है कि श्राद्ध के पूर्वाण्ह और अपराण्ह ऐसे दो काल हैं, उस (काल) में दिवस के पूर्वार्ध भाग को पूर्वाण्ह और उत्तरार्ध भाग को अपराण्ह कहा है। अत: यही दो श्राद्ध के कर्म काल हैं इसलिये–

१० घड़ी के क्षय से बाध नहीं आता.

"कर्मणोयस्य यः कालस्तत्काल व्यापिनी तिथिः॥ तया कर्माणि कुर्वीत ह्रासवृद्धि र्न कारणम्॥ १॥ इति विष्णु धर्मोक्तेः"

इस शास्त्राधार से युगादि श्राद्ध का कर्मकाल, दिन का पूर्वार्ध और श्राद्धों का काल दिनका उत्तरार्ध है तब इसी अक्षय तृतीया के आरंभ में लिखी हुई–

(९) "सा 'अक्षय तृतीया तिथिः' पूर्वाण्ह व्यापिनी ग्राह्या दिन द्वयेऽपित द्व्याप्तौ परैवः"

९ घड़ी बढने से बाध नहीं आता.

इस निर्णय सिन्धु की व्यवस्था से उसका निर्णय कर सकते हैं। और स्मृत्यर्थसार [कालम (ओ)] में जो कुतुप नाम के आठवें मुहूर्त की व्याप्ति वाला पूर्वाह्न किंवा अन्यत्र अपराण्ह लेना कहा है सो वैश्वानराधिकरण न्याय से उक्त कर्म काल के अंग की प्रशंसा के लिये है। इसलिये दूसरे ग्रंथकार (औ) मार्कंडेय ने कृष्ण पक्ष के अपराण्ह काल को मुख्य बतलाते हुये उसके रौहिण नाम के कुतुप के आगे के मुहूर्त की उसमें प्रशंसा की है। यदि यहां वैश्वानराधिकरण न्याय मानलो एक बार नहीं लगावें और कहें कि कुतुप काल मुख काल होकर बाकी का अपराण्ह काल गौण काल है।

(१०) लेकिन ऐसा नहीं होसकता क्योंकि जिस प्रकार यहां कुतुप का प्राशस्त्य लिखा है उसी प्रकार रौहिण का भी आगे कहा है। जब जहां दोनों की समान प्रशंसा है। वहां दोनों में से मुख्य कौन यह प्रश्न खडा होकर जिस अंगी के यह अवयव हैं वही उत्तम होने में उक्त वैश्वानर न्याय ही सुदृढ होता है। इसलिये कुतप या रौहिण कर्म काल के प्रयोज कहीं नहीं हो सकते फिर उसका काल मुख्य कहां से होसकता है। अतः यहां यह व्यवस्था दी जाती है कि जबकि उक्त लेख में १३ प्रमाणों की एक वाक्यता से दिन के दो ही भागों को शुक्ल कृष्णपक्षादि के भेद से कर्म काल माने हैं। और छोटे से छोटा भी दिनमान हो तोभी दिनार्ध १३ घटी से कम नहीं होसकता तब तिथि के १० घटी घट जाने पर या ९ घटी बढ जाने पर भी कर्म काल व्यापिनी तिथि में श्राद्ध करने में बिलकुल बाधा नहीं आती क्योंकि १० घडी के घटने में और ९ घडी के बढने में कर्म काल (दिनार्ध) का उलघन नहीं होता।

यह इसमें कुतुप आदि पांच मुहूर्त को उत्तम कहा है

(११) इस प्रकार पत्र नं० ५ का उत्तर दिया गया और पत्र नं. ६ का उत्तर भी इसी आक्षेप को लिये वह पत्र होने से उसका भी यही उत्तर हो सकता है किंतु यदि कहें कि यह युगादि श्राद्ध में दिनार्ध का पर्व काल कहा गया किंतु अमावस्या के (पिंड पितृ यज्ञ) श्राद्ध में तो— इसी निर्णय सिन्धु के–

दूसरे पत्र का उत्तर

" श्राद्धे त्वमावास्या त्रेधा विभक्त दिन तृतीयांशेयोऽपराण्हभागस्त द्व्यापिनी ग्राह्या कैर्मीढा ॥ [नि. सि. परिच्छेद १ अमाश्राद्ध ।]

इस लेख में अमा श्राद्ध का कर्म काल दिन का ⅓ भाग बताया है अतः जिस वक्त मानों २६ घटी का दिन मान होगा तब कर्म काल भी ८ घटी ४० पल का हो जायगा इसमें उस वक्त की तिथि की व्याप्ति दोनों दिन भी कर्मकाल में नहीं रहेंगी इसकी व्यवस्था धर्मशास्त्र में लिखी है क्या!

९-१० घटी का वृद्धि क्षय धर्म शास्त्र सम्मत है.

इस शंका के समाधान में सिर्फ इतने ही शब्द हम पर्याप्त समझते हैं कि, मनु, कात्यायन, गोभिल, पारिजात, पराशर, लौगाक्षि आदि कई महर्षियों ने " दिन द्वय व्याप्य भावे " इत्यादि वचनों से व्यवस्था की है सो निर्णय सिन्धु आदि अनेक ग्रंथों में लिखी है अतः जबकि १० घटी के क्षय की और ९ घटी के वृद्धि की व्यवस्था आर्ष ग्रंथों में की है। अतः उक्त क्षय १० वृद्धि ९ धर्म शास्त्र सम्मत है।

किंतु प्रचलित स्थूल गणित के पंचांग में क्षय ६ वृद्धि ५ घटी की ही होती है सो धर्म शास्त्र से विरुद्ध है अतः धर्म विरुद्ध पद्धति का संशोधन करके आगे शुद्ध पद्धति के प्रचार करने के लिये आप अनुमति देवेंगे ऐसी उम्मिद है. यदि उक्त पत्र का उत्तर ३ दिन के अंदर आप देवेंगे तो अग्रिम सभा में इन सब शंकाओं का समाधान करके प्रस्तुत प्रस्ताव को पास कर लेवेंगे।

५-६ घडी का वृद्धि क्षय धर्म शास्त्र सम्मत नहीं है.

भवदीय-

दीनानाथ शास्त्री चुलेट.

॥ श्री ॥

दा नि. नं. २७		ता. २४-११-२९

पं. दीनानाथ शास्त्री महोदय को

सा. न. वि. वि.

पं. रामकृष्णजी साठे के पूर्व पक्ष का द्वितीय पत्र.

(सभापति महोदय के ता. २०-११-२९ के पत्र का उत्तर]		आक्षेप--

सभा में आज तक क्या काम हुवा यह बात हमारा गणित विषय न होने से न समझ सके. लेकिन एक सभा में करीब २ प्रभाकर पंचाग का नमूना ही कमेटी बनाना चाहती है ऐसा मालूम होने से हमने प्रभाकर पंचाग मंगवाकर देखा. उसे यह ज्ञात हुवा कि अब नये बनने वाले पंचाग में दस घटी तक क्षय आवेगा. इतना क्षय आने से सांवत्सरिक पार्वण और सांवत्सरिक एकोद्दिष्ट इत्यादि श्राद्धों में बाधा आती है ऐसा शास्त्र का प्रमाण होने से और उसी ही वक्त पर दीनानाथ चुलेट महोदय का जा० नं० २०.का प्रस्ताव आया उसमें लिखा हुवा था कि सिद्धांत ग्रंथों के मूलांक में कितना बीज संस्कार दिया जाय कि वह हमारे धर्मशास्त्र से विरुद्ध न होते हुवे जिसके द्वारा दृग्गणितैक्य होजाय. इस पर से ता. १६-११-२९ के सभा में लेख लिख दिया कि आपके मतानुसार दस घटी क्षय होवे तो श्राद्धादि कार्य में बाधा आती है. इसका निर्णय होना अत्यावश्यक है. इस लेख के ऊपर उसी वक्त हमको पूछा गया

कि दस घटी का क्षय आने से कहां बाधा आती है. उसके ऊपर श्राद्ध को अपराण्ह काल की आवश्यकता है और वह न मिले तो रोहिण मुहूर्तयुक्त कुतुपकाल की आवश्यकता है. एसा मुंह से कहा और हमारे छात्र खांबेटे शास्त्री आये थे उन्होंने उदाहरण द्वारा समझाया भी लेकिन यह बात अध्यक्ष महोदय को न माने से लेखी वचन दो वह हम आगे कर देंगे ऐसा कहने पर वहां निर्णयसिंधु व धर्मसिंधु के अलाहिदा दूसरे ग्रंथ न होने से और धर्मसिन्धु या निर्णयसिंधु में श्राद्ध का संग्रह सब एकही जगह न होने से हमारे धर्मशास्त्र के आशय मुताबिक निर्णयसिन्धु में अक्षय तृतीया के ऊपर जो एक दो वचन दिख पड़ी वहां लेकर हमारे को उस लिख दिये आशय मुताबिक तिथि होवे ऐसा हमारे छात्र खांबेटे शास्त्री जी ने लिख दिया और हमको यह बात सम्मत होने से हमने सही कर२ सभा में पेश किया और सभा खतम हुई. बाद तारीख २७-११-२९ ई० को जा. नं. २४ से दीनानाथ शास्त्री जी ने तारीख १६-११-२९ को किस आशय से हमने वचनों को उद्धृत किया है यह बात न समझकर हकनाहक अक्षय तृतीया का निर्णय का पन्ना का पन्ना हिंदी भाषा टीका समेत लिखकर उस वचनों का अर्थ आपको समझा नहीं इस आशय का पत्र लिख भेजा. उसके ऊपर से धर्मशास्त्र दृष्टया फिर से लिखते हैं कि हमने जिस आशय से यही पंक्तियां उधृत की थीं वह हमारा आशय बिलकुल बराबर है और इस विषय में निर्णयसिंधु आदि सब ग्रंथों में लिखा है जिसमें अभी फक्त हम निर्णयसिंधु और पुरुषार्थ चिंतामणि यह दो पुस्तक का ही आधार लिखते हैं.

निर्णयसिन्धु पत्र ३३५ [पंक्ति १४]

अथ क्षयाहद्वैधे निर्णयः तत्रैकोद्दिष्टे मध्यान्हे कार्यम् । मध्यान्हश्च पंचधाविभक्त दिन तृतिय भाग. इति माधवः । आमश्राद्धंतुपूर्वाण्हे एकोद्दिष्टतुमध्यमे । पार्वणं चापराण्हेतु प्रातर्वृद्धिनिमित्तकम् । इति हारीतोक्तौ प्रात शब्द साहचर्यात् तत्रापि कुतुपादिषु मुहूर्त द्वितये ज्ञेयम् । प्रारभ्य कुतुपे श्राद्धं कुर्यादारोहिणं बुधः । विधिज्ञो विधिमास्थाय रौहिणंतुनलंघयेत् इति गौतमोक्तेरेतत्परत्वात । रौहिणो नवमो मुहूर्तः । मैथिला श्राद्धं कौमुदी चेयम् । अन्यथा—ऊर्ध्वमुहूर्तात्कुतुपाद्यन्मुहूर्तं चतुष्टयम् । मुहूर्तपंचकं ह्येतत्स्वधा भवन मिष्यते । इत्यादि विरोधात् । दीपिकाऽपि " एकोद्दिष्टमुपक्रमेत कुतुप इति । माधवीये व्यासोऽपि कुतुपःप्रथमभागे एकोद्दिष्ट मुपक्रमेत् । आवर्तनसमीपेवा तत्रैव नियतात्मवान् । पूर्व्या चंद्रोदयेऽप्येवम् । तेन कुतुपादि रौहिणांतो मुख्यः काल.। दिनद्वये तद्व्याप्तौ साम्यव्याप्तौ च पूर्वा । विषमव्याप्ता वाधिक्येन निर्णयःअव्याप्तौ पूर्वैव । परविद्धाया निषेधात् । सा च पूर्वदिने रौहिणलंघनापत्तेः पूर्वैमिति गौडाः [illegible] रुरवंदर्पादयो [illegible] । तन्न परविद्धा निषेधप्राबल्यात् । अत्र मूळ काळ माधवीये ज्ञेयम् । पार्वणंचापराण्हे कार्यम् पूर्वोक्तवचनात् । नि. सि. ३३६ पृष्ठ पंक्ति ६—यत्तु

कार्ष्णाजिनि न्यामै—" अन्होऽस्तमलवेलायाम् कलामात्रायदातिथिः । सैवप्रत्याह्निके ज्ञेया नापुगपुत्रह''नदा । इति त्रिमुहूर्तस्तुतिः पूर्वेद्युःसाय त्रिमुहूर्ताभावेतु परैव । त्रिमुहूर्ता न चेत् ग्राह्या परैव कुतुपे हिसा । इति कालादर्शे गोभिलोक्तेः कालादर्शेऽपि प्रत्याह्निकेष्वेवमेव तिथिर्ग्राह्या पराण्हिकी । उभयत्र तथात्वेतु महत्वेन विनिर्णयः। पुरुषार्थ चिंतामणी पृष्ट ३७३ पंक्ति ४

तत्र निषिद्ध काल माह मनुः । रात्रौ श्राद्धं न कुर्वीत राक्षसी कीर्तिताहिसा । संध्ययोरुभयोश्चैव सूर्येचैवाविरोहिते । इति बौधायनः— चतुर्थे प्रहरे प्राप्ते यः श्राद्धं कुरुते नरः आसुर तद् भवेत् श्राद्धं दाताच नरकं व्रजेत् । माधवे शिवराघव संवादे— प्रातःकाले तुन श्राद्धं प्रकुर्वीत कदाचन । नैमित्तिकेषु श्राद्धेषुन कालनियमःस्मृतः इति महादिव्यतिरिक्तस्य प्रक्रमे कुतुपःस्मृतः । कुतुपादथवाऽप्यर्वागासन कुतुपे भवेत् । इति माधवे शिवराघव संवाद वचनेन गांधर्वेऽप्यारं भस्योक्तत्वेनार्थात्संगव निषेधः। तात्पर्यम् । कुतुपादारभ्य सायंकालत्प्राक्तनानैमित्तिक श्राद्धस्य कालः । इति ।

इस धर्मशास्त्र वचनों से यह बात सिद्ध होती है कि पार्वण श्राद्ध में पंचधा विभक्त *अपराण्ह को ही मुख्य माना है । उसके अभाव में रौहिणयुक्त कुतुप ही मुख्य है.* क्योंकि पुरुषार्थ चिंतामणी में साफ २ लिख दिया है कि प्रातःकाल, संगवकाल और अपराण्ह रहित—सायंकाल और रात्र यह काल के विभाग श्राद्ध में वर्ज्य है। यदि पंचधाविभाग श्राद्ध में न माना जाता तो यह निर्णय लिखना अनुपयोगी ही था। इसलिये पंचधाविभाग मानकरही श्राद्धादि तिथियों का निर्णय करना सर्व शास्त्र के ग्रंथों को मान्य है। यही शास्त्र सारे जगत को मानना उचित है । धर्मशास्त्र ग्रंथों में केवल वचनात्प्रवृति और वचनान्निवृत्ति होने से हम धर्मशास्त्र को वेद तुल्य समझते हैं । और प्रदोपादि व्रतों में भी दश घटि क्षय होने से बाधा आती है। परन्तु समयाभाव से विशेष लिखना इष्ट नहीं मानते। यदि शास्त्रार्थ में कोई धर्मशास्त्र समझनेवाले होय तो इस विषय में पूरा २ निर्णय दे सकते हैं। इस श्राद्धादि विषय में पंचधाविभाग मानना यही सर्वथा उचित है। लेकिन कोई त्रेधाया द्वेधाही विभाग आग्रह से स्वीकृत करे तो उसके भी मत में दश घटीक्षय मानने सें दोष आते हैं। इत्यलम् ।

विशेषस्तु सब धर्मशास्त्र से अर्थापत्ति से सिद्ध हुवा २ वाण वृद्धिः रस क्षयः यह सिद्धांत लेकर ही पंचांग बनाया जाय तो धर्मशास्त्र संमत हो सकता है इतिशम् ॥

ता० २४-११-२९ ई०

पं० रामकृष्ण शास्त्री साठे,
व्याकरण धर्म शास्त्राध्यापक संस्कृत महा विद्यालय इंदौर.

सभापति महोदय के मंडनात्मक लेख पत्र नंबर २७ के प्रति खंडन में
श्रीयुत रामकृष्ण शास्त्री का दिया हुआ तीसरा पत्र.

प. दीनानाथ शास्त्री इनको सा. न. वि. वि. कीः—

आपने ता. २७ ११-२९ को यह पत्र लिखा है किः—

" प्रबन्धेऽस्मिन् एकोद्दिष्ट श्राद्धस्य मुख्यकालः [पृ. २ प. १७ १८] मध्ये कुतुपादि रोहिणान्तो उक्तः अत अमावास्यादिन गौण कालः क्रियते तद्दिने श्राद्धकालस्य विधानोक्तिः ततश्च दिनद्वय अव्याप्तौ पूर्वेद्यु [पृ. ६ प. १८] मध्ये भवद्भिः उक्तं अतः अपराह्ण कुतुपेन सह मुख्यकालः दिनस्य एक तृतीयांशमितो भवति तस्यैवभागस्य ग्रहणात् अपरस्य मुख्यकालः उक्तत्वात् इत्य. दिनद्वये अव्याप्तौ इतिकथनेमति अभीतितस्य दश घटिकामित तिथिक्षय कालस्य अव्याप्त्यासिद्धिः तस्य व्यवसायाः. उत्तरयात् इत्यलम् ता. २७ ११ १९२९ ई.

दीनानाथ शास्त्री.

इसके उत्तर में पं० रामकृष्ण शास्त्री का हिन्दी पत्र.

दिन का पार्वण श्राद्ध है और सप्तमी तिथि १४ घटी ० पल है और दुसरे दिन अष्टमी १४ घटी ० पल है पहिले दिन अपराण्ह काल में अष्टमी न होनेसे उस दिन भी श्राद्ध कर सक्ते नहीं और दुसरे दिन १४ घटी तक ही होने से गौण कुतुपयुक्त रोहिण काल में भी नहीं है. इसलिये दुसरे दिन भी अष्टमी का श्राद्ध कर सकते नहीं. ऐसी १० घटी का क्षय मानने में आपत्ति आती है. इसीही तोर से प्रदोप में भी आपत्ति आती है. सूर्यास्त से ६ घटी का परिमित प्रदोप का मुख्यकाल है और सूर्यास्त के पहिले ३ घटी प्रदोपका गौणकाल है. ऐसे परिस्थिति में यदि प्रदोप का विचार करना होतो, मानों पहिले दिन द्वादशी १२ ३६ घ० और ४० पल है और दुसरे दिन त्रयोदशी २६ घ. और ५८ पल है, इस परिस्थिती में पहिले दिन मुख्यकाल में न होने से और दुसरे दिन गौणकाल में भी न आने से प्रदोप में दोप आता है. हमारे पद्धत से यदि मानाजाय तो आपसे ३ घटी हमारी तिथी जादा होने से हमारे को श्राद्ध निर्णय में, और प्रदोप निर्णय में दोप आता नहीं. और भी बहोत प्रमाण इस विपय में है. लेकिन् समयाभाव से लिखते नहीं. और प्रार्थना करते हैं कि विपय को न समजते हुवे आपका अमूल्य काल खर्च करके हमको वृथाश्रम न देवेंगे. इत्यलम्। ता. १-१२-२९ ई.

पं. रामकृष्ण शास्त्री साठे.

लेखक विद्याभूपण दीनानाथ शास्त्री चुलेट.

श्रीयुत साठे शास्त्रीजी साष्टांग नमस्कार।

आपके तारीख १६-११-२९ के पत्र का उत्तर तारीख २०-११-२९ को हमने दे दिया तोभी नजानें फिर से वही बात आपने २४-११-२९ के पत्र में लिखी हैं। आपका प्रश्न इतना ही है कि "१० घडी का क्षय होगा तो श्राद्धादि कार्य में बाधा आती है" हमने गत पत्र में बता दिया है कि श्राद्ध का गौण कर्मकाल १५ घडी का १२ ग्रंथों के प्रमाणों से सिद्ध होता है तथा मुख्य कर्मकाल १० घडी का है जोकि आपने भी "ऊर्ध्वं मुहूर्तात्कुतुपात् यन्मुहूर्तचतुष्टयं ॥ मुहूर्तपंचकं ह्येतत्स्वधा भवन मिष्यते॥ इसी पत्र में लिख दिया है। क्योंकि पांच मुहूर्त की १० घडी ही होती हैं। और आगे दिनद्वये तद्व्याप्तौ वा समव्याप्तौच पूर्वा को भी लिख दिया है सो इसी की फैलावट करके देखें तो निर्णय होजाता है।

क्योंकि मुख्य काल में व्याप्ति नहीं हो या दोनों दिन मुख्य काल में व्याप्ति हो तो पूर्वा करें यही इसका धर्मशास्त्र में निर्णय कहा है। क्योंकि मुख्य काल में चाहे अव्याप्ति होजाय क्योंकि मुख्य काल (मुहूर्त पंचक रूप) १० घडी का है और तिथी का क्षय भी सूर्य चंद्र के १२ अंश के अंतर को प्रत्यक्ष देखने से १० घडी तकही

होता है। सो कचित् इतनी तिथि घट जावे तो गौण काल तो पंद्रह घडी का रहता है उस गौणकाल में जिस दिन व्याप्ति रहे वही श्राद्ध का काल माना है। इससे १० घडी के क्षय से धर्म शास्त्र में बाधा नहीं आती प्रत्युत दश घडी का क्षय नहीं मानने से आती है। वह यह है कि मुहूर्त पंचकरूप १० घडी के मुख्य काल की जब कि अव्याप्ति हो नहीं सकती तब दिनद्वये तदव्याप्तौ यह धर्मशास्त्र का वचन व्यर्थ गिरता है। अर्थात् ६ घडी का क्षय मानने में दोनों दिन में अव्याप्ति हो ही नहीं सकती फिर धर्मशास्त्र में यह वचन क्यों कर कहा।

यह सब शंका समाधान की बातें गत पत्र में हमने लिखदी हैं। किन्तु फिर से वही बातें थोडी बहुत और मिलाकर आपने इस पत्र में लिखने से वही उत्तर लिखने में हमको पुनरुक्त दोष नहीं लगे इसलिये तथा इस विषय का पूर्ण निर्णय होजाने के लिये नीचे लिखे प्रकार के प्रश्न (मुद्दे) उपस्थित करके उनको इस पत्र में सप्रमाण रीति से हलकर देते हैं ताकि हमेशा के लिये यह झगडा तय होजाय।

प्रश्न [मुद्दे]

१ हमरे धर्म के प्रमाणभूत कितने ग्रंथ हैं और उनमें तिथि का वृद्धि क्षय क्या ५-६ घडी का (बाण वृद्धी रसक्षय.) लिखा है। या उक्त कथन अनुमान कल्पित है।

२ यदि अनुमान कल्पित है तो भी यह योग्य अनुमान से हैं या भ्रामक कल्पना मात्र है तो क्या धर्मशास्त्र से तिथि का वृद्धिक्षय और ही सिद्ध होता है?

३ ऐसा होने का कारण क्यों ऐसी भिन्न कल्पना कब व क्योंकर हुई और क्या प्राचिन कल्पना आधुनिक सूक्ष्ममान से मिलती है।

४ क्या आकाश में तिथि प्रत्यक्ष में दिख सकती है? यदि दिखती है तो उसे हम कैसे देख सकते है। और उसके स्वीकार करने मे आर्ष वचन में बाधा आती है क्या ?

५ प्रत्यक्ष तिथि के संबध में प्राचीन कल्पना किस प्रकार थी। आज किस प्रकार की है और हमें कैसी रखनी चाहिये।

६ अब इसका सिद्धान्त रूप में क्या निर्णय हो सकता है।

बस इस ६ मुद्दोंपर हम इस पत्र में क्रमश: हमारे विचार प्रकट करते हैं आशा है कि शास्त्रीजी का इससे समाधान होकर प्रचलित पचांग शोधन के कार्य में (शुद्ध सूक्ष्म गणित के पंचाग की तिथि ही धर्मानुष्ठान में लेना योग्य है ऐसा) आप योग्य अनुमति देवेंगे!

पहिले प्रश्न का उत्तर.

हमारे धर्मशास्त्र ग्रंथों में निम्न लिखितानुसार १४ ग्रंथों के प्रमाण माने जाते हैं वह ग्रंथ * ये है।

(१) हमारे धर्म के प्रमाणभूत कितने ग्रंथ है और उनमें तिथि का वृद्धि क्षय क्या ५ ६ घडी का लिखा है या उक्त कथन अनुमान कल्पित है.

१ पुराण व महाभारतादि इतिहास दर्शक ग्रंथ
२ न्याय व वैशेषिक तर्कशास्त्रिय ग्रंथ
३ मीमांसा= वैदिक मंत्रों का अर्थ लगाने वाला विचार-शास्त्र
४ स्मृति= प्राचीन प्रणाली के दर्शक धर्मशास्त्र ग्रंथ
५ शिक्षा= पठन पाठन पद्धति युक्त स्वर शास्त्र
६ कल्प= प्रकारांतर से सत्य वस्तु को बताने वाले प्रयोग ग्रंथ
७ व्याकरण= शुद्ध लेखन पाठन ज्ञापक शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र
८ निरुक्त= भाषा शास्त्र (वैदिक कोश)
९ छंद= वृत्त गीति आदि का छंदोज्ञान साहित्य शास्त्र
१० ज्योतिष= आकाशस्थ ज्योतियों से कालज्ञान शास्त्र
११ ऋग्वेद= वेद कालीन पद्यात्मक ग्रंथ
१२ यजुर्वेद= वेद कालीन गद्य पद्यात्मक ग्रंथ
१३ सामवेद= वेद कालीन संगीत शास्त्रीय ग्रंथ
१४ अथर्वण वेद= वेद कालीन अर्थ शास्त्रीय एवं शिल्प शास्त्रीय–अर्थवान् ग्रंथ।

इन १४ प्रमाणों को ही धर्मशास्त्र कहते हैं | और यह ऋषि प्रणीत होने से आर्ष ग्रंथ हैं। अतएव इन के वाक्यों को प्रमाण मानना हमारा धर्म है। किन्तु इन ग्रंथों में कहा भी "बाण वृद्धि रसक्षयः" लिखा नहीं है। अथवा तिथि की ५ घडी की वृद्धि और ६ घडी का क्षय उक्त प्रमाण ग्रंथों से सिद्ध नहीं होता। अतएव कहना पडता है कि यह कथन अनुमान कल्पित है।

दूसरे प्रश्न का उत्तर.

क्योंकि आकाश में देखना छोडकर जब से स्थूल गणित के सूर्य चंद्रादिकों पर से तिथि बनाने की पृथा का आरंभ हुआ तब से इस भ्रामक कल्पना का प्रादुर्भाव हुआ है। इसको मैं भ्रामक कल्पना इसलिये कहरहा हूं कि यह हमारे उपरोक्त धर्म प्रमाणों से तथा प्रत्यक्ष गणित से सिद्ध न होते हुए भी उपरोक्त धर्म प्रमाणों से सिद्ध होने वाले प्रमाणों को अप्रमाणित कहने तक की मजल पहुंच गई है। क्योंकि वेद और शास्त्र से तिथि के ९।१० घटी वृद्धि क्षय बताने वाले प्रमाणों को यह लोग गलत कह रहे हैं.

यदि अनुमान कल्पित है तो भी यह योग्य अनुमान से है या भ्रामक कल्पना मात्र है। और धर्मशास्त्रीय रीति से तिथि का वृद्धिक्षय कितना सिद्ध होता है.

---

* "पुराण न्याय मीमांसा धर्म शास्त्रांग मिश्रिताः ॥ वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्यच चतुर्दश ॥ १ ॥ [याज्ञवल्क्य स्मृति]।

(१) बौधायन ऋषि ने १३ और १७ दिन का पक्ष कहा है इसी प्रकार आपस्तं बादि सूत्रकार, महाभारत और मुहूर्त ग्रंथों में लिखा है । बिना ९।१० घडी के वृद्धि क्षय के पंद्रह दिन में दो दिन की घटबध हो नहीं सकती परन्तु काल माधव में इसको गलत [अर्थ वाद मात्र] कहते हुए न पृथिव्यां नान्तरिक्षे न दिव्यग्नि श्चेतव्य इति इस वेद वाक्य को भी गलत कहा गया है । जोकि वसन्त सम्पात से २७०, १८०, ९० अंश के उपलक्ष में निषेध करके वसन्त सम्पात के दिन अग्नि का आधान करे इस अर्थ में कहा गया है । पीयूषधारा आदि टीकाकारों ने मुहूर्त चिन्तामणि आदि में कहे हुए १३।१७ दिन के पक्षों को खपुष्प तुल्य [अशक्य] कहा है । यह कथन उनका भ्रांति से है । क्योंकि शास्त्र शुद्ध नहीं है ।

[२] धर्मशास्त्र ग्रंथों मे कर्मकाल के गौण और मुख्य ऐसे २ भेद कहे हैं उसमें गौण काल का निर्णय नीचे लिखे प्रकार किया जाता है ।

पूर्वान्ह काल में
सूर्योदय प्रातःकाल से १२ बजे तक

अपराण्ह काल में
मध्यान्ह से सूर्यास्तकाल तक

उपरोक्त गौणकाल में दिन के समान दो विभाग माने जाते हैं इसलिये इसे द्वेधा विभाग पक्ष कहा है गत [ता० २०-१-२९] के पत्र में १२ प्रमाणों से इसे सिद्ध कर दिया है ।

मुख्य काल का निर्णय कात्यायन स्मृति (खंड १६) में नीचे लिखे प्रकार किया है कि–

पिंडान्वाहार्यकं श्राद्धं क्षीणे राजनि शस्यते ॥ वासरस्य तृतीयेंशे नाति संध्या समीपतः ॥१॥ अर्थात् मुख्य कर्म काल में दिवस का एक तृतियांश ($\frac{1}{3}$) भाग कहा है । अतः सामान्य रीति से ३० घडी का दिनमान हुआ तो २०–३० घडी का कर्मकाल होता है । इसका स्पष्ट करण करते हुए दोनों दिन मुख्य कर्म काल में अमावस्या न हुई तो श्राद्ध कब करना इसका निर्णय कहते हैं कि–

यदा चतुर्दशीयामं तुरीयं मनु पूरयेत् ॥ अमावास्याक्षीय माणा तदैव श्राद्ध मिष्यते ॥ २ ॥

उदाहरण द्वारा इसका स्पष्टी करण ये हैं कि–

पहिले दिन चतुर्दशी घडी ३० चार प्रहर पर्यंत है दूसरे दिन अमावस्या घडी २० तक ही होने से उक्त कर्म काल में क्षीय माण है । तब दूसरे दिन में घडी १५ से २० घडी तक के अमावस्या में श्राद्ध कर लेना कहा है । क्योंकि श्राद्ध के वक्त मुख्य न रहा तो भी गौण काल रहता है।

ऐसा दोनों दिन अमावस्या की अंशतः व्याप्ति और पूर्ण व्याप्ति के निर्णय में भी वहीं कर्मकाल को दर्शाया है कि– " वर्द्धमाना ममावस्यां लभेचेदपरेऽहनि ॥ यामान् त्रीन् ३ अधिकान् ४ वापि पितृयज्ञस्ततो भवत् ॥ १० ॥ उदाहरण द्वारा इनका स्पष्टी करण ये है–

पहिले दिन चतुर्दशी घडी २० के अंदर समाप्त होकर अमावस्या दूसरे दिन अमावस्या घडी २२॥ तीन प्रहर पर्यंत हो अथवा दूसरे दिन अमावस्या घडी ३० चार प्रहर पर्यंत हो तब पहिले दिन कर्मकाल में अमावस्या की पूर्ण व्याप्ति होकर दूसरे दिन भी उसकी तीन प्रहर होतो अंशतः व्याप्ति चार प्रहर हा या पूर्ण व्याप्ति होतो दूसरे ही दिन श्राद्ध करे।

इन तीनों प्रमाणों से तिथि की क्षय वृद्धि १० घडी की [दिन के ⅓ भाग मित] कही है और वेध सिद्ध मान से भी तिथि का ९।१० घडी का वृद्धि क्षय सिद्ध होता है।

इसी प्रकार जाबालिशातातप और हारीत में भी लिखा है । रात्री के व्रत में भी १०।२०।३० घडी का कर्मकाल अन्यान्य कार्यों में कहा है।

" त्रिधा विभज्यरात्रिंतां मध्यांशे यस्त तारकम् ॥
उपोषितव्यं यद्यत्र येनास्तं याति भास्करः ॥ १ ॥ "

(ब्रह्म सिद्धान्त ३।३९ पृष्ठ ४८)

वहां भी [दिनद्वयेऽपि मुख्यकालव्याप्त्यभाव गौण कालाभ्यनुज्ञापरत्वात्] ऐसा गौण काल में करना लिखा है । इसीसे रात्रि व्रत में भी तिथि का ९।१० घडी का वृद्धि क्षय सिद्ध होता है क्योंकि संपूर्ण ग्रंथों में दिन व रात्रि के तीन २ विभाग रूप कर्म का मुख्य काल कहा है । किंतु शाके १०९० में माधवाचार्य ने शाके १५८० में कमलाकर ने शाके १७२२ में काशीनाथ ने अपने काल माधव, निर्णय सिन्धु व धर्मसिन्धु तथा पुरुषार्थ चितामणी आदि आधुनिक ग्रंथों मे उक्त त्रेधा पक्ष को खींचतान कर अयुक्त बताने का प्रयत्न किया है किन्तु आश्चर्य ये हैं कि जैसे ऊपर के प्रमाण में दिन रात्रि के तीन विभाग माने हैं ऐसा श्रुत्यादि १४ प्रमाणों से श्राद्ध व्रतादि में पंचधा विभाग कहा नहीं होकर भी उसको आप ने माना है। इसका कारण ही यह दिखता है है कि इस वक्त वेध क्रिया लुप्त होकर स्थूल गणित से इनको तिथि का ५।६ वृद्धि क्षय दिखता था। इसी भ्रांति से कोई गणिताभिज्ञ ने बाण वृद्धि रस क्षय को अनुमान से कल्पित कर लिया है।

तीसरे प्रश्न का उत्तर.

चंद्र स्पष्ट करने मे साधारणत पाच प्रकार से फल संस्कार मध्यम चद्र में देने पडते है। अथवा वैदिक ऋषियों के माफक उसका सतत वेध लेना पडता है किन्तु इन दोनों बातों में केवल अर्वाचीन ग्रंथ बचनों को आर्ष वचन न होते हुए भी आर्ष वचन मान कर वेध लेना छोड दिया इसलिये चद्र में सिर्फ एकही मंदफल संस्कार दिया जाने मे वह स्थूल रहने उनको यथार्थ मे तिथि की घट बध समझी ही नहीं किन्तु धन्य है उन प्राचिन ऋषियो को कि शाके ४२१ के प्राचिन काल में प्रत्यक्ष वेध लेकर आपने तिथि का वृद्धि ९ क्षय १० वह निश्चित किया हे कि सूक्ष्मातिसूक्ष्म यत्रों मे आजभी वही काल निश्चित होता है जो कि हमारे ऋषियों ने कहा है।

यदि भ्रामक कल्पना मात्र है तो भी ऐसी कल्पना कब व क्यों कर हुई.

चौथे प्रश्न का उत्तर.

सूर्य चंद्र के १२ अंश के अंतर से एक तिथि ऐसे ३६० अशान्तर में ३० तिथि हो जाती है। इनको प्रत्यक्ष देखना हो तो सूर्य के अस्त हुए की स्टैंडर्ड टाइम मे ४८ मिनिट याने २ घडी के अंतर मे एकेक तिथि होती है। उसका दर्शक कोष्टक ये है। किन्तु इसमें सूर्योदय सूर्यास्त काल ६ बजे का लेकर कोष्टक रचना की गई है। सूर्य चद्रास्त के अनुलोमान्तर मे शुक्ल पक्ष की और प्रतिलोमान्तर मे कृष्ण पक्ष की तिथि प्रत्यक्ष तथा निश्चित हो सकती है। अनुलोम का उदाहरण है कि सूर्यास्त ६ बजे हुआ उस दिन चद्रास्त ६ ४८ का हुआ तो प्रतिपदा तिथि भुक्त होगई ऐसे ही सूर्योदय के बाद चद्रोदय से भी शुक्ल पक्ष की तिथि निश्चित होती है।

प्रतिलोम के उदाहरण मे सूर्योदय मे चद्रास्त किंवा सूर्यास्त मे चद्रोदय इन दोनों द्वारा कृष्ण पक्ष की तिथियों का निश्चय होता है। सूर्य चद्रमा के समसप्तक देखकर पौर्णिमा का और एक सूर्य ग्रहण देखकर अमावास्या का निश्चय हो सकता है।

प्राचीन काल में इस प्रकार प्रत्यक्ष देखकर तिथि का निश्चय करते थे। परन्तु आर्यसिद्धांत व आर्य भट्ट के अर्वाचीन काल में यह वेध लिया हुआ होके व भास्कराचार्य के बाद से बिलकुल ही बन्द होगई।

क्या आकाश में तिथि प्रत्यक्ष दिखती है? दिखती है तो हम उसे कैसे देख सकते हैं? और उस प्रत्यक्ष तिथि से आर्ष वचन में बाधा आती है क्या।

तिथि समाप्ति काल

तिथि	घटा	मिनिट
३०	६	०
१	६	४८
२	७	३६
३	८	२४
४	९	१२
५	१०	०
६	१०	४८
७	११	३६
८	१२	२४
९	१	१२
१०	२	०
११	२	४८
१२	३	३६
१३	४	२४
१४	५	१२
१५	६	०

पांचवें प्रश्न का उत्तर.

प्राचिन कल्पना व आर्ष कथन

प्रत्यक्ष तिथि के संबन्ध में प्राचीन कल्पना किस प्रकार थी।

स्मृतिःप्रत्यक्ष मैतिह्यम् । अनुमान चतुष्टयम् ॥
एतैरादित्य मण्डलम् । सर्वै रेव विधास्यते ॥ १ ॥
संवत्सरःप्रत्यक्षेण सर्वैरेव विधास्यते
[तै. आ. १-२ १-२]

आज किस प्रकार की है और हमें कैसी रखना चाहिये।

"षड है र्मासान्संपश्यन्ति । अर्द्ध मासैर्मासान्संपश्यन्ति इति ॥
[तै. सं. ७-५-६]

" सत्यंहि वैचक्षुस्तस्माथदि दानीं द्वौ विवदमाना वेयाता महमदर्श महमश्रौ षमिति ।
यएव ब्रूयादहम दर्श मिति तस्माएव श्रद्ध्याम तन्सत्ये नै वै तत् समर्द्ध यति ॥
[श. ब्रा. १-२-४-२७]

आर्ष धर्मोपदेशंच । वेद शास्त्रा विरोधिना ॥यस्तर्केणानु संधत्ते सधर्मं वेदने तरः ॥ १ ॥
(इति न्याय वार्तिके कुमारिलः)

वर्तमान कालीन कल्पना व कथन.

मूला शुद्धिर्महर्षीणां वचने यदि तर्क्यते ॥
तदास्म दादिवत्तेषां सर्वज्ञत्वं नयुज्यते ॥ १ ॥
अतस्त दुप धर्मेषु मिथ्यात्वादि विभावनात् ॥
वेदोक्त फल सिद्धयर्थे प्रतिभानावतिष्ठते ॥ २ ॥
इत्थं प्रसज्जते सर्व विश्वासा भाव भावना ॥
तिथ्यादि तदनुष्टेय कर्मणान्तु कथैवका ॥ ३ ॥
आस्ता तावभ्दूरि वादा लौकायतिक कल्पना ॥
यानिरस्ता समस्तैव प्रशस्त श्रुतिशालिभिः ॥ ४ ॥
प्रकृतेतु महर्षीणा सर्वज्ञत्व प्रथाजुषाम् ॥
आज्ञयैव प्रवर्तंते धर्म कर्माणि यत्नतः । ५ ॥
तैरेव पुनरादिष्टा द्वेधा गणित कल्पना ॥
दृष्टादृष्ट फल प्राप्त्यै ततो धर्म व्यवस्थितिः ॥ ६ ॥

पं• दुर्गाप्रसादजी जैपुर सं. १९५८ के अधिमास परीक्षा में कहे हैं।

उपरोक्त प्राचीन व वर्तमान कालिक तिथि विषय की कल्पना का जब आप रूपान्तर देखोगे तब आपको ज्ञात होगा कि कहां तो प्रत्यक्षादि चार प्रमाणों के द्वारा शास्त्रशुद्ध पद्धति से विचार करने की कल्पना थी और कहां उसे शास्त्रीय कसौटी पर लगाने से डरने की वर्तमान में कल्पना होगई है। किंतु ऐसी कल्पना होने का कारण ही हमें यह दीखना है कि वराहमिहिर के इधर के काल में ऊपर की ऊपर वेध लेने की पद्धति का लोप होजाने पर आर्य सूर्य ब्रह्म सिद्धान्तादि आर्ष ग्रंथों को

युगान्तरीय एवं गलत गणित के कहकर उनके ही नाम पर आर्यभट्ट, मय [मीयांय-वनाचार्य] व ब्रह्मगुप्त के बनाये ग्रंथों को आर्ष ग्रंथ मानना है। यद्यपि इनको आर्ष ग्रंथ के परिमाण स्थूल मालुम होते हैं किन्तु उस वक्त प्रत्यक्ष वेध प्रामाण्य मानने के कारण तिथ्यादि निर्णय में उन्होंने इतना सूक्ष्म मान निश्चित कर लिया था कि आज भी वह वेध सिद्ध सूक्ष्म गणित से ठीक २ मिलता है। इसलिये उक्त भ्रामक कल्पना को त्याग कर आर्ष माने हुए ग्रंथो को ही आर्ष मानें तो उनका स्वीकृत तत्व सत्य २ होने से उसमें बाध आने का कारण ही नहीं है।

छठे प्रश्न का उत्तर.

अब इसका सिद्धान्त रूप में क्या निर्णय हो सकता है।

तिथि यह सूर्य चद्रान्तर से प्रत्यक्ष दिखने वाली वस्तु है इसलिये जिस शास्त्र से इसका प्रमाण हमें यथार्थ दिख सके याने दृगणितैक्य होजाय वही ज्योतिःशास्त्र हमें प्रमाण्य है। हम इसको मानते हैं। इसको नहीं मानते ऐसा उपरोक्त १४ प्रमाणों में कहा २ नहीं है फिर असिद्ध बातको सिद्ध करने का प्रयत्न क्यू करें. इसमें न तो आर्ष वचन लोप होता है न व्रतोपवास श्राद्धादि में उक्त काल का लोप होता है प्रत्युत तिथि की ९ घडी वृद्धि और १० घडी तक का क्षय प्रत्यक्ष से और आर्ष ग्रंथों से सिद्ध होता है इसलिये अंक वृद्धीदर्शक्षयः यह पद हमने प्रभाकर में लिखा है सो इसका आप स्वीकार करें।

उपसंहार

यद्यपि आपके पत्र में और भी बहुत बातें हैं किन्तु वे सब मुद्दे को छोटकर होने से प्रकृत कार्य में उसका उत्तर देने से कुछ लाभ नहीं दिखने से उनका उत्तर दिया नहीं।

भवदीय,

दीनानाथ शास्त्री चुलेट.

पचाग कमेटी तारीख १०-११-१९ ई० की
सभा में आया नीलकंठ का पत्र.

लेखक पंडित नीलकंठ मंगलजी ज्योतिष तीर्थ

रा. रा. प्रेसिडेंट साहेब पचाग कमेटी इंदौर

सेवामें

मा. न रि. है कि ग्रहलाघव ग्रंथ पर से जो पचाग बनाये जाते है वे क्यों अशुद्ध है इस विषय में यदि विचार किया जाय तो इसका मुख्य कारण ग्रंथ के नाम से ही जाहिर होता है तो भी उस ग्रंथ में किस कदर स्थूलता हुई यह देखना भी एक आवश्यक बात है और इस विषय में श्री महामहोपाध्याय पं. सुधाकरजी द्विवेदी इन्होंने महान परिश्रम करके सिद्धान्त ग्रंथ से अहर्गण तथा जिन २ सिद्धान्तों में जो २ ग्रह या उच्च श्रीगणेश दैवज्ञ ने

साधन किये हैं उन २ सिद्धान्तों से यथोक्त गणित करके ग्रहलाघवोक्त क्षेप तथा ध्रुवक इन्होंने सिद्धान्त गणित से आया हुवा वास्तविक अंतर दिखलाते हुए इस ग्रहलाघव की उपपत्ति करके इस ग्रंथ के प्रत्येक अधिकार में ही नहीं किंतु अधिकांश श्लोकों में जो स्वल्पान्तर ग्रहण किये हैं दिखाया है यह सब उन्होंके सोपपत्तिक ग्रह लाघव से प्रसिद्ध है ही तो भी उदाहृणार्थ क्षेप और ध्रुवको में अन्तर होने से मध्यम ग्रहों में आज कितना अंतर हुवा इसका खुलासा संक्षेप में नीचे लिखे मुजिब है श्रीगणेश दैवज्ञ ने ग्रहलाघव शके १४४२ में बनाया जिसको आज ४०९ वर्ष हांगये और उन्होंने ११ वर्ष का चक्र माना उस हिसाब से चक्र ३७ हुए हैं जो ध्रुवकों में एक चक्र जनित अन्तर था वह अन्तर अब ३७ पट क्रम से वढा इसका सविस्तार कोष्टक साथ पेश है।

एक चक्र जनित क्षेपकांतर तथा ध्रुवांतरम्.

ग्रह.	ग्रंथ नाम.	क्षेपरा. अं. क. वि	क्षेपान्तर.	ध्रुवक.	ध्रुवान्तर.
रवि.	ग्रह लाघव सूर्य सिद्धान्त.	११-१९-४१'-०" ११-१९-४१-१३	न्यून १३"	०-१-४९' ११" ०-१-४९-११	० ध्रुवान्तर.
चंद्र.	ग्रह लाघव सूर्य सिद्धान्त.	११-१९-६-० ११-१९-१५-५२	न्यून ९'-५२"	०-३-४६-११ ०-३.४६-११	०
चंद्रोच्च.	ग्रह लाघव सूर्य सिद्धान्त.	५-१७-३३-० ५-१७-४०-२३	न्यून ७'-२३"	९ २ ४५-० ९-२-४१-१७	१'-४९" अधिक.
गुरु.	ग्रह लाघव आर्य सिद्धान्त.	७-२-१६-० ७-२-३१-४३	न्यून १५'-४३"	०-२६-१८ ० ०-२६-१६-५३	१'-७" अधिक.
मंगल.	ग्रह लाघव आर्य सिद्धान्त.	१०-७-८-० १०-६-२९-५	अधिक ३८'५५"	१-२५-३२-० १ २५-२७ १४	४'-४६" अधिक.
राहू.	ग्रह लाघव आर्य सिद्धान्त.	०-२७-३८-० ०-२७-३८-४६	न्यून ०' ४६"	७ २-५०-० ७ २-४६-३३	३'-२७" अधिक.
शनि.	ग्रह लाघव आर्य सिद्धान्त.	९-१५-२१-० ९-१५-२२-११	न्यून १'-११"	७-१५-४२ ० ७-१५-४२-४१	०'-४१" न्यून.
ध्रु. के.	ग्रह लाघव ब्रह्म सिद्धान्त.	८-२९-३३-० ८-२९-१४-३०	अधिक १८'-३०"	४-३-२७-० ४-३-२८-३४	१'-३४" न्यून.
ध्रु. कॅ.	ग्र. ला. ब्र. सि + आ. सि. २	७-२०-९-० ७-२०-१९-९	न्यून १०'-९"	१-१४-१-० १-१३ ५६ ५०	५'-१०" अधिक.

चक्र ३७ जनित ध्रुवान्तर तथा वास्तविक अन्तर.

ग्रह.	ध्रुवान्तर	क्षेपान्तर.	वास्तविकान्तर.	
	अं. क. वि	क वि	अ क वि.	
रवि.	०- ०- ०	०-१३	०-१३ न्यून	ध्रुवान्तर होने से सिद्धांत तुल्य ही है.
चन्द्र.	०- ०- ०	९-५२	९-५२	
चन्द्रोच्च.	२-२१-१३	७-२३	२-१३-५०	अधिक है.
गुरू.	०-४१-१९	१५-४३	०-२५ ३६	अधिक है.
मंगल.	२-५६-२२	२८-५५	३-२५-१७	अधिक है.
राहु.	२- ७-३९	०-४६	२- ६ ५३	अधिक है.
शनि.	०-२५-१७	१-११	०-२६-२८	न्यून है पांच अंश न्यून स्वतः यहां है सबब
बु. कें.	०-५७-५८	१८-३०	०-३९-२८ न्यून है	४।३३।३२″ धन करना चाहिये.
शु. कें.	३-११-१०	३०- ९	२-४१- १	अधिक है.

उपरोक्त जो मध्यम ग्रहोंमे अन्तर हुवा इतना और उन सिद्धान्तोक्त ग्रहोंमें बीज संस्कार देकर जो क्षेपक ध्रुवक कहे है वह बीजान्तर होने अन्तर हुआ है यह एक स्थूलता हुई.

इसके शिवाय ग्रहों को स्पष्ट करने में तथा अन्य वस्तुओं के साधन करने में जो संस्कार आदि आचार्य ने बताये है उन्होंने अधिकांश में स्वल्पान्तर ग्रहण किये है यह दूसरी स्थूलता हुई.

और सिद्धान्तकाल से आज तक का अन्तर पड़ा जो मध्यमी मद फल आदि में अन्तर होकर स्थूलता हुई यह तीसरी स्थूलता हुई.

ऐसे तीन प्रकार से जिस ग्रन्थ मे स्थूलता हुई अर्थात वह स्थूल कहो चाहे अशुद्ध क्यों के वह अशुद्ध प्रायही है. और उस पर मे बनी सारणीयों पर मे पंचांग साधन कहा तक शुद्ध हो सकता है. और वह पचाग व्रतादिक तथा मुहुर्तादि धर्म शास्त्र में कैसे उपयोगी होगा इसका विचार आप सूज्ञ लोग कर सक्ते हैं.

नीलकंठ मंगल जोशी.

रा. रा. प्रेसिडेन्ट साहेब पंचांग कमेटी इन्दौर.

सेवामें.

सा. न. विनन्ती है कि मैंने गत बुधवार के कमेटी में जो प्रश्न विनय पत्र के द्वारा पेश किये हैं उन्हों का उत्तर मिलना अति आवश्यक मालुम होता है क्योंके पंचांग करता जब के ग्रह लाघव से पंचाग बनाते तो इस वर्ष शके १८९२ अश्विन कृष्ण ३० सोमवार ता. १-११-२९ को समस्त भारतवर्ष में होने वाला सूर्यग्रहण इस ग्रह लाघवी पंचांग में ग्रह लाघव के गणित से आते. तुवे क्यों नहीं छापा गया इसका योग्य उत्तर मिले. और ता. ३१-३-१९३० ई. को ग्रह लाघव के गणित मे रवि उदयास्त कितने बजे होंगे और दिन मान कितना रहेगा इसका कुल कचा गणित ग्रहलाघव करते उस दिन रवि उदय ५.५३ सुबह पाच बजकर त्रेपन मिनिट पर होगा और रवि अस्त ६ ७ शाम को छः बजकर सात मिनिट पर होगा तथा दिन मान ३० घटि ३४ पल रहेगा इसका कुल कचा गणित इसके साथ पेश है. और विनन्ती है कि पचाग कर्ता कमेटी के समक्ष कह चुके हैं की यह पंचांग ग्रह लाघवसे बनाया गया है तो ग्रह लाघव के गणित से रवि उदयास्त में कितना फरक है वो देखें ता. ३१-३-१९२४ ई. को पंचाग करता ने अपने पचाग में उक्त दिन रवि उदय ५-५३ रवि अस्त ६-७ और दिन मान ३०-३६ लिखा है जो हमने ग्रह लाघव से गणित करके लायें हैं उन्हों के समान ही हैं. परन्तु तारीख ३१-३-२९ ई. को पचाग में उक्त दिन रवि उदय ६-२४ रवि अस्त ६-२९ और दिन मान ३०-१३ पंचाग करता ने लिखा है. यह कौन से ग्रह लाघव से साधन करके उन्होंने लिखा है ज्ञात होता नहीं यदि कल्पना करें की पंचाग करता ने ग्रह लाघव के गणित से रवि उदय और रवि अस्त अशुद्ध आते हैं तो उन्होंने उसमें शुद्धी की तो अखेर अशुद्ध पंचाग की शुद्धि केवल इतने ही से होना उन्होंने समझा; क्योंकि और कुछ भी सिवाय इसके सूक्ष्म गणित के तुल्य उन्हों के पंचाग में अभी दिखाई दिया नहीं. यह रवि उदय रवि अस्त भी वास्तविक सूक्ष्म से बहुत कुछ स्थूल है.

पंचाग साधन पंच तारा साधन वगैरा सब ग्रह लाघव के गणित मे अशुद्ध आते हैं; जिन्होंसे लोक व्यवहार है. तो एसी आवश्यक वस्तुओं.की शुद्धी छोड इतनी ही क्यों की गई;

इससे ज्ञात होता है की पंचांग करता यह अच्छी तरह समझ चूके हैं की अपना ग्रह लाघव से किया हुवा कुल गणित अशुद्ध है. परन्तु लोक दृष्टि से बचने के लिये सिर्फ इतनी शुद्धी कर लेना अत्यावश्यक है. क्योंकि रवि उदयास्त तो सब कोई के दृष्टि में बहुधा आता है. शिवाय इसके प्रत्यक्ष में ग्रह लाघव के गणित से आते हुए सूर्यग्रहण को नहीं छापना कहां तक योग्य है. और इसी कारण ही शायत पंचांग कर्ता मेरे प्रश्नों का उत्तर देने से इन्कार करते हैं की क्या—यह विज्ञप्ति ता. २३–१०–२९

नीलकंठ मंगल जोशी.

रा० रा० प्रेसिडेन्ट साहेब पंचांग कमेटी इन्दौर

सेवा में.

सा० न० विनन्ती है कि पँच तारा ग्रहण उदय अस्त वक्री मार्गी चतुर्थी कालाष्टमी का चन्द्रोदय आदि सूक्ष्म गणित से लेना यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हो चुका अब इस विषय में मतभेद बिलकुल रहा नहीं. सिर्फ उभय पक्ष को श्राद्धादि धर्म कर्म यथा-रूचि करते आवे इस हेतु से ग्रहलाघवोक्त प्रकार से तिथी बनाकर उसका एक कालम पंचांग मे देना एसा प्रस्ताव उपस्थित हुवा है. परन्तु ग्रहलाघव से जो तिथी साधन करेंगे वे तिथि अशुद्ध होंगी कारण यह है कि ग्रहलाघव का प्रकार अब बहुतही स्थूल होकर अशुद्ध प्रायही है तो वे अशुद्ध तिथिया यदि पंचाग में दी गई तो शुद्ध पंचाग में एक अशुद्धि का दोष रह कर पंचाग कमेटी को यह दोष हटाते नहीं आया क्या ? यह एक लोकापवाद पंचाग कमेटी के उपर आवेगा.

इसके लिये उन ग्रह लाघवोक्त प्रकार से की हुई तिथियों में सूक्ष्म संस्कार देना या नहीं क्योंकि जहांतक रवि, चंद्र और दोनों की गति सूक्ष्म साधन नहीं होंगी वहांतक तिथि भी शुद्ध नहीं मिलेगी और प्रत्यक्ष में दोष दिखते हुए उसका विचार नहीं करते हुवे यही सदोष तिथियां यदि पंचाग में दी गई तो यह बात उपहास कारक होकर पंचाग कमेटी सूक्ष्मता का विचार नहीं कर सकी ऐसा होगा.

यदि तिथियों में आधुनिक सूक्ष्म संस्कार देने से श्राद्धादि धर्म कार्यों मे बाधा आती हो तो अपने प्राचीन सिद्धान्तोक्त प्रकार से रवि, चंद्र साधन करके नलिका यन्त्र वा तुरीय यन्त्र आदियों से रवि, चन्द्र अपने संस्कृत गणित के बराबर आये वा नहीं मिलाकर उस पर से तिथि साधन किया जाय जैसे की ग्रहलाघवकार श्रीमान गणेश दैवज्ञ ने वेधोपलब्ध ग्रहों को करके ग्रहलाघव की रचना की उस मुजब करने मे कमेटी की क्या राय है क्योंकि बीज संस्कार और ग्रहों का अन्तर विना वेध किये ठहर नहीं सक्ता.

यदि वेध करने से जो संस्कार आवें वे देकर तिथि साधन करना तो उसमें परम क्रान्ती प्राचीनोक्त २४ है वो मानना वा आधुनिक सिद्ध २२–२६ है यह मानना वैसे ही रवि चन्द्र के परम मंद फल प्राचीनोक्त लेना वा आधुनिक लेना और त्रिज्या कितनी मानना तथा यंत्रादिकों को बनाने का प्रकार भी प्राचीन गृहण करना या नवीन गृहण करना. कारण यह है कि बिना सूक्ष्म यंत्रो के वेध करना कठिन है. सूक्ष्म संस्कार जो कि आधुनिक विद्वानों ने बडे २ सूक्ष्म यंत्रो से तथा गणित चातूर्य से १०००० त्रिज्या लेकर साधन किये हैं उन्हीं को गृहण करने में धर्मकार्यो में क्या बाधा होगी इस पर विचार होना भी अवश्य है.

इस कमेटी में धर्मशास्त्री भी नियुक्त हैं उन्होंको जोभी गणित विषय समझा नहीं तो भी कौन शुद्ध और कौन अशुद्ध है इतना तो आज तक के फैलाव तथा वादावाद से अवश्य ही समझ चुका होगा कि जो शास्त्र प्रत्यक्ष है और जिसमें वचनात् प्रवृति वचनान्निवृति नहीं है ऐसे शास्त्र में जो उसमें प्रमाण हो वोही गृहण करना अवश्य होता है.

जिस काल में गणित से बाण वृद्धि रसक्षयः होता था उस काल में रविचंन्द्र की जो गति थी उससे वर्तमान काल में भिन्न २ गतियां हैं इसको सिधान्तानुसार कोष्टक बनाकर हम कमेटी में पेश कर चुके है

जहां पर वचन प्रमाण न होते प्रत्यक्ष प्रमाण है प्रत्यक्षंज्योतिषं शास्त्रं चन्द्राऽर्कौयत्र साक्षिणौ तो इस जगह सप्रमाण बचन का प्रमाण देकर प्रत्यक्ष प्रमाण का विरोध करना कहां तक ठीक होगा. धर्म शास्त्र का कर्तव्य इतना ही है कि जो शुद्ध गणित से बनाया हुआ पंचांग हो उस पर धर्मशास्त्रके प्रमाण से वृतादिकों के निर्णय दें और धर्मशास्त्र कारों ने केवल वचन प्रमाण धर्मशास्त्र होने से किसी भी धर्मकार्य में बाधा नहीं आवे ऐसी योजना धर्म शास्त्र में की हैं.

धर्मशास्त्र गृस्थ और शुद्ध पंचाग की तिथी में धर्महानी मानते हैं तो जो तिथी प्रत्यक्ष अशुद्ध होकर जिस काल में जिस तिथी को मानकर श्रद्धादि धर्मकार्य करते हैं उस काल में वह तिथी है ही नहीं तो इससे बडी धर्महानी क्या होगी. यह बात अज्ञान भी जान सकता है.

इन्दौर राज्य का चाडू ग्रहलाघवी पंचाग के कर्ता खुद कबूल करते हैं की ग्रहलाघव अब स्थूल होने से अशुद्ध होकर उस में शुद्धी होना अवश्य है तो उस पर से बना पंचाग धर्म कार्य में कैसे शुद्ध हो सकता है इस का विचार खुद धर्मशास्त्री करें यह वि०

ता० २७-११-१९२९

नीलकंठ मंगल जोशी.

लेखक—ज्योतिर्कुल भूषण पं. नीलकंठ ज्योतिषतीर्थ.

रा० रा० प्रेसिडेन्ट पंचाग कमेटी इंदौर.

सेवाये.

सा. न. वि.वि. गत सभा में ठहरे मुजब में अपना मत निम्न लिखित पेश करता हूं. पंचाग सूक्ष्म और शुद्ध होना अति अवश्य है.

पंचाग साधन वर्तमान कालिक वेधोपलब्ध मद फलादि संस्कार संस्कृत रवि चन्द्र से किया जाय.

पचागस्थ किसी भी रव्यादि ग्रहमें दृक्कर्म संस्कार नहीं दिया जाय.

पंचागस्थ सबही ग्रह सूक्ष्म और स्पष्ट होकर कदम्ब प्रोतवृत्तीय हों.

पंचांगस्थ सबही ग्रह इतने सूक्ष्म स्पष्ट होना चाहिये कि उन्हो में उक्त दृक्कर्म करने से वे वेधमें आवें.

पचाग में ग्रहलाघव की तिथी का कालम देना या नहीं इस बाबद एक पत्र ता. २७-११-२९ को मेने पेश किया है वह देखा जाय.

पंचांगस्थ ग्रहोंको दृक्कर्म संस्कार करके बार २ वेधोपलब्ध करते रहना पंचागकर्ता को अवश्य होकर उस मुजब देते रहना शास्त्रोन्नति का मार्ग है. यह विज्ञप्ति ता ९-१२-२९ ई.

नीलकंठ मंगलजी जोषी
ज्योतिषतीर्थ

लेखक ज्योतिर्कुल भूषण पं० नीलकंठ ज्योतिषतीर्थ

रा० रा० प्रेसिडेन्ट साहेब पचाग कमेटी इन्दौर

यह् वाक्य किम ग्रंथ में लिखा है. इस प्रश्न का उत्तर सांवेटे ने संतोष जनक दिया नहीं और कहा की यह वाक्य किसी ग्रन्थ में भी लिखा तो नहीं है परन्तु सर्व मुखी है याने मैंने लोगों के मुख से सुना है.

इसी सिलसिले में हमारे गुरुजी ज्योतिषाचार्य पं. रामसुचितजी त्रिपाठीजी ने कहा की (वाण वृद्धि रसक्षयः) यह वाक्य वृहद् संहिता में लिखा है उस मुजब गुरुजी के वाक्य प्रमाण समझकर मैंने वृहद् संहिता में देखा तो उसमें इस विषय में जो लिखा है उसकी नक़ल नीचे लिखे मुजब है. वृहद् संहिता पृष्टा ३६ अध्याय २

नाक्षत्रं चन्द्रनक्षत्र भोगः । तच्च कदाचित् पट् पष्टि घटिका भवन्ति
कदाचित् चतुष्पचाशत् । अत्रापि मध्ये संचरति ।
चान्द्रं तिथि भोगः । तस्यापि नक्षत्रवद्नाधिकता ।

एवं उपरोक्त वाक्य से (वाण वृद्धि रसक्षयः) यह वाक्य कुछ सिद्ध होता नहीं इससे तो (रसवृद्धि रसक्षयः) होकर वह भी कदाचित् होना लिखा है.

और वहापर दैनिक रवि गति ५९-० और चंद्र ७९०-० लिखी है जो कि सिद्धान्तों से और सुक्ष्म गणितोक्त गति से भिन्न होना मालुम होता है उसका कोष्टक नीचे लिखे मुजब है.

अ. नं	ग्रंथों के नाम.	दैनिक रवि-गति.	दैनिक चंद्र गति.	सूक्ष्म गतिसे अंतरकलाज्यादा या कमी कोष्टक			
				रवि.	चंद्र.	रवि	चंद्र
१	वृहद संहिता.	५९-०-०-०	७९०-०-०-०	०-३१-०-०	०-२०-०-०	कमी.	कमी.
२	सूर्य सिद्धान्त.	५९-८-०-०	७९०-३४-५२-०	०-२३-०	०-४-५२	कमी.	ज्यादा
३	सिद्धान्त शिरोमणी.	५९-८-१०-२१	७९०-३४-५३-०	०-२२-४९-३९	०-४-५३-०	कमी.	ज्यादा
४	ग्रह लाघव.	५९-८-०-०	७९०-३५-०-०	०-२३-०-०	०-५-०-	कमी.	ज्यादा
५	प्रभाकर सिद्धान्त जिससे यह सूक्ष्म पंचांग बना है.	५९-३१-०-०	७९०-३०-०-०	०-०-०	०-०-०	•	•

इस मुजब रवि चन्द्र के गतियों में फरक होने से सिद्ध होता है की उस (रस वृद्धि रसक्षय:) की कदाचित् प्राप्ति होती है न की आज इस पर कमेटी विचार करें यह विनन्ती.

हमारे सिद्धान्त ग्रन्थो के मूलाङ्को में कितना बीज संस्कार दिया जाय की वह हमारे धर्म शास्त्रसे विरुद्ध न होते हुवे जिसके द्वारा दृगाणितैक्य हो जाय ? इस प्रश्नके उत्तर में विनन्ती है की उपरोक्त प्रश्न के अनुकूल मेरे भी विचार मेरे ज्योतिपाध्यन के वक्त से ही होकर मै सन १९२७ ई. में ज्योतिषतीर्थ की परिक्षा पास हुवा उसके बाद इस कार्य को करने लिये मैंने श्रीमन्त सरदार किबे साहेब डेपुटि प्राइम मिनिस्टर महोदय इन्होकी भेट लेकर विनंती की के मै होलकर स्टेट का वंश परंपरा से आश्रित और राजज्योतिषि घरानेका होकर इसी लिहाज से मैंने ज्योतिष शास्त्र का अध्यायन इस वर्ष पूरा किया होकर अब मेरे को काम करने के लिये मदत मिले वगैरा विनंती पर विचार होकर मेरे को मदत मिली और मिल रही है. और उस मदत के जरिये जो काम मैंने किये हैं वे कुल शोध कर अभिप्रायार्थ कमेटी के तरफ दरबार से आये हैं और उसमें रा. रा. प्रिन्सिपाल आपटे साहेब ने जो कुच्छ अभिप्राय वगैरा भेजे हैं उनका लेखी उत्तर संक्षेप में इस पत्र के साथ पेश करता हू.

मेरे विचार के अनुकूल सिद्धान्त प्रभाकर की रचना होने से पंचांग कमेटी के सब सभासदों से तथा अध्यक्ष से विनन्ती है की इस पंचांग कमेटी के अध्यक्ष पं विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्रीजी ने दश वर्ष असीम परिश्रम करके उपरोक्त प्रभाकर सिद्धान्त अपने सिद्धान्तों में यथोक्त बीज संस्कार देकर बनाया है. और उस पर से उन्होंने प्रभाकर पंचांग कुछ वर्षों के पहले छापे थे उक्त पंचांग की सूक्ष्मता आदि दृग्गणितैक्य को देख कर प्रसन्नता पूर्वक लोकमान्य तिलक और प्रोफेसर नाईक आदि महान् विद्वानो ने अनुभव लेकर उक्त शास्त्रीजी को प्रशंसापूर्वक सार्टिफिकेट दिये होने से मेरा भ्रम दूर होकर उक्त प्रभाकर सिद्धान्त यथोक्त बीज संस्कृत होने से उसके आधार से यह सूक्ष्म गणित का " यशवन्त " पंचांग मैंने बनाया जो वह गणित की कापी समेत पचांग कमेटी की सेवामें पेश करता हूं यह विज्ञप्ति फक्त ता. १९-११-१९, ई.

नीलकंठ मंगलजी जोशी.

नंबर २७ का उत्तर श्रीः पत्र निर्गम संख्या २९
पंचाग कमेटी इंदोर सभा तारीख २४-११-२९ ई०

पंडित रामकृष्ण साठे शास्त्री के आक्षेप के
खंडन के मंडन मे दिया हुवा- धर्मशास्त्रीय उत्तर। याने

सभापति महोदय का संस्कृत पत्र.

अयि सभासद् महोदयाः ! प्रत्याबेद्यतेस्माभि ;

हेतु.

१. योग्य काल ज्ञापनार्थ मेव सर्वत्र तिथिपत्रादीना साधन भवति तदपि धर्मशास्त्रानुकूल मेव विज्ञापितं पूर्व मेवा स्माभि स्तत्रापि "पूर्वाचार्याननुकुरुध्वम्." "धर्मशास्त्रातिक्रमण च मा भूदिति च विचारयन यदि च भाव्ये शुद्ध तिथि पत्रे धर्मशास्त्रातिक्रमणस्या तदा परिशील्यत तदुपायान्" इति वार वारं नोपदेष्टव्यं भवद्भिः।

प्रस्तुत सभा की स्थापना का कारण

अत्रहि सावधाना एव वय, क्रियतेच संशोधनं तिथिपत्रस्य तदर्थं मे वा स्माभिराज्ञया श्रीमन्महाराज होल्कर राज्ये समधिष्ठिताना प्रधान पदाधि रूढाना श्रीमद्वापना साहेबाभिधाना मुतचोप प्रधान पदाधिष्ठिताना श्रीमंत सरदार किबे साहेब महोदयानाम्।

प्रस्ताव के अनुसार बनाये हुये पंचाग स्थूल है

२. पूर्वन्तने काले ऽस्माभि रपि प्राचीन सिद्धान्तरीत्यैव द्वित्रि वर्षेषु पचागानि सम्पादितानि किंचतैर्विगणितेषु रविचन्द्र, गुरुशुक्रो दयास्तादिषु ग्रहणादिपुच दग्गणित निमवाद दृष्ट्वा, मोहमय्या पुण्य पत्तनेच जाना सु पंचाग शोधन-सभासु चगत्वा तत्रोपस्थित प्रस्तावानुसारेण निम्न लिखित संप्रत्ययेभ्यश्च सिद्धांतोक्तान्मूलाकान्परीक्ष्य कालान्तरानुसारं बीज दत्वा तेषां मूलाकाना संशोधनं चास्माभि कृतम्।

ज्योतिःशास्त्र का मुख्य आधार 'वेध' है

३. वेधोप लब्धिरेव प्रमाण ज्योतिःशास्त्रस्येति सिद्धान्तित प्राचीनैर्नव्यैश्च सर्वै र्ज्योतिर्विद्भि। ते प्रत्ययाश्चावलोकनेन बहवः सन्ति। तद्यथाहिनित्यं प्रत्ययस्तु सूर्योदयास्त दिन प्रमाणादिभिः भवत्येव। पर्वान्त प्रत्ययस्तु सूर्यचन्द्रयोर्ग्रहण जगतीतले आबाल वृद्धे स्यो महान्प्रत्ययः दृक्चैनाद्विषये प्राचीन ग्रंथेषु-

ताराग्रहयुतिः, भेदयुति, पिधानयुतिः, नक्षत्र योगकरणादीना सूर्यचन्द्रोदयास्तान्तरेणोपपत्तिः, महापात योगः सूर्यादीना ग्रहाणा छाया गणितागता, एते सप्रत्ययाएव।

इस प्रस्ताव में " अनुकूल (१) पंडित दीनानाथजी (२) पंडित नीलकंठ मंगलजी जोशी (३) प्रोफेसर गोळे ; विरुद्ध (१) पंडित रामसूचितजी सिद्धांतानुसार चाहते हैं (२) पं. रामकृष्णजी शास्त्री धर्मशास्त्रानुकूल होवे तो लेना। (३) पंडित बाळकृष्णजी के मन से यह हो नहीं सकता। पंचांग ग्रह-भूमध्यस्थ को ही स्पष्ट ग्रह कहते हैं और उसी से पंचांग साधन लिखा है। " घ (इस प्रकार बहुमतमें प्रस्ताव पास हुआ)

५ पांचवामुद्दाः—धर्मशास्त्राध्यापक पंडित रामकृष्णजी शास्त्री " साठे " महोदय ने अत्यंत ही आग्रह के साथ मीटिंग में यह प्रस्ताव उपस्थित किया किः—" आपके मतानुसार तिथि में १० घडी का क्षय होवे तो धर्मशास्त्रानुसार श्राद्धादि कार्यों में बाधा आती है क्या। वास्ते इसका निर्णय होना आवश्यक है। "

इस प्रस्ताव के समर्थन में ज्योतिषाचार्य पंडित रामसूचित त्रीपाठी कहने लगे कि- "यदि पंचांग के सब ही विभाग दृक् प्रत्यय से बनाना चाहते हैं तो आर्ष सिद्धांतका विरोध होने से, धर्मशास्त्र का विरोध होता है; इसलिये मुझे मान्य नहीं है। " इत्यादि २ बातें लिखकर लेखी पत्र नं. २३ पेश किया। इसी सिलसिले में श्रीयुक्त साठे शास्त्रीजी कहने लगे कि– " बाण वृद्धि रसक्षयः " में बाधा आती हो तो हमें ऐसी शुद्धि मान्य नहीं "

इस प्रमाण के संबंध में उनसे प्रार्थना की गई कि प्रमाण के साथ कृपया ग्रंथ का नाम, प्रकरण, पृष्ठ, पंक्ति और वक्तव्यानुसार प्रसंगपूर्ण उदाहरण सहित विवरण लिखकर दीजिये। साठे शास्त्रीजी के पत्र नं. २९ से स्पष्ट हो जाता है कि " बाण वृद्धि रसक्षयः " यह वचन किस ग्रंथ का और कहा पर है इसे वे प्रमाणित नहीं कर सके।

" घ " यह कथन श्रीमन्त होम मिनिस्टर साहब के समक्ष कहा गया है।

इस प्रश्न को महत्व देने का दूसरा यह भी कारण है कि यही मुद्दा बंबई, पूना, आदि की अनेक सभाओं में उपस्थित किया गया था, तथा कुछ ग्रंथों में इसका अस्तित्व बतलाने का प्रयत्न किया जाने पर भी उन सभाओं में इस प्रश्न की ओर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। अतः इसके संबंध मे शास्त्रीय रीत्यानुसार अन्वेषण होजाने से कई वर्षों से उलझन में पडे हुए विवादग्रस्त प्रश्न का भी निर्णय होजायगा।

अध्यक्ष (पं. दीनानाथ शास्त्री चुलेट) महोदय ने अपने हिन्दी पत्रों में इसी मुद्दे पर वास्तविक प्रकाश डालने के लिये वैदिक काल से लेकर श्रुति, स्मृति, भारत, पुराण और अनेक कालमाधवादि शास्त्रीय ग्रंथों के प्रमाणों से निर्णय कर यह निश्चित रूप से सिद्ध कर दिया कि " वैदिक काल से लगाकर आज तक ऐसा ही पंचांग बनाया जाता था " जैसा शुद्ध पंचांग निर्माण करने की योजना यह कमेटी कर रही है।

(" इसके नीचे का मजमून प. रामसूचितजी त्रिपाठी ज्योतिषाचार्य और श्रीयुत साठे शास्त्रीजी के मतानुसार शास्त्र सिद्ध नहीं है।) " च

क्योंकि बोधायन आदि ऋषियों के द्वारा बतलाये हुए तेरह और सत्रह दिन के पक्ष को देखते " बाण वृद्धि रस क्षयः " के स्थान में " अकवृद्धिर्देस क्षयः " ही निस्सन्देह सिद्ध होता है।

इस संबंध में " पंडित बालकृष्णजी का कहना है कि " १३ दिन का पक्ष ज्योतिशास्त्र में शुभकार्य के लिये वर्ज्य है। १७ दिन का पक्ष २-३ हजार वर्ष में भी देखने में नहीं आया। " छ

" किन्तु बोधायन और आपस्तंब आदि आर्ष ग्रंथों में १३ और १७ दिन का पक्ष अन्वाधान में निषिद्ध लिखा है वह सूक्ष्म गणित के पंचांगों में मिलेगा। स्थूल गणित के पंचांगों में नहीं। " ऐसा पंडित दीनानाथजी ने कहा।

इत्यादि २ विवादों के निर्णय में सभा की ९, १०, ११, १२, १३, १४, वीं सभा हुई। [इन सभाओं में निर्णीत विषयों पर शास्त्र के आधारों के लेख अध्यक्ष, साठे शास्त्री और त्रिपाठीजी के हस्ताक्षर सहित रिपोर्ट में ज्योंके त्यों अंकित हैं] इसके पश्चात अध्यक्ष महोदय ने संस्कृत और हिन्दी में एक बडा पत्र निकाल कर इस विषय का स्पष्टी करण विस्तार पूर्वक कर दिया है।

साठे साहेब का यह प्रस्ताव २ विरुद्ध मत से वैसा ही रह गया। पश्चात् प्रो० गोखे साहेब ने यह उपसूचना उपस्थित की कि;

"च" और "छ" यह कथन श्रीमन्त होम मिनिस्टर साहेब के समक्ष कहा गया है।

यद्यपि सूक्ष्म गणित से 'अंक वृद्धिर्दसक्षय:' ही का मान आता है और इसी प्रकार जो सूक्ष्म तिथियां आवें वह पंचांग में देना जरूरी है; तो भी ग्रहलाघव की स्थूल तिथि का फिल हाल (जब तक की मध्यम तिथि के एक सुलभ क्यालेंडर की योजना न होसके तब तक) कायम देदिया जावे।

(प्रोफेसर साहब की सूचना)

तिथि के विषय में आपने एक अति महत्व की उप सूचना करी कि (जैसा कोर्ट में मुकदमे की तारीख लगाने, या (पगार) तनखा बांटने की तारीख मुकर्रर करने, अथवा हुंडी चिठ्ठियों का ठीक दिन के हिसाब से व्याज जोडने आदि) कई दिनांतर जन्य कार्योंमें अभी हमारा पंचांग क्यालेंडर (Calender) की तरह आसान-उपयोग; तिथियों के लिये नहीं पहुंच सकता।

यदि महिनों के सिर्फ नामाभिधान के लिये मध्यम चंद्र से निकली हुई; यानि जिसमें ० वृद्धि और ० क्षय हो और उसमें सूर्य और चान्द्र मास का मेल मिलाने के लिये किसी निश्चित तिथि का (महिने के आरंभ या अंत में) क्षय; प्रति दो दो मास के हिसाब से नियम बांधकर उसी तरह निश्चित किये लीप ईर्ष (Leap year) की तरह (समान) कोई आसान व पूर्व निश्चित व सर्व साधारण को गम्य ऐसी योजना कर दी जावे तो मुझे विश्वास है कि समस्त भारतवर्ष में अपनी यह योजना; आदर्श रूप धारण कर लेवेगी।

इस योजना को गणित से उत्तम प्रति की बैठाने के लिये, हमारे विद्वान गणितज्ञ अध्यक्ष महाराज एवं कमेटी के अन्य सभासद बना सकते हैं; अतः होल्कर की माननीय सरकार ऐसे उपयुक्त तिथि मान को कमेटी द्वारा बनवाने पर ध्यान पहुंचावेगी। ऐसी आशा रखता हूं।

उपरोक्त पाच मुद्दों का निर्णय और प्रो. गोले साहब की उप सूचना दिखाई है। और आदि से अंत की मीटिंग तक का समस्त व्योरा प्रत्येक सभाओं के अनुक्रम से रखा गया है। जो साथ में प्रेषित है। " ज

ज " उपरोक्त मजमून हाजर सभासदों को पढकर सुनाया गया और उन्होंने जो कुछ कहा वैसी सुधारणा प्रश्नों प्रश्नोत्तर से लिखी गई। यह ज्योतिषी बालकृष्णजी के पास भेजा जावे और उनकी भी अनुमति सामिल करली जावे " (माधवकृष्ण किबे) ज्यो० "बालकृष्णजी की अनुमति उनके पत्रोंके साथ सामिल करली गई है।" सम्पादक-

उपरोक्त मुद्दों का सूक्ष्म रीति से विवेचन करके निम्नांकित निर्णय किया गया।

सभापति का किया हुआ अंतिम निर्णय

१. जबकि प्रो. गोळे साहेब स्पष्टतया मान्य कर रहे हैं कि:—* ' काल गणना के मूल मान जोकि आरंभ स्थान, अयनांश, और अयन गति, परम फल, तथा परम क्रांति इत्यादि बातों मे मैं आपसे सहमत हु ' तिथि मान किम गणित से लेना इसमें मेरा कहना नहीं वह चाहे किसी भी मान के हों किंतु होवे दृक् प्रत्यय युक्त।

२. वैसेही ज्योतिषाचार्य पंडित राम सूचितजी त्रिपाठी स्पष्ट कह रहे हैं कि + ग्रह लाघव बहुत स्थूल होने से उस पर से पंचांग योग्य नहीं।

३. इसी अनुसार तीसरे सभासद पं. बालकृष्ण जोशी प्रचलित पंचांग कर्ता भी इस बात को स्पष्ट तया मान्य कर रहे हैं कि:-× " मध्यम ग्रहों में अभी जितना अंतर आता हो उतना बीज संस्कार कमेटी में जो ठहर जाय वह वेधोपलब्ध करने की क्रिया आगे लिखी हो वह वेधतुल्य होने से ठीक होगा। "

४. इसी प्रकार प.ज्यो. नीलकंठ शास्त्री ज्योतिषतीर्थ अंतः करण पूर्वक मान्य कर रहे हैं कि § पचांग स्थित ग्रहों को दृक् कर्म संस्कृत करके बार बार वेधोपलब्ध करते रहना, पंचांग कर्ता को आवश्यक है। और उस मुताबिक होते रहना ही शास्त्रोन्नति का मार्ग है

५. इसी प्रकार पाचवे सभासद धर्मशास्त्राध्यापक पंडित रामकृष्ण शास्त्री साठे के दिये प्रमाणों से ही जबकि अंकवृद्धिर्दस क्षय. ही का मान सिद्ध होता है।

ऐसी समस्या में कमेटी के सभी सभासदों का मत इस ओर एक साथ ही झुक रहा है कि प्रचलित ग्रहलाघवीय पंचाग स्थूल है। और उस स्थूलताको शीघ्राति शीघ्र शुद्ध और सूक्ष्म बनाने की आवश्यकता का ताजा नमूना यह है कि प्रचलित पंचांग कर्ता ने ग्रहलाघवीय मान के रवि का उदयास्त और दिनमान को त्याग कर गत पांच वर्षों से जो

---

* तथा प्रो० गोळे साहब का पत्र नंबर २८ पृष्ठ १४२ देखो.

\+ पत्र नं. ४२ पृष्ठ ३६ पंक्ति ७ देखें.

× पत्र नं. २४ पृष्ठ १४२ ज्यो० बालकृष्णजी के पत्र पृष्ठ १४२।४३ देखें.

§ अभिप्राय ज्यो० तो० नीलकंठ जोशी का ता० ९।१२।२९ का पत्र पृष्ठ ६० पंक्ति १४।१५ में पत्र न. ३८ देखें

सूक्ष्ममान के दिनमान आदिका स्वीकार किया है; इतना ही प्रमाण पंचांगशुद्धताकी परमावश्यकता बताने के लिए पर्याप्त है। अतः इस विषय में मेरी नम्रभाव से सूचना है कि केवल रवि के उदयास्त और दिनमान ही को ठीक जोड देने से काम नहीं चल सकता। इसलिये हम को तो सर्वांग ही सूक्ष्मगणित का पंचांग बनाना चाहिये।

क्योंकि उत्तम समय में किये धर्मानुष्ठान तीर्थ, वृत, उपवास, जन्म, उपनयन, विवाहादि संस्कार व श्राद्धादि कुल बातें (ठीक ठीक समय में होने ही से) योग्य फल की सिद्धि को प्राप्त कर सकती हैं। अन्यथा नहीं। इसलिये कमेटी के पास सरकार की आज्ञा से 'पं० नीलकंठ शास्त्री का तयार किया पंचांग' जो पेश हुआ है वह चुलेटकृत प्रभाकर सिद्धांत के आधार पर बना होने से वह श्रुति सम्मत है। और अपने को जितनी शुद्धियां आवश्यक हैं, वे सब पूर्ण कर पंचांग सर्वांग परिपूर्ण कर दिया है। और वह कॉपी बिलकुल तैयार (कंप्लीट) है अतः-

शास्त्रीय दृष्टिसे एवं कमेटी के बहुमत से संवत् १९८७ शके १८५२ से सूक्ष्म गणित का चुलेटकृत प्रभाकर सिद्धांत के आधार पर बना हुआ श्रुति सम्मत पंचांग ही प्रतिवर्ष छापना अवश्य है। ऐसी हमारी पूर्ण राय है।

भवदीय,

विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट.
अध्यक्ष पंचांग प्रवर्तक कमेटी इन्दौर
विश्वनाथ गोपाळ गोळे.
नीलकंठ मंगलजी जोशी.

पं. कमेटी जा. नं. ५० श्री. ता. १३-१-३० ई.

पंचांग प्रवर्तक कमेटी की रिपोर्ट का परिशिष्ट (अ)

प्रोफेसर साहब का अंतिम निवेदन.

लेखक रा० रा० प्रोफेसर विश्वनाथ गोपाळ गोळे.

इन्दौर दरबार नियुक्त पंचांग कमेटी के अध्यक्ष महोदय श्रीयुत पं० दीनानाथ शास्त्री चुलेट इन्होंने कमेटी का रिपोर्ट पेश करते हुवे कमेटी के सब सभासदों का तथा अन्य सज्जनों का अभिनंदन किया है यह योग्य ही है। किन्तु कमेटी के कार्य में भारी परिश्रम खुद अध्यक्ष महोदय ने ही किया है इसलिये कमेटी के सब सभासदों के ओर से उनका अभिनंदन इस पत्रद्वारा करने में मुझे बहुत हर्ष होता है। प्रत्येक सभासद जो जो शंका

अगर पृच्छा करते रहे उसका पूर्णतया और विद्वत्ता पूर्वक समाधान करना, बने जब तक सबको अपना अपना मत प्रतिपादन करने की संधि देना, उनमें एक वाक्यता करने का प्रयत्न करना, इत्यादि बहुमूल्य गुण जो अध्यक्ष महोदय ने अपने बर्ताव में दिखाये हैं उनके लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

किन्तु यह बडी खेदकी बात है कि हम सब सभासद एक मत से रिपोर्ट पर सही न कर सके। अध्यक्ष महोदय ने अपना मत समझाने में कोई बाकी न रखी। मगर मुझे अफ़सोस के साथ लिखना पडता है कि बाकी के सभासदों ने न तो दिलचस्पी से उनका मत समझा. और न उनके मतका जोरसे विरोध करके अपना कोई निश्चित मत प्रतिपादन कर सके वैसेही उन बातों के पुष्ट्यर्थ न वे सूक्ष्म दृष्टप्रद गणित करके अन्य सभासदों को समझाने की कोशिस कर सकें।

अन्त में इन्दौर दरबार से मेरी यह प्रार्थना है कि आज करीब करीब पांच महीने से अध्यक्ष महोदय पंडित दीनानाथ शास्त्रीजी ने दिनरात परिश्रम करके जो क्लिष्ट गणित के सेंकडों कागज तयार करके सभामें पेश किये हैं, और साथ में सभा के रिपोर्ट का एवं कुल सभाओं का प्रोसिडिंग व पत्र व्यवहार का एव लेखन कार्य का बोझा सिरपर उठाया है उसका आर्थिक मोबदला आशा है दरबार उन्हें जरूर दिलावेगी।

पंचांग प्रवर्तक कमेटी की रिपोर्ट में बताई हुई यथायोग्य निर्णीत शुद्धियां और उसका उपयोग अब आगे पंचांग में सरकार मान्य करेगी ही यदि न भी करी तो अभी तक उन्होंने जो दरबार के हुकुम से अत्यन्त परिश्रम के साथ कमेटी की इतनी सभायें बुलाकर प्रतिदिन करीब करीब पाच-छ घंटे का अपना अमूल्य समय इस कार्य में लगाया है उसका यथायोग्य पारितोषिक; प्रति सभाके हिसाब से (चाहे बाकी के सभासदों को कुछ भी न दिया जाय तोभी) अध्यक्ष महोदय को मिलना बहुत न्याय है।

क्योंकि जोभी प्रत्यक्ष पंचाग साधन गणित में मैं अनभिज्ञ हूं तोभी इसमें मुझे संदेह नहीं है कि शुद्ध और सूक्ष्म पचांग बनाने का समस्त गणित अध्यक्ष महोदय ने (अपने सुपुत्र पंडित गोपीनाथजी की सहकारिता से) स्वयं अपने ही पद्धति से किया हुवा है (Original and not copied) और रिपोर्ट के साथ जोडे हुऐ बहुत से कोष्टक सारणी व आलेख (figures, tables and graphs) ऐसे हैं कि केवल इन्दौर के लिये ही नहीं वरन उनके छपजाने से वे समस्त भारतवर्ष में बहुत उपयोगी होंगे। इसलिये अध्यक्ष महोदय को हार्दिक धन्यवाद देते हुवे सविनय निवेदन करता हू कि मेरा यह पत्र भी रिपोर्ट के साथ दरबार में भेज दिया जावे तारीख १२ जनवरी १९३० ई.

भवदीय नम्र

विश्वनाथ गोपाळ गोळे

प्रोफेसर, होल्कर कॉलेज.

इंदोर. ता. १३-१-३० ई.

जा. नंबर ४९ पंचाग प्रवर्तक कमेटी इन्दौर. ता. १३-१-३०

पंचांग प्रवर्तक कमेटी की रिपोर्ट का परिशिष्ट (घ)

कमेटी के कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन।

(लेखक विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट.)

१ अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज उन्नतिशील संसार के उत्क्रान्ति युग में श्रीमंत महाराजा होलकर की माननीय सरकार की दृष्टि पंचाग शोधन की ओर आकर्षित हुई है। इसके लिये कमेटी माननीय होलकर सरकार को शतशः धन्यवाद देती है।

२ इसके अनंतर कमेटी के आरंभ के ता. २५-९-३१ ई. के दिन से अंतिम सभा ता. ९-१२-२९ की पंदरवीं सभा तक हमारे प्रभाकर कार्यालय के सेक्रेटरी चिरंजीव पंडित गोपीनाथ शास्त्री चुलेट ने प्रत्येक सभा के सदस्यों के बाद विवादों का संक्षिप्त ब्योरा (प्रोसिडिंग) लिखने गणितादि व लेखादि में कई प्रकार की सहकारिता पहुंचाने; एवं कमेटी के स्फुट कार्य करने तथा वृतान्तों को व्यवस्थित लगाने आदि के कामों में सेक्रेटरी की भांति सुचारु रूप से काम किया है। इसलिये सभा की तरफ से उनको धन्यवाद देते हैं।

३. इसी प्रकार रा. रा. मल्हार गोपाळ सुपिरन्टेन्डेन्ट साहेब पि. ए. व चारिटेबल ने इस कमेटी को आवश्यक स्टेशनरी सामान प्रदान आदि कार्य करने की जो कृपा की है; उसके लिये यह कमेटी उनको सहर्ष धन्यवाद देती है।

४. इसी तरह इस कमेटी के पहिले सदस्य श्रीमान् होलकर कॉलेज के प्रो. रा. रा. विश्वनाथ गोपाल गोले ने प्रत्येक गणित के विषय को जिसको कि वे अच्छी तरह जानते थे ऐसे विषयों के हर रीति से जानने की एवं बार बार समयानुसार हमसे गणित रीत्या समझने में अभिलाषा दिखाने की कृपा की है। और उसको नाटिकल-चेम्बर्स टेबल-इत्यादि साधनों से जाच जांच कर प्रस्तावों पर सम्मति प्रदान करने की कृपा की है। इसलिये यह कमेटी उनके जांचने के परिश्रम की तारीफ करते हुए गोले साहब को हार्दिक धन्यवाद देती है।

५. इसी अनुसार दूसरे सदस्य ज्योतिष विद्यालय के अध्यापक श्रीमान् ज्योतिषाचार्य प. रामसुचितजी त्रिपाठी ने ज्योतिष के संबंधी मन्दगति-मन्दफल-अयनांश-वर्षमान अयनगति इत्यादि विषय गणित के कई प्रकारों से समझने की एवं उसका ऐश्वर्य आग्रह छोड अंत में सत्य को स्वीकार करने की कृपा की एतदर्थ यह सभा उनका गौरव करती हुई सहर्ष धन्यवाद देती है.

६. इसी प्रकार तीसरे महानुभाव चालू पंचांग कर्ता पं. बालकृष्ण केशव जोशी ने पांच वर्ष से स्थूल मानके रवि के उदयास्तकी स्टैंडर्ड टाइम् और दिनमान को बनाना त्याग कर सूक्ष्मता का अवलंब किया है। इसके लिये यह कमेटी उन्हें बधाई देती है। और समय समय पर ग्रहगणित इत्यादि के मानोंको तथा हमारे बनाए हुए प्रभाकर सिद्धान्त के परिमाणों को भी जाँचते रहे इसलिये यह सभा उन्हें प्रेम पूर्ण धन्यवाद देती है।

७. इसी तरह चौथे सदस्य सूक्ष्म पंचांग के कर्ता ज्योतिर्कुल रत्न पं. नीलकंठ मंगलजी ज्योतिषतीर्थ ने गहरा परिश्रम कर हमारे प्रभाकर सिद्धान्त के आधार पर एक सूक्ष्म पंचांग बनाकर कमेटी में प्रदान किया है, और सूक्ष्मता के मान जैसा कि अयनांश वर्षमान इत्यादि सूक्ष्म ही मान्य करने की कृपा की है। अतः यह कमेटी प्रेमान्तःकरण से उन्हें धन्यवाद प्रदान करती है।

८. इसी रीति से पाचवे सदस्य धर्मशास्त्राध्यापक श्रीमान् रा. रा. पण्डित रामकृष्णजी साठे ने धर्मशास्त्र के आधार से आज कल सूक्ष्म पंचांग के तिथि में लोगों की क्या मनोभावना होती है; इसका विचारमय प्रस्ताव खड़ा करने की कमेटी पर बडी अनुकंपा करी है। क्योंकि यह पाचवा प्रस्ताव खडा न करते तो संभव था लोगों की समजूत होजाती कि कमेटी ने, तिथि के और ध्यान ही नहीं दिया किंतु इन्होंके मुद्दा खड़ा करने ही कि कृपा हुई की इतना महत्व का मुद्दा हल होगया। क्योंकि जो कार्य अन्य मुबंई-पूना इत्यादि सभाओं में हल नहीं हुवा था वह यहां हल होगया। अतः कमेटी की और से हम उन्हें अन्तः करण पूर्वक सहर्ष धन्यवाद देते हैं।

९. इसी प्रकार मऊ निवासी पं मूलचन्द्रजी शर्मा एवं हमारे होनहार विद्यार्थी पं. हरिराम शर्मा यह प्रत्येक मिटिंग में बराबर आते रहे इतना ही नहीं वरन मेरे लिखे गणित के कोष्टक सारणी आदि की नकल करने, और पत्र आदि को समय समय पर कमेटी के सदस्यों के समीप पहुंचाने लाने का कार्य, अत्यंत उत्साह पूर्वक किया, इसलिये यह सभा इनको धन्यवाद देती है।

१०. इसी प्रकार मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिती के उपमंत्री पंडित शिवसेवकजी तिवारी ने अपने अमूल्य समय को व्यय करके इस कार्य में जो बहु मूल्य सहायता अंतिम रिपोर्ट के हिन्दी भाषा संशोधन में दी है; एतदर्थ यह सभा उनको धन्यवाद देती है।

भवदीय,

दीनानाथजी शास्त्री चुलेट.
विश्वनाथ शास्त्री गोळे.
नीलकंठ मंगलजी जोशी.

जा. नं. ४८ पंचांग प्रवर्तक कमेटी. ता. १३-१-३०

श्रीमन्त होलकर सरकार की सेवामें भेजा हुआ धन्यवादयुक्त अंतिम निवेदन.

रा. रा. सेक्रेटरी साहब होम डिपार्टमेंट,
होलकर सरकार इन्दौर.

प्रिय महाशय !

अनेक राम राम के पश्चात आपका पत्र नं. $\frac{९६९७}{७००० H २८}$ इसवी का प्राप्त होने पर रा. रा. माननीय होम मिनिस्टर साहब की सेवामें उपस्थित करने के लिये निवेदन है किः—

आज्ञाऽनुसार कमेटी का कार्य सम्पन्न करके उसके निष्कर्ष की रिपोर्ट साथमें प्रेषित है। उसके अवलोकन से ज्ञात होगा कि लोकप्रिय श्रीमान् प्राइम् मिनिस्टर साहब के मनोनीत किये हुए कमेटी के विद्वान सदस्यों ने बडी तल्लीनता और गंभीरता के साथ वाद-विवाद करके, अन्त में इस निर्णयपर पहुँचे हैं; कि प्रचलित पंचाग के सुधार की आवश्यकता है। और उसके सुधार के लिये सूक्ष्मगणित का आश्रय लेना आवश्यक है। तथा उस के लिये आगे सूचित किये जाने वाले साधनों की भी अत्यन्त आवश्कता है।

मुझे यह लिखने में बडी प्रसन्नता होती है, कि होलकर राज्यकी अनेक विशेषताएं भारत में हा नहीं वरन समस्त जगत में प्रसिद्ध हैं, और उस राज्य से अब तक पंचांग का प्रकाशित होना भी एक विशेषता ही है; परन्तु उसकी त्रुटियों के सुधार के लिये इस समय के पश्चिमीय विकारों की चकाचौंध में भारतीय शास्त्रियों को गणित ऐसे क्लिष्ट विषय में श्रेय देने के लिये जो कृपा की गई है, उसके लिये भविष्य बतलावेगा कि माननीय " होलकर सरकार " महाराजा जैसिंह की भांति वेधशाला आदि स्थापन कर ज्योतिष के शोध से सदा यशस्वी रहेगा। अस्तु

आजकल जो पंचाग बनाए जाते हैं वह तथा इस राज्य से प्रसिद्ध होने वाले प्रस्तुत पंचांग; ग्रहलाघव के आधार पर स्थूल मान से बनाए जाते हैं। स्थूल शब्द ही बतलाता है कि उस गणित में पूर्ण वास्तविकता नहीं है, और थोडी देर के लिये मान भी लिया जावे तो ग्रह लाघव जो शके १४४२ में बना था कितना पुराना ग्रंथ है। और ग्रह लाघव के पढने से ही स्पष्ट हो जाता है कि पुराने ग्रंथों के आधारपर किये गए गणित में जब अन्तर पडने लगा, तो ऋषि प्रणित ग्रंथों के आधार पर ही पडनेवाले अन्तर को दूर करके सूक्ष्म गणित करने की इस ग्रंथ में योजना की गई है। और इस के देखने से यह भी पाया जाता है कि, ग्रह लाघव बनाने वाले गणितज्ञ शिरोमणि, गणेश दैवज्ञ को कुछ वर्षों के पश्चात् अनुसन्धान करने पर ग्रहगणित में पुनः अन्तर ज्ञात हुआ था, जो उन्होंने स्वयं लिख देने की कृपा कर दी है। ऽ

(रिपोर्ट पृष्ठ ११ कलम २१ देखिये)

अब विचार करने की बात यह है कि, जब श्री गणेश दैवज्ञ के समय में ही अन्तर आगया था तो अब तो ग्रह लाघव को बने ४०९ वर्ष के निकट हो गए हैं, तब अन्तर पडना संभव ही नहीं, आवश्यक है। और प्रसन्नता की बात है कि इस बाबत भारतवर्ष में जहा तहा उद्योग भी हो रहा है।

हमारे ऋषियो ने प्रत्येक शास्त्रों को इस विधि से पूर्ण करने की कृपा की है, कि उसके आदेशानुसार हम उस शास्त्र में समयोचित सुधार करते जावें, तो किसी प्रकार अन्तर न पडे।

इसी नियमानुसार इस कमेटी में पाच प्रस्ताव पास किये गए है कि जिसके अनुसार शास्त्र शुद्ध सूक्ष्मगणित का दृक्प्रत्यय कारक श्रीमन्त महाराजाधिराज श्री सर तुकोजीराव महाराज द्वितीय के आदेशानुसार पचाग बन सके * और वह धर्म शास्त्र सम्मानित होवे।

एक ही साल का पचाग शोधन करना और बात है किंतु इस कमेटी ने ऐसा महत्व का कार्य करके बताया है कि इस पद्धति से साधारण ज्योतिषी भी इसमें के कोष्टकों के सहारे केवल ग्रहलाघव पर से भी शुद्ध पचाग बना सके।

सूर्य सिद्धान्त को चालन और सिद्धान्त प्रभाकर के अनुसार ग्रहलाघव को भी चालन देकर शुद्ध सूक्ष्म पचाग बनाने के समीकरण (सारणी) कोष्टक वगैरे मैने ही कुल काम किया है लेकिन इस काम को करने का अवकाश सभी सभासदों को एवं विशेषतया ज्योतिः शास्त्राचार्य और धर्मशास्त्राचार्यजी को मिलन के लिये–" हमारे सिद्धान्त ग्रंथों के मूलांकों में कितना बीज संस्कार दिया जाय कि वह हमारे धर्मशास्त्र से विरुद्ध न होते हुए जिसके द्वारा दृग्गणितैक्य हो जाय " × ऐसा प्रश्न तारीख १०-११ २९ के प्रथम पत्र में ही मैने लिख दिया था। और इस विषय मे प्रोफेसर गोळे साहब + ज्यो. ती. पं. नीलकंठ जोशी A और रा. ज्या प. बाल्कृष्ण जोशी B इन्होंने अपनी सम्मति भी देदी है। किंतु ज्योतिःशास्त्राचार्य प. रामसुचित्तजी त्रिपाठी और धर्मशास्त्राचार्य प. रामकृष्णजी साठे महोदयों का ओर फेरक विरोध के तर्क ही झुका हुआ A देखकर फिर दूसरी बार सूचित किया कि " ग्रहण इत्यादि में भी क्यों न हो! किंतु क्या बीज संस्कार उसमें देना इस आशय का जो ता. १९-११-२९ को प्रश्न भेजा था उसका शीघ्र ही उत्तर

---

* रिपोर्ट पृष्ठ १७ कलम ३२ में सवत् १९६० के साल के पंचाग की प्रस्तावना देखिये
× रि. पृष्ठ १४२ में श्री राजज्योतिषी प. बालकृष्णजी के पत्र के आरंभ की कालम देखिये
+ रि. पृ. १५४ पंक्ति ५-१० में प्रोफेसर साहब का अभिप्राय देखिये।
A रि. पृ. ६२ पक्ति १५-२४ में ज्यो. ती. पं. नीलकंठ जोशी का पत्र देखिये।
B रि. पृ. १४१ पंक्ति ४-१० में रा. ज्यो पं. बालकृष्ण जोशी का पत्र देखिये।
A रि. पृ. २४, २८-३२, ४३-४७ में शास्त्री द्वय के पत्र देखिये।

लिख भेजें। " + तथापि अन्यान्य प्रश्न करने के अतिरिक्त सभा के अंत तक भी कितने अंकों का किसमें किस प्रकार बीज दिया जाय, इसका उत्तर न आया। तथापि इनके प्रश्नों के उत्तर देने में ज्योतिःशास्त्रीय S व धर्मशास्त्रीय हिन्दी पत्र + पृष्ठ ३१ का संस्कृत पत्र A और करीब ५० पृष्ठ मे पंचांग शोधन के मूलतत्व B आदि लेख लिखने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इसमें यह अत्युक्ति न होसकेगी कि आज तक भारतवर्ष में हजारों रुपिये लगाकर कई सभाएं हुई कई रुपियों के पारितोषिक की घोषणा की गई किंतु किसी भी सभा में मूल सिद्धांत ग्रंथों की अपेक्षा ग्रहलाघव कितना शुद्ध है और उसमें कितना चालन देने से उसके द्वारा सूक्ष्म दृक्प्रत्यय गणित का पंचांग बन सकता है यह कार्य निश्चित रूप से एवं धर्मशास्त्रीय वैदिक ग्रंथों के आधार से आज तक कहीं भी पूर्ण न होसका था वह कार्य विद्याविलासी इन्दोर सरकार की कमेटी ने पूर्ण करके दिखा दिया है यह हमारे सरकार की कुछ थोडे गौरव की बात नहीं है।

किंतु इतने से ही पंचांग वाद मिट नहीं सकता उक्त कार्य तो नमूना मात्र है अभी इसके लिये सूर्य सिद्धान्तादि १८ सिद्धांत ग्रंथों की सदृश प्रत्यक्ष वेधसिद्ध मान से मिलता हुआ (१) सिद्धान्त ग्रंथ, (२) करण ग्रंथ और सारणी ग्रंथ (टेबल बुक Tables Book) यह तीन ग्रंथों के निर्माण की बडी आवश्यकता है। यदि ये बनवा लिये जावें तो केवल इन्दौर के ही पंचांग को शुद्ध करने के लिये नहीं वरन समस्त भारत वर्ष के लिये अत्यन्त उपयोगी होंगे।

मेरा तो नम्रता पूर्वक यह भी दावा है कि हमारे ग्रंथों के आधारसे बने पंचांगमें दो मिनिट तक का अंतर न होते हुए उक्त ग्रंथों का मान जगत् प्रसिद्ध ग्रिनविच की वर्तमान वेधशाला से बने हुए नाटिकल आलमनाक से ठीक ठीक मिल सकेगा। इतना ही नहीं तो भारत के उन ऋषियों की योग्यता का भी अनुमान हो सकेगा कि जो हजारों लाखों वर्ष से प्रत्यक्षदर्शी की भाँति किस प्रकार के उत्तम पंचांग बनाते आए हैं।

माननीय होलकर सरकारने हमारे परिश्रम के लिये विचार करने का भी आपके पत्र द्वारा आश्वासन दिया है।

+ रि. पृ. २७ में विशेष सूचना देखिये।
S रि. पृ. २५-२७ व ३३-३५ सभापति का ज्योतिःशास्त्रीय उत्तर देखिये।
+ रि. पृष्ठ. ३७-४३ व ४७-५४ सभापति का धर्मशास्त्रीय उत्तर देखिये।
A रि. पृ. ६३-९३ सभापति का संस्कृत पत्र देखिये।
B रि. पृ. ९४-१४१ में पंचांग शोधन के मूलतत्व देखिये।

जिस लोक प्रिय होल्कर सरकार का इतने आवश्यक कार्य के लिए ध्यान आकर्षित हुआ है, उससे हमारे लिये आश्वासन की भी आवश्यकता न थी। हम ऐसों का सम्मान सदा से ही धर्म प्रिय और गुण ग्राही राज्यों से ही होता आया है।

विशेष बातें आपको मेरी रिपोर्ट और तत्संबंधी पत्रों से ज्ञात होगी।

अन्तमें निवेदन केवल इतना ही है, कि उपरोक्त महत्व पूर्ण तीनों ग्रंथ सुयोग्य विद्वानों द्वारा ही तयार कराए जावें। इस अनुपमेय कार्य के लिये मैं अपनी और कमेटी की ओर से माननीय होल्कर सरकार का अभिनन्दन करता हू।

मैं यह निवेदन कर देना भी आवश्यक समझता हूं कि कमेटी के विद्वान सदस्य की भांति मुझे प्रभाकर कार्यालय के सेक्रेटरी ज्योतिर्भूषण पं. गोपीनाथ शास्त्री चुलेट से भी बहुमूल्य सहायता मिली है। सच बात तो यह है, कि यदि पं. गोपीनाथ चुलेट से पर्याप्त सहायता न मिलती तो मैं अकेले इतने शीघ्र यह कार्य समाप्त न कर सकता। शुभमिति।

भवदीय,

विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री,

" अध्यक्ष पंचांग प्रवर्तक कमेटी इन्दौर. "

परिशिष्ट

अथात्

पंचांग शोधन संबंध के लेख और पत्र व्यवहार,

जो लेख व पत्र व्यवहार उक्त पंचाग कमेटी के सभाओंके अंतर्गत हुआ नहीं है। किन्तु पचाग शोधन कार्य से उसका संबंध है। और उसके प्रकाशन से पंचाग वाद के ऊपर प्रकाशडाला जासकता है। ऐसे लेख पत्रों को छपवाकर उक्त रिपोर्ट के साथ परिशिष्ट में प्रकाशित करने की आज्ञा श्रीमन्त सरदार ऑनरेबल होम मिनिस्टर साहब द्वारा प्राप्त होने से यह परिशिष्ट जोडा गया है।

पत्र नंबर १

सायन मेषार्क के समय के छायार्क से साप्रतीय सूर्यसिद्धांतोक्त सूर्य का अन्तर रूप अयनांश साधन के लिये ज्योतिषतीर्थ नीलकंठ मंगलजी जोशी का श्रीमन्त माननीय होम मिनिस्टर साहब की सेवा में भेजा हुआ पत्र.

(सम्पादक बुलेट.)

अयनांश संबंध में पत्र.

छायार्क वेध स्थान इंदौर राजवाडा.

लेखकः— श्रीमंत महाराजा होलकर राज्याश्रित ज्योतिर्कुलभूषण ज्योतिष तीर्थ पं० नलिकंठ मंगलजी ज्योतिषि.

स्वस्ति श्री विक्रम संवत १९८४ शके १८४९ फा. कृ. ३० सोम्यघस्रे ता २१-३-१९२८ ई०

अहर्गण — ७१४४०१३३४८८

१ कल्प सौर वर्षगणः—४३२००००००००

२ कल्प सौर मासगणः—५१८४ ००००००

३ कल्प आधक् मासाः—१५९३३३६०००

४ कल्प चांद्र दिवसाः–१६०३०००८००००

५ कल्प क्षयाहाः–२५०८२२५५२०००

६ कल्प सावन दिवसाः–१५७७९१७८२८०००

कल्पसौर गताब्दाः–	१९७२९४९०२८	
– सृष्टि वर्षगणः	–१७०६४०००	
	१९५५८८५०२८	सृष्टि गताब्दाः
	× १२	
	२३४७०६२०३३६	
	+ ११	
	२३४७०६२०३४७	गत सौर मासाः
+ इष्ट अधिक मासाः	+ ७२१३८४७२८	
	२४१९२००५०७५	गत चांद्र मासाः
	× ३०	
	७२५७६०१५२२५०	
	+ २९	
	७२५७६०१५२२७९	चान्द्राऽहर्गणः
	– ११३४६०१८७९१	क्षयाहाः
	७१४०४१३३४८८	=इष्टाहर्गणः

$$\frac{\text{क अधि मा} \times \text{इ सौ मा}}{\text{क सौ मा}} = \frac{१५९३३३६००० \times २३४७०६२०३४७}{५१८४०००००००} = ७२११३८४७२८ \text{ लब्धाधि मासाः}$$

५१८४०००००)३७३९६५८४१४१२०७५९२(७२११३८४७२८ लब्धाधि मासाः

```
१५९३३३६                    ३६२८८००००
× २३४७०६२०३४७               ११०८५८४३८
         १११५३३५२            १०३६८ ००
         ६३७३३४४               ७१७८४३४१
        ४७८०००८                ५१८४००००
       ०००००००                 १९९४४३४१२
      ३१८६६७२                  १५५५२००००
     ९५६००१६                    ४३९२३४१२०
    ०००००००                     ४१४७२००००
   १११५३३५२                     २४५१४१२०७
   ६३७३३४४                      २०७३६००००
  ४७८०००८                         ३७७८१२०७५
३१८६६७२                           ३६२८८००००
३७३९६५८४१४१२०७५९२                  १४९३२०७५९
                                    १०३६८००००
                                     ४५६४०७५९२
                                     ४१४७२ ०००
                                     ४११६८७२९२ = अधि शेष.
```

$$\frac{\text{क अ ब म × इ चां दि}}{\text{क चा दि}} = \frac{\text{२५०८२२५२ × ७२५७६०१५२२७१}}{\text{१६०३०००८००००}} = \text{११३५६०१८०७६१ क्षय}$$

क्षयाहाः

१६०३००००) १८२०३६९९५०३१०२०२५२२०८ (११३५६ १८०६१
१६०३००००८०
३१७३६९५८२३१
१६०३००००८०
५७०६९५८१५५१०
४८०९०००२४०
८९७५८९२७०३
८०१५०००४०
९६४८१२३०२०
९६१८०००४८०
३०१२२५४०२५
१६०३ ००००८०
१४ ९२५३९४५२
१२८२४ ००६४०
१२६८५३८८९२३
११२२१०० ५६०
१४६१३८७५६३०
१४४२७०००७२०
२१६८७४९१०८
१६०३०००००८०
५६५७४९०२८ क्षय शेष

२५०८२२५२
× ७२५७६०१५२२७५
२२५७४०२६८
१७५५७५७६४
५०१६४५०४
५० ६४५७४
१२५४११२६०
२५०८२२५२
०००००००००
१५०४९३५१२
१७५५७५७६४
१२५४११२६०
५०१६४५ ४
१७५५७५७६४
१८२०३६९९५०३१०२०२५२३०८

सिद्धान्त रित्याकल्पादि तो गणितागताऽर्क साधनेन्यासः

अहर्गण. - ७१४४०४१३३४८८

$$\frac{\text{क र भ × इ सा दि}}{\text{क सा दि}} = \frac{\text{४३२०००००००० × ७१४४०४१३३४८८}}{\text{१५७७९१७८२८०००}}$$

भगण. रा.
= ११५५८८५०२८ । ११ । ५° । ४' । ″३९ = मध्य रात्र कालिको मध्यमो रविः

त्रिंशत घटि चालनेन मध्यान्ह कालिको मध्यमो रविः = ११ । ५° । ३४' । १५″ ।

सिद्धात सिद्धं रवि मंदोच्चं = भगण २१९ रा. २ । १७° । ५८' ।

रवि मंद केन्द्रं = ३ । १२° । २३' । ४५″ । रमंके भु = २ । १७° । ३६' । ″१५ = ७७ । ३६' । १५″ ।

र म के भुजज्या ३३५६ । परिध्यन्तरं ०° । २०' ।

$$\frac{\text{परिध्यन्तर} \times \text{इ भुज्या}}{\text{त्रिज्या}} = \frac{(०।२०) \times ३३५६}{३४३८} = १९' । ३१'' । = \text{इष्ट परिध्यन्तर}$$

$$\begin{array}{r} १४^\circ । ०' । ०'' । \\ - ० । १९ । ३१ । \\ \hline १३ । ४० । २९ । \end{array} = \text{स्पष्ट परिधि.}$$

$$\frac{\text{इ भुज्या} \times \text{इ प अं}}{\text{भांशप}} = \frac{३३५६ \times १३ । ४० । २९}{३६०} = १२७' । २८'' । २४''' = \text{ज्यात्मकं मंद फलं ।}$$

$$\begin{array}{lr} \text{मध्यम रविः} & ११ । ५^\circ । ३४' । १५'' \\ + \text{मंद फल} & + २ । ७ । २८ । ६४ \\ \hline & ११ । ७ । ४१ । ४३ । ४४ \end{array} = \text{स्पष्ट रविः अत्र चराभावः}$$

सिद्धान्त सिद्ध कल्पादितो स्पष्ट रविः ११ । ७° । ४१' । ४३'' । ४०'''

छायाऽर्कसाधनेन्यासः छाया चित्र नं.२

स्वस्तिश्री विक्रम संवत १९८५ शके १८४९ फा. कृ. ३० सौम्य घस्रे ता.२१-३-२९ ई.

सू. सि. त्रि. श्लो. १४–१९

१ शंकु द्वादश अंगुल कोटिः
२ शंकु छाया अं. ४।५९ भुजः
३ छाया कर्ण अं.१२।५९।३६ कर्णः

$$\text{को}^2 + \text{भु}^2 \text{ कर्ण} = (१२)^2 + (४।५९)^2 = १४४ + (२४।५०।१) = १६८।५०।१ = \text{कर्ण}^2.$$

$$\sqrt{\text{कर्ण}^2} = \sqrt{१६८।५०।१} = \text{कर्ण} = १२।५९।३६$$

$$\frac{\text{छा भु} \times \text{त्रि कर्ण}}{\text{छा क}} = \frac{(४।५९) \times ३४३८}{१२।५९।३६} = १३१८ । २४ \text{ रविनतज्या}$$

१३१८।२४ अस्यधनुः रविनतांशाः=२२°। ३४' रविनतांशाः

इन्दौर अक्षांशाः २२°।४२' – रविनतांशा २२°। ३४' = रवि उत्तरा क्रान्तिः ०°।८'

$$\frac{\text{त्रि भु} \times \text{इ क्रां. ज्या}}{\text{परम क्रान्तिज्या}} = \frac{३४३८ \times ०^\circ । ८'}{१३९७} = ०।०।१९।४१ = \text{रवि भुजज्या ।}$$

प्रथम पदे स्थितिः अतो अयमेव स्पष्ट सायन रविः = ०।०°। १९'।४१'' = लब्ध छायाऽर्कः ०।०°।१९'।४१''

गणितागत अयनांश साधनेन्यासः

सूर्य सिद्धांतोक्त प्रकारेण अयनांश साधनार्थ महायुगादितोऽहर्गणः ११८५२७५२३२

शकादौ महायुगादितो गतब्दाः ३२४४१७९+शकाब्दाः १८४९ सौर गताब्दाः ३२४५०२८

सौ व ३२४५०२८ × १२ + ११ = गत सौर मासाः३८९४०३४७

$$\frac{\text{यु अधि मा} \times \text{इ सौ मा}}{\text{यु चा मा}} = \frac{१५९३३३६ \times ३८९४०३४७}{५१८४००००} = ११९६८५६ \text{ अधि मासाः}$$

अधिशेष ४१६८७५९२

$$\frac{\text{यु क्ष दि} \times \text{इ चां दि}}{\text{यु चां दि}} = \frac{२५०८२२५२ \times १२०४११६११९}{५१८४००००} = १८८४०८८७ = \text{लब्ध क्षयहाः}$$

क्षय शेषः ५६५७४९०२८

ग सौ मासाः ३८९४०३४७+अधिक मासाः ११९६८५६ = चांद्र मासाः= ४०१३७२०३

चां मा ४०१३७२०३ × ३० + २९ = १२०४११६११९ चांद्रऽहर्गणः

चांद्रऽहर्गण = १२०४११६११९ – क्षयाहाः १८८४०८८७ = सावनऽहर्गणाः

= ११८५२७५२३२ = इष्ट सावनऽहर्गणाः ११८५२७५२७५२३२

$$\frac{\text{यु अ प न भ} \times \text{इ कु दि}}{\text{यु कु दि}} = \frac{६००० \times ११८५२७५२३२}{१५७७९१७८२८} = \text{भगण } ४५० । ७५^{\circ} । २६' । ३''$$

$$\text{अत्रभुजानुपातेन } \frac{७५^{\circ} । २६' । ३'' \times ३}{१०} = २२^{\circ} । ३७' । ४९'' = \text{लब्धाः गणितागतायनांशाः}$$

छाया गणितागतार्कयोरन्तरम् अयनांशतुल्यं भवति अतः

$$\begin{array}{rl} \text{छायार्कः} = & ० । ०' । १९' । ४१'' । ०''' \\ \text{गणितागतार्क} = & ११ । ७ । ४१ । ४३ । ४४ \\ \hline & ० । २२ । ३७ । ५७ । १६ = \text{वेधोप लब्धायनांशाः} \end{array}$$

वेधोप लब्धायनांशाः २२° । ३७' । ५७'' । १६''' गणितागतायनांशाः २२ । ३७' । ४९''
उभयोर्मध्ये ८'' । १६''' अन्तरम् । इदं गणितावयवशेषेण तदपि स्वल्पम् ।

सौराार्कायनांशनिर्णये क्रोड पत्रम्.

लेखक:—विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट.

हेतुः= "स्फुटंदृक्तुल्यतां गच्छेदयने विषुवद्द्ये ॥ प्राक्चक्रं चलितं हीने छायार्कात्करणा गते ॥" इति सूर्यसिद्धांतो (३·११) क्ते अयनद्वये कर्क मकरे, विषुवद्द्ये मेष तुलार्के सायने स्फुटं उदयादिना स्पष्टतया दृक्तुल्यतां गच्छेदन्यदिनेषु अग्रादिना नतांशछायया वा छायार्क करणा गतार्कांतरं अयनांशा भवेयुरित्यतः—

स्वष्टितोऽहर्गणः मध्यम सूर्योदयार्थे १५ घटी युतः कार्यः ७,१४,४०,४१,३३,४८८ तः ७,१४,४०,४१,३३,८५७ पर्यतम् प्रस्तुत वर्षस्य कोष्टकः

अहर्गण क्रं.	संवत् १९८४–८५ शके १८४९–५०	सूर्यसिद्धांतोक्तः सूर्यः				इन्दौर नगरे छायार्कः				अंतरम् स्थूला यनांशाः			सूक्ष्म गणितान्तरं		दृग्गणित शुद्धाय नांशाः		
दिन	पंचांगोक्तावधिः	रा.	अ.	क.	वि.	रा.	अं.	क.	वि.	अं.	क.	वि.	क.	वि.	अं.	क.	वि.
४८८	फा. कृ ३० बुधे	११	७	२८	२३	०	०	८	५३	२२	४०	३०	+ ९	५१	२२	५०	२१
५०३	चैत्र शु. १५ गुरौ	११	२२	१७	१४	०	२५	६	२४	२२	४९	१०	+ १	१३	२२	५०	२३
५१८	,, कृ. ३० शुक्रे	०	९	५८	१	०	२९	४२	३१	२२	४४	३०	+ ५	५५	२२	५०	२५
५३२	वैशाखे १५ शुक्रे	०	२०	३२	१७	१	१३	१९	१७	२२	४७	०	+ ३	२७	२२	५०	२७
५४७	,, ३० शनौ	१	४	५८	१६	१	२७	४७	१७	२२	४९	४१	+ ०	४८	२२	५०	२९
५६२	ज्येष्ठे १५ रवौ	१	१९	१७	१४	२	१२	११	५५	२२	५४	४१	− ४	१०	२२	५०	३१
५७६	,, ३० रवौ	२	२	३६	४२	२	२५	३४	५१	२२	५८	९	− ७	३६	२२	५०	३३
५९२	आषाढे १५ भौमे	२	१७	४६	४२	३	१०	५०	४३	२३	४	१	− १३	२६	२२	५०	३५
६०६	,, ३० भौमे	३	१	३	३१	३	२४	११	४१	२३	८	१०	− १७	३३	२२	५०	३७
६२१	अधि श्रा. १५ बुधे	३	१५	१९	२९	४	८	३१	२६	२३	११	५७	− २१	१८	२२	५०	३९
६३५	,, ३० बुधे	३	२८	४२	१९	४	२१	५६	४५	२३	१४	२६	− २३	४५	२२	५०	४१
६५१	श्रावणे १५ शुक्रे	४	१४	६	२८	५	७	२६	१५	२३	१९	४७	− २९	४	२२	५०	४३
६६५	,, ३० शुक्रे	४	२७	४१	५१	५	२०	५७	३७	२३	१५	४६	− २५	१	२२	५०	४५
६८०	भाद्रपदे १५ शनौ	५	१२	२३	२४	६	५	३८	२२	२३	१४	५८	− २४	११	२२	५०	४७
६९४	,, ३० शनौ	५	२६	१३	४९	६	१९	२७	२	२३	१३	१३	− २२	२४	२२	५०	४९
७०९	अश्विने १२ रवौ	६	११	११	४५	७	४	२२	१६	२३	१०	३१	− १९	४०	२२	५०	५१
७२४	,, ३० सोमे	६	२६	१७	१९	७	१९	२४	४१	२३	७	२२	− १६	१९	२२	५०	५३
७३९	कार्तिक १५ भौमे	७	११	२८	५१	८	४	३३	२१	२३	४	३०	− १३	३५	२२	५०	५५
७५४	,, ३० बुधे	७	२६	४६	५३	८	१९	४६	४५	२२	५९	५२	− ८	५५	२२	५०	५७
७६८	मार्गशीर्ष १५ बुधे	८	११	६	१०	९	४	०	५५	२२	५४	४५	− ३	४६	२२	५०	५९
७८३	,, ३० गुरौ	८	२६	२७	४४	९	१९	१९	१८	२२	५१	३४	− ०	३३	२२	५१	१
७९८	पौषे १५ शुक्रे	९	११	४७	२९	१०	४	३५	३५	२२	४८	६	+ २	५७	२२	५१	३
८१३	,, ३० शनौ	९	२७	२	५५	१०	१९	४८	४२	२२	४५	४७	+ ५	१८	२२	५१	५
८२७	माघे १५ शनौ	१०	११	१२	३३	११	३	५६	३७	२२	४४	४	+ ७	३	२२	५१	७
८४२	,, ३० सोमे	१०	२७	१५	२८	११	१९	५८	५५	२२	४३	२७	+ ७	४२	२२	५१	९
८५७	फाल्गुने १५ सोमे	११	११	१०	५३	०	३	५४	१६	२२	४३	२३	+ ७	४७	२२	५१	११

सभापति का क्रोड पत्र.

—प्रकृत कोष्ठकस्य रचना कृता ।

अयनांश निर्णय:

उपरितने कोष्ठके केंद्रीय वर्षानुसारेण कालान्तरजन्य संस्कारसंस्कृतोच्च २।१७।°५८ स्थानेन, प्राक्कालीन परिध्यया १४° चलब्धफलस्य मध्यमार्के संस्कार -साधितार्कस्य दृप्रत्ययशुद्धाच्छायार्कादंतरभागेषु स्थूलायनभागेषु नाक्षत्र वर्षसाधितवास्तविकमध्यमार्कोच्चफलजन्यसूक्ष्मगणितांतरसंस्कारात् साधिता श्चरमपंक्तौ शुद्धा अयनांशाः । शुद्धायनगति युता लिखिता संति ! अन्यथातु स्थूलमानेन भिन्न भिन्न दिनेषु छायार्ककरणागतार्कान्तरस्य भिन्नत्वे विभिन्नायनांशोपलंभादस्तोदये, याम्योत्तरलंघने, अग्रायां, नतांशदिगंशाभ्यां शकुच्छाया, छायाकर्ण भुज कोटि साधनाविधौ अनवस्थाप्रसंग: स्याल्लग्न, दशम, चर, क्रांति, विषुवकालऽसाधने पिस्थूलत्वमनिवार्य एव। करणागतार्कस्यस्थौल्यात्तत्साधितायनभागागत सायनार्कस्य स्थूलत्वात् ।

कोष्टकोक्ता:शुद्धायनांशा.

इत्यतश्चरम पंक्ति पठित चैत्रादिमासपर्वणा सूर्यसिद्धान्त गम शुद्धार्कश्चीयकरणागतार्का चित्राभिमुखारंभाच्च शुद्धा अयनांशा प्रभाकरसिद्धान्त तुल्या एव संतीतिजानीते ।

विनीत वशंवदो

दीनानाथ शास्त्री चुलेट: ।

(लेखमें पत्र नंबर २९ पं ८ इतिविवेकः इसके आगे पढा जावे.)

तिथिकौस्तुभ सूर्य सिद्धान्त वासना-भाष्य — स्वदेशोचित निर्बीजग्रहैःपंचांगशोधनं ॥ सबीजैर्ग्रहणादीनां पुण्यकर्मणिशस्यते मुनिभिरर्पितैर्वेवोपदिष्ट प्रत्यहं तिथिनक्षत्र योगसानयनेविधुः ॥ अबीज संस्कृतोग्राह्यो ग्रहणादौसबीजकः ॥२॥

यंत्रदीपिका व्याख्याने ल्लाचार्यैः — शृंगोन्नतौ ग्रहयुतौग्रहणे तथाते छायानिरीक्षण विधावुदयेचदेयं ॥ बीजंफल तिथिभयोग विधौनदेयं चन्द्रे प्रदेयमखिलक्षिति जादिकेषु ॥ ३ ॥

बोपदेवाये — दृकसिद्धग्रह कालेन ग्रहादि तिथिनिर्णयम् ॥ शास्त्र सिद्धग्रहगतिःअदृष्टार्थेषु कर्मसु ॥ आगमो बाधते चक्षुर्निर्दुष्टो दोष दूषितम् ॥ ४ ॥

कमलाकरः — अदृष्टफल सिध्यर्थं निर्बीजार्कोक्त मेवहि ॥ प्रमाणं श्रुतिवत प्राह्यं कर्मानुष्टान तत्परैः ॥

धर्मशास्त्र — रवींदु मंदसंसिद्धात्तच्च तिथ्यादि भोगतः ॥ स्यातां तत्कालबीजोत्थौ वाण वृद्धि रसक्षयौ ॥ १ ॥ अतःपैतृक कर्मादौ तत्काल चर बीजकैः ॥ वाण वृद्धिरस क्षीणा ग्राह्या नान्यातिथिःक्वचित् ॥ २ ॥

गणकानन्दे — कर्तव्या पंच संस्कारामध्यखेटेषु सर्वदा पूर्व ध्रुवःप्रथमताद्विगुणाब्दस्ततःपरं ॥ देशान्तरं बीजफलं वाहोःफलमिति क्रमात् । सूर्यस्यो बीजफल मनुक्तशास्त्र कर्तृभिःचन्द्रोचस्य तथाराहोःचन्द्रार्क ग्रहणादिषु ॥ आवश्यकत्वात्कर्तव्यं नतिथ्यानयनादिषु ॥

कालार्क — मादिक कर्म संसिद्धव्यर्केंदूत्पादितातिथिः ॥ श्राद्धादिषुपरिग्राह्या ग्रहणादौ तु बीजयुक्

कमलाकर — वैधाहीनेतरं यत्तत् बीजंमत्वैवकालजं । कर्मार्हे खेचरंशुद्धं नाशयंत्यधमावलात् ॥

तत्वविवेके — रविणात्पातरंयुक्तं तद्बीजं विधिनादृतम् यंत्रैश्चबहुभिःतज्ज्ञस्फुटखेटो दितोचये ॥ दृष्टार्थे निर्णयादिशो अदृष्टार्थे नतीहतः ॥ अदृष्टफलसिध्यर्थं यथार्कोत् गणितंकुरु ॥ गणितंयदिदृष्टार्थंतत् दृष्ट्युद्भवतःसदा ॥ १ ॥

शाकल्य संहितायां खेचर दर्पणे — तिथ्यादिसाधनेकापि नार्कैंद्वोर्बीजयोगिता ॥ अन्यथा सायनार्कस्य राशि संक्रम संभवे

ग्रहणग्रहोदयास्तशृंगोन्नतिखचरयोगकालेषु । दृकसिद्धेंदुःसाध्यः स्यादेवंनेतर क्रिया सुबुधैः ॥

भगवान्व्यासः — सौरोपनिषदेवाद्यकल्पे त्वस्मिन्सनातनीयामादित्यस्वयं प्राह मयायपरिपृच्छते ॥ कालज्ञानंतुतत्सिद्धं त्रिशुद्धंनान्यदुच्यते ॥ तद्विद्भिःतुयत्स्वे अपरिग्राह्यमेवतत् ॥

करणोत्तमतंत्रे — इन्दोस्तिथ्यर्क्ष योगादेरन्य चेष्टा चलक्रिया ॥

केरलीयतंत्रसंग्रहे — ग्राह्योयमेवभूस्थानां द्रष्टणा चंद्रमाःसदा ॥ तिथिनक्षत्रयोगादौ-नैवचान्योविधियते ॥ १ ॥

सिद्धान्ततत्वे — मान्दकर्मैक्यमर्केंदो कुर्यात्तिथ्यादिसाधने ॥ चतरत्रउदयास्ता-दौग्रहणे पंचसंस्क्रिय: ॥ १ ॥

सिद्धांतम णे — एकेनमादेनतुकर्मणातौस्फुटौभवेतांतिथि योग योग्यो ॥ १ ॥

भार्गवः — सूर्यांशपुरूषेणोक्तं तत्रतिथ्यादिसंमतं ग्रहणादौ तुवक्ष्यामि सविषेश मथोशृणु

स्कांदेकलिमहात्म्य वर्णनावसरे पार्वती प्रतिहरोक्ति — दृक्सिद्ध खेटग्रहसाधितासु कुर्वंति केचित्तिथिपुप्रमादात् । श्राद्धादिकं तत्पितृरा

पततस्ते पुण्यक्षयं दुर्गतिमाप्नुवन्ति ॥ तथापिसंतो बहवोत्र धार्मिकाःपुरातना चारम

थजहंतः ॥ सूर्यांश जोक्ता जितेकालएव कर्माणिकुर्वन्ति सुखं लभन्ते ॥ १ ॥

ज्योतिसिद्धान्ते बीजाधिकारे तत्रैव स्फुटादिकारेपत्र १५५ — चंद्रार्कशशितुंगानां बीजं तिथ्यादि साधने नकर्तव्यंतु कर्तव्यं चन्द्रार्क ग्रहणादिषु ॥

शीतांशुश्चस्वबीजेन संस्कृतो दृक्समोभवेत् ॥ दृक्सिद्धेंदुसमानीतं तिथ्याद्यं नैव युज्यते ॥ वैदिकेष्वयगीतेषु हव्यकव्यादिकर्मसु ॥ आस्तिकैः शास्त्र शरणैर नुष्ठानेषुसम्मतं ॥ १ ॥

करणोत्तमतंत्रे — व्यर्केंदोस्तितिथ्यर्धे गृहाद्धान्यनुपाततः ॥ विष्कंभाद्योरविन्द्वैक्या चदायंतो स्वभुक्तितः ॥ इन्दोश्राद्धादिकेन्यत्र भूमध्येष्टा स्फुटक्रिया ॥९॥

खचर दर्पणे	मांदैककर्म संस्कृत चंद्रार्कोतिथिभयोग करणानां योग्यैस्याताग्रहणे चंद्रोन्यैःसंस्कृतोग्राह्य.
मतमहोदधौनारदः	यथाश्रुतेन सिद्धान्त वर्त्मनासाधितग्रहैः पंचांग कर्मणिग्राह्यं स्वस्वदेशेद्विजोत्तमैः ॥ सार्धत्रयोदशैर्देशो योजनैर्भुविगण्यते । गणकास्तत्र तत्रस्युस्तत्कृतं कर्म नेतरत् दृग्साम्येपि खेटानांकिंचिन्युनातिरेकतां । त्यक्ता मूलोक्तमार्गेणकालं कर्मणिसाधयेत् । इत्येषां ज्ञानदक्प्रोक्ता वेदवेदांगसम्मता चर्मचक्षुभवंज्ञान सहोपकरणं चदक् । लौकिकीसापरिज्ञेया देशारिष्टादिशांतये ग्रहणग्रहयुद्धादिहेतुभिःफलसूचने ॥ ग्रहाःसधीजदक्सिद्धःग्रहजःसमयेबुधैः
व्याकल्प सठितावां	ग्रहणेग्रहयोगेच कालभा लग्न साधने शृंगोन्नत्युदयास्तेषु ग्रहेबीजंविधीयते
विष्णुधर्मोत्तरे	यंत्र वेधादि नाज्ञातं यद्वीनं गणकैस्ततः ॥ ग्रहणादिपरीक्षेत नातिथ्यादिकदाचन
ज्योतिर्विदाभरणे तिथि वृद्धिक्षयनियम तंत्र संग्रह व्याख्यायां;	वृद्धिक्षयोस्तःपरमौतिथौसदा व्यधरसासाद्भिरसाश्वनाडिका विधुग्रयमुपरागे खेचराणांच योगे निजत नुसितमानाद्यगुलादि प्रसंगे कुतल गजनवर्यै स्वग्रगण्योप्यगण्यःसकलतिथि भयोग स्यापिवृद्ध्यादिकेषु
सिद्धान्तशिरोमणौ	तिथ्यन्तनाडी नत बाहुमौर्व्यालघ्माकं शीतांशुफले विनिघ्ने ॥ क्रमेणभक्तेन खगोसमुद्रैः कङ्गानिवेदैः फलहीनयुक्तः ॥ १ ॥ प्राक्पश्चिमस्थस्तरणेर्विधुः प्राग्गृणेफलेयुक्तस्तोऽन्यथोनः मुहुः स्फुटातो-ग्रहणेरवीन्द्वोस्तिथिस्त्विदं जिष्णुसुतोजगाद.

ज्यो. पं. **रामसुचित त्रिपाठी.**

टिप्पणी= यद्यपि पं० त्रिपाठीजी का यह तीन पेज का लेख सन १९३२ में आया है जब रिपोर्ट का पूर्वार्ध-भाग छप गया था. किंतु यह वही प्रमाण है कि जिनकी समालोचना मेरे संस्कृत पत्र में की गई है । और इस लेखमें कुछ विशेषता नहीं है ।

भवदीय.

सम्पादक=**छुलेट शास्त्री.**

The Panchang Committee's
REPORT.
VOL. II

शुद्ध पंचांग प्रवर्तक कमेटी, इन्दौर की
रिपोर्ट का परिशिष्ट ४
उत्तरार्ध भाग.

अयनांश वाद निर्णय का शंका समाधानरूप शास्त्रार्थ, भारतीय शास्त्रों की प्रामाण्यता,
खगोलीय ऐतिहासिक पद्धति का शोध, रवि परम क्रांति की चक्रगति दर्शक प्रमाणों
का संग्रह, ज्योतिःशास्त्रीय गणित के शतशः प्रमाणों के आधारपर तीन लाख
वर्ष पूर्व का वैदिक एवं भारतीय इतिहास काल की पूर्व मर्यादा का निश्चय,
वेदों का निर्माण एवं मानव जाति मात्र की उत्पत्ति भारतवर्ष में हुई है
एवं संसार के अन्य धर्म ग्रंथ वैदिक धर्म के संप्रदाय भेद हैं।

अर्थात्

गणितोपयोगी कोष्टक, नकशे, खगोलीय चित्रों समेत

शास्त्रीय पद्धति से

समस्त वेद पुराणादि और संसार के धर्म ग्रंथोक्त प्राचीनतम गूढ वार्तों का सरलता पूर्वक
अर्थ लगाने की नई प्रणाली का शोध

सम्पादकः— कमेटी के अध्यक्ष
ज्योतिषाचार्य और वेदार्थ-तत्व-प्रतिष्ठापनाचार्य
वेदकाल निर्णय, युगपरिवर्तन आदि ग्रंथों के कर्ता
विद्याभूषण पं. दीनानाथ शास्त्री चुलेट-गौड

प्रकाशक
माननीय श्रीमन्त हुलकर गव्हर्नमेन्ट की आज्ञा से

मुद्रक
श्रीमन्त हुलकर गव्हर्नमेन्ट प्रेस, इन्दौर.

संवत् १९९१ ईसवी सन १९३४.

[मूल्य ३ रुपये]

रिपोर्ट के उत्तरार्ध भाग परिशिष्ट ४ की

विषय-सूची.

अ. नं. | विधान संख्या

सहायक ग्रंथोंकी सूचना.

अभीतक वैदिक मंत्रों का जो अर्थ एवं वैदिक काल व स्थल बताया जाता है इसके संबंध में ' वेद काल निर्णय (ओरायन), आर्टिक होम दि वेदाज, ऋग्वेद इंडिया, भारत का प्राचीन इतिहास आदि पुस्तकें छपी हैं उन सबकी समालोचना करते हुए हमने (तत्व-ज्ञान संचारक मंडल एलीचपुर बरार द्वारा) कई पुस्तकें निर्माण की हैं उनमें प्रकाशित पुस्तक ये हैं:-" वेदकाल निर्णय " कि जिसमें १० लाख वर्ष पूर्व तक के विभिन्न काल के एशिया खंड के नकशे ४ और चित्र १६ देकर वैदिक विभाग के अन्यान्य ग्रंथों का तीन लाख वर्ष पूर्व तक का काल ऐतिहासिक रीति से बताया गया है।

" युगपरिवर्तन " में:-ज्योतिः शास्त्र के आधार से वैदिक मंत्रों का सरल अर्थ बताया है। काल ज्ञान के लिये सुपर्ण चिति आदि पंचांग कैसे बनाए जाते थे सो भी स्पष्ट करके बताये हैं। संपादकः-दीनानाथ शास्त्री और गोपीनाथ शास्त्री चुलेट के पते से यह पुस्तक मिलती है।

परिशिष्ट ४

अयनांशवाद निर्णय.

प्राक्कथन

इस (शुद्ध पंचांग प्रवर्तक कमेटी इन्दौर) की चौथी मीटिंग (ता. १६-११-२९ ई.) में–" शाके १८५० के आरंभ के अयनांश२२°-१०'-२५", अयनगति–५०"२३५७२ और नाक्षत्र सौर वर्षमान ३६५ २५६३७४ दि.,=३७१·०६२४१४ ति." इत्यादि परिमाण सर्व सम्मति से पास किये गए हैं। किंतु बिना वाद प्रतिवाद के अयनांश वाद रूप जटिल प्रश्न का इससे पूर्ण निर्णय नहीं होसकता इसलिये इस कमेटी के सभापति पं. चुलेट शास्त्री ने श्रीमंत सरदार किबे साहब से प्रार्थना की। तदनुसार श्रीमंत महोदय ने योग्य योजना करके इस कमेटी की सोलहवीं मीटिंग श्रीमंत के सरस्वती निकेतन में करवाई। उसमें उज्जैन के श्रीमान् प्रिंसिपल गोविंद सदाशिव आपटे साहब बुलवाए गए थे। आपने सहर्ष झीटा पक्ष की ग्राह्यता व समर्थन करना और विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट ने चित्राभिमुख रेवत्यंतबिन्दु से गिने हुए अयनांशों की ग्रहलाघवादि ग्रंथोक्तों से एकवाक्यता को प्रमाणित करते हुए इनकी ग्राह्यता तथा झीटा की अग्राह्यता को सिद्ध करना स्वीकार किया।

भाग १ =आरंभिक वाद–विवाद.

१

प्रश्न प्रि. प. आपटे–' यदि यह गणित इतने बड़े अहर्गण से प्राचीन सिद्धांत की सत्यता स्थापित करने की इच्छा से किया होतो उसमें नक्षत्रविचार का मिश्रण व्यर्थ ही किया है।'

२

प्रि. प. आपटेः—'ग्रह लाघव का मध्यम रवि सूर्यसिद्धान्त के रवि से २ विकलाके अंतर से आता है।* यह गणित कर मैंने देखा है; फिर १२ अंकों का अहर्गण लेने की आवश्यकताही क्या थी.'

वि. भू. चुलेटः—' स्मृति ग्रंथों में कहे प्रकार कल्पादि में शून्यक्षेप बतानेकी आवश्यकता थी क्योंकि शून्यक्षेप से शुद्ध ग्रह साधन करने वाले ग्रंथही सिद्धान्त कहाते हैं किंतु थोडा क्यों नहो ग्रह लाघव में अंतर क्योंकर है। क्या आपने इसके संबंध में कुछ सोचा है।'

३

प्रि. प. आपटेः—' रव्युच्चके भगणों से उच्च लाकर उससे मंद केंद्र साधन करना चाहिये था इस गणित की रीति इस न्यास में शामिल नहीं है.'

वि. भू. चुलेटः—' ग्रंथोक्त भगणोंद्वारा रव्युच्च यहांतकही लाया गया है कि शुद्ध केंद्रीय और शुद्ध नाक्षत्रमान अलग २ नहीं किये गए थे। यदि गणित करके देखें तो आपको ज्ञात होगा कि यह प्रस्तुत न्यास में शामिल है।'

४

प्रि. प. आपटेः—' मंदफल अंशादि १।५९।५२ एकदम कहा से लाया गया ज्ञात नहीं होता है।'

शास्त्री चुलेटः—' यह वास्तविक कक्षा न्हास से परिधिशल्य करके लाया है जोकि सूक्ष्म मानसे मिलता है।'

५

प्रश्नः—क्रांति साम्य के लिये साधन सूर्य लानेमें सिद्धान्तानुसार बड़ी भूल कीगई है। यह भूल २२°।४३'।४६" अयनांशों की है।

उत्तरः—उक्त अयनांश लाने में भूल नहीं है। यह तो संपूर्ण ज्योतिष के ग्रंथोक्त प्रमाणों को जिस तरहपर एक वाक्यता होती है उस दृक्प्रत्यय शुद्ध मानसे लाये गये हैं। जोकि हमारे बनाये हुए सिद्धान्त प्रभाकर के आधार से फैलाकर बने हैं। उनका संस्कार +७।२६" करने पर शुद्ध नाक्षत्र मान के अयनांश २२°।५१'।१२" यहां की कमेटी में पास हुए प्रस्तावानुसार हैं।

६

प्रश्न —" अयनगति किस ग्रंथ के आधार पर स्वीकृत है."

उत्तरः—" उक्त अयनगति शुद्ध नाक्षत्र मान से बनाई गई है। सभी सिद्धांत ग्रंथों से शुद्ध अयनगति इतनी ही आती है। इसका स्पष्टीकरण इस रिपोर्ट (पृष्ठ १०४) में किया गया है।

७

'प्रश्नः—' इससे आपके-गणित में पुराण ग्रंथों का वह महत्व-जिसे आप रक्षित करना चाहते हैं-जाता रहा और इसमें नवीन प्रकार का एक छींटा व्यर्थ ही लगाया गयाः '

उत्तरः—यह आपका कथन असंगत है क्योंकि हमने छींटा नहीं सिद्धान्तोक्त मूलांकों में कालान्तर संस्कार देकर दृक्तुल्य किया है। इससे इतने दिन की आई हुई विसंवादता को दूर कर प्राचीनों के शोधों को उपयोगी बनाने से उनका महत्व गया नहीं बढाया गया है.

८

प्रश्न.—' यह प्राचीन और नवीन के मिश्रण की खिचडी तो सर्वथा त्याज्य है। '

उत्तरः—' नाक्षत्र वर्षमान में जो केंद्रीय भाग मिश्रित था उसको सिद्धान्तोक्त भगणों में मिला घटाने से शुद्ध केंद्रीय मान और शुद्ध नाक्षत्र मानों को अलग २ शुद्ध करने से खिचडी के दाल चांवलों के भाँति अलग २ शुद्ध परिमाण के कर दिये गए हैं। तब भी क्या प्रि. साहब की दूर दृष्टि इस ओर पहुंची नहीं है। या प्राचीन प्रमेयों का इस प्रकार से उत्कर्ष होना आपको असह्य मालूम होता है ?

९

प्रश्नः—' जब स्पष्ट रवि सूर्यसिद्धान्तानुसार कल्पादि से अहर्गणसिद्ध है। तब अयनांश भी उसी ग्रंथ के अनुसार लाना उचित है।

उत्तरः—' हां उसी अनुसार " प्राक्चक्रं चलितं हीने छायार्कात्करणागते " (सू. सि. ३·११) से लाया गया है। '

१०

प्रश्नः—' सूर्यसिद्धान्त के अ. २ श्लो, १० में " वह्नोत्रिघ्ना दशांशाः " इत्यादिरीति स्वयं सूर्य ने प्रगट की है। उसके लिये पूरा आदर प्रगट होता है. '

उत्तरः—पूरा आदर तो " यथा दृक्तुल्यतां ग्रहाः " (अ. २ श्लो. १४) इस आज्ञाको माननेसे ही हो सकता है। जो कि प्रत्यक्षमें सूर्य के वेधद्वारा हमें ज्ञात हुआ है। किंतु हमें मालूम नहीं कि इसमें आपको इनराजी क्यों है।

११

प्रश्नः—' जिस वस्तु को (आप) सम्हालना चाहते हैं। उसी को दूसरी ओरसे गिराना अनुचित है। '

उत्तरः—' प्राचीन ग्रंथोंका योग्य उपयोग करना आपको अनुचित दिखना स्वाभाविक है क्योंकि आकाश के बिना देखेही नाटिकल आल्मनाक से ग्रहस्थिति मालुम हो ही जाती है। लेकिन प्राचीन प्रमेय पर्याप्त होते हुए भी इस प्रकार परावलंबी होना अनुचित है।

१२

प्रश्नः—पूनामें ग्रहलाघव पंचाग मंडलने शके १८५१ का पंचांग प्रकाशित कर प्रसिद्ध किया है। और १८५२ से १८५६ तक पाच वर्ष के पंचांग की एक पुस्तक भी प्रकाशित की है। उसके प्रस्ताविक कथन में दी हुई चर्चा देखने योग्य है। " किर्लोसकर थिएटर चे समोर बुधवार पेठ पुणें शहर " इस प्रकार इस ग्रहलाघव पंचांग मंडळ का पता है। के० ना० भवाळकर शास्त्री इस मडळ के संचालकसे मालुम होते हैं। बहुत कर आपने यह चर्चा देखी होगी। न देखी हो तो देखें देखने योग्य है।

उत्तर—यह तो देखी नहीं। किंतु इसी मंडल के अधिवेशनमें शिष्टपक्ष के समर्थन के लिये वातों की भर्ती के सिवाय। सिर्फ एक जो आपने जातकार्णव का प्रमाण शब्द कल्प द्रुमने उधृत कर के दिया है। उसी ग्रंथमें ग्रंथ निर्माण कालिक अयनांश १९° लिखे हुयोंको दबाकर (शब्द कल्पद्रुम शाके १८०८ में छापेगया है) मानो उक्त अयनांश आपकी सेवा के लिये गतिस्तंभ होकर जैसे के वैसे शाके १८४८ में प्रगट हो गये हों और अयन गति कलांमी लेने में साठ देनेमें पचास के तुल्य चाहे जहा चाहे जैसा मनमाना अर्थ करते हुए देखे हैं। " पंचांगैक्य मंडळ पूना रिपोर्ट पेज ९७ रस्ता चित्रशाळा प्रेस पुणें "—पुस्तक सिर्फ ।||) में मिलती है।

१२

प्रश्नः—' सिद्धान्तोक्त परमंमद फल व परमक्रांति आज कल वेधोपलब्ध नहीं मिलते हैं। तो भी सिद्धान्त ग्रंथ का महत्व रखने के लिये गणितमें उन्हीं का अंगीकार किया है तो सिद्धान्तोक्त अथवा ग्रहलाघव के अयनांशों का अनादर क्यों किया। '

उत्तरः—जिन अयनांशों के लेने से भारतीय कुछ ज्योतिष ग्रंथों के गणितागत आरंभ स्थान की शुद्ध नाक्षत्र व वेधीय मान से एक वाक्यता हो जाती है उन्हीं ग्रहलाघव अयनांशों के साधन में परम मंदफल और परम क्रांति वेधोपलब्ध ही ली गई है। इससे सिद्धान्तोक्त ग्रहलाघवादि कुछ ग्रंथों का उपयोग होने से उनका आदर बढाया है.

१४

प्रश्नः—सद्यादिक्-साधन करना यह यदि साध्य है तो प्रत्यक्ष मानों को स्वीकार करना चाहिये ? —

उत्तरः—हमने शंकु यंत्र से शुद्ध दिक् साधन किया है तभी उसके द्वारा लाई क्रांति अन्य वेधोपलब्ध मानों के तुल्य है । क्योंकि हमने सभी प्रत्यक्ष मानों का अंगीकार किया है और वही प्राचीन ग्रंथों से अविरुद्ध ही नहीं; युक्त हैं ।

१५

प्रश्नः—छाया प्रवेश के समय नॉटिकल से जो प्राप्त होती है वह क्रांति-४°।१७'।४४"५ । छाया निर्गम क्रांति-४°।१३'।५०"९ इसमें अंतर-०°।३'।५४" है.

उत्तरः—यह अंतर छाया प्रवेश निर्गमकाल के दिन गत्यंतर के तुल्य है । तब हमारे वेधसिद्ध परिमाण नॉटिकल के तुल्य मिल जाने से आपने उसकी प्रशंसा करनी चाहिये ।

१६

प्रश्नः—आपका प्रयत्न स्तुत्य है । दृक्सिद्ध उपकरणों का अंगीकार करना यही शास्त्रोन्नति का मार्ग है.

उत्तर—आपका कथन स्तुत्य है; किंतु प्राचीन ग्रंथों को ही योग्य चालन देकर दृक्सिद्ध करने में ही भारतीय शास्त्रोन्नति का मार्ग है न कि उसे छोडकर परावलंबन में ।

भाग २ = लेखी शास्त्रार्थ प्राक्कथन

इस अयनांश निर्णय-संबंध के शास्त्रार्थ में प्रथम विधान और अंतिम प्रत्युत्तर रूप समाधान के लेखक प्रस्तुत कमेटी के समापति विद्याभूषण दीनानाथ शास्त्री चुलेट हैं और परीक्षण के लेखक प्रिंसिपल गोविंदरावजी आपटे साहब हैं ।

पहला विधान (अ)

१ (अ) मैंने अब तक जो ग्रंथ देखे हैं—और मैं नम्रतापूर्वक यह निवेदन करने का साहस कर सकता हूं कि; मैंने करीब २ सब ग्रंथ देखे हैं- उनके अनुसार किसी सिद्धान्त या करण ग्रंथ में रेवती योग तारे का भोग शून्य अंश एवं शून्यशर नहीं माना है ।

परीक्षण.

१ (अ) हें विधान साफ खोटें आहे । कारण-(१) सिद्धांत शिरोमणि भग्रह युत्यधिकारांत लिहिलें आहे कीं " साभमघः खमिति यांत खं म्हणजे शून्य अंश हा रेवती

भोग होय.(२)प्रला."खं दृतायन दृक्कृया" यांतील खं म्ह. शून्य अंश हा रेवती भोग होय. (३ ४) ब्रह्मगुप्त सिद्धांत, द्वितीय आर्य सिद्धान्त यांत ही रेवती भोग शून्य लिहिला आहे. (५,६) दामोदरीय सिद्धान्त सुंदर सिद्धान्त, यांत ही रेवती भोग शून्य मानिला आहे. (७) गोलानन्द **"रेवती योग तारातु सदा मीनाज संधिगा"** यांत ही रेवती योगताराभोग शून्य मानिला आहे. हे सात ठळक शास्त्राधार रेवती भोग शून्य असल्या बद्दल दिले आहेत. शिवाय आणखी आधार ही धुंडल्यास सापडतील. रेवतीचा शर शून्य असल्या बद्दल सर्वच ग्रंथांची साक्ष आहे. काहीं उदाहरणें दें तो.

१ सि. शि. " त्रिभागोजिना उत्क्रांति ख " यांत खं=० हा रेवती शर होय. २ प्र. ला. " कर्णास्त्रिंशदरित्रयः ख जिनभाऽभ्रं " यांत अभ्रं=० हा रेवती शर होय. ३ सू. सि. ४ द्वि. आर्य सि. ५ ब्रह्मगुप्त सि. ६ सार्वभौम सि. ७ ग्र. ला ८ ब्र. सि. ९ पितामह सि. १० सू. सि. ११ सोम सि. इत्यादि सर्व ग्रंथात रेवती शर शून्य सांगितला आहे.

भा. ज्यो. पृ. ३३९ " ब्रह्मगुप्त आणि त्या पुढील लल्लाखेरिज बहुतेक ज्योतिषी रेवती *भोग शून्य मानितात.* " तसेंच पुढें पृ. ४५७ वर *लिहिलें आहे कीं* " *सर्वांच्या मतें रेवती* योग तारा शर शून्य आहे; भोग ही शून्याजवळ आहे. तेव्हां रेवती योग तारे विषयीं मत भेद नाहीं "

असे ढळढळित आधार असतां दीनानाथजी सकल ग्रंथावलोकन करून ही असलें विधान [१ अ] करण्याचें साहस करितात याचें आश्चर्य वाटतें.

समाधान.

उपर्युक्त प्रि. साहब का परीक्षण प्रमाण विहीन एवं असंगत है । *आश्चर्य तो यह है* कि जो प्रमाण परीक्षण के पुष्टि में बतलाए गये हैं वे सब परीक्षण के नितान्त विरुद्ध हैं क्योंकि उक्त विधान के लेख से लिखे संबध का यहां प्रश्न नहीं हो कर ग्रंथकारों के मानने का है । और उक्त ग्रंथकारों ने जो ध्रुवक कहे हैं वह तारे के उपलक्ष्य में न हो कर गणितागत आरंभ बिन्दु के अर्थ में हैं । क्योंकि इनका गणितागत आरंभ स्थान अलग २ होते हुए भी बिन्दु के ही अर्थ में सब की एक वाक्यता हो सकती है । तारे के अर्थ में अनेक रेवती योग तारे माने बिना; शून्य का लिखना निरर्थक हो जाता है । तथा अनेक तारे शून्य भोग शर के हो नहीं सकते । इतनाही नहीं तो उक्त ग्रंथकारों ने नक्षत्रों के साथ युति के प्रसंग में उल्लिखित नक्षत्रों के ध्रुवकों को स्थूल (आमचमान के), अस्फुट और गणितागत को मुख्य कहा है *अर्थात् उक्त ग्रंथकारों ने रेवती योग तारे का शून्य भोग शर नहीं माना* है । ' इस कथन का स्पष्टीकरण नीचे लिखे अनुसार है ।

आपने जो पहले १ से ७ संख्या तक के प्रमाण बताए हैं सो ब्रह्मगुप्त और द्वितीय आर्यभट्ट मूलक करण ग्रंथ होने से वस्तुतः इनके ही नक्षत्रों के ध्रुवक उनमें कहे गए हैं। उसमें ब्र. सि. मूलक सि. शि. (गोलाध्याय दृक्कर्म प्र०) में–"ब्रह्मगुप्तादिभि स्वल्पान्तरत्वान्नकृतःस्फुटः ॥ स्थित्यर्ध परिलेखादौ गणितागत एवहि ॥ ११ ॥ नक्षत्राणां स्फुटाएव स्थिरत्वात्पठिताः शराः ॥ दृक्कर्मणायनेनैषां संस्कृताश्च तथा ध्रुवाः ॥ १२ ॥ अर्थात्= " ब्रह्मगुप्तादि सिद्धान्तकारोंने स्वल्पान्तर के कारण स्फुट (दृक्प्रत्यय में गणितागत के तुल्य) ध्रुवाभिमुख स्पष्ट करके नक्षत्रों के ध्रुवक नहीं कहे हैं; इसलिये युति कालीन स्थित्यर्ध के परिलेखादि लिखने में ग्रंथोक्त गणितागत ग्रह ही लेना चाहिये ॥ ११ ॥ क्योंकि नक्षत्रों के शर; स्थिर प्राय होने के कारण ध्रुव सूत्रीय स्पष्ट ही हैं। किंतु उनके साथ २ दृक्कर्म और अयन भागोंसे युक्त ही उनके ध्रुवक पढे गए हैं। " पुनः इसी का स्पष्टीकरण (भग्रह युत्यधिकार में) किया गया है कि:– " इत्यभावेऽयनांशानां कृतदृक्कर्मका ध्रुवाः ॥ कथिताश्चस्फुटा वाणाः सुखार्थं पूर्व सूरिभिः ॥ १७ ॥ अयनांशवशादेषां मन्यादृक्त्वंच जायते ॥ शरज्या अस्फुटाः कार्याः स्फुटीकृति विपर्ययात् ॥ १८ ॥ ताभिरायन दृक्कर्म मुहुर्व्यस्तं ध्रुवेष्वथ ॥ अयनांश वशात्कार्यं तद्दृक्कर्म यथोदितम् ॥ १९ ॥ एवंस्यु ध्रुवकाः स्पष्टाः शरज्याश्च ततः स्फुटाः ॥ २० ॥ ततो भग्रह योगादि स्फुटं ज्ञेय विजानता ॥ इत्याधिक्येऽयनांशाना मल्पत्वेत्वल्पमन्तरम् ॥ २१ ॥ " यदा तैः पठितास्तदाप्रायस्तेषामयनांशानामाभः संभाव्यते ये पाठ पठितास्तेस्थूलाः ॥ अत्रायनांशाना मल्पत्वेऽल्पमन्तरं कृतेऽपि तस्मिन् कर्मणि भवति। बहुत्वेतु बहु ॥ " " अथ च येवा तेवा भगणा भवन्तु। यदायेंशानिपुणै रुपलभ्यन्ते तदा सएव क्रांतिपातः "

इस प्रकार भास्कराचार्यने नक्षत्रों के ध्रुवकों की अपेक्षा गणितागत आरंभ स्थानको मुख्य माना है। उसी के अनुसार शके १०७२ के पूर्व ११ अयनांश और ७७ रव्युचक्रो- तथा इसी के ध्रुवक ग्र. ला. में लिखे गए हैं। और उसमें शके १४४२ के अयनांश १६°।३८' एवं रव्युच्च ७८ को लिखकर जो ग्रहोंके भगणारंभ स्थान कहे गए हैं उनसे स्पष्ट है कि शून्य भोगशरवाले किसी भी तारेका उससे संबंध रहताही नहीं है।

ठीक इसी तरह प्रस्तुत परीक्षण में स्वयं प्रिंसिपल आपटे साहेब की परीक्षा होगई है। क्योंकि पूना रिपोर्ट में आपही के बताए हुए जातकार्णव के प्रमाण से भी यही अयनांश १९°।३०' सिद्ध होकर; आपका बताया हुआ उक्त श्लोक का अर्थ और तदनुसार शाके १८४८ के बताए हुए १९ अयनांश गलत सिद्ध होजाते हैं; इतनाही नहीं तो आपने सिद्धान्त और चैत्रीय पक्षमें जितना विसंवाद बतलाना चाहाथा वह बात इससे सिद्ध न होकर उसकी *अपेक्षा झीटागणनामें ही द्विगुण से भी अधिक अंतर होजाने से स्वयं झीटा गणना ही* असत्य व निरर्थक सिद्ध होजाती है !! जैसाकि "शाकं १५२१ एकाक्षिवेदो ४२१ नं ११०० द्विः कृत्वा (द्विधास्थाप्य) दशभि र्हरेत् $\frac{११००}{१०}$ ॥ लब्धं ११० ही नंच तत्रैव ११००−११०=९९० षष्ठ्या ६० साध्वायनांशकाः १६°।३०'॥१॥" इस तरह प्रौढ मनोरमा के उदाहरण में कहे हुए अयनांश जातक ग्रंथोक्त योग्यता के मानसे बराबर थे ऐसा सिद्ध होगया है। तब शके १८४८ के अयनांश $=$ १८४८−४२१$=\frac{१४२७}{१०}$−१४२.७$=\frac{१२८४.३}{१०}$ $=$ २१°।२४'.३ (जातक ग्रंथोक्त योग्यता के तुल्य) आते हैं। इनसे पूना रिपोर्ट (पृष्ठ २०७-८) में आपका बताया हुआ "द्विःकृत्वा" का "बाकीची दुप्पट करून" (द्विगुणं कृत्वा) अर्थ गलत सिद्ध होकर "द्विः कृत्वा=द्विधास्थाप्य" ऐसा व्युत्पत्तियुक्त और उपयोजित अर्थ सिद्ध होगयाहै। तदनुसार "शके १८४८ चे प्रारभीं १९°।२'।९" इतके अयनांश येतात" यह अयनांश भी गलत सिद्ध होगये हैं। अतएव आपकाही बताया हुआ उदाहरण इस प्रकार आपकेही विरुद्ध जाना प्रि. साहब बहादुर (के प्रतिपादन शैली) की अर्थात् परिक्षण की परिक्षा हो जाना आश्चर्य है।

प्रस्तुत अयनांश साधन के लिये गणितन्यास.

चैत्रीय गणना से.	अब्दप.			तिथि.	अयनांश.			पंचांगोक्त मिति.	इसवी सन १५९९	
विवरण.	वार	घटी	पल	शुद्धि.	अंश	कला	विकला	शाके १५२०-१५२१	तारीख	मास.
शुद्ध नाक्षत्र मध्यम मेषार्क	०	१२	२७	१५·२६	१८	१४	५.७	चैत्र,चै.)वदि १ शनिवार	१०	अप्रेल
मंद पैत्रीय मेषार्क	६	३६	४५	१४·४१	१७	२०	३	चैत्र शुद्ध १५ शुक्रवार	९	अप्रेल
स्पष्ट मेषार्क	५	१७	४०	१३·४१	१८	१४	५.७	चैत्र शुद्ध १४ गुरुवार	८	अप्रेल
मध्यम सायन मेषार्क	१	१	४१	२६·५५	०	०	०	फाल्गुन कृष्ण १२ भौम	२१	मार्च
स्पष्ट सायन मेषार्क	१	६	४०	२५·००	०	०	०	फाल्गुन वदि ११ रविवार	२१	मार्च

जातक ग्रंथोक्त स्थूलमान की सूक्ष्म गणितागत से तुलना.

(क) शुद्ध नाक्षत्र गणना से अयनांश		१८।१९'	जातकार्णवोक्त मे अंतर		+१।४५'
(ख) १५२१–४४४ = $\frac{१०७७}{६०}$	,,	१७।५७	,,	,,	+१।२७
(ग) शुद्ध मंद केंद्रीयमान से	,,	१७।२०	,,	,,	+०।५०
(घ) जातकार्णवोक्त पद्धति से	,,	१६।३०	,,	,,	०।०
(ङ) झीटा पिशियम गणना से	,,	१४।१७	,,	,,	–२।१३

उपर्युक्त समीकरण से आपको मालूम होगा कि [घ] अयनांशों में [ख क] मान से [१'।२७'] और [१'।४५'] अंतर है और [ग] मान से सिर्फ ५० कला मात्र अंतर है सो सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान के तुल्य होने से वह उस गणना से शुद्ध है। और उक्त अयनांशों में दिनों का अंतर नहीं है किंतु [ङ] गणना से तो सवा दो दिन का फर्क है। इसलिये प्रौढ मनोरमा प्रोक्त उदाहरण के अयनांश यद्यपि स्थूल हैं तो भी सिद्धांतीय अयनांशों से जैसे मिलते हुए हैं ऐसे झीटा गणना से मिलते हुए नहीं हैं। इसलिये इनसे झीटा गणना का समर्थन नहीं होकर वस्तुत यह प्रमाण उसके विरुद्ध है! अतएव झीटा गणना बिलकुल असत्य और प्रस्तुत परीक्षण निरर्थक है ऐसा सिद्ध होता है।

आपने प्रस्तुत परीक्षण में ग्रह लाघव करण ग्रंथोक्त अयनांशों से इस जातक ग्रंथकी टीका में लिखे हुए स्थूल अयनांशों की तुलना करते हुए अनवस्था प्रसंग बतलाने का प्रयत्न किया है। सो व्यर्थ है। क्योंकि यदि ऐसा सिद्धान्त या करण ग्रंथ के आपस में सजातीय गणित से अयनांशों का विसंवाद पाया जाता तो उन्हें छोडकर आपको इस तरह एक जातक ग्रंथ के टीकाकार की शरण नहीं लेनी पडती.

इसी जातक पद्धति की और भी बहुत सी टीका उपलब्ध हैं उनमें ग्रहलाघवोक्त पद्धति के अनुसार ही अयनांश लिखे गए हैं। जैसे (१) बल्लालसुत गोविंदात्मज नारायणकृत टीका के उदाहरण (लिखी हुई पुस्तक के पृष्ठ ३-४) में शाके १५०९ के अयनांश १७।४५ लिखे हैं। (२) उमाशंकर मिश्रकृत सुबोधिनी टीका के उदाहरण (काशी की छपी हुई पुस्तक के पृष्ठ १०) में शाके १७७९ के अयनांश २२।१५ लिखे हैं। यह दोनों ग्रहलाघवोक्त पद्धति के आधार से इस प्रकार बनाये गये हैं सो—

१५०९–४४४=१०६५–६०=१७।४५ }
१७७९–४४४=१३३५–६०=२२।१५ } केंद्रीय वर्षमान के तुल्य शुद्ध हैं.

किंतु इतने पर से पूर्वोक्त जातकार्णवानुसारी और ग्रहलाघवानुसारी के आपस में विसंवाद बता नहीं सकते क्योंकि यह बात स्पष्ट है कि सिद्धान्त और करण ग्रंथकारों ने अपने दृक्प्रत्यय (वेधसिद्धमान) से जो अयनांश निश्चित किये हैं वह उनके काल में बराबर थे। लेकिन जिस भिन्न २ वर्षमान के अनुसार अयनगति मानकर आगे जातकादि ग्रंथकारों ने या टीकाकारों ने उदाहरण में अयनांश कहे हैं। वह प्रत्यक्ष देखकर किये न होकर भिन्न २ वर्षमान साधित ग्रहों के लिये शुद्ध हैं। अतएव उनकी भिन्नता से सिद्धान्त या करण ग्रंथ में विसंवाद बताना अयुक्त है। प्रस्तुत में 'जातक ग्रंथकारों ने भी वेध लेकर अयनांशों का निश्चय किया है' ऐसा कोई भी विधान में हमने कहा नहीं है। वरन आगे के विधान में हमने स्पष्ट कह दिया है कि जातक ग्रंथोक्त कई बातें गोल गणित की तुलना में बहुत स्थूल हैं। इतने पर से 'कुल भारतीय ग्रंथकारों ने प्रत्यक्ष देखकर अयनांश लिखे नहीं' ऐसा कह देना छोटा मुंह बडी बात के तुल्य बिलकुल अयोग्य है।

परीक्षण ८ (ओ)

अयनांश प्रत्यक्ष पाहून कसे ठरवावे हे व्यवहारिक रितीनें लिहिलेलें कोठें आढळत नाहीं. करणांतच जर अशुद्धि असली तर तीं "छायार्कात्कारणागते" या रीतीत अशनांश्या मध्यें ही चुकेल हें कबूल करणें भाग आहे. ही रीति सोडून दुसऱ्या कोणत्या तरी रीतीनें अयनांश वेधानें ठरविणें फार कठीण आहे. तें काम फारच थोडेच ज्योतिश करूं शकतील, त्यांतून दीनानाथजी समजतात त्या प्रमाणें जर भास्कराचार्यादिकांनीं आपल्या शकाचें अयनांश हि लिहिले आहेत तरले खुद पाहून लिहिले हें अशक्यच आहे. शून्यायनांश वर्ष ठरविण्या संबंधी दीक्षित ही लिहितात (भा. ज्यो. ३३७) कीं "निरनिराळ्या ग्रंथांतून त्याचे स्पष्ट मेष संक्रमण आणि सायन मेष संक्रमण हीं एकावाळीं येण्याचीं जीं वर्षे तीं शून्यायनांश वर्षे होत या प्रमाणेंच वरील वर्षे काढिलीं आहेत". ब्रह्मगुप्ताच्या वेध कर्तृत्वाबद्दल त्याची प्रशंसाच केलेली आहे (भा. ज्यो. पृ. २२०) त्याच्या सिद्धान्ता प्रमाणें *शक ५०९ हा शून्यायनांश काळ येतो.*

समाधान ८ (ओ)

इस विषय का सिद्धांतिक रीति से विस्तृत उत्तर प्रस्तुत रिपोर्ट की भूमिका (पृ. ६,९) में और रिपोर्ट (पृ ९४-१०९) में दिया गया है। और 'निरनिराळ्या ग्रंथांतून त्याचे स्पष्ट मेष संक्रमण आणि सायन मेष संक्रमण हीं एकाकाळीं येण्याचीं जीं वर्षे तीं शून्यायनांश वर्षे होत या प्रमाणें वरील वर्षे काढिलीं आहेत.' इस प्रकार के परीक्षण में लिखे हुए दीक्षित के कथन से ही स्पष्ट हो जाता है कि 'शून्यायनांश वर्षों के परंपरानुसार भिन्न देते आये अपने अपने काल में अयनांश कहे न होकर उन ग्रंथकारों ने प्रत्यक्ष

देखकर अपने वर्तमान काल के अयनांश निश्चित किये हैं। और उनके वर्षमान के अनुसार जो अयनगति प्रति वर्ष १ कला मित आती है; तदनुसार शून्यायनांश वर्ष कहे हैं। सो मंद केंद्रीय मानके हैं। इस संबंधका विवेचन आगे के विधानों (११ से १५ पर्यंत) मेंही विस्तृत रीति से किया गया है। उसका सारांश-ये है कि करणागत में उतनी स्थूलता नहीं है कि जितनी प्रि० गोविन्दरावजी बता रहे हैं। और वह गणित द्वारा कैसे निकल सकती है सो क्रमशः आगे के विधानों में बताया गया है। ब्रह्मगुप्त के खंडखाद्य में लिखे हुए क्षेपकों से (भा. ज्यो. पृ. २२३) शाके ५८७ में अमांत चैत्र बदि ३० शनिवार को इष्ट घटी २६।४६ पर और सूर्य सिद्धांत से घ. १२ प. ९ पर मेष संक्रमण हुआ है। और सायन मेष संक्रमण चैत्र बदि ११ सोमवार को घ. ५३ प. १ पर हुआ है। इससे अयनांश ४°।१५'।१५" निश्चित होते है। इसीसे अयन वर्ष गति १ कलामित मानकर शून्यायनांश शक वर्ष ३३२ जोकि दामोदरीय भट्ट तुल्य (भा. ज्यो. पृ. ३३५) के निकट में आते हैं। और इसी को शुद्ध नाक्षत्र गति का भाग देने पर शाके २८२ और मंदफल के अन्तर को निकाल डालने पर शाके २१३ शून्यायनांश वर्ष आते हैं। किंतु प्रि० साहब के कहे प्रकार इससे शून्यायनांश शक वर्ष ५०९ आते नहीं हैं। सारांश परीक्षण में लिखी हुई कुल बातें बिना गणित के देख भाले अंटसंट लिखी गई हैं। सो असत्य हैं अतएव त्याज्य हैं।

विधान ९

उनके (आर्य ग्रंथकारों के) कहे हुए अयनगति के आधारपर शून्यायनांश वर्ष आदि को नाक्षत्रवर्ष मानना अयोग्य है। क्योंकि वह वर्षमान मंद केंद्रीय के बराबर कहे जानेसे उसी मानसे वह ठीक ठीक मिलते हैं। नाक्षत्र से मिलाने के लिये बीज संस्कार करके उनके द्वारा शून्यायनांश वर्षों का निर्णय कर लेना चाहिये।

परीक्षण ९

या विधानाचा हेतू ध्यानांत येत नाहीं. रैवत किंवा चैत्रपक्षा संबंधीं यानें कांहीं विशेष गोष्ट सिद्ध होते असें नाहीं. शून्यायनांश वर्षाचा व सिद्धान्तोक्त नक्षत्रस्फुट ध्रुवाचा फार निकट संबंध आहे हें पूर्वी दाखविलेंच आहे. सिद्धान्तोक्त वर्षमान हें मंदकेंद्रीय वर्ष आहे असें सिद्धांतकारांच्या दृष्टीनें म्हणता येत नाहीं. व तें खरें नाहीं. कारण त्यांनीं उच्च भगण निराळे दिले आहेत. त्यांनीं दिलेलीं वर्षमानें नाक्षत्रच होत; हीं त्यांची समज गृहीत धरूनच आपण चालले पाहिजे.

समाधान ९

उक्त परीक्षण से ज्ञात होता है कि प्रस्तुत विषय को प्रि. गोविंदरावजी ने देखा [पढा] नहीं हैं। इसलिये अभी वह पढें कि केंद्रीय सौरवर्ष और नाक्षत्रिक सौरवर्ष के परिमाण किस आधार से और किस गणित से ज्ञात हो सकते हैं। इस विषय में श्रीमान् से अनुरोध करताहूं कि ज्योतिर्गणित के [पृ. २१५] कोष्टक ६-७ में केंद्रीय वर्षमान और (पृ. २१९) नाक्षत्र वर्षमान (भगणकाल) को तथा [प्रस्तुत रिपोर्ट के (पृ. ९८-१०२) कोष्टक १-३ को अवश्य] पढेंगे तो आगे आप ऐसा असंबद्ध व निरुपयोगी लेख नहीं लिखेंगे। क्योंकि एक उच्च भगण कह गये हैं इतने पर से सिद्धान्तोक्त वर्षमान नाक्षत्र नहीं हो सकते. इसलिये शुद्ध गणित की कसौटीपर ग्रंथोक्त परिमाणों के भावको समझ लेना चाहिये। इनकी दृष्टि उनकी दृष्टि इत्यादि कथन से काम नहीं चल सकता है।

विधान १०

शून्यायनांश के वर्षों के संबंध में यद्यपि दीक्षितजी (भा. ज्यो. पृ. ३३५ में) सूर्यादि ५ सिद्धान्त और सिद्धान्त तत्वविवेक का शके ४२१, मुंजालका ४४९, राजमृगांक, करण प्रकाश, करण कुतूहल इत्यादि का ४४५, करण कमल मार्तंड, ग्रहलाघवादि का ४४४, भास्वती करण का ४५०, करणोत्तम का ४३८, और दामोदरीय भटतुल्य का ३४२ शक वर्ष लिखे हैं। वह ग्रंथोक्त स्पष्ट सूर्य के अनुसार हैं। उच्च की स्थिर प्रायगति और परमफल की भिन्नता के कारण जबकि सूक्ष्ममान से क्यों न हो इनके वर्षमान ही भिन्न भिन्न —(रिपोर्ट पृष्ट १०४ कोष्टक ४ देखिये) आते हैं। तब विभिन्न केंद्रीय वर्षमान से और परमफल के ह्रास आदि के संस्कार किये बिना ही वही प्राचीन मंदफल से साधित स्पष्ट सूर्य का विषुवदिनांतर काल साधित अयनांशों में भिन्नता आजाना स्वाभाविक है। इसीलिये गणेशदैवज्ञादि ने तिथिचिंतामणि आदि सारणी ग्रंथों में जैसे अब्दपका यानी मध्यमगति का उपयोग किया है। वैसे सूर्यसिद्धान्तीय मध्यमरवि और मध्यमसायन रवि के अंतर रूप (शाके १४४२ में) अयनांश १६°। ३८' निश्चित कर अयनवर्ष गति १ कला के अनुसार शून्यायनांश वर्ष ४४४ कहा है। ऐसा ही मुंजाल आदि ने कल्पभगणों द्वारा अयनगति को कही है। यह सब मध्यम मान को पुष्ट करते हैं। यद्यपि यह भगण रविभगणानुसारी सावनदिनात्मक केंद्रीय भागानुसार कहे जाने के कारण शुद्धनाक्षत्र मानसे इनमें केंद्रांतर व अयनांतर (रिपोर्ट पृ. १०० कोष्टक ७ देखिये) तो रहता ही है। किंतु वह एक निश्चित मान होने से गणित द्वारा उस अंतर को अलग २ करदेनेपर इनकी शुद्ध नाक्षत्र मानसे एक वाक्यता होसकती है।

विधान ११

प्राचीन काल में नक्षत्रों को प्रत्यक्ष देखकर उनके अंतर द्वारा काल का नाप किया जाता था (रि. पृ. १०२ की टिप्पणी तथा भूमी का पृ.७-९ देखो) आगे सिद्धान्त काल में जो भी केंद्रीय वर्षमान लेने से दो तीन अंश तक उच्च बढ जाने तक उसी उच्च को स्थिर माने हुए लेते चले जाते थे। किंतु जब नक्षत्रों की अश्वमुखादि आकृतियों से और भ ध्रुवकों के भागसे अंतर हुआ देख कर आग के ग्रथकार उच्चको बढाकर फिरसे नाक्षत्रमान के तुल्य कर लेते थे। क्यौंकि उस समय शुद्ध नाक्षत्र वर्षमान की गति और उच्चगति इनका ठीक ठीक शोध नहीं लगा था। लेकिन अब हमें शुद्ध नाक्षत्र वर्षमान, उच्चगति और अयनगति सूक्ष्ममान की ज्ञात होगई हैं तब उसके गणितद्वारा हमें यह ज्ञात हो सकता है कि सिद्धान्त ग्रंथों के वर्षमान मे केंद्राय कितना भाग मिश्रित हुयेला है। तोभी हम उससे गणितशुद्ध केंद्रायनगति निश्चित कर सकते हैं। ऐसा करने से सिद्धान्त ग्रथों क वर्षमान के मूलांकों के अनुसार इनके ६ प्रकार निश्चित होते हैं। (१) शुद्ध मद केंद्र, (२) सूर्य सिद्धान्त, (३) आर्यसिद्धान्त, (४) ब्रम्हसिद्धान्त, (५) शुद्धनाक्षत्र और (६) शुद्ध-सापातिक (सायन) और इनके गणितद्वारा जो उच्चगति, अयनगति और शुद्धनाक्षत्रऔर मानांतर निश्चित होते हैं सो [रिपोर्ट पृ. १०० में अलग २ बताए गए हैं तथा] आगे के विधान में स्पष्ट करके पृथक् पृथक् बताते हैं।

विधान १२

अयन, और केंद्रगति तथा शुद्ध नाक्षत्रमान से अंतरदर्शक (समीकरणरूप) कोष्टकः—

संकेत अक्षर.	संकेताक्षर.	क	ख	ग	घ
	सिद्धात और शुद्ध परिमाणों क नाम.	वर्षमान के दिन यानी सौर भगण काल.	अयनगति दिन यानी सापातिक से अंतर.	केंद्रगति दिन यानी केंद्रीय वर्ष से अंतर.	नाक्षत्र बीज यानी नाक्षत्र से अतर दिन.
	सिद्धांत ग्रंथ	मूलांक दिन	− गति दिन	+ गति दिन	संस्कार दिन
अ	शुद्ध मंद केंद्र	२६५·२५९७१२२४	·०१७४९५५८	·००००००००	+·००३३३७८२
इ	सूर्य सिद्धात	३६५·२५८७५६४८	·०१६५३९८३	·०० ९५५७६	+·००३३८२०६
उ	आर्य सिद्धात	३६५ २५८६८०५५	·०१६४८३८९	·००१०३१६९	+·००२३०६१३
ए	ब्रह्मगुप्त सिद्धात	३६५ २५८४३७५०	·०१६२२०८४	·००१२७४७४	+·००२०६३०८
ऐ	शुद्ध नाक्षत्र	३६५·२५६३७४८२	·०१४१५७५६	·००३३३७८२	+·००००००००
ओ	शुद्ध सांपातिक	३६५·२४२२१६६६	·००००००००	·०१७८९५०८	+·०१४१५७५६

उपर्युक्त कोष्टक में के (अ)–(ओ) के अंतर द्वारा (ख)= अयनगति और (ग) =केंद्रगति बताई गई है। इसमे शुद्ध नाक्षत्र वर्ष परिमाण के लिये (घ)=बीज, तथा उससे (ग)+(घ)= शुद्ध केंद्र गति एवं (ख)+(घ)= शुद्ध अयनगति (इ, उ, ए, ऐ) परिमाणों की ज्ञात हो जाती है। अतएव सिद्धान्त ग्रंथोक्त परिमाणों को कदम्बाभिमुख सदा स्थिरप्राय नक्षत्रों से एवं नक्षत्रों मे निश्चित चैत्रादि मासों से तुलना करने के लिये (शुद्ध नाक्षत्र मान से कालान्तर रूप) (घ) संस्कार करना चाहिये, ताकि इस प्रकार शुद्ध परिमाणों से सिद्धांत ग्रंथोक्त अयनांशादि परिमाणों की एक वाक्यता हो जाती है।

विधान १३

स्पष्टता पूर्वक समझने के लिये एक उदाहरण करके बतता हूं

केंद्रीयमान से अयनगति लाने के लिये दिनात्मक न्यास= १

विवरण.	सूर्य सिद्धान्त.	आर्य सिद्धान्त.	ब्रह्मगुप्त सिद्धांत.	शुद्ध नाक्षत्रमान.
१: सौरवर्ष में	दिन	दिन	दिन	दिन
शुद्ध केंद्रायनगति.	·०१७४९५५८	·०१७४९५५८	·०१७४९५५८	·०१७४९५५८
–ग्रंथसाधित केंद्रगति	·०००९५५७६	·००१०२१६९	·००१२७४७४	००३३३७८२
=अयन वर्षगति.	·०१६५३९८२	·०१६४६३८९	·०१६२२०८४	·०१४१५७७६

केंद्रीयमान से अयनगति लाने के लिये पलात्मक न्यास= २

१: सौरवर्ष में	पल	पल	पल	पल
शुद्ध केंद्रायनगति	ध्रु. ६१·८४८०	ध्रु. ६१·८४८०	ध्रु ६१·८४८०	ध्रु. ६१·८४८०
–ग्रंथ साधित केंद्रगति	–३·३९१२	–३·३६०६	–४·५२३०	–११·८१२३
=अयन वर्षगति	=५८·४५६८	=५८·१८७४	=५७·३२५०	=५०·२३५८

इसमे ध्रु= स्थिर राशि मानकर शुद्ध केंद्रगति द्वारा, अन्यान्य ग्रंथों की अयनगति बनाई गई है। इससे शुद्ध नाक्षत्र वर्ष का काल और शुद्ध अयनगति लाने के लिये (ऐ-क) स्थिर राशि से वर्षगति का कालान्तर और (ऐ–ग) स्थिरराशि मानकर (घ) म, बीज का संस्कार करें। तो ग्रंथोक्त अयनांशों की शुद्ध गणितागत से एक वाक्यता हो जाती है। अतएव सिद्धांत ग्रंथोक्त अयनांश वेध सिद्ध परिमाणों से शुद्ध हैं।

विधान १४

करण ग्रंथों में कही हुई अयन वर्षगति १ कला से केंद्रगति (१.८४८ पलात्मक) होती है। यद्यपि नव्य सूर्यसिद्धांतोक्त कल्पोच्च भगण ३८७ से उच्च वर्षगति '११७८ पल मात्र आती है। इसीलिये वह "तस्योच्चस्यचलनं वर्षशतेनापिनोपलक्ष्यते." (सि. शि. म. श्लो. ६ टीका) इस प्रकार के भास्कराचार्य के कथनतुल्य स्थिरप्राय माने गये हैं। किंतु वेदांग ज्योतिष के बाद के संहिता (जातक) ग्रंथों में रविका उच्च १० अंश लिखा है। जोकि शुद्ध उच्चगति से शक पूर्व १९१३२ में इतनाही उच्च था ऐसा गणित से निश्चित होता है। इसके बाद के ग्रंथों में क्रमशः २०।२५ से ७०।७५।७७ उपलब्ध होते हैं। ग्रहलाघवादि ग्रंथकारों ने रवि का उच्च ७८ अंश का माना है और शुद्ध नाक्षत्र गणित द्वारा वर्तमान में ७८°–७९° आता है। तथा हमारे ग्रंथों में ऐसा एकभी प्रमाण उपलब्ध नहीं है कि चैत्रीय केंद्र से २-३ अंश से अधिक अंतरित हो तब ज्ञात हो जाता है कि रविभगण का आरंभस्थान एक दो अंश आगे बढजाने पर नक्षत्रों से मेल मिलाने के लिये आगे के ग्रंथकार उच्च को भी एक दम उतनाही बढादिया करते थे कि जितना शुद्ध नाक्षत्रमान से आता है। इस विषय के प्रमाण सिद्धान्त सम्राट और सिद्धान्तराज में उपलब्ध होते हैं। इससे सिद्ध होता है कि पर्याय से क्यों न हो केंद्र गति उतनी ही मानी गई है कि जितनी विधान १३ में बताई गई है। इस केंद्रांतर को निकालने पर शुद्ध नाक्षत्र भाग स्वयं निश्चित हो जाता है।

विधान १५.

अयनांशों के शोधन करने के संबंध में रवि मंदफल का भी विचार करना अवश्य है। ग्रहों की कक्षा कालांतर में धीरे धीरे कम होती जाती है। प्राचीन ग्रंथों में रवि परम फल २°।१०' लिखा है वह अब कम होते होते वर्तमान में १°।५५' हो गया है। इसलिये अब हम सायनस्पष्ट सूर्य से करणागत स्पष्टार्क में मंदफल की भिन्नता के कारण पडे हुए अंतर को गणित से अलग निकाल सकते हैं। किंतु यह अंतर बहुत थोडा है कुछ कलाओं के सिवाय इसके द्वारा अंतर गिरता नहीं है। विशेष फर्क तो केंद्रीय गतिजन्य होने से ग्रंथोक्त अयनांशों की जहां तहां हमने सूक्ष्ममान से एक वाक्यता करके बताई है वहां सिर्फ एक मंद केंद्रीय नाम कहकर 'शुद्ध नाक्षत्र सौर अयनांश=मंदकेंद्रीय+अंतर संस्कार (घ) इस प्रकार समीकरण माना है। सो इसमें बाकी के फलान्तरादि समझ लेना चाहिये।

विधान १६

उपर्युक्त समीकरण के द्वारा तथा ग्रंथोक्त मध्यम सूर्य को सायन मध्यम रविके तुल्य समानता आने के काल को " यंत्रेद्र मध्योन्नत भागकेभ्योद्देशे निजे योऽस्तिपरि स्फुटोर्कः ॥ सिद्धान्त युक्त्यापिच साधितोयस्तद्विप्रयोगादयनांश काख्युः ॥ ३३ ॥ " इस सिद्धान्त सम्राट (लिखित पृ० ४(१)) के अनुसार; अन्यान्य परिमाणों के शून्यायनांश शक वर्ष निश्चित होते हे। (१) शुद्धमंद केंद्रीय का ५१६, (२) सूर्य सिद्धान्त का ४४२, (३) आर्य सिद्धान्त का ४२६, (४) ब्रम्हगुप्त सिद्धान्त का ४१५, और (५) शुद्ध नाक्षत्र का २१२ शाके है इस तरह के शक वर्षों से ग्रंथोक्त अयनांशों की भी एक वाक्यता हो जाती है। उदाहरण के लिये १० ग्रंथों के अयनांशों की शुद्ध मान से एक वाक्यता करके बताता हूं।

विधान १७

(१) मुंजालकृत लघुमानस-शाके ८५४ में शुद्ध सूक्ष्म वर्ष गति से मध्यम मेषार्क काल चैत्र वदि (अमांत) २ सोमवार तारीख ३१ मार्च सन ९३२ ई० को घ० ३२ प० ३१ पर और सांपातिक म० मेषार्क काल—चैत्र शुद्ध ८ शनिवार ता० २२ मार्च ९३२ ई० को घ० २८ प० ११ पर हुआ है। इससे अन्यान्य वर्षमान द्वारा (निम्न लिखित) अयनांश आते है। उनकी ग्रंथोक्त से एक वाक्यता इस कोष्टक में लिखे प्रकार होती है।

	मुंजाल के.	अब्दप.			तिथि.	अयनांश.			शाके ८५४.	ईसवी सन ९३२	
	समय में.	वार.	घटी.	पल.	शुद्धि.	अंश.	कला.	विक०	पचांगोक्त मिती.	तारीख.	मास.
ऐ	शुद्ध नाक्षत्रमान	२	३२	३१	१६·७३	८	५६	३०	चैत्र(वै.)व.२सोमवार	३१	मार्च
ए	ब्रह्मगुप्त सि०	०	३५	२४	१४·७५	७	१	५	चैत्र शुद्ध१५शनिवार	२९	,,
ऊ	मुंजालोक्त	०	२४	१०	१४ ५४	६	५०	०	चैत्र शुद्ध१५शनिवार	२९	मार्च
उ	आर्य सिद्धात	०	२१	३६	१४ ५१	६	४७	२९	,, ,,	,,	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	०	१७	४२	१४·४५	६	४३	१६	,, ,,	,,	,,
इ	नव्य सू० सि०	०	१७	२०	१४·४२	६	४३	१४	,, ,,	,,	,,
अ	शुद्ध केंद्रीय	६	२२	२	१३ ९२	५	४३	४६	चैत्र शुद्ध१४शुक्रवार	२८	,,
ओ	शुद्ध संपातिक	०	२८	११	७ ५०	०	०	०	चैत्र शुद्ध८शनिवार	२२	,,

अंकों की तुलना— (०।२८।११) + (१।४।२०) = (२।३२।३१) ऐ अब्दप तुल्य है

मुंजालोक्त अयनाश (ऊ) स्थानीय सिद्धांतोक्त के बराबर हैं। भा. ज्यो. पृ. ३१३ में ' शक ८५४ में अयनाश ६।५० ' लिखे हैं। ग्रंथोक्त रवि भगणारंभ सौर तुल्य तिथि १४.४५ पर होता है। सो मुंजालोक्त अयनाश उक्त सूक्ष्म गणितागत से युक्त एव बराबर हैं।

विधान १८

(१) द्वितीय आर्य भटीय सिद्धान्त-शाके ८७५ में शुद्ध सूक्ष्म वर्ष गति से मध्यम *मेषार्क काल चैत्र शुद्ध ८ शनिवार तारीख ३१ मार्च सन् ९५३ ईसवी को घ. ५९ प. ३८* पर और सांपातिक म. मेषार्क काल–फाल्गुन बदि ३० गुरुवार ता. २२ मार्च ९५३ ई. को घ. ३३ प. २२ पर हुआ है। इससे अन्यान्य वर्षमान द्वारा (निम्न लिखित) अयनाश आते हैं। *उनकी ग्रंथोक्त से एक वाक्यता इस कोष्टक में लिखे प्रकार होती है।*

विधान ११ प्रोक्त अक्षर.	आर्य भट के.	अब्दप			तिथि.	अयनाश.			शाके ८७५ तथा सन् ९५३ ई.		
	समय में.	रा.	घ	प	शुद्धि.	अ.	क	वि	पचांगोक्त मिती.	तारीख.	मास.
ऐ	शु. नाक्षत्र	०	५५	३३	८·०४	९	१४	६	चैत्र शुद्ध ८ शनिवार	३१	मार्च
ए	ब्र. गु सि.	६	१	५	७·१०	७	२१	१५	चैत्र शुद्ध ७ शुक्रवार	३०	,,
ई	आर्य सि.	५	२४	३५	६·८७	७	७	१७	चैत्र शुद्ध ६ गुरुवार	२९	,,
इ	सूर्य सि.	५	४३	४४	६·८१	७	४	९	,, ,,	२९	,,
ब	नव्य सू. सि.	५	४३	२३	६·८०	७	३	४८	,, ,,	२९	,,
अ	शु. केंद्राय	४	५०	५८	५·९०	६	११	३१	चैत्र शुद्ध ५ बुधवार	२८	,,
ओ	शु. सांपातिक	५	३३	३२	२९·९१	०	०	०	फाल्गुन ३० गुरुवार	२२	,,

वारों से तुलना (५ ३३ ३२)+(२।२२।११)=(०।५५।३३) ऐ अब्दपतुल्य है

द्वितीयार्य सि. के गणित से आर्य भट तुल्य तिथि शुद्धि ६·८७ पर मेष सङ्क्रमण काल आता है। सो सूक्ष्म गणित के तुल्य बराबर है

विधान १९.

(३) राज मृगांक (भोज कृत) शाके ९६४ में मध्यम मेषार्क काल-शुद्ध नाक्षत्र परिमाण से चैत्र शुद्ध ४ शनिवार तारीख २ अप्रेल सन १०४२ ई. को घ. ४४ प.३४ पर। और सांपातिक परिमाण से फाल्गुन (अमात) बदि शके ८७४) ८ बुधवार ता. २३ मार्च १०४२ ई. को घ. ६ प ४९ पर हुआ है। इनके द्वारा अयनांश और उनकी ग्रंथोक्त से एक वाक्यता निम्न लिखित कोष्टक में बताई है।

विधान १२ प्रोक्त अक्षर	राजमृगांक के समय में	अब्दप			तिथि	अयनांश			शाके ९६४ इसवी सन १०४२		
		वार	घड़ी	पल	शुद्धि	अंश	कला	विकला	मिती	तारीख	मास
ऐ	शुद्ध नाक्षत्र	०	४४	३४	२.५९	१०	२८	३६	चैत्र शुद्ध ४ शनिवार	२	अप्रेल
ए	ब्रम्हगुप्त सिद्धांत	६	१	४	१.८४	८	४६	३६	,, ३ शुक्रवार	१	,,
ऊ	भोज प्रोक्त	५	५९	४७	१.७१	८	३९	०	,, २ गुरुवार	३१	मार्च
उ	आर्यभ सिद्धांत	५	५२	५३	१ ६७	८	३४	३६	,, ,, ,,	३१	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	५	४५	२४	१.६१	८	३१	१०	,, ,, ,,	३१	,,
इ	नव्य सू. सि.	५	४५	६	१.६१	८	३०	५०	,, ,, ,,	३१	,,
अ	शुद्ध केंद्राय	४	५७	१०	३०.८६	७	४३	३६	,, १ बुधवार	३०	,,
ओ	शुद्ध सांपातिक	४	६	४९	२२ ७९	०	०	०	फाल्गुन व. ८ ,,	२३	,,

वारों से तुलना (४।६।४९)+(१०।३७।४७)=(०।४४।३४) 'ऐ' के तुल्य है।

भा. ज्यो. पृ. २३८ से राजमृगांक के सूर्य १०।२८।४९।० चंद्र १०।१९।२।५३ द्वारा फा. व. ३० करणारंभ में तिथि ०.८०९ से मेषारंभ तिथि १.४ आती है। और उसमें लिखे अयनांश ८।३९ से ति. शु. १.७१ (ऊ) अब्दपादि स्वल्पान्तर से शुद्ध हैं।

विधान २०

(४) 'करण कमल मार्तंड' शाके ९८० में मध्यम मेषार्क काल-शुद्ध नाक्षत्रमान से चैत्र बदि ३० शुक्रवार तारीख २ अप्रेल सन १०५८ ई. को घ ५० प. ४७ पर और शुद्ध सांपातिक मान से चैत्र बदि ५ सोमवार (सूर्योदय से) ता. २२ मार्च सन १०५८ को घ. ५९ प. २१ पर हुआ है। इससे अन्यान्य वर्षमान द्वारा (निम्न लिखित) अयनांश आते हैं। उनकी ग्रंथोक्त से एकवाक्यता इस कोष्टक में लिखे प्रकार होती है।

	कमल मार्तंड के	अब्दप			तिथि	अयनांश			शाके ९८० ईसवी सन १०५८		
	समय में	वा	घ	प.	शुद्धि	अ	क	वि.	मिती	तारीख	मास
ऐ	शुद्ध नाक्षत्र	६	५०	४७	३० ५९	१०	४२	०	चैत्र व. ३० शुक्रवार	२	अप्रैल
ए	ब्रह्म गुप्त सिद्धांत	५	९	११	२८·८७	९	१	५८	,, १४ गुरुवार	१	,,
उ	आर्य सिद्धान्त	४	५७	१४	२८·६७	८	५०	१०	,, १२ बुधवार	३१	मार्च
ई	सूर्य सिद्धांत	४	५ ३	४९	२८·६१	८	४६	४८	,, ,, ,,	,,	,,
इ	नव्य सू. सि.	४	५३	३१	२८ ६१	८	४६	२९	,, ,, ,,	,,	,,
ओ	शुद्ध केंद्रीय	४	६	२०	२७ ८१	८	०	९	,, ,, ,,	,,	,,
अ	शुद्ध सापातिक	२	५९	२१	१९ ९६	०	०	०	,, ९ सोमवार	२२	,,

वारों से तुलना [२।५९।२१]+[१०।५१।२६]=[६।५०।४६] 'ऐ' के तुल्य है.

भा० ज्यो० पृ० २४० में लिखे प्रकार से अयनांश [९८०−४३८=५४२ ÷ ६०=] ९°।२' आते हैं। सो ब्रह्मगुप्तोक्त भगणारम्भ दिनादि के तुल्य हो जाने से गणितानुसार शुद्ध हैं।

विघान. २१

(५) करणप्रकाश [ब्रह्मदेव विरचित]—शाके १०१४ मध्यम मेषार्क संक्रमण काल=शुद्ध नाक्षत्र मानसे चैत्र वद्य २ शनिवार तारीख २ अप्रील १०९२ ई० को घ. ३३ प.४३ पर और शुद्धसापातिक मानसे चैत्र शुद्ध ६ मंगलवार ता. २२ मार्च १०९२ ई० को घ. १३ प. २८ पर हुवा है। इनके द्वारा अयनांश और उनकी प्रभोक्तसे एक वाक्यता निम्न लिखित कोष्टक में बतई है।

करण प्रकाश म. म सुधाकर द्विवेदीकृत टीकायुत [सन १८९९ काशी मुद्रित] के पृष्ठ १४ में के "१०१४ शके चैत्र शुक्ल प्रतिपदि भृगौ रव्युदये भादीन् रव्यादी नार्य भट्ट मतानुसारेण। रवि. ११ । १६ । ३२ । ५७ चंन्द्रः ११ । २७ । २० । २० " आधार से गणित द्वारा उपर्युक्त कोष्टक में [ऋ] चिन्ह के आगे करण प्रकाशोक्त अब्दप ति. शु. और अयनांश लिखे हैं। यह सबीज कहे होने से आर्य सिद्धांत के सिर्फ ६ फलांतर से शुद्ध है। इसकी भूमिका में म० द्विवेदीजी लिखा है कि "शंकर बालकृष्ण दीक्षित लेखानुसारेण ब्रह्मदेव मतेन ४४५ शकेऽयनांशाभाव प्रत्यक्षमेक कल्पयन गतिश्च [भा. ज्यो. पृ० २४०—२४१ विलोक्ये] परन्त्वत्र यन भागचर्चा न कुत्रापि दृश्यते।" इससे स्पष्ट है कि शून्यायनांश वर्षो से अयन गति द्वारा हमारे मध्यकार अयनांशों को नही लेकर वेधसिद्ध विषुव दिन से लेते थे। अतएव वह सिद्धांनिक मान से शुद्ध हैं।

ग्रंथ.	करण प्रकाश के.	अब्दप.			तिथि.	अयनांश.			शाके १०१४	ईसवी सन१०९२	
चिन्ह.	समय में.	वा	घ.	प.	शुद्धि.	अ.	क.	वि.	मिति	ता.	मास.
ऐ	शुद्ध नाक्षत्रमान	०	३३	४३	१६·७१	११	१०	२८	चैत्र वद्य २ शनिवार	२	अप्रिल
ए	ब्रह्म गुप्त सिद्धांत	५	२६	२४	१५·०६	९	३४	३४	चैत्र शुद्ध १५गुरुवार	३१	मार्च
उ	आर्य सिद्धांत	५	४४	५६	१४·८७	९	२३	१६	,, ,, ,, ,,	,,	,,
ऊ	करण प्रकाश	५	३८	४९	१४ ७६	९	१७	१३	,, ,, ,, ,,	३१	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	५	४१	४२	१४·८१	९	२०	२	,, ,, ,, ,,	,,	,,
इ	नव्य सू. सिद्धांत	५	४१	२४	१४·८१	९	१९	४५	,, ,, ,, ,,	,,	,,
अ	शुद्ध केंद्रीयमान	४	५६	१४	१४ ०४	८	३०	१९	,, ,, १४ बुधवार	३०	,,
ओ	शुद्ध सापातिक	३	१३	२८	५ १९	०	०	०	चैत्र शुद्ध ६ मंगलवार	२२	,,

वारों से तुलना [३।१३।२८] + [११।२०।२५] = [०।३३।४३] 'ऐ' के तुल्य है.

विधान २२

(६) 'भास्वती करण' शाके १०२१ में मध्यम मेषार्क संक्रमण काल=शुद्ध नाक्षत्रमानसे-चैत्र शुद्ध ५ सोमवार तारीख ३ अप्रैल सन १०९९ ई को, घ. २१ प. २४ पर। और शुद्ध सायनमान से फाल्गुन वदि ८ बुधवार ता २२ मार्च १०९९ई को घ. ५५ पल ११ पर हुआ है। इनके द्वारा अयनांश और उनका प्रथाक मे एकवाक्यता निम्नलिखित कोष्टक में बताई है।

ग्रंथ	भास्वती के	अब्दप			तिथि	अयनांश			शाके १०२१ । ई सन १०९९		
चिन्ह	समय में	वा.	घ	प.	शुद्धि	अ	क	वि.	मिती	ता	मास
ऐ	शुद्ध नाक्षत्रमान	९	२१	२४	[illegible]	११	६	१०	चैत्र शुद्ध ५ सोमवार	३	अप्रील
ए	ब्रह्म गुप्त सि.	०	४५	[illegible]	२ ५७	०	[illegible]	१७	चैत्र शुद्ध २ शनिवार	१	,,
ऊ	भास्वती करण	०	२४	३०	२ ३४	९	११	०	,, ,,	१	,,
उ	आर्य सिद्धांत	०	३३	४०	२ १३	०	२०	५	,, ,,	,,	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	०	३०	२५	२ २७	९	६	०३	,, ,,	,,	,,
इ	नव्य सू. सि.	०	३०	४	२ २७	९	१६	३०	,, ,,	,,	,,
अ	शुद्ध केंद्रीयमान	६	२५	२२	[illegible]	८	४०	३३	चैत्र शुद्ध ३ शुक्रवार	३१	मार्च
ओ	शुद्ध सायन	४	५५	११	२२.०३	०	०	०	फाल्गुन व ८ बुधवार	२२	,,

वारों से तुलना (४।५५।११) + (११।२६।११) = (२।२१।२४) ऐ के तुल्य है.

भा. ज्यो. पृ. २४४ के लिखे प्रकार से अयनांश ९°। ३१' आते हैं सो (ऊ) ब्रह्मपक्ष के बीच के तुल्य शुद्ध है।

विधान २३

'करणोत्तम' शके १०३८ में मध्यम मेष सं. काल=शुद्ध नाक्षत्र मान से चैत्र सुदी १२ सोमवार तारीख ३ अप्रील सन १११६ ईसवी को घ. ४२ प. ५४ पर। और शुद्ध सायन मान से चैत्र सुदी १ गुरुवार ता. २३ मार्च १११६ इ. को. घ. २ प. १९ पर; हुआ है। इनके द्वारा अयनांश और उनकी ग्रंथोक्त से एक वाक्यता (निम्न) कोष्टक में बताई है।

ग्रंथ चिन्ह.	करणोत्तम के समय में	अब्दप वा.	घ.	प.	तिथि शुद्धि	अयनांश अं.	क.	वि.	शके १०३८। ईसवी सन १११६ में मिति	तारीख	मास
ऐ	शुद्ध नाक्षत्र	२	४२	५४	१२.२१	११	३०	३४	चैत्र सुदी १२ सोमवार	३	अप्रैल
ऊ	करणोत्तम	१	११	३	१०.६२	१०	०	०	चैत्र सुदी ११ रविवार	२	,,
ए	ब्रह्मगुप्त सि.	१	८	३५	१०.६१	९	५७	३६	,, ,, ,,	२	,,
उ	आर्य सि.	०	५७	२९	१०.४२	९	४६	३९	,, १० शनिवार	१	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	०	५४	१८	१०.३७	९	४३	३१	,, ,, ,,	१	,,
इ	नव्य सू. सि.	०	५४	०	१०.३७	९	४३	१४	,, ,, ,,	१	,,
अ	शुद्ध केंद्रीय	०	१०	१७	९.६२	९	०	१	,, ,, ,,	१	,,
ओ	शुद्ध सायन	५	२	१९	३०.२४	०	०	०	चैत्र सुदी १ गुरुवार	२३	मार्च

वर्षों से तुलना (५।२।१९)+(११।४०।३१)=(२।४२।५४) 'ऐ' के तुल्य है।

भा. ज्यो. पृ. २४९ में "करणोत्तमादौ चाप्ययनांशा दशसंख्या:" इस समय अयनांश १० थे" ऐसा लिखा है। सो (ऊ) परिमाण ब्रह्मगुप्त के (२'।२४") स्वल्पांतर से बराबर है। सो सिद्धांतिक रीति से शुद्ध है।

विधान २४

(८) करण कुतूहल (भास्कराचार्य कृत) शाके ११०५ में मध्यम मेष सं० काल ऋशुद्ध नाक्षत्र मान से चैत्र शुद्ध ४ सोमवार तारीख ४ अप्रील सन ११८३ ई को घ ५२ प. ३० पर । और शुद्ध सायन मान से फाल्गुन वदी ६ बुधवार तारीख २१ मार्च ११८३ को, घटी १५ प. ५८ पर हुआ है. । इनके द्वारा अयनांश और उन की यथोक्त से एक वाक्यता निम्न लिखित कोष्टक में बताई है ।

ग्रंथ चिन्ह	करण कुतूहल के समय में	अब्दप			तिथि शुद्धि	अयनांश			विक्रम संवत १२४० सन ११८३ मिती	तारीख	मास.
		घा	घ	प.		अं.	क	वि			
ऐ	शुद्ध नाक्षत्र	२	५२	३०	२.३८	१२	२६	४०	चैत्र सुदी ४ सोमवार	४	अप्रैल
ऊ	प. कुतूहल	१	४९	३५	२ ३२	११	२४	०	चैत्र शुद्ध ३ रविवार	३	,,
ए	ब्रह्मगुप्त सिद्धांत	१	२७	२९	१.९२	११	१	५२	,, २ ,,	,,	,,
उ	आर्य सिध्दांत	१	१७	२०	१.७५	१०	५१	५३	,, ,, ,,	,,	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	१	१४	३१	१ ७०	१०	४९	२	,, ,, ,,	,,	,,
ई	नव्य सूर्य सिध्दांत	१	१४	१०	१ ७०	१०	४८	४६	,, ,, ,,	,,	,,
अ	शुध्द मेंद्रांग	१	१४	२०	१.०३	१०	९	२९	,, ,, ,,	,,	,,
ओ	शुद्ध सायन	४	१५	०८	२०.५६	०	०	०	फाल्गुन व ६ बुधवार	२१	मार्च

ओ की तुलना (४।१५।१८)+(१०।३०।३२)=(२।५२।५०) 'ऐ' के तुल्य है

करण कुतूहल [बंबई वेंकटेश्वर प्रेस का छपा हुआ मशीक है] पृष्ठ ११ श्लोक १७ की टीका में 'यथाब्दादा यवनांशा ११।२४ मथघृता चतुर्विंशति विकलान् विहायांशा एव भवा एवाद्दशमिता गृहीता.' ऐसा लिखा है । इससे ज्ञात होता है [illegible] के यहाँ में [illegible] " [illegible] " (सि. शि. म मध्यम [illegible] श्लो. ३०८) देकर अयनांश ११।२४ [illegible] नहीं दिये [illegible] ११।० [illegible] के [illegible] आते है । और [illegible] के तुल्य एव [illegible] सिद्धान्तीय [illegible] यवनांश [illegible] मिलते हैं । [illegible] सि. शि. [शाके १०७०] में [illegible] ११ अयनांश लिये हैं । [illegible] है । [illegible] अन्दर हो जाते है । [illegible] अयनांश ११।२४ [illegible] लिखते है वही मैने प्रस्तुत [illegible] में लिये है । और ११।२४ [illegible] कोई [illegible] नहीं है ।

विधान २५

(९) 'ग्रहलाघव' शाके १४४२ में मध्यम मेष सं काल=शुद्ध नाक्षत्रमान से चैत्र सुदी १२ शुक्रवार तारीख ९ अप्रैल सन १५२० इ. को घ. १७ प. २६ पर। और शुद्ध सायनमान से फाल्गुन बदि ९ सोमवार तारीख २२ मार्च १५२० को घ. ५३ प. ३४ पर हुआ है इनके द्वारा अयनांश और उनकी ग्रंथोक्त से एक वाक्यता निम्न लिखित कोष्टक में बताई है।

ग्रंथ	ग्रह लाघव के	अब्दप			तिथि	अयनांश			संवत् १५७७ सन १५२०		
चिन्ह	समय में	वार	घड़ी	पल	शुद्धि	अंश	कला	विकला	मिती	तारीख	मास
ऐ	शुद्ध नाक्षत्र	६	१७	२६	११·४३	१७	८	४९	चैत्र सु १२ शुक्रवार	९	अप्रैल
ऊ	ग्रह लाघव	५	४६	५	१०·८९	१६	३८	०	,, ११ गुरुवार	८	,,
ए	ब्रह्मगुप्त सिद्धांत	५	३३	४	१०·६८	१६	२५	८	,, ,, ,,	,,	,,
उ	आर्य सिद्धांत	५	२७	५०	१० ५९	१६	२०	०	,, ,, ,,	,,	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	५	२६	२४	१० ५७	१६	१८	३१	,, ,, ,,	,,	,,
इ	नव्य सूर्य सि.	५	२६	१३	१०·५६	१६	१८	२३	,, ,, ,,	,,	,,
अ	शुद्ध केंद्रीय	५	५	४३	१० २१	१५	५८	१९	,, ,, ,,	,,	,,
ओ	शुद्ध सायन	२	५३	३४	२३ ७५	०	०	०	फागण ब. ९ सोमवार	२२	मार्च

वारों की तुलना (२।५३।३४)+(१७।२३।५२)=(६।१७।२६) 'ऐ' के तुल्य है।

ग्रह लाघवकार ने अपने समय के अयनांश १६°।३८' कह दिये हैं। वह सिर्फ ३०·८ कलांतर से शुद्ध नाक्षत्रमान के तुल्य शुद्ध हैं।

विधान २६

(१०) सिद्धान्ततत्व विवेक (कमलाकर कृत) शाके १५८० में मध्यममेषार्क काल=शुद्ध नाक्षत्रमान से चैत्र शुद्ध ८ बुधवार तारीख १० अप्रैल सन १६५८ इ. को; घ. ४० प. ११ पर और सायन मानसे फाल्गुन कृष्ण ४ शुक्रवार ता. २२ मार्च १६५८ को घ. १९ प. ७ पर हुआ है। इनके द्वारा अयनांश और उनकी ग्रंथोक्त से एक वाक्यता निम्नलिखित कोष्टक में बताई है।

ग्रंथ	तत्व विवेक के	अब्दप			तिथि	अयनांश			संवत् १७१५ सन १६५८		
चिन्ह	समय में	वार	घटी	पल	शुद्धि	अंश	कला	विकला	मिती	तारीख	मास
ऐ	[ऊ] शुद्ध नाक्षत्र	४	४०	११	८·०२	१९	४	२२	चैत्र सुदा ८ बुधवार	१०	अप्रेल
ए	ब्रह्मगुप्त सिद्धात	४	१२	५८	७ ५८	१८	३७	३२	,, ,,	,,	,,
उ	आर्य सिद्धांत	४	९	४७	७·५२	१८	३४	२२	,, ,,	,,	,,
ई	सूर्य सिद्धांत	४	८	४९	७·५१	१८	३३	२८	,, ,,	,,	,,
इ	नव्य सूर्य सि.	४	८	४६	७·५१	१८	३२	३९	,, ,,	,,	,,
अ	शुद्ध केंद्रीय	३	५६	८	७·२९	१८	२०	५५	,, ७ मगलवार	९	,,
ओ	सायनमान	६	१९	७	१८ ३७	०	०	०	फाल्गुन ब ४ शुक्रवार	२२	मार्च

वारों की तुलना (६।१९।१७)+(१९।२१।४)= ४।४०।११) 'ऐ' के तुल्य है।

कमलाकर ने अपने ग्रंथ में चलांशों (अयनाशों) का उपयोग तो दिया है किंतु उसके अक नहीं देकर सूर्यसिद्धांत तुल्य कहे हैं। जोकि सू. सि. के रविभगणारंभ को देखने १८°। ३३' होते हैं। भा. ज्यो. पृ. ३३५ में सि. तत्वविवेक का शून्यायनाश वर्ष ४२१ उससे (इ) सू मि की गति से १८°। ५४' होते हैं। तथा स्थूल गति प्रत्यब्द १ कला से १९°। १९' होते हैं। इसलिये इनका मध्य (विधान १६ देखिये) आर्यभटीयमानसे (१५८०-४३६=११४४÷६०=अयनाश १९°।४' लेने से शुद्ध नाक्षत्र के तुल्य हो जाने से अलग लिखे नहीं है। तथा ग्रथकार के स्पष्ट लिखे बिना ठीक ठीक प्रमाण मानते आता नहीं है। तो भी जबकि ग्रथकार ने शेष वासना (पृ. ४२) में 'क्राति वृत्ते मेषादे. स्वस्व नक्षत्र ध्रुवकान्तरे स्वस्व भोग.' इस प्रकार, तथा त्रिप्रश्नाशसाधन और भास्करीयोदयान्तर समालोचना में वेधसिद्ध सायन ताराओं से भध्रुवकोक्त योगतारा भोगों के अंतर द्वारा अयनाशों को ध्वनित किया है इसलिये कमलाकर के समय के अयनांश १९। ४ चैत्रीयमान के एवं शुद्ध नाक्षत्र के तुल्य शुध्द हैं।

विधान २७

सूर्य सिद्धान्त आदि प्राचीन सिद्धान्त ग्रंथों मे लिखे हुए ध्रुवक यद्यपि अत्यन्त प्राचीन कालिक होने से ताराओं की निजगति के कारण स्वाती के तुल्य अति गति युक्त ताराओं

के भोग शरों में अब तक कुछ अंशों का अंतर पड़ता है तथापि यह सदा स्थिरप्राय कदंब प्रोतीय कहे होने से अयनांश और आरंभस्थान के निश्चय करने में (पर्याप्त) शुद्ध हैं। चित्पावन जातीय माधवात्मज दादाभाई कृत किरणावली टीका (ह. लिखित पृष्ठ ११६·२) में " एते ध्रुवा. क्रांतिवृत्ते भोगाः शराभयोगतारा कदंब वृत्ते। " ऐसा ' ध्रुवकों को क्रांतिवृत्त में भोग और कदंबाभिमुख शरों को ' कहा है। सिद्धान्त तत्वविवेक में कमलाकर ने बडी गवेषणापूर्ण इस विषय का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है—

कदंब संबंध वशेननूनं ये सूर्यसिद्धान्तमत प्रसिद्धाः ॥ ध्रुवोत्थसूत्रेनहितेऽवबोध्याः सूर्यांशयज्ञैर्गणितप्रवीणै ॥ १ ॥ कदंबद्वय प्रोतवृत्तंच यत्तद्भविंबरिथत सद्भवृत्तेचयत्र ॥ भवेद्भध्रुवरद्भविंबान्तराले कदंबोत्थवृत्ते शरोयान्यसौम्य. ॥ ३ ॥ कदंबसंबधवशेन सिद्धाएवोदिता ये रविणा ध्रुवाख्या. ॥ तेषां बलाये ध्रुवसूत्रसंस्थां मत्वा विलोमायन कर्म कृत्वा ॥ १९ ॥ पुनः कदंबोन्मुखतां प्रसाध्य युत्यादिकं स्वीयधियाऽऽनयति ॥ असगतंतत्प्रतिभाति यस्मात् सूर्यादि देवैरुदितंनतद्वत ॥ २० ॥ कदंबास्थिवा तारका नप्रसिद्धा तत खेटयोग प्रतीतिः कथंस्यात् ॥ ध्रुवस्थान तारात्र लोकप्रसिद्धा तवश्चोचिता खेटयोगोपपत्तिः ॥ ६६ ॥ इत्थ प्रसिद्ध ताराया विश्वासाच्च शिरोमणौ नाशितं खेट योगस्य साधनं ध्रुवसूत्रगम् ॥ ६७ ॥ किंचात्र शीघ्र नीचोच्चवशाद्भेदो महान्गतौ ॥६९॥ येभध्रुवाः स्वायन कम सिद्धा स्तेसस्वबाणा ध्रुवसन्मुखास्यु. ॥ ये केवलाभध्रुवका सदाते वेद्याः कदंबाभिमुखाः सबाणाः ॥ ९२ ॥ सौरेतुतत्रे दिनरात्रियात सिद्धयर्थ मुक्तं किलदृष्टिकर्म ॥ तत्खेटयोर्मेलक वद्भग्रहस्यगत्यादि नार्थं वदवासदुक्तम् ॥ १०१ ॥ भखेटयोः केवलयोर्युतेश्च संसाधनं श्रीरविणामयार्थम् ॥ १०२ ॥ " भग्रहयुत्यधिकार में इत्यादि विस्तारपूर्वक लिखा है।

विधान २८.

यद्यपि विश्वनाथ और रंगनाथ ने (सू. सि.) टीका में मूल वाक्यों के अर्थ को खींचखाचकर ध्रुवसूत्रीय कहने का प्रयत्न किया है किंतु पर्वत और नार्मद आदि प्राचीन टीकाकार इन्हें कदंब सूत्रीय प्रतिपादित करते हैं ऐसा " नक्षत्र ध्रुवके पर्वतेनायन दृक्कर्माप्युदाहरणे कृतम् " आपका कथन पूर्व टीकाकारों के सम्मत नहीं इसप्रकार स्पष्ट कर दिया है इतनाही नहीं तो वृद्ध वसिष्ठ सिद्धान्तादि संपूर्ण ग्रंथों में ,' नक्षत्राणामथोवक्ष्ये स्वराशि वलयेस्थितिम् ॥ १ ॥ धिष्ण्यानाद्दृक्कर्मकुर्यात् ॥ १९ ॥ इन्हे राशिचक्र=क्रांतिवृत्त में लिखकर ध्रुवसूत्रीय करने के लिये इनको दृक्कर्म करना कहा है लल्ल सिद्धान्तादिमें तो सेकडो जगह 'ध्रुवः' 'ध्रुवकः' शब्द आये हैं वह सब क्रांतिवृत्तीय कदंबसूत्रीय के अर्थ में हैं इससे सिद्ध होता है कि नक्षत्रों के ध्रुवक कदंबसूत्रीय हैं।

विधान २९.

इसलिये शुद्ध नाक्षत्रमान के अयनांश साधन में ध्रुवकोक्त योग तारा के भोग से संपातसाधित सायन तारा के भोगांतर द्वारा शुद्ध नाक्षत्र अयनांश आसकते हैं। तत्वविवेक (भग्रहयुत्य.) में कमलाकर ने भी " अत्रोरायं भ्रहार्यवल्कृत्वा तेग्रहपूर्वकाः ॥१६॥ संपातान्मिषसंज्ञाश्च ध्रुवाणांचलत्वतः ॥ भगोलीकृतमेषादेः स्थिरापेक्षोदिताः सुरैः ॥ १७ ॥ " ऐसा ही कहा है। किंतु अयनांश साधन एवं राशिचक्र के आरंभस्थान के निश्चय में योग तारा [१] निस्संदेह, [२] नेत्रों से स्पष्ट दिखनेवाली=देदीप्यमान, [३] निजकी अयल्प गतिमान्, [४] पूर्ण राशिरूप, [५] क्रांतिवृत्त के आदि में या ठीक मध्य में स्थित हो [६] अल्प शरवाली हो [७] पेहचानने में विशेष लक्षणवाली, [८] संहिता ग्रंथोक्त राश्यादि विभागों से पूर्ण संबंध रखनेवाली, [९] वैदिक काल से नक्षत्र गणनादर्शक, [१०] सर्व ग्रंथ सम्मत, और [११] परंपरा प्रामाण्ययुक्त होनी चाहिये। इन ग्यारह लक्षणों का अब मैं क्रमशः स्पष्टीकरण करता हूं।

विधान ३०.

वेधसिद्ध सायन निम्नलिखित गणित से बनाकर बताता हूं। नाटिकल आल्मनाक सन १९३० में तारा नंबर ४०३ ग्यामा जेमिनि प्रति (वर्ग) १·९३ विषुव काल ६ । ३३ । ४०·०४९ विषुवांशा: ९८° । २५′) और क्रांति उत्तर १६°।२७′ ३७.″२१ (=+१६°।२८′) लिखी है। ज्योतिर्गणित (पृष्ठ. ३९१) में लिखी सारणी से लाग्रथम द्वारा गणित न्यास इस प्रकार है।

आर्द्रा का सायन भोग साधन.

आर्द्रा क्रांति छाया या घातांका:	९·४७०६७६२		चाप:
,, विषुवांश भुज ज्याया ,,	९·९९९२१७२		
अंतरं, छाया या: ,,	९·४७१३७९०	परम क्रांति:	१६°।३८′
,, विषुव को ज्याया: ,,	१०·८४८५४५७	रवे: परम क्रांति:	२३।२७
,, क्रांति को ज्याय: ,,	९·९९६९१९१ अ		–६।४९
ऐक्यं ब को ज्याया: ,,	१०·८४५४६४८ ब		८१।५६
ब छायाया: घातांका:	१०·८४८५४९७		चांपांश:
अ कोटीज्याया: ,,	९·९९६९१९१		
ऐक्यं भुज च्छायाया: ,,	१०·८४५४६४८		भुज: + ८१°।१२′
सायनो ,, ,,	,,		भोग: = ९८। ८
ब भुजज्याया: ,,	९·९९५६८१५		
अ भुजज्याया: ,,	९·०७४४२४४		
ऐक्यं शरज्याया: ,,	९·०७०१०५९		शर:—६।४५ दक्षिण:

अयनांश साधन.

आर्द्रा (ग्यामा जैमिनि)-का	वर्तमान कालिक वेधसिद्ध मानसे	प्राचीन कालिक वृद्धवसिष्ठोक्तम्
सायन भोग	९८° ८′	९८° ८′
नाक्षत्र भोग	७५ १६	७९ ०
अयनांश: (शास्त्रशुद्धा:)	२२ ५२	२३ ८
तारे की निजगति से कालान्तर बीज (शुद्धांतर जन्य)		–० १६
वृद्ध वसिष्ठ सिद्धान्तोक्त भोगसाधित वही अयनांश		२२ ५२ आते हैं।

विधान ३२.

दूसरा एक तारा नक्षत्र स्वाती है " आर्कटयूरस " नामक इसकी सर्व सम्मत योगतारा है। प्राचीन ग्रंथोक्त ध्रुवकों में इसका भोग १९९° तथा शर ३७° उत्तर में कहा है। और ' वृद्ध वसिष्ठ सिद्धान्त आदि में अपांवत्सापयोर्भार्धे ' स्थितिः। ऐसा अपांवत्स (झीटाव्हिर्गिनीस) और आपः (टाऊव्हिर्गिनीस) की स्थिति राशिचक्र के ठीक मध्य १८०°।०' में कही है। तथा वराह मिहिर ने " सम मुत्तरेण तारा चित्रायाः कीर्त्यते ह्यपांवत्सः॥ तस्यासन्ने चंद्रे स्वातेर्योगः शिवो भवति॥ १॥ " इस प्रकार चित्रा और अपांवत्स के आसन्न में स्थित चंद्रमा की स्वाती के साथ शरसूत्रीय युतिके होने में शुभ फल कहा है। तथा ' चित्रार्धासमभागे ' पंचसिद्धांतिका में चित्रा को राशिचक्र के (अर्धास्त) ठीक ठीक मध्य में कहा है। एवं कुल सिद्धान्त ग्रंथों में चित्रा का शुद्ध नाक्षत्रिक कदंबाभि मुखभोग को और अपांवत्साप: को (भार्ध) राशिचक्र के मध्य में लिखा है तब ऐसे भार्धस्थित चंद्र की स्वाति के साथ कदंबशर सूत्रीय युतिके उक्त प्रमाणों से सिद्ध होता है कि वर्तमान में स्वाति की स्थिति चित्रा के एव भोग १८० अंश के निकट में है।

विधान ३३.

वेध सिद्ध परिमाणों से कदंबाभिमुख स्वाति का भोग १८०°।२४' शर ३०°।४९' उ० है। अतः गणित से पता चलता है कि ध्रुवकोक्त स्थान से पश्चिम के तर्फ १८.६ अंश और दक्षिण के तर्फ ६.१८⅔अंश (भुजकोटी मानने से उ० कदंब से २५१।३७' दिगंश के वर्फ (त्रिज्यारूप) १९.६ अंश स्वाति का तारा सरक गया है। इसकी तुलना पाश्चात्यों के शोध से वर्तमान में) स्वाति के विषुवांश २१३, क्रांति १९° उ० में; उत्तर ध्रुव से दिगंश २०९ के तर्फ वर्षगति २.२८ विकला कही है सो पूर्व प्रतिपादन के करीब में मिलती हुई है। इस गति द्वारा ' ध्रुवकोक्त स्वाति के स्थिति का सद्भाव काल शक पूर्व २९०९७ वर्ष का निश्चित होता है। किंतु रवि परमक्राति २६ अंश मानली जावे तो स्वाती का इतना चलन करीब १७।१८ हजार वर्षों मेंही हो जाता है। जोकि वेदांग ज्योतिष के बाद में ध्रुवकोक्त स्थिति काल निश्चित होता है। अतः अब अयनांश साधन के लिये स्वाति के सायन भोग (२०३।१६') में नक्षत्र भोग (१८०°।२४') कम करने पर अयनांश २२°।५२' निश्चित होते हैं। और पूर्वोक्त के तुल्य शास्त्र शुद्ध हैं।

विधान ३४.

सप्तर्षियों के ७ तारोंमे भी अयनांश का निश्चय हो सकता है। इसके संबंध में तत्व विवेककार ने लिखा है कि " साकल्यसंज्ञ मुनिना कथिताः सबाणाः सप्तर्षि तारक भवा

च्छत्रकाचलाश्च ॥ २१ ॥ 'युगादौ विष्णुताराया: क्रतुर्भार्द्धे व्यवस्थित: ॥ " इत्यादि (शा. ग्र. सि. श्लो. १७९–१८५) देखिये यहां ' भागै: समाहित: ' पाठ लेने से विष्णुतारा की संगति लगती नहीं ' भार्धे ' से लगती है। इसलिये भार्धेपाठ लेकर निम्न लिखित न्यास में इन श्लोकों का अर्थ और अयनांशों को निश्चित करके बताता हूं।

सप्तर्षि के तारोंकी स्थिति.

सप्तर्षियों के तारों के		शुद्ध नाक्षत्र वर्तमान में		सायन श्रवण संपात में		ग्रंथोक्त प्राचीन कालिक		वर्तमान तारीख १-१-३० को	
नाम	ग्रीक नाम	भोग	शर	भोग	अंतर बीज	सायन भोग	शर	शरांतर	सायन भोग
	अल्फा–	° '	° '	° '	° '	°	°	° '	° '
१ ऋतु	यूर्समेजारिस	१११।२१	४९।४१	१८०। ०	०। ०	१८०	५५	–५।१८	१३४ १४
२ पुलह	बीटा ,,	११५।३५	४५। ७	१८४।१४	+?।१४	१८३	५१	–५।१३	१३८ १८
३ पुलस्त्य	ग्यामा ,,	१२६।३८	४७। ८	१९५।१७	+२।१७	१९३	५०	–२।५२	१४९ ११
४ अत्रि	डेल्टा ,,	१२७।१२	५१।३९	१९५।५१	–०। ९	१९६	५६	–४।२१	१५० ५
५ अंगिरा	इप्सिलान,,	१३५। ५	५४।१८	२०३।४४	–०।१६	२०४	५७	–२।४२	१५७ ५८
६ वासिष्ठ	झीटा ,,	१४१।५१	५६।२३	२१०।३०	–०।३०	२११	६०	–३।३७	१६४ ४४
७ मरीचि	ईटा ,,	१५३। ५	५४।२३	२२१।४४	+०।४४	२२१	६०	–५।३७	१७५ ५८

उपर्युक्त स्थितिदर्शक कोष्टक में सातों तारों के शर दक्षिण के तर्फ करीब ५ अंश खिसका हुआ दिखता है। विधान् ३३ देखिये-स्वाति का भी ऐसे ही ६ अंश खिसका है। और प्राचीन ग्रंथों में अगस्त्य का दक्षिण शर ८० लिखा था सो अब–७५.८ होने से+४.८ अंश उत्तर को आगया है इससे क्या तो सूर्य ग्रह माला को लिये हुए अगस्त्य के तर्फ जारहा है या रवि की परम क्राति पहिले २६।२७ अंश थी ऐसा ज्ञात होता है। इससे हमारे ग्रंथोक्त परिमाण शुद्ध नाक्षत्र के हैं। सूक्ष्ममान से कालान्तर युक्त तुल्य मिलते हैं।

विधान ३५.

ऐसा ही इनकी गति के संबंध में 'प्रत्यद्वं प्रग्गति स्तेषामष्टौलिप्ता मुनीश्वर' ऐसे पाठ में 'शताद्वे प्राग्गति स्तेषां' पाठ है। अर्थात् सौ वर्ष में नक्षत्र की ८ कला [८×१३।२०]

=१°।४६'।४०" कही है सो सूक्ष्ममान से अयनगति [१°।२३।'४६"] + उच्च याने केन्द्र गति (१९'।४१") = १।४३।२४ के स्वल्पांतर [सौ वर्ष में ३'।१६" मात्र] से तुल्य मिलती हुई है। इससे अब हमें इनके द्वारा अयनांश निश्चय में कोई विवाद या विसंगता नहीं है। इसी शाकल्योक्त ब्रह्मसिद्धांत में लिखे चित्रा भोग १८० के अनुसार उपर्युक्त कोष्टक में नाक्षत्र भोग लिखे हैं। इनके भोग में इन्हींका सायन भोग कम करने पर अयनांश २९१°।२१' किंवा चक्र शुद्ध–६८°।३९' उस समय के [वेद काल निर्णय पृ. १०१ देखिये] यानी शक पूर्व २१९३२ वर्ष के निश्चित होते हैं। अर्थात श्रवण नक्षत्र के भुक्त ४६ घटी, ५ पल पर जिस समय संपात की स्थिति थी उस युगादि में यानी वेदांग ज्योतिष के सिर्फ १६० वर्ष के बाद क्रतु का तारा भार्ध [१८० अंश] पर था और वर्तमान में उसका सायन भोग १३४°।१४ है इन प्रत्येक में शुद्ध नाक्षत्र भोग कम करनेपर ऋणायनांश युगादि में –६८°।३९' और वर्तमान में २२°।५३' निश्चित होते हैं। इसी प्रकार पुल्हादि के वर्तमान सायन भोगों में उनके नाक्षत्रमान घटा देने पर सभी तारों से वर्तमान के अयनांश–२२।५३ ही निश्चित होते हैं। यदि हम झाटा पिशियम को आरंभस्थान में मानकर गणित करें तो क्रतुका नाक्षत्र भोग ११५°।१९–१८०=२९५°।१९' तत्कालीन अयनांश धनिष्ठा नक्षत्र की ८ घडी ५६ पल बीतने पर संपात की स्थिति आती है सो (" विष्णु ताराया युगादौ ") श्रवण नक्षत्र विभाग के बाहर संपात धनिष्ठा में चला जाने से ग्रंथोक्त का (झाटागणना से) बिलकुल मेल मिलता नहीं है।

विधान ३६

—हमारे सिद्धान्त ग्रन्थोंमें जो मृग व्याध (लुब्धक=सीरियस) का भोग ८०°।०,और ४०°।०' लिखा है सो "रज्जुवेधाख्य यन्त्रेण" इसप्रकार के (वृ व सि. अ ७श्लो. २२ पृ. ४९ कथनानुसार ग्रन्थकारने स्वतः वेध लेकर आपके वर्तमान कालान कहा है। इससे इसमें विशेष कालान्तर नहीं होने से तथा लुब्धक का वार्षिक गति १ ३१ विकला ६६४।२।१२४ के तर्फ होने से इसके भोगमें+१६ कलाका और शर में–१५ कला का ही फर्क पड़ा है अतएव इसका अब शुद्ध नाक्षत्र भोग ८०°।१६' शर द ३९°।३९'और सायन भोग १०३°।९' है। इसका अंतर २२°।५३' है सो ही वर्तमान में अयनांश है।

विधान ३७

इस तरह वर्तमान कालीन सभी तारों के सायन भोग में उन २ तारोंके नाक्षत्रभोग कम करने पर अयनांश २२।५३ ही आते हैं। लेकिन उस तारे की निजगतिका इसके साथ

विचार करना पडता है । क्योंकि गुरुत्वाकर्षणसे आकाश व्याप्तहोने से थोडी बहुत निजगति संपूर्ण तारों को और हमारे सुर्यको भी है । तब प्राचीन ग्रंथोक्त योगताराका ध्रुवक उतनाही कैसे रह सक्ता है इसीलिये ब्रह्मसिद्धान्त (अ.२श्लो.१६८–६९) में कहाहै कि पितृ पौष्णयमाग्नीनां श्रवणाभिजितोस्तथा ॥ मूलार्द्रासार्धसप्तांशे स्वस्थानात्प्रागवस्थिता ॥ दृश्यतेयस्य, वस्यास्ति न स्वप्नेऽपिव्यवस्थितिः ॥" अर्थात जोभी मघा, रेवती, भरणी, कृत्तिका, श्रवण, अभिजित्, मूल, आर्द्रा यह सार्धसप्ताश मित यानि अर्धोंश से तो ७ अंश पर्यंत स्वस्थान से पूर्वही अवस्थित हैं । इसलिये ऐसे अनेक ताराओंकि प्राचीन ग्रथोक्त परिमाण ठीकठीकस्थिति स्वप्नमें भी दीखते नहीं हैं । अर्थात वह स्वस्थानसे इधर उधर खिसके हुए दिखते हैं ।

विधान ३८.

यहतो प्राचीन ग्रंथकारोंका कथन हुवा । आधुनिक पाश्चात्य विद्वानोंने तो कई ताराओं की निजगति को निश्चित करलिया है । यद्यपि ऊपर लिखे श्लोकमें (पौष्ण)रेवती का नाम आया है किंतु ३० कला से तो ७ अंशतक में कितना खिसका है सो इतने परसे स्पष्ट होता नहीं है । और इसमें ३२ तारे बिल्कुल छोटे छोटे होनेसे ग्रथोक्त रेवती की योग तारा को पैछाननाही कठिन है । उसमें झीटापिशियम को मानलेवें तो उसका दाक्षिण शर है संपूण ग्रंथोमें उत्तर शर लिखा है यदि कहें कि " उत्तर का शर निजगति से खिसककर दाक्षिण होगया है ऐसे भोग भी ३°। ५८' पश्चिम के तर्फ खिसकने से (उसका भोग) ३५६। २ होगया है तथा उसके वर्तमान कालिक सायन भोग १८। ५५ में उसका नाक्षत्र भोग कम करनेपर [१८°। ५५'– ३५६°।२' =]२२°।५'३ अयनांश सर्व ग्रंथ सम्मत चिना भोग ३८० के तुल्य ही आते हैं। फिरभी इससे आयनांश गिनने में क्या बाधा (हरकत)है? इसके उत्तर में श्रीयुत दत्तात्रय वामन जवखेडकर मनमाड पे. साथ सायन निरयनवाद नामक, पुस्तक अभी प्रसिद्ध की हुई है उसकी [पृष्ट २७ पंक्ति ९–१६] सिर्फ एक पंक्तिको उधृत करता, हुं " झिटापिशियम् सध्यें शके ४९४ साली संपात होता असें झिटापक्षी यांनी गृहीत धरिलें आहे. हें गृहीत धरितांना झिटापिशियम् ताऱ्याची वार्षिक निजगति जी ११ विकला आहे ती अजिबात सोडून दिलेली आहे हा गति हिशेबांत घेऊन गणित करून पाहतां झीटापिशियम् ताऱ्यांत संपात असण्याचा काल शके १७७ हा येतो. यावरून झीटेंस शके ४९४ साली संपात होता, असा जो भासविण्याचा प्रयत्न केला आहे तो किती फोल ठरतो हें सहज दिसून येईल." इसलिये इतनी बडी निजगति वाली बत्तीस, मेंसे एक ऐसी संशयास्पद अंधुक एकतारका से शुद्ध सूक्ष्म नक्षत्रमान के अयनांश निश्चित-

कैसे हो सकते हैं। इससे तो कई एकतारा नक्षत्रोंकी भी निजगति अल्प है [जैसे कि आर्द्रा आदि] उनमें निजगति का कलामात्र संस्कार करना पडता है। और झीटामें अंशोंका करना पडता है इतनाभी होकर न इसका आरंभस्थान से मेल था न अब है। अतएव यह सर्वथा त्याज्य है।

विधान ३९.

अब हमें चित्रा की निज गति का निर्णय करना है। सूर्य, सोम ब्रह्म, पितामह और वृद्ध वसिष्ठादि प्राचीन सिद्धान्त ग्रंथों में चित्रा का भोग १८०°।०' और शरद २ अंश लिखा है। बाद में वराह मिहिर ने भी चित्रा को (चित्रार्धासमभागे) अर्धास्ते (स्पष्ट चतुरले के माफक) ठीक ठीक (क्रांति वृत्त के) मध्य में चित्रा को कहा है। और दैवज्ञ काम धेनु में (आचित्रार्धमादिशेत्) चित्राको ही मर्यादाभूत मानकर क्रांति वृत्त ये पूर्व पश्चिम दो भाग तदनुसार १२ राशि और २७ नक्षत्रों के सम विभाग परिमाण निश्चित कर लेना कहा है। इससे स्पष्ट है कि चित्रा तारे के भोग शर सदा स्थिर प्राय अविकृत अचल के तुल्य शुद्ध नाक्षत्र मान के गुण युक्त हैं यद्यपि आधुनिक शोध से चित्रा की निज गति वार्षिक ०"०६ कला स्व दिगंश २३१ की ओर कही है किंतु यह इतनी अल्प है कि उक्त दिगंश को कर्णरूप मानने से १२८७ वर्ष में सिर्फ १ कला चलन स्थलान्तर शुद्ध से नाक्षत्र के तुल्य है। इसीलिये कुछ भारतीय ग्रंथों में चित्राभिमुख बिन्दुसे ही यहाँ के भगणारंभ स्थान और अयनांश कहे गए हैं। वर्तमान में (तारीख ३१।१।२० को) चित्रा का वेधसिद्ध सायन भोग २०२°।५१' है। उसमें से सकल ग्रंथोक्त चित्रा का शुद्ध नाक्षत्र भोग १८० अंश कम कर देने पर अयनांश २२।५१ आते हैं। जिस प्रकार आर्द्रा, मृग, व्याध आदि साधित अयनांशों में कुछ कलाओं का निजगति संस्कार करना पडा है। ऐसा इनमें करने की कोई आवश्यकता नहीं है। अतएव इसकी संपूर्ण आर्य ग्रंथोक्त आरंभस्थान एवं अयनांशों से एक वाक्यता हो जाती है।

विधान ४०.

विधान १७-३९ में कहे हुवे मुंजाल से लगा कर सिद्धान्त तत्वविवेक पर्यंत के ग्रंथोक्त आरंभ स्थान और अयनांशों को चित्रा गणना से भिन्न भिन्न कोष्टक में एक वाक्यता करके बताता हूं।

प्राचीन ग्रंथोक्त केंद्रीय अयनांशों की चैत्रीय शुद्ध नाक्षत्र-अयनांशों से एकतादर्शक कोष्टक नंबर ११

संकेताक्ष–			क			ख			क–ख=ग			घ			ग+घ=अ		
कोष्टक नंबर	विधानोक्त ग्रंथो के नाम	शालिवाहन शाके	ग्रंथोक्त बीजसंस्कृत उच्च			शुद्ध नाक्षत्रीय चैत्रीय रव्युच्च			केंद्रीय मान का शुद्ध नाक्षत्रांतर सं६+।१			ग्रंथोक्त केंद्रीय अयनांश			चैत्रीय गणना के शुद्ध नाक्षत्रीय अयनांश		
		वर्ष	अं	क	वि	अं	क	वि	अं	क	वि	अं	क	वि	अं	क	वि
१	मुंजाल	८५४	७७	४१	१४	७५	३४	४४	+२	६	३०	६	५०	०	८	५६	३०
२	आर्यभट	८७५	७७	४४	५९	७५	३८	५३	२	६	६	७	८	०	९	१४	६
३	मृगांक	९६४	७७	४६	०	७५	५६	२४	१	४९	३६	८	३९	०	१०	२८	३६
४	मार्तंड	९८०	७७	३९	२१	७५	५९	३१	१	४०	०	९	२	०	१०	४२	०
५	प्रकाश	१०१४	७७	४६	५२	७६	६	१४	१	४०	२८	९	३०	०	१०	१०	२८
६	भास्वती	१०२१	७७	५२	५६	७६	७	३७	१	४५	१९	९	३१	०	११	१६	२९
७	उत्तम	१०३८	७७	४१	३३	७६	१०	५९	१	३०	३४	१०	०	०	११	३०	३४
८	कुतूहल	११०५	७७	२६	५१	७६	२४	११	१	२	४०	११	२४	०	१२	२४	४०
९	लाघव	१४४२	७८	१	१७	७७	३०	२९	०	३०	४९	१६	३८	०	१७	८	४९
१०	विवेक	१५८०	७७	४६	४८	७७	४६	२६	+०	०	२२	१९	४	०	१९	४	२२

विधान ४१

ऊपर लिखे कोष्टक ११ में विधान १७-२६ में लिखे हुए कोष्टकोक्त (१-१०) ग्रंथो में लिखे हुए अयनांशों की शुद्ध नाक्षत्रमान से कैसी एक वाक्यता होती है सो अंकों द्वारा स्पष्टता पूर्वक बता दिया गया है। और केंद्रीय भगणारंभ का शुद्ध नाक्षत्रमान से भी इसी सारणी से एक वाक्यता हो जाती है। उक्त कोष्टक के (क) पंक्ति में (८) भास्कराचार्योक्त रवि उच्च में [७७°।४५'।३६"] – [१८'।४५"] = [७७°।२६'।५१"] और (९) ग्रहलाघवोक्त उच्च ७८° में + १'।१७" बीज देकर अन्य ग्रंथोक्त में सिर्फ २।४ कलाओं का बीज देकर रवि का उच्च लिखा गया है। बाकी (ख,ग,घ, अ,) परिमाण शुद्ध गणित के तुल्य है। ग पंक्ति को देखने से श्रीमान् को ज्ञात हो जायगा कि आगे के ग्रंथ कारोंने वेध द्वारा संशोधन करते हुए जितना मुंजाल के समय अंतर था वह आगे कम होते होते तत्वविवेककार के समय शुद्ध नाक्षत्रमानके बिल्कुल तुल्य हो गया है। सो शाके १८९७ तक रवि का उच्च ७८-७९ अंश में रहने से यहां तक उच्च की तुल्यता के कारण हमारे संपूर्ण ग्रंथों के मेषारंभ क्रांड़-

की और अयनांशों की दिन व अंशके रूपमें एक वाक्यता बनी रहेगी। ऐसी स्थितिमें विद्वान लोगों का कर्तव्य है कि सिद्धान्त ग्रंथो में मिली हुई उच्चगति को ग्रंथोक्त उच्चगति में मिलाकर शुद्ध उच्च, शुद्ध फल संस्कार, शुद्ध वर्षमान, शुद्ध अयनगति इनका पंचांग साधन में उपयोग करने से सब परिमाण शास्त्रशुद्ध अविकृत बने रहेंगे। इस प्रकार की तुलनात्मक पद्धति के प्राचीन ग्रंथोक्त परिमाणों की शुद्ध परिमाणों से एक वाक्यता के एवं भिन्न २ ग्रंथकारों के कलान्तर बीच के देखने से स्पष्टतया सिद्ध होता है कि हमारे ग्रंथकारों ने जो अयनांशादि परिमाण निश्चित किये हैं सो तत्कालीन उपलब्ध यंत्रों से वेध लेकर स्वतः देखकर निश्चित किये हैं। और गणेश दैवज्ञने आपके देखे अयनांशों में प्रति वर्ष एक कला अयनगति कम करके शाके ४४४ शून्यायनांश वर्ष कहे हैं। वस्तुतः कमलाकरोक्त अयनांशों में तथा अन्यान्य ग्रंथों के शुद्ध नाक्षत्र अयनांशों में शुद्ध नाक्षत्र-अयनगति का भाग देने पर शून्यायनांश वर्ष शाके २१२ ही निश्चित होता है। इस तरह चित्रा गणना सर्व शास्त्र सम्मत एवं परंपरा प्रामाण्य युक्त शुद्ध है।

विधान ४२

प्रसंगवश यहां जातक ग्रंथोंमें कहे अयनांशों का स्वरूप बतादेना समुचित समझता हूं। जोकि सिद्धान्त तत्वविवेक और सार्वभौम सिद्धान्त में जातक ग्रंथोके महत्व के संबंध में लिखा गया है कि; "पद्धत्युक्ता अनार्षाः कथय कथममी गोल संस्थान सिद्धाः" अर्थात् ऋषिप्रणीत ग्रंथोंके अतिरिक्त जो कई पद्धति ग्रंथोंमें परिमाण लिखे हैं सो गोल गणित से भिन्न यानी स्थूल हैं। क्योंकि जिस कालमें वह परिमाण कोई गणित ग्रंथसे उद्धृत किये गए हों उस काल में तो वह कुछ ठीक रह सकते हैं। किंतु आगे उसमें अंतर पड जाने पर भी वही परिमाण लेने में स्थूलता आजाना स्वाभाविक बात है। इसलिये सिद्धान्त या करण ग्रंथों की तुलनामें जातक ग्रंथोंका उपयोग कारना उचित नहीं है। ऐसा होते हुए भी गोविंद रावजीने पूना सभा के रिपोर्ट में सिर्फ १ जातक ग्रंथके प्रमाण कोही महत्व दिया है इससे ही मालूम हो जाता है कि झीटा गणना बिलकुल निराधार है और आपने अपने लेखमें इस निराधारता को कबूली जबाब (अंगीकारी कथन) देदिया है। वह इस प्रकार है "अयनांश सुमारे १९ धरण्यास काहीं ग्रंथाधार नाहीं असे ही म्हणता येत नाहीं, जातकार्णव ग्रंथात असें लिहिलें आहे कीं, "शाकमेकाब्धि वेदोनं छि कृत्वा दशभिर्हरेत् ॥ लब्ध- हीनंच चत्रैव षष्ठ्याप्ता ष्वायनांश काः ॥" म्हणजे शकातून ४२१ वजाकरून १० नीं भागावें भागाकार त्याच मांडीत वजा करावा व ६० नीं भागावें," म्हणजे अयनांश येतात, (शब्द कल्पद्रुम भाग १ पृ. ९१) या प्रमाणें गणित केलें असतां शाके १८४८ चे प्रारंभीं १९।११।९ इतके अयनांश येतात. (पुणे पंचांगैक्य मंडळ शाके १८४७ का

रिपोर्ट पृ. ९७ से उद्धृत) ऐसा झीटागणना को केवल प्राचीन ग्रंथका यही एक आधार बताते हुए शाके १८४८ के अयनांश १८°१५'०।३०" बदलेमें १९°।१।१९" बताये हैं वह सर्वथा अशुद्ध एवं असत्य हैं। क्योंकि न तो उस श्लोक के अर्थ से उक्त अयनांश आते हैं। और ग्रंथ में तो उसी प्राचीन समय के १९ अयनांश लिखे हुए हैं।

विधान ४३

शब्द कल्पद्रुम में उक्त श्लोक के स्थल में ही स्पष्ट लिखा है कि (अ) " एक वर्षे चतुः पंच पलमान क्रमेणतु ॥ (इ) षट् षष्ठी ६६ वत्सरानेक दिनं स्यादयनं रवेः ॥१॥ इति ज्योतिस्तत्वं। अयनांशस्तु जातकार्णवोक्तः। यथा (उ) [तथा] शाकमेकाब्धि वेदोनं द्विः कृत्वा दशभिर्हरेत् ॥ लब्धेन हीनं तत्रैव षष्ट्याप्ताश्चायनांशकाः ॥ १ ॥ इति। सिद्धान्त रहस्ये। तेच इदानी चैत्रस्यैका दशाहे संभवात् उनविंशति १९ संख्यकाः। " चैत्रस्यैकादशाहेतु विषुवारंभणं यदा ॥ तद् तल्लग्नमानेहि ज्ञेयमन्यत्र साधनात्। " ॥ इति.

अर्थात् " एक वर्ष में ५४ पल जबकि अयन की गति है तब ६६-२/३ वर्ष में सूर्य का एक अयन दिन (अयनांश) होता है " ऐसा ज्योतिस्तत्वमें लिखा है। अयनांशों का साधन जातकार्णव में बताया है कि; ' शक वर्ष में ४२१ कम करके [द्विः कृत्वा= द्विष्ठं स्थाप्य= द्विधास्थापयित्वा] वह दो जगह स्थापित करके एक जगह दशका भाग देकर वह अंक दूसरी जगह कम करके उसमें साठ का भाग देनेपर अयनांश होते हैं। वह अब चैत्र की एकादशी को अयनांश १९ उपलब्ध होते हैं. क्योंकि चैत्र के ११ वें दिन विषुव [सायन मेष] संक्रमण से निश्चित हुए अयनांश १९ है। इसीसे इस परिमाण और उक्त गतिके चालन से अन्य वर्षोंके भी सुलभता से अयनांश साधन कर सकते हैं. " ऐसा ही सिद्धान्त रहस्य में भी लिखा है। इन दोनों ग्रंथोके प्रमाणों से शाके १८४८ के अयनांश

(१८४८−४२१=१४२७−१४२·७= $\frac{१२८४·३}{६०}$ =) २१°।२४'.३ होते हैं। इसलिये प्रि. साहब का कथन गलत और असत्य है।

विधान ४४

और भी जातक के ग्रंथों में अयनांश साधन करने का ऐसा ही प्रमाण बताया है। जैसे ज्योतिर्निबंध से कहा है कि " भूनेत्र वेदोन ४२१ शकस्त्रिनिघ्नो व्योमाभ्र नेत्रै २०० र्विहृतोयनांशाः ॥१॥ अर्थात् ' शक वर्ष में ४२१ कम करके शेष को तीन गुणा करके

२०० का भग देवे तो अयनाश होते हैं। इस प्रमाण से शाके १८४८ – ४२१ = $\frac{१४२७ \times ३}{२००}$ = २१°।२४'.३ अयनांश आते हैं। मि. साहब के कहे हुए आते नहीं हैं।

विधान ४५

नाटिकल ॲलमनाक (सन १९३०) में नंबर ७४ याने झीटा नं० १ पिसियम के नीचे जो टीप " ६.४९ (झी. २),२४",६४° " ऐसी है उसका अर्थ है कि झीटा पिसियम नं० १ के साथ बिलकुल नजीक याने २४ विकला के अंतर पर उ० ध्रुव से ६४ दिगंश पर एक दुसरी साथीदार तारका है। जिसको झीटा नं० २ पिसियम ऐसा नाम दिया गया है। इसकी प्रति ६.४९ है। याने नं० १ से, नं० २ कुछ कम तेजस्वी है। इसकी जगह नं० १ मध्य में है ऐसी कल्पना करके आकृति नीचे लिखे प्रमाण से बनती है। (आकृति नंबर ३ देखिये) समझाने के लिये (अ, ब) का तारतम्य आकृति के बाकी प्रमाण से नहीं रखा है। इस तारका युग्म के दोनों तारों की प्रति (वर्ग) में परस्परांतर वर्ग ०.९२ मात्र होने से नेत्रों द्वारा २४ विकला तक का विकृत रूप दिखता है। मानों अक्षर पे अक्षर लिख देने से फूटा अक्षर बन जाता है, ठीक ऐसा ही भ्रांतिजनक विकृतरूप, अंधुक झीटा का दिखाई देता है।

विधान ५७.

तारों की जोडी [युग्म] असबद्ध और मबद्ध रूप दो प्रकार की दिखाई देती है वसिष्ठ और अरुंधती की जोडी असबद्ध है। यद्यपि दिखने में [सिर्फ १९", १५०° पर) सन्निध दिखते हैं। किंतु इनकी निज की दूरी इतनी है कि अरुंधती से वसिष्ठ तक प्रकाश आने में कई वर्ष लगते हैं। इनकी प्रति [२.४० और ३.९६] तेजस्वी और छोटी बडी स्पष्ट

दिखने वाली होने से वसिष्ठ व अरुंधति के पहिचानने में तनिक भी भ्रांति नहीं होती है। इसलिये आर्य ग्रंथों में (श्रावणी और विवाह प्रयोगादि देखिये) इस जोडी को आदर्श, पूजनीय एवं पति पत्नीरूप शुद्ध कही हैं। ऐसे और भी असंबद्ध जोडी के तारों में परस्पराकर्पणजन्य विकृति न होने से यह शुद्ध कहाते हैं। तथा संबद्ध जोडी में देवयानी के मिझार व अल्माक तारे पुनर्वसु एवं ज्येष्ठा आदि हैं। इनका निजी अंतर अल्प होने से पृथ्वी चंद्र के और गुरु शनि के तुल्य परस्पराकर्षण से बडे तारे के चौगिर्द छोटे तारे घूमते हैं। तथा इनमें से कई तारे परस्पर के आकर्षण से (दीर्घकाल हो जाने से) विशेष रूप में इधर उधर यानी स्थान भ्रष्ट होगए हैं। किंतु इन तेजस्वी संबद्ध तारों की विकृतता को प्राचीन काल में ही आर्यों ने जान लिया था। 'देवयानी का कूप पतन, पुनर्वसु=अदिति का हतप्रभत्व कद्रूसे परिपीडन, हजारों वर्ष तक ब्रह्महत्या ग्रस्त इंद्र का कमल नाल में छिपे रहना' जैसी यह कथाएँ पुंजातर्गत तारों की विकृतता के संबंध में प्रचलित हैं; ऐसे रेवती पुंज के (युग्मतारे झीटा नंबर १,२ के) संबंधमें भी "पूषाऽनपत्यो पिष्टादो भग्न दन्तो भवत् पुरा" (भा. पु. ६।७।४४) "पूषा की आगे वृद्धि न हुई, इसके दांत तोडे जाने से दूसरे के पीसे हुए को खाने वाला=बूढे के रूप में होगया" इत्यादि प्रचलित हैं। सो युक्ति युक्त है।

विधान ५८

क्योंकि विधान ५१ में लिखे प्रकार झीटा नं० १ पिसियम के वर्षमान और अयनगति शुद्ध नाक्षत्र वर्ष मानसे कम ज्यादा हैं ऐसा सूक्ष्म गणित से निश्चित है। तथा चक्रभोग ३६० पूर्ण हुए बिना शास्त्र शुद्ध वर्षमान साधन में झीटाके वेधका उपयोग हो नहीं सकता। ब्रम्ह सिद्धान्त में स्पष्ट कह दिया है कि– "पूर्णे मेषादिभिर्गोलं चक्रस्यात्---नतुचेन्नतत् ॥" (ब्र. सि. अ. २ श्लो. २४४ पृ.३९) अर्थात् "मेषादि आरंभस्थान से जब गोल (३६० अंश) पूर्ण होता हो वही शुद्ध चक्रभोग कहाता है; यदि वह कम ज्यादा होता हो तो उसे चक्रभोग या शुद्धनाक्षत्र सौर वर्ष नहीं कह सकते। तब झीटा साधित वर्षमान कम ज्यादा होने से शास्त्रीय दृष्टिसे अशुद्ध है। इतना ही नहीं तो झीटा नं १ के स्वल्पान्तर तुल्य ही झीटा नं २ की तारा निकटमें ही संबद्ध होनेसे ज्ञात होता है कि परस्पराकर्षण के परि पीडन से झीटा नं १ की निजगति और प्रतिमें अनियमित परिवर्तन होते रहना ही चाहिये। अतः ऐसा परिवर्तनशील और विकृत तारा सब राशि चक्र का मेढी रूप दर्शक कदापि हो नहीं सकता। तब ऐसे निरुपयोगी तारेके द्वारा शुद्ध अयनांशों का साधन कैसे हो सकता है।

विधान ५९ ज्यो० दीक्षित का मत.

झीटा की निरुपयोगिता और चित्रा की ग्राह्यता के संबन्ध में, आधुनिक विद्वानों का भी करीबन ऐसा ही कथन है:– " रेवती योगतारेशीं अयनाशाचा किंवा अयन गतीचा कांहीं संबंध नाहीं । " रेवती योगतारा हें आरम्भ स्थान म्हणावे तर सूर्य सिद्धान्तांत आणि लल्लाच्या ग्रंथात तिचा भोग शून्य नाहीं. ब्रह्मगुप्त आणि त्यापुढील लल्लादिखेरीज बहुतेक ज्योतिषी रेवती (ध्रुव सूत्रीय) भोग शून्य मानितात; परन्तु त्याचे आरम्भ स्थान रेवती योग तारेशीं कधींच नव्हतें व असणार नाहीं । साम्प्रतच्या सूर्य सिद्धान्ताचें स्पष्ट मेष संक्रमण होण्याच्या वेळीं प्रत्यक्ष सूर्य रेवती योगतारेशीं —झिटापिशियमशीं —कधीं होता हें काढून पाहता असें वर्ष शक १७७ येतें. ' ' झिटापिशियम असें नांव युरोपियन ज्योतिषी जिला देतात, व जी रेवती योग तारा असें कोलब्रूक इत्यादि युरोपियन विद्वानांनीं ठरविलें आहे । ती तारा फार बारीक आहे. ' साम्प्रत ती आकाशांत दाखविणारे जुने जोशी क्वचित सापडतील. साराश ती इतकी लहान आहे कीं वेधाच्या कामीं तिचा उपयोग होण्याचा संभव फार थोडा. अयनाश काढण्या करिता तर तिचा उपयोग करीत नाहित.– (भारतीय ज्योतिः शास्त्र पृष्ठ ३३८–३३९)

विधान ६० ज्यो. केतकर का मत (झीटा पक्ष का उद्गम)

२३. आरंभ स्थान के संबंध में प्रो० व्हीटने साहब का कथनः—

" At the time of albirunis visit to India (A. D. 1024) the Hindus seem to have been already unable to point out distinctly and with confidence the situation in the heaven, of that most important point from which they held that the motions of the planets commenced at the creation and at which at the successive interval their universal conjunctions would again take place for he is obliged to mark the asterism as not certainly identifiale," (Page 343, translation of Surya Siddhant by Burges.)" " यावरून स्पष्ट होतें कीं झीटा तारा हिंदूंना सन १०२४ पर्यंत आरंभ स्थानी मानली नव्हती. ती तारा त्यानंतरच्या, भास्कराचार्यांस देखील माहित नव्हती. माहित असती तर झीटेच्या वेधावरून अयनांश ठरवावे, असें त्यांनीं स्पष्ट सांगितलें असतें. त्याना अयनांश विषयक सर्व जबाबदारी मुंजालावर सोपविली आहे. अशा अनिश्चित प्रसंगीं कोलब्रुक साहेब सर्व नाक्षत्र विभागां सोड योग तारा ठरविण्याच्या कामीं पुढें सरसावले आणि आमच्या वेदांग ज्योतिषादि ग्रंथाचा काळ जाणवेल तितका अलीकडे आणण्याच्या हेतू नें झीटा तारा ही रेवती विभागाची, योग तारा मानिली. [भा. ज्यो. पृ. ८८]

त्यांचीच री बेंटली, व्हिटनी, थायो, मोक्षमूलर, वेबर या पाश्चात्य विद्वानांनी ओढली आहे, यांत नवल नाहीं. परंतु पंचांग शोधन कमीटीनें विचार न करितां त्यांच्या असद् हेतूला बळी पडणें हें आर्य संस्कृतीला असलें अपमानास्पद आहे.

२९ चित्रा व झीटा पक्षातील काहीं गोष्टींची तुलना वें. बा. केतकर विविध ज्ञान विस्तार (अक्टोबर १९२४ पृष्ठ ४७२-७३) से उधृत.

गोष्टी.	चित्रापक्ष.	झीटापक्ष.
आरंभस्थान.	कंठरवोक्त.	आनुमानिक कोलब्रूक साहेब थोडा घराणीं ६० वर्षांची
द्रष्टा.	लगधाचार्य.	
व्याप्ति.	भरतखंडभर.	
परंपरा	४००० वर्षांची	३ पट
चकाकी	१०० पट.	११ योगतारा
विभागच्युत	९ योगतारा	
ग्रह लाघवी पंचांगाशीं तुलना.		
संक्रमण भेद	०।१९ घटी	४ दिवस
अधिक मास	क्वचित् १ मास	२ ते ९ मास

विधान ६२ ज्यो. केतकर का अभिप्राय.

ज्यो. केतकर का अभिप्राय:-(ज्योतिर्गणित पृष्ठ १५० से उधृत) अयनांश म्हणजे विषुवसंपातापासून निरयण भोगारंभस्थानीय बिन्दु पर्यन्त क्रमाकार अंतर। (आरंभ) बिन्दु क्रांतिवृत्तावर आहे. म्हणजे याचे भोग आणि शर शून्य आहे. या बिंदूंत एखादें ठळक नक्षत्र असतें तर बरें झालें असतें पण तसें ठळक नक्षत्र नसल्या मुळें (आरंभ) बिंदूच्या आसपास असणाऱ्या नक्षत्रांपैकीं जें जास्त तेजस्वी असेल त्यालाच रेवतीचा योगतारा मानण्याचा संप्रदाय आहे. सूर्यसिद्धान्ताच्या मतें चित्रातान्याचा भोग १८० अंश आहे आणि रेवतीयोगतान्याचा भोग ३५९ अंश ५० कला आहे. म्हणजे तो आरंभस्थानाच्या पश्चिमेकडे १०कला अंतरावर आहे असें होतें. पण आकाशांत या ठिकाणीं स्पष्ट दिसणारें असें एकही नक्षत्र नाहीं. चित्रा हा पहिल्या प्रतीचा तेजस्वी तारा आहे. याचा कदंबसूत्रीय भोग १८० अंश मानून आरंभस्थान ठरविलें तर ऱ्यूभियस नावाच्या ८ व्या वर्गाच्या नक्षत्राचा निरयण भोग ३५९ अंश १७ कला येतो. म्हणजे हें नक्षत्र आरंभस्थानाच्या पश्चिमेकडे ४३ कला अंतरावर आहे असें होतें. म्हणून आम्ही या नक्षत्रालाच रेवती योगतारा मानिलें आहे. आमचें आकाशाचे नकाशे पण म्हणजे पीळ मजहूर नीट ध्यानात येईल. याप्रमाणें ठरविलेल्या अयनांशाचें समीकरण पुढें दिल्या प्रमाणें सिद्ध होतें अयनांश = चित्रा सायन भोग −१८० अंश. सायनगणनेचें आरंभस्थान म्हणजे विषुवसंपात हें जसें निसर्गसिद्ध आहे, तसें

निरयणगणनेच्या आरंभस्थानाची गोष्ट नाहीं, मनुष्यानें सारासार विचारानेंच तें ठरविलें पाहिजे. चित्रा तारा पहिल्या प्रतीचा, ठळक, व एकाकी असल्यामुळें त्याच्या व्यक्तीविषयीं भ्रांति उत्पन्न होण्याची मुळींच भीति नाहीं. प्राचीनकाळीं तर चित्रा व मघा या ताऱ्यांच्या साह्यानेंच ग्रहांचे वेध घेत असत. पटवर्धनी पंचांगाचे आरंभस्थान झीटापिसियम * हें नक्षत्र आहे हें ६ व्या किंवा ७ व्या प्रतीचें असल्यामुळें इतकें अंधुक आहे कीं तें आकाशांत अमुकच म्हणून दाखविण्याची पंचाईत पडते. हें प्रचरित आरंभस्थानाच्या मागें सुमारें ४ अंश असल्यामुळें प्रचरित पंचांग दृष्ट्या संक्रमणें, नक्षत्रें, योग, अधिकमास वगैरेंची उलथापालथ फारहोऊन लोकांत निष्प्रयोजन मतभेद उत्पन्न होतो. बरें हें नक्षत्र चिरस्थायी तरी असावें, तेंही नाहीं या नक्षत्राला क्षयाची भावना झालेली आहे. इ. स. १७५५ त तें ४थ्या प्रतीचें होतें, इ. स. १८५० त ४·८प्रतीचें होतें. साप्रत ६ व्या किंवा ६·५ व्या प्रतीचें झालें आहे, पुढें लवकरच कांहीं वर्षांनीं तें मुळींच दिसेनासें होणार आहे. म्हणून अशा नक्षत्राची कांस धरून चालणें दूरदर्शित्व नव्हे. (प्र. म. शके १८३६ सन १९१४)

विधान ६२

प्राचीन ग्रंथों के ध्रुवक कदंब मूत्रीय और परंपरागत वेध साधित शुद्ध नाक्षत्र मान के हैं किंतु शून्यायनांश काल के निकट के वर्षों में अयनांश २।३ हुए तक कोई २ ग्रंथकार सांपातिक को ही नाक्षत्रमान मानलेने के कारण (१) जिन नक्षत्रों के पुंज में अनेक तारे थे. उनमें योग तारों की भिन्नता समझकर तथा (२) दीप्तिमान निःसंदेह तारों को ध्रुव सूत्रीय कल्पित कर कैसा तो भी उनका मेल कर लिया है और जिन नक्षत्रों का दोनों भी प्रकार से मेल न हुआ तो वहां प्राचीन ग्रंथों के मूल वचनों में पाठ भेद करके मध्ययुग के अर्वाचिन ग्रंथ कारों ने परंपरा गत मे संगति मिलाई है। इसका दिग्दर्शन निम्न लिखित शिरोमणि सिद्धांत के, ध्रुवकों के उदाहरण में स्पष्ट हो जाता है:— "अश्विन्यादीनां ध्रुवकाः राश्याद्याः" के आगे.

---

* Il y a des etoiles dont l' eclat diminue .... L' etoile zeta du poisson austral, de quatrieme grandeur autrefoir, est actuellment de six, sept, invisible á l' Œil nu.' (La pluralité des mondes Habites Par C. Flammarion, page 195.)

पितामह सिद्धान्त में प्रक्षिप्त पाठ–कौंस में, और चाहिये सो " " ऐसा बताया है।

नक्षत्र	राशि	अंश	कला	ग्रंथोक्त मूल पाठ	नक्षत्र	राशि	अंश	कला	ग्रंथोक्त मूल पाठ
अ	०	८	....	खं ०, अष्टौ ८	स्वा	६	०	१९	रसाः ६ (खं०) नवेंदवः १९
भ	०	२०	...	खं ०, खयम : २०	वि	७	२	५	शैलाः ७ पक्षौ २ शराः ५
कृ	१	७	२८	शशी१मुनयः ७अष्टयमाः२८	अ	७	१४	५	मुनयः ७ मनवः १४ भूतानि ५
रो	१	१९	२८	शशी१नवेंदवः१९ " २८	ज्ये	७	१९	५	सप्त ७ नवेंदवः १९ पंच ५
मृ	२	३	...	पक्षौ २ गुणाः ३	मू	८	४	....	अष्टौ ८ चत्वारः ४
आ	२	७	..	पक्षौ २ शैलाः ७	पू	८	९	...	अष्टौ ८ नव ९
पु	३	३	...	गुणाः ३ गुणाः ३	उ	८	२०	९	वसवः ८ [नव ९ नखाः २०]'
पु	३	१६	...	गुणाः ३ षोडश १६	अ	८	२५	....	अष्टौ ८ तत्वानि २५
आ	३	१८	....	त्रीणि ३ अष्टादश १८	श्र	९	८	..	नव ९ वसवः ८
म	४	९	...	वेदाः ४ रंध्राणि ९	ध	९	२०	....	नव ९ नखाः २०
पू	४	२७	..	वेदाः ४ सप्तयमाः २७	श	१०	२०	...	दश १० नखाः २०
उ	५	५	...	शराः ५ शराः ५	पू	१०	२६	....	दश १० षडयमाः २६
ह	५	२०	...	शराः ५ नखाः २०	उ	११	१४	१०	शर्वाः११मनवाः१४ खचंद्राः १०
चि	६	०	...	रसाः ६ (गुणाः ३) पुष्करं०	रे	....	....	....	... .

– इसमें अभिजित् सुद्धा २८ नक्षत्रोंमें रेवतीके संबंधमें कुछनहीं तो खंवं लिखनाथा सोभी लिखानहीं और कलास्थानमें ८ जगह अंक कहे हैं बाकी १९ जगह ख शून्यं लिखनाथा सोभी लिखानहीं तब एक चित्राके सामनेही कलास्थानमें "पुष्करं"=शून्य कैसे लिखा जासकता है। क्या सब क्रम को छोडकर यहां कलास्थानमें शून्य लिखनेमे कोई संदेहनिवारण हो सोभी नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि यह शून्य कलास्थानीय न होकर अंशस्थानीय है। और अंशस्थानीय का (गुणाः ३) अंक प्रक्षिप्त है। यह अंक प्रक्षिप्त करने वाले का ध्यान यह रहा कि "पुष्करं का शून्यांक कला स्थान में माना जा सकेगा। तीन अंश बढने से चित्राभोग (अयनांश ३ के समय) हमारे दृक्प्रत्यय में आता ही है। सिर्फ स्वाती का अंश स्थानीय खं स्वाती को चित्रा से कम बताता है अतः इसे उडा देने से कला स्थानीय नवेंदवः आजाने से वह ध्रुव सूत्रीय के निकट में आजाता है।" और पूर्वाषाढा के तुल्य ही उत्तराषाढा को समझने से नखाः नवको नवनखाः करदिया गया है। लेकिन यह सब बातें एक "पुष्करं" = ० को नहीं उडाने मे, चित्रा के अन्य ग्रंथोक्त की तुल्यता से, एवं वेधसिद्ध परिमाणों के मापांतर के तारतम्य से ज्ञात होती हैं। और इसीसे झीटा भोग-१५६।२ निश्चित हो जाता है।

परीक्षण ६२

पितामह सिद्धान्तांतील सर्व नक्षत्राचे स्फुट भोग गद्यात्मक आहेत, वस्तुतः सर्व ग्रंथच गद्यमय आहे तसेंच ते आहेत. ते लिहिण्याचा प्रकार खालीं दाखविल्याप्रमाणें आहे. उभी रेघ देई पर्यंत एकच भोग लिहिला आहेः- ' अश्विनी ख ० रा, अष्टौ ८° । भरणी खं ०, खयमाः २० । कृत्तिका शशी १, मुनयः ७°, अष्टयमाः २८' । रोहिणी शशि १ रा., नवेंदवः १९°, अष्टयमाः २८ । चित्रा रसाः ६ रा., गुणाः ३°, ५ककाम् ०' । पूर्वा भाद्र. दश १० रा., पट्यमाः २६° । उत्त. भाद्र. शर्वा. ११ रा., मनवः १४°, खचन्द्रा १०' । याच्या पुढें रेवती भोग दिलेला नाहीं । जो पितामह सिद्धान्त कार चित्रेचा भोग १८३°।०' देतो तोच रेवती भोग ३५६।२ देणार नाहीं । याचें भान दीनानाथजी याम राहिले नाहीं. वास्तविक वर दाखविल्या प्रमाणें त्यानें " रेवत्युदय प्राचो " या वचनानें रेवती भोग ० असा पुढें सांगितला आहे, या करितां तो इतर मता बरोबर दिला नाहीं. "

समाधान ६२

विधान ६३.

चित्रा और रेवती की योगताराओं की निःसंदेहता के संबंध में उनके पुंज की तारा संख्या की परंपरा निम्न लिखितानुसार है:—

चित्रा और रेवती के तारोंकी संख्या	चित्रा	रेवती
तैत्तिरीय श्रुति ·······	१	१
नक्षत्र कल्प ·· ····	१	१
खंड खाद्य में उधृत प्राचीन		
सू. सि. वचन ···	१	१
वृद्ध गार्गीय संहिता···	१	४
नारद संहिता·····	१	३२
वराह मिहिर	१	३२
उल्लकृत रत्नकोश ···	१	३२
ब्रह्म सिद्धांत ··	१	३२
श्रीपति रत्नमाला·····	१	३२
मुहूर्त तत्व ··· ··· ··	१	३२
मुहूर्त चिंतामणि···	१	३२

इसमें जिस प्रकार चित्रा की योग तारा के संबंध में जैसी एक वाक्यता है यानी श्रुति काल से लगाकर वर्तमान काल तक के कुल ग्रंथों में एक ही तारा कही है ऐसी रेवती की बात नहीं है। यानी पहिले इस पुंज को भी चित्रा के समान एक ही तारा मानते थे, आगे ४ मानने लगे तथा नारद संहिता से आजतक ३२ तारा मानते हैं अतएव रेवती के संबंध में एक वाक्यता नहीं है। तेज में और स्थान में परिवर्तन हुए बिना ऐसा तारोंका परिवर्तन नहीं हो सकता है

इसलिये रेवती तारे के व्यक्तित्व में संदेह सिद्ध होगया है। चित्रा के एक तारा की परंपरा जैसे वैदिक काल से आज तक अविच्छिन्न चली आरही है। इसका मोती का आकार इसकी दीप्ति और उपादेयता को प्रगट करता है। इससे स्पष्ट होता है कि, इसका स्थान *और देदीप्यमान तेज वही कायम है अर्थात् राशि चक्र के ठीक ठीक मध्य भाग में ही अपने* सनातन सिंहासन पर चित्रा तारा विराजमान है। ऐसी बात रेवती की रही नहीं है। मृदंगा कार ३२ तारों के पुंज में प्राचीन काल की दीप्तिमान् रेवती की तारा कदाचित्कालिन्द से अब लुप्त हो गई है। और वह निजगति से स्थान भ्रष्ट भी हो गई है। तब ऐसी तारा संख्या में व योग तारा के संबंध में विभिन्नता युक्त, अनिश्चित, एवं संशयास्पद छोटा तारका सब तारों में मुख्य यानी राशिचक्र की आरंभ स्थान दर्शक कैसे हो सकती है? कदापि नहीं।

परीक्षण ६३ (अ–ई)

(अ) हें विधान गमतीचें व हास्यास्पद आहे "एक मराठी वहटदीडी" असें म्हणण्यास आधार नाही. (आ) सनातनकाचीही तारा एकच आहे परंतु ती लहान आहे. (इ) एकच तारा असली म्हणजे ती मोठी असते हें म्हणणें बरें नाही. (ई) ब्रह्म सिद्धान्तादि ग्रंथांत रेवती पुंजाच्या तारा ३२ मानिल्या आहेत व त्यात रेवतीचा आकार ही मृदंगा कारचा सांगितला आहे.न प्रकाश ही ११ मानिलेले आहेत. ब्रह्माचार्य अयनांश शोधा-पूर्वी चे आहेत. रेवतीचे व अश्विनी करतांत ११ ही भगण गू. सि. आदि ग्रंथाची आहे. म्हणजे अयनांश ज्ञान कालाच्या नंतरची अथवा ब्रह्माचार्यांनंतरचे ग्रंथाची आहे. व आतां पर्यंत तिचाच अमल आहे. या वरून ब्रह्माचार्यांचे कालापासून सिद्धान्तोक्त रेवती न ह्या

लुप्त झाली असावी हें अनुमान चुकीचें आहे. लल्ल कृत रत्न कोशांत ही रेवती पुंजात तारा ३२ मानिल्या आहेत यामुळें सदरील अनुमान दृढ होतें. अर्थात् प्रथोक्त रेवती तारच *अद्याप दृग्गोचर* होत आहे हें उघड आहे.

समाधान ६३ (अ–ई)

(अ) झीटा की निरूपयोगिता को सिद्ध हुई देखकर पाठकों को भुल मेंमें डालनेकेलिये प्रो० गोविंदरावजी " गमतीचे व हास्यास्पद " के तुल्य ये मुद बेताली गीत गारहे हैं। प्रस्तुत *विधानोक्त कोष्टकमें* तैत्तिरीयश्रुति और नक्षत्र कल्पादि ११ ग्रथोंमें *लिखी* चित्रा व रेवता पुंज के तारोंकी संख्या बतादी है । तथा इन्हीं प्रथोक्त एक तारा नक्षत्रोंकी देदीप्यमानता निम्न लिखितानुसार है ।

एक तारा नक्षत्रों की अपने पुंज में अद्वितीय तेजस्विता.

अनुक्रम	नक्षत्र	तारा नाम	प्रति	तारा संख्या		स्पष्टीकरण
				श्रुति प्रोक्त	ग्रंथ प्रोक्त	
१	रोहिणी	Aldebran	१·०६	१	५, ५	रूप विकारित्व से आर्द्रा की प्रति ०.५ से १.१ तक छोटी बड़ी होती रहती है. मूल का दक्षिण का विषय [illegible] निकट में [illegible] द्युतिमान [illegible] तारा [illegible] से उक्त प्रथोक्त तारा संख्या में कुछ भिन्नता और श्रुति ग्रंथों में इन नक्षत्रों के १ व ३ तारा कहे हैं। शतभिषक् व पुष्य की प्रति ४ से [illegible] गई [illegible] प्रथम की [illegible] रेवती [illegible] है। [illegible] नक्षत्र १ की प्रति ·५३ (अभुक टीप) [illegible] की प्रति ६·८९ (नक्षत्र में नहीं [illegible]) [illegible] स्थान में वह वेध युक्त [illegible] नहीं है। आर्या
२	आर्द्रा	Alpha orionis	१.१०	१११	१, १	
३	पुष्य	Delta Concri	४.०	१	१, ३	
४	मघा	Rogulus	१.३४	१	५, ६	
५	चित्रा	Spica	१.२१	१	१, १	
६	स्वाति	Arcturus	०.२४	१	१ १	
७	ज्येष्ठा	Antares	१.२०	१	३, ३	
८	मूल	Lambda Scorpii	१.७१	११२	[illegible],६,७, ११	
९	अभिजित्	Vega	०.११	१	३, ३	
१०	श्रवण	Altair	०.८९	१	३, ३	
११	शतभिषक्	La Aquarii	३.८१	१	१,१००	
१२	रेवती	Mu Piscium	४.००	१	१,४३२	

९, तारों की प्रति १ नंबर चाक्षुषद पुष्य है। [illegible] इन मुख्यमान की तुलना द्वारा सिद्ध

होता है कि " श्रुति ग्रंथों में लिखे हुए जितने एक तारा के नक्षत्र हैं वह सब दीप्तिमान और अपने पुंज में अद्वितीय हैं " इसलिये " एक तारा थी, वह बडी थी" असें म्हणण्यास आधार नाहीं और (इ) कथन बिल्कुल गलत है।

(आ) झीटापिसी॰ की अपेक्षा शतभिषक् की तारा १८-१९ पट अधिक दीप्ति मान है और वह अपने पुंज में अद्वितीय तेजस्वी ह। रेवती पुंज में शतभिषक् के तुल्य तेजस्वी झीटा न होकर म्यूपिसियम तारा है। और वह अपने पुंजमें अद्वितीय तेजस्वी भी है। श्रुति प्रोक्त अ जूब्राज् के तारों के भोग शरातर से पुंज के रूप रेषा को अनुमित कर सकते हैं। सो निम्नलिखितानुसार होती है।

शतभिषक्, रेवती और झीटा की तुलना.—

तारोंके	वैदिक नाम	ग्रीक नाम	प्रति	भोग	शर
शतभिषक् पुंज	तै॰ ब्रा. १५-१		वर्ग	अंश	
	विभ्व क्षिति	Delta Aquarii	३ ५१	३१५·१	– ७ ७
	इंद्र = शतभिषक्	La. Aquarii	३·८४	३१७ ७	– ०·४
	विभ्वव्यचा	Beta Piscium	५ ५८	३२७ ७	+ ७·७
रेवती पुंज				अं. क	अ. क.
	गाव	Epsilon Piscium	४ ४५	३५२ ४२	+ १ ५
	पूपा = रेवती	Mu Piscium	४ ००	३५५ १७	– ३ ४
	वत्सा	Nu Piscium	४ ६८	१ ४०	– ४ ४१
झीटा	कालकजा	Zeta Piscium	५·५७ ६·४९	३५६ २	– ० ११

सिद्धांतोक्त योग तारा के लक्षण भेद

'स्थूलास्यायोग तारका' अपने चक्राकार पुंज में बिल्कुल छोटे ६ प्रति के तारों में शतभिषक् स्थूल होने से योग तारा है।

'रेवत्याश्चैव दक्षिणा' अपने मृदंगाकार लंबे पुंज में दीप्तिमान होकर दक्षिण में स्थित म्यूपिसियम योग तारा है.

म्यूपिशियम से झीटा अन्य तेजस्वी व उत्तर में होनेसे योग तारा नहीं है।

अर्थात् शततारकाके संबंध का " परंतु तो लहान आहे " इत्यादि कथन आकाश को बिना देखे लिखागया अतएव असत्य है। और सू. सि. में. कहे रेवती स्थान (भोग ३५९। ५० शर + ०।०) को शून्य मानकर उत्तर कदंबीय दिगंश २६६°। ४४' के दूरी ३°। ४४' २८"·२ पर झीटा का तारा है और दिगंश १९०। १० के दूरी ३'। ६'। ५६"·४ पर म्यू-पिसियम है। सो उक्त स्थान से झीटाकी अपेक्षा म्यु तारा ४१'। ३१"·८ निकट में एवं प्रतिमें दीप्तिमान् है। यदि ग्रंथों में रेवती का उत्तरशर लिखा है किंतु निजगति से दक्षिण की और चलाजाना संभव हैं तथापि " रेवत्याश्चैव दक्षिणा " ग्रंथोक्त लक्षण झीटासे-२° ५१' दक्षिण में म्युतारा होने से उसमे मिलते हैं। इससे स्पष्ट है कि जोभी रेवती स्थानभ्रष्ट होगई; दीप्तिमें छोटी होगई तोभी ग्रंथोक्त रेवती के लक्षण म्यूतारामें मिलते हैं झीटामें बिलकुल मिलते नहीं अतएव झीटा रेवती नहीं भ्रमोत्पादक कालकंजारूप तारा है ?

(ई) परीक्षणमें लिखी बातों से विधानोक्त सिद्धान्त पुष्ट होते है किंतु इसमें जो [' लल्लाचार्य अयनांशशोधा पूर्वीचे ' सू. सि. ' अयनांश ज्ञानकाला नंतर चे ') अयनांश ज्ञान काल [शाके ९००-५९०] बताया ह। सो बिलकुल गलत तो है ही लेकिन शुद्धनाक्षत्र गणना में भ्रम फैलाकर श्रुति स्मृति प्राचिन ग्रंथकारों को जबकि अयनांशों का भी प्राचीनो को ज्ञान नहींथा तब उनकी कही बातें अज्ञतायुक्त हैं अतः वह विश्वसनीय नहीं एवंप्रमाण कोटीमें ग्राह्य करने लायक नही हैं ऐसा बतलाने के लिये कुटिलनिति से कहेगई सो बिलकुल असत्य है। जिन ग्रंथोंके आधार से झीटा को रेवती का स्थान देना चाहते हैं उनसे वह बात सधती नहीं देखकर पहिले भी आपने (१) भारतीय ग्रंथकारों को उच्च व पात माहूम नहीं हुयेथे। (२) अयनांशों का निश्चय प्रत्यक्ष देखकर किया नहीं हैं ' ऐसे पहिले भी आपने आर्योंके उपर झूटे लांछन लगाए हैं। उसी तरह यह अयनांश ज्ञानकाल का कोटिक्रम है। परंतु इस आक्षेप के खंडनमें हमारे वेदकाल निर्णय [पृष्ठ १८-२४,३८-९९,९५-१०९,१४८-१५१, २३६-२३७] में अनेकानेक प्रमाण देकर सिद्ध करके बता दिया है कि वैदिक कालसे ही आर्यों को शुद्ध नाक्षत्र पद्धति और अयन संपात की स्थिति का ज्ञान होगया था सिर्फ " जबजब अयनांश शून्य होते आए हैं तबतब अयनांशों के स्थलान्तर तक कुछ विद्वान् नाक्षत्रमान के तुल्य ही सांपातिक मान को मानते आये हैं। " इस सिद्धान्त के अनुसार गत शून्यायनांश वर्ष शके २१२ से ५५० तक अयनांश मानने में २। ३ अंश की गड़बड़ी हुई है। उतने परसे गोविंदरावजी आर्य ग्रंथ कारों को किसी तरह ज्ञान— अज्ञान के संपुट में लाकर शुद्ध नाक्षत्र गणना में प्रच्छन्न सायन मानका अंधकार फैलाना चाहते हैं सो अब वैदिक ज्ञान-प्रभाकर के उषःकाल के सामने टिक सकता नहीं है।

परिक्षण ६३ (उ, ऊ)

(उ) सूर्यसिद्धान्ता नंतर आता पर्यंत केशव दैवज्ञ, गणेश दैवज्ञ यासारखे आकाशाचें चांगल्या प्रकारें निरीक्षण करणारे ज्योतिषी होऊन गेले त्यांनीं रेवती तारा लुप्त झाल्याची

तक्रार केलेली नाहीं. [ऊ] रा० केतकर यांची ही १९।२० वर्षां पूर्वी ही तक्रार नव्हती. या २९।३० वर्षांतल्या चित्रेपक्षी पासून मात्र काहींच्या विचार चक्षुवर पडल आलेलें आहे त्यामुळें ती चर्म चक्षूस दिसून ही व्यर्थ होते.

समाधान ६३ (उ, ऊ)

नव्यसूर्य सिद्धांत के बाद आजपर्यंत के ग्रंथकारोंने जिस आरंभ स्थान को लेकर अपने-२ ग्रंथो में ग्रहोंके भगण और अयनांश [मंद केंद्रीय वर्षमानानुसार] कहे हैं वह सब चित्राभिमुख रेवत्यंत बिंदुसे कैसे मिलते हैं सो विधान १७-२६ में रिपोर्ट के ग्रहलाघव चालन प्रकरण में, समाधान २९, ८ के क, ख न्यास में उदाहरण देकर सोपपत्तिक रीति से बता दिया है । किंतु मजा ये है कि [परीक्षण ८ अ देखिये] जो गोविंदरावजीने केशव एवं गणेश दैवज्ञ के संबंध में "गणेश दैवज्ञाचा पिता केशव" परंतु त्याने ही ग्र. ला. प्रमाणेंच अयनांश मानिले आहेत "पाहून लिहिलेले नाहींत" ऐसा कह चुके हैं । और अब किसी तरह का झीटा को आधार न होनेसे डूबते को तिन के का आश्रय के तुल्य कहना पडा है कि 'उक्त पिता पुत्र आकाश के उत्तम निरीक्षक यानी प्रत्यक्ष वेध लेकर काम करनेवाले थे फिर क्या है जबकि इन्होंने अपने २ ग्रंथोंमें जिस भगणारंभरूप रेवती का अवलंबन करके शाके १४१८ तथा १४४२ के रव्युच ७८ अंश, अयनांश १६।१४ तथा १६।३८ कहे हैं। और इन्हींके ग्रंथोंपर से जो आज ग्रहोंके भगणारंभ स्थान आते हैं उन सबसे म्युपिसियम तारा ही रेवती की योगतारा निश्चित होती है । झीटापिसियम से ४ दिनका अंतर रहता है तब निःसंदेह है कि उक्त पिता पुत्रों कि दृग्गणितैक्य रेवती म्युपिसियम तारायी झीटापिसियम नहीं । कोलब्रुक साहब सूचित झीटाका झगडा छोड दिया तो फिर रेवती की तकरार ही रहती नहीं । [ऊ] अब रही रा० केतकर की तकरार सो उनके शब्दों से ही मिट जाती है:—

"२ रा. आपटे यांना अशी सवयच दिसते कीं, उगाच भला लांबलचक लेख लिहून, त्यांत ज्योतिःशास्त्रीय शब्दांचा पुष्कळसा उपयोग करून पाहिजे तितकी चुकीचीं, खोटीं व दिशाभूल करणारीं अनुमानें झोकून द्यावींत. बेंटलीचे जे भरकसलेले लेख आहेत ते त्यानें हिंदू ज्योतिषाच्या अज्ञानामुळें लिहिले आहेत; या कारणामुळें ते क्षम्य आहेत. परंतु रा. आपटे यांना हिंदू ज्योतिषाचें × × ज्ञान असून ही त्याचा दुरुपयोग करण्यामध्येंच ते प्रौढी मानतात, यावरून ते खरे सवाई बेंटली आहेत. त्यांची "म्हणून, यावरून, अर्थात्, उभयपक्षीं, करितां, कारण" इत्यादि उभयान्वयी अव्ययांनीं जोडलेलीं कार्यकारण परिणाम दर्शक वाक्यें अत्यंत असंबद्ध, खोटीं, व भ्रांत्युत्पादक असतात, असें आमचा हा लेख वाचतांना वाचकांच्या प्रत्ययास येईल. (विविधज्ञान विस्तार अक्टोबर

१९२४-केतकर) " " २. रा. आपटे यांच्या लेखास उत्तर देण्यापूर्वी ज्योतिःशास्त्र दृष्ट्या त्यांच्या कृतिची वाचकांना ओळख करून देणें जरूर आहे. सन १९१२ या वर्षी ' ज्योतिर्गणित वार्तिक ' या नांवाचा गद्यपद्यात्मक एक ग्रंथ आमच्या ज्योतिर्गणिताच्या आधारानें त्यांनीं लिहिला आहे. त्याच्या भूमिकेंत आम्हांस उद्देशून त्यांनीं पुढील पद्यें दिलीं आहेत. ' जयतुजगति चारं ज्योतिषा मुज्ज्वलानां युति द्युति हति भक्त्यादि प्रयोगैर्नियच्छन् ॥ भटइव कटकानां वेंकटेशः पटीयान् गणक गुरु गणेशो योयमन्यः सुमान्यः ॥ १ ॥ प्रत्यक्षसिद्ध नव बीज मनोज्ञभागां यज्ज्योतिषा गणितविद् गणितं व्यधत्त ॥ श्रेष्ठं सुबोध्यमपि केतकरो ऽद्वितीयं तच्छास्त्रबुद्धि करमित्यति माननीयम् ॥ २ ॥ ही केवळ शिष्टाचाराची प्रशंसा आहे. परन्तु जेथें प्रशंसेला कारण नाहीं अशीं कांहीं त्याची गाणितिक वचनें पुढें देतों ह्मणजे चित्रा संबंधीं त्यांचीं मतें पूर्वीं कशीं अनुकूल होतीं हें वाचकांना कळेल. पृष्ठ १९ यांत ते म्हणतातः—*या ग्रंथांतील गणितास प्राचीन ग्रंथाचा आधार घेतला आहे त्या विषयीं*—

"सूक्ष्मत्वादवगम्यते न गणकैःसा रेवती तारका॥
कर्मा तो रविदिष्ट भोगगणितात् तत्स्थानतोऽत्रोदितं ॥ १ ॥"

अर्थः— रेवती तारा सूक्ष्म असल्या मुळें ती कोणती असावी हे कळत नाहीं म्हणून रवि दिष्ट म्हणजे सूर्य सिद्धांतांतील तिच्या भोगा वरून तिचें स्थान ठरविलें आहे. पुढें अयनांश विषयीं पृष्ठ ५२ येथें ते म्हणतात– " ध्रुवायनांशेष्विषुनेत्रवेद, धराणु नेत्राश्वि. मितेषु २२.१४२५ युंक्ष्व ॥ द्विसप्तपंचत्रिकराणुखेभ्या ५०.२३५७२ हृताब्द संघ प्रमिता विलिप्ताः ॥२॥ " ३. याच प्रमाणें पुढें पाच वर्षांनी रा. आपटे यांनीं "ज्योतिर्माला" सप्टेंबर १९१७ यात " पंचाग शोधन अयनांश विचार " या नांवाचा लेख प्रसिद्ध केला आहे. त्यातून पुढील उतारा घेतला आहे. '६. आता तारा चे भोग ठरवितांना कोणती तरी तारा मुख्य मानावी लागते ⋯ ⋯ हे भोग क्रांति वृत्तावर मोजावयाचे आहेत. करितां ज्यांचा शर लहान आहे; अशा तारा पैकींच कोणती तरी एखादी मुख्य मानून तिच्या अनुरोधा नें भोग ठरविले असले पाहिजेत, हें उघड आहे. २७ योग तारां पैकीं क्रांति वृत्ताला फार जवळ *अशा ४ योग तारा आहेत. पुष्य, मघा, शततारका व* रेवती यांचे शर ३० कलांचे आत आहेत ⋯ ⋯ या चारी योग तान्या पैकीं मघा मवींत ठळक व १ । २ *प्रतीची आहे ही मुख्य मानावी असा मनाचा ओढा सहज होतो.* आपल्या प्राचीन ज्योतिष्यांच्याही मनांत ही गोष्ट यागत होती असें दिसतें कारण ⋯ सर्व ठिकाणीं मघाचा भोग पूर्ण अंशात्मक मानिला आहे. मला तसेंच करणें सयुक्तिक दिसतें ⋯ या वरून मघा भोग १२९ अंश मानिला पाहिजे हें वरील कोष्टका वरून उघड दिसेल. या योगानें रेवती योग तारा (म्यूरिनियम) अं. ३५९ क. १७ इतक्या अंतरावर असल्या कारणानें ती आरंभी मानिल्या सारखें होतें. रेवती भोग व्हल्कनग्रांत अं. ३५९, सूर्य सिद्धान्तात अं. ३५९ का. ५० व इतर ग्रंथांत (ध्रुव तृतीय) अं. ३६०

दिला आहे. म्हणजे रेवती तारा ३६० अशांत कोठें ही असली तरी आरंभीच आहे असें समजण्याचा ग्रंथकारांचा प्रघात आहे. या नियमानुसार आपल्याही वरील योजनेत रेवती तारा आरंभी मानिली आहे असें आपणांस म्हणतां येतें'''' करितां रेवती तारा आरंभी मानावी ही सर्व ग्रंथकारांनां संमत असलेली गोष्ट साधून मघाचा भोग कला रहित अं. १२६ घेतला असतां शके १८३९ च्या आरंभीं अयनांश २२।४१ येतात. ते २२ व २३ अशांचे मध्यवर्ती असल्या कारणानें बहु संमत होतील अशी आशा वाटतें, मघा पासून चित्रा बरोबर ५४ अंशांनी पूर्वेस असल्या कारणानें चित्रा भोग सहजगत्या १८० अंश येतो.'
' या दृष्टी नें तयार केलेल्या योजने मध्यें कोण कोणते फायदे साधले आहेत ते खाली लिहील्या प्रमाणें संकलित केले आहेतः– (१) आरंभी योगतारा सांपडते, (२) आरंभ स्थान निश्चल राहते, (३) शके १८३९ चे आरंभी येणारे अयनांश २२।४१ हे बहुसंमत मर्यादेच्या आंत म्हणजे २२।२३ अंशाचे मध्यवर्ती आहेत, (४) नक्षत्राच्या योगतारा आपापले स्थिर विभागांत असल्यांत हा जो शास्त्रकारांचा मुळचा हेतु तो हल्लीं उपलब्ध असलेल्या कि । सुचविलेल्या कोणत्याही योजने पेक्षा योजनेने उत्तम साधतो, (५) भोग मापनास सोयीची अशी बहुतेक निःशर मघातारा १२६ अंशावर म्हणजे निष्कल येते व चित्रा ही कांहीं बाबतींत महत्वाची असलेली तारा सहजगत्या १८० अंशावर येते, (६) एखाद्या विशिष्ट वर्षाच्या करणागत मेषकालाच्या सायन स्पष्ट सूर्या पासून हे अयनांश साधलेले नाहींत त्यामुळें ते भिन्न येणार नाहींत, (७) आतां पर्यंतच्या योजनां पेक्षां हा अधिक व्यवहार्य व सशास्त्र दिसते. "

" ४. वरील उताऱ्या वरून दिसतें कीं, सूर्य सिद्धान्तोक्त चित्रेचा भोग १८० अंश आणि तदनुसारी शके १८०० वर्षाचे अयनांश २२°१४२५ हे त्यांना मान्य होते. इतकेच नव्हे तर पृष्ठ २७ पासून पुढील एकंदर गणितात चित्रापक्षाच्याच क्षेपक ध्रुवक यांचा त्यांनीं उपयोग केला आहे. यावरून पूर्वी त्यांना चित्रापक्ष मान्य नव्हता अशी शंका तरी कोणी घेईल काय ? सन १९१९ पर्यंत ते चित्रापक्षाचे कट्टे अभिमानी होते, परंतु पुढें सांगली संमेलनानंतर कोणत्याही पक्षाने किंवा दक्षिणेनें आपली कांडी फिरविली, कोण जाणें रा० आपटे यांनीं एका क्षणांत आपली पगडी फिरविली आणि तेव्हांपासून नूतन धर्मान्तर केलेल्या माणसाप्रमाणें चित्रापक्षाची निंदा करण्याचा सपाटा त्यांनीं सुरू केला आहे, ' त्यांना खोटे बोलण्यात कांहींच दिक्कत वाटत नाहीं त्यांनीं आपल्या " शास्त्रपूतं वदेद्वाणीं " या लेखांत, सपशेल खोटी विधानें, दिशाभूल करणारे तर्क, उपहास, वितंडा, हेत्वाभास, अपपाठाश्रय, जल्प, इत्यादि साधनाचा मनमुराद उपयोग केला आहे, अशा मनुष्याची कीव करावी किंवा धिक्कार करावा हें वाचकांनींच ठरविणें बरें " यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवंपरिषेवते ॥ ध्रुवाणि तस्य नश्यंति अध्रुवं नष्ट मेवच ॥ १ ॥,' विविध ज्ञान विस्तार जून १९२४ वें. बा. केतकर.'

अब यहां आपटे साहब से इतनाही प्रश्न है कि सांगली सम्मेलनके पहिले और बाद; आपके चर्म चक्षूमें इतना जमीअसमानका अंतर याने जो दृष्टि चित्राकी रक्षक दिखती थीं वह उसकी भक्षक कैसे बनगई, क्या गाडेके चाकके तुल्य तत्ववेत्ताओंके सिद्धान्त ऐसे पूर्व के पश्चिम तर्फ एकदम बदलते रहते हैं या स्वार्थ लोलुपोंके!! ज्यो. वि. केतकर की भी निस्वार्थताको देखिये कि जिसने झीटा पक्षियोंकी "अध्रुवतारा पकडा कर वैदिक काल से प्रचलित नाक्षत्र ध्रुवपद्धति को छुडा देना तो संपूर्ण आर्यग्रथ स्वयं निरर्थक होजायंगे" ऐसी चालबाजी को पहिचानतेही कमेटी के ५००० रुपियों के पुरस्कार का परित्याग कर आर्य संस्कृति को उज्वलित रखी.

परीक्षण ६३ (ए–ओ)

(ए) हल्ली कालांशाचा आधार घेणारांनी तर हें कालांश तपासून कधींच पाहिलेले दिसत नाहींत. त्या प्रमाणें वेधानें कालांशांचा अनुभव घेऊन झीटापिशियम सिवाय बाकीचे कालांश अनुभवास ठीक ठीक येतात परंतु रेवतीचे मात्र येत नाहीत असें माधार प्रसिद्ध झाल्याशिवाय रेवती तारा लुप्त झाली ही केवळ मतलबाची वल्गनाच समजली पाहिजे –(ओ) कारण झीटापिशियम तारेचे भोग शर रेवती योगताऱ्याच्या ग्रंथोक्त भोग शरांशी जुळतात ही गोष्ट निःपक्षपातानें विचार करणारास नाकबूल करतां यावयाची नाहीं.

समाधान ६३ (ए–ओ)

कालांश का आधार कहने वालों ने चाहे सब तारों के कालांशों को अभी प्रकाशित न किये हों तोभी नित्योदयास्त के दृश्यादृश्य नत कालांशों को प्रत्यक्ष में वेध द्वारा देखते हैं. सो उससे तथा नाटिकल आल्मनाक में लिखी तारों की प्रति से तुलना करनेपर ज्ञात होता है कि बहुतेक तारों के जो ग्रंथों में कालांश कहे हैं सो तत्कालीन दृक्प्रत्यय से ही लिखे गए हैं। उनके रूपविकारित्व से अब थोडा अंतर पडना स्वाभाविक है। तथापि सरासरी को देखते विधान ५१–६२ में लिखे प्रकार सब बराबर मिलते हैं। सिर्फ झीटा-पिशियम के मिलते नहीं। करीबन म्यूपिशियम के मिलते हैं सो माधार प्रसिद्ध भी कर दिये हैं। अब समझ है प्रि. गोविंदरावजी ने जैसे (१) 'रेवत्युदय: प्राची.' से शून्य कालांश और (२) 'रेवतीचे १७' से सतरह कालांश कहे हैं वैसे इन परस्पर विरुद्ध दोनों बातों की कोई प्रत्यक्ष वेध सिद्ध संगति लगा कर झीटा के तोतया रेवतीपन को मिटाते हैं। या 'गाजर की पुंगी बजी वहां तक बजाए नहीं बजी तो ग्वा डाले' के तरह झीटा मान को भी फेंक कर क्या सायन मानकी वल्गना शुरू करते हैं सो देखना है। क्योंकि अंतिम

ध्येय तो यही मतलब का है अब छुपाने की क्या जरूरत । (ओ) यहा योग शर का पूर्वापर तनिक भी उल्लेख एव कार्यकारण-संबंध न होते हुए केवल " कारण " के प्रयोग से आप दिशाभूल कर रहे हैं यह बात निःपक्षपात से विचार करने वालों को नाकबूल करते नहीं आसकती है ।

विधान ६४

" उक्त रेवती पुंजमें ३२ तारा इतनी छोटी हैं कि उनमें से सिर्फ ३ । ४ तारा नेत्रों से खस्वस्तिक के निकट में दिख सकती हैं किंतु छोटी होनेसे उसमें भ्रम पडना संभव है " ऐसा सूर्य सिद्धांत की टीकामें प्रोफेसर व्हिटने साहब का भी कथन है । तथा पूर्वोक्त कथन से ऐसा भ्रांतिकारक, अधुक, विकृत, स्थानभृष्ट, और आर्य ग्रंथो के गणितागत आरंभस्थान से अयुक्त तारा २७ नक्षत्रों में मुख्य कैसे हो सकता है कदापि नहीं ।

विधान ६५

वैदिक ग्रंथो में तो ऐसे भ्रांतिकारक तारों को " छायारूपःस पाप्मा ! कनिष्टः अल्पतमः सचपाप्मा " (श. ब्रा २-२-१-१० भाषा. पृ० ८७) ' पाप्मा, भ्रातृव्य= भ्रांति कारक यज्ञ प्रयोग से शुद्ध नहीं आने वाले और देवोंके शत्रु' ऐसा कहा है । इतना ही नहीं तो " चित्रा नक्षत्र के ऊपर यज्ञारंभ करके वहांसे चिति चयन (इष्टकोपधान रूपतत्कालीन दृश्य पंचांग) का निर्माण करें. " इस तरह चित्रा तारे के द्वारा संपूर्ण नक्षत्रों का निश्चय करना ऐसा वेदसंहिता में कहा है तथा तैत्तिरीय ब्रा० (१·१·२४) में भी " कालकजावै नामा-सुरा आसन् ते सुवर्गाय लोकायाग्निमचिन्वत । पुरुष इष्ट का मुपादधात्पुरुष इष्टकाम् । स इंद्रो ब्राम्हणो ब्रुवाण इष्टका मुपाधत्त । एषामे " चित्रा " नामेति । ते सुवर्ग लोक माप्रारोहन् । स इन्द्र इष्टका मावृहत् । तेऽ वा कीर्यन्त ये वाऽ कीर्यन्त । त ऊर्णाव मयोऽ भवन् । द्वा वुदपतता । तौ दिव्यौश्वाना यभवताम् । यो भ्रातृव्यवान्त्स्यात् । स चित्रायां अग्निमादधीत । अवकीर्यैव भ्रातृव्यान् ओजोबलमिंद्रियंवीर्यमात्मन्धत्ते । "

अर्थात् "काल कंज नामक असुरों ने स्वर्ग लोक में जाने के लिये पुरुष के आकृति (Bootes बूटिस) की चिति में इन्द्र है देवता जिसका ऐसे चित्रा तारे से इष्ट कोप धान यज्ञ (तत्कालीन इष्टकाकृति रेख) को आरंभ किया । इनमें से जिन्होंने चित्रा के अनुसंधान रहित ईंटें रखी थीं वह स्वर्ग (उत्तर) की ओर बढे हुए वहां इधर उधर

खिसक गये सो ऊर्णासूत्र के जाले के, (या शतपथ ब्रा. २-१-२-१६ 'ग्रीवाः'= कटे हुए गले के स्वेत केसों वाले शिर के) सदृश यानी वर्तमान में जिसे अरुन्धती केश (Coma Berenices) कहते हैं ऐसे तारों के झूमके के रूप के बन गए। तथा दो तारे और भी उत्तर को बढकर गये वह तार का पुंज दिव्य दो श्वानों के (Canes Venatici) रूप के हो गए। इसलिये जिस विद्वान् को (नक्षत्रों की गणना में) भ्रातृव्य= भ्रांति= संदेह हो उसने उक्त आकृति विशिष्ट तारका पुंजों से निश्चित होने वाले इंद्र दैवत्य देदीप्यमान चित्रा नक्षत्र से अग्नि का आधान करे। जिससे सब भ्रांति दूर होकर इसके प्रभाव से वह ओजबल वीर्य को धारण (शुद्ध नाक्षत्र गणना द्वारा) कर सकता है।" इत्यादि वैदिक प्रमाणों से शुद्ध नाक्षत्र दैवी गणना में सब नक्षत्रों की अपेक्षा चित्रा की निरपवादित श्रेष्ठता एव अखंड परंपरा सिद्ध होती है। ऐसे रेवती के संबंध का कहीं भी यज्ञारंभ का उल्लेख नहीं है। झीटा तारा तो अत्यंत निजगति वाला पद भ्रष्ट होने से असुर और अधुक होने से पाप्मा यज्ञवंचक, देव शत्रु कहा सकता है। अतएव वह नाक्षत्र गणना के लायक ही नहीं है. तब उसको यज्ञ परंपरा कैसे मिल सकती है

परीक्षण ६५ (अ)

हें विधान अप्रासंगिक आहे व खरे ही नाहीं वेदा मध्ये निरनिराळ्या तारा पुंजास रूपकें बसवून कथा लिहिल्या आहेत. त्या पैकीं " कालकंजा नामा सुरा आसन् इ० " ही एक आहे. सूक्ष्मतान्याना अनुलक्षूनच असुर शब्दाचा प्रयोग केला आहे असें वाटत नाहीं. याच्या उलट प्रकारचें कोठें कोठें उल्लेख सापडतात. ज्येष्ठा तारा ठळक असूनही " आम्हीं ज्येष्ठाला मारिलें, शततिषिकावर अभिषेक केला, रेवतीवर वध केला असें देव म्हणातात अशा अर्थाचीं वाक्यें आहेत. " तै. ब्रा. १-५-२ (भा. ज्यो.पृ. ५९)

समाधान ६५ (अ)

उस काल में किस २ समय नाक्षत्र, सौर, सावन, चांद्रमान और वसंत संपात से यज्ञारंभ, अयन, ऋतु, आदि का शोध लगता गया था। किसी ऋषिने, किस स्थल में किस काल में कौन तारों का शोधन लगाकर कौन २ ग्रंथ निर्माण किये हैं इत्यादि बातों का दिग्दर्शन हमारे युगपरिवर्तन और वेदकाल निर्णय नामक ग्रन्थों में बताया गया है इससे पाठकों के अनुषंगिक शंकाओं का समाधान हो सकता है।

गोविन्दरावजी ने विधानोक्त अर्थ को विपरीत बताने के लिये जो अनुवाक का उल्लेख किया है उसी के द्वारा विधानोक्त बातें पुष्ट एवं समर्थित होकर उसमें परीक्षण की हो पूर्ण रीति से परीक्षा हो जाती है कि वह कितने सत्यांश को लिये हुये है।

" सलिल वा इदमंतरासीत। यदतरन्। तत्तारकाणांतारकत्वम्। यो वा इह यजते अमुष्मलोके नक्षते। तन्नक्षत्राणां नक्षत्रत्वम्। देवगृहा वै नक्षत्राणि। " यानिवा इमानि पृथिव्याश्चित्राणि तानि नक्षत्राणि। तस्मादश्लील नामश्चित्रे, नावस्येन्नयजेत। यथा "पापा हे" कुरुते तादृगेवतत्। कृत्तिका: प्रथम। विशाखे उत्तमम्। तानिदेवनक्षत्राणि॥ अनूराधा: प्रथमं, अपभरणी रुत्तमम्। तानियमनक्षत्राणि॥ यानि देवनक्षत्राणि तानि दक्षिणेन (मार्गेण) परियन्ति। यानि यमनक्षत्राणि, तान्युत्तरेण॥ 'ज्येष्ठ मेषा अवधिष्मेति तज्ज्येष्ठघ्नी'। 'यच्छतमभिपज्यन्। तच्छतभिषक्'। 'रेवत्यामरवन्त।' यत्कारीस्यात्। " पुण्याह " एव कुरुते। (तै. ब्रा. १-५-२)

भावार्थ:-"समुद्र के तुल्य विस्तृत आकाश को जिन तारका=नौकाओं के सहारे हम तर सकते हैं वह तारका (तारे) कहाते हैं। इन तारोंके आधारपर जो यज्ञप्रयोग करते हैं उनके लोक (क्रांतिवृत्त पर गिने जाने वाले स्थान) क्षत (गलत) नहीं होते इसलिये इनको नक्षत्र कहते हैं। नक्षत्र यह दिव्यज्योति देवताओं के मंदिर हैं। पृथ्वीमें अनेक प्रकार के आकृति विशिष्ट चित्रोंसे अन्यान्य पुरुषोंके घरों की जैसे सुभीते से पहिचान हो जाती है ऐसे ही अश्वमुखादि चित्रोंसे उनके अश्विनी आदि देवताओं के शुद्ध नक्षत्रों की पहिचान हो जाती है। इसलिये नक्षत्रों का 'चित्र' नाम है। इससे 'अश्लीलचित्रे' यानी अस्पष्ट=मंद=संशयास्पद= गंवारी आकृति वाले= भ्रांतिकारक चित्र (नक्षत्र) से कोई यज्ञ का आरंभ या समाप्ति न करे। क्योंकि पापाहे मेघाच्छन्न (दुर्दिन) में स्पष्ट देखे बिना ही प्रयोग करने से जैसा उसका मापन अनिश्चित होता है ऐसा ही अस्पष्ट नक्षत्र से करना योग्य नहीं है।' 'इनमें कृत्तिका से विशाखा पर्यंत ये= देवनक्षत्र' और अनुराधा से भरणी पर्यंत के यम नक्षत्र कहाते हैं। देवनक्षत्र पर स्थित ग्रह दक्षिणाभिमुखमार्ग (क्रांति वृत्त) से गमन करते हैं. यम नक्षत्र पर स्थित उत्तराभिमुख गमन करते हैं। उक्त नक्षत्र पर काम करना तो वह " पुण्याह " कहाता है.

इनमें से कुछ नक्षत्रों के शुभाशुभ फल के अनुसार वैसेही उनके उपनाम पडे गए है। जैसे जेठ को मारने का फल वाली = ज्येष्ठघ्नी, जिस पर सेकडों की भैषज्य चिकित्सा की जाती है वह शतभिषक् और जिसका रुदन फल कहा है वह रेवती ऐसे इनको कहते हैं। फलज्योतिष ग्रंथों में भी " सुरेशतारा जनिता धवाग्रजं हन्ति। शतभिषजि भैषज्यं कारयेत्। पौष्णधिष्ण्ये मासैकं रोगपीडनम्. " ऐसा वसिष्ठ संहिता में लिखा है।

तथा हनन शब्द का अर्थ जैसे गणित में ' गुणाकार ' लिया जाता है ऐसा वैदिक काल में मंडल वेध (९०।१८०।२७० अंश) में या पूर्ण नक्षत्र वेध (१३°।२०') आदि में हनन (घ्न) शब्द का प्रयोग किया जाता था और उसमें मघा नक्षत्र को पितृघ्नी कहा है। शतपथ ब्राह्मण (३·२·४·१४ देखिये:—

" सोमक्रयणी पिंगाक्षी (लाल तारा) रोहिणी (लोहिनी) भोग ४६ अंश इंद्र देवत्या ज्येष्ठा पिंगाक्षी वार्त्रघ्नी (१८०) रोहिणी = ज्येष्ठा भोग २२६ पितृ देवत्या मघा श्वेताक्षी (सपेद तारा) पितृभ्योघ्नंति ।।१२६।। अर्थात् रोहिणी से मघापूर्ण ६ नक्षत्र × (१३°।२०') =८०° से विद्ध होती है. " इस उपपत्ति से जैसे मघा को पितृघ्नी कहा है ऐसे ज्येष्ठा नक्षत्र को ज्येष्ठघ्नी कहना उपर्युक्त वेध के आधार से योग्य है।

उक्त प्रमाणों के आधारपर निम्नलिखित बातें निश्चित होती हैं :– (१) वैदिक वाक्यों में जो बातें लिखी हैं सो अब भी वेध सिद्ध परिमाणों से मिलती हुई हैं = ज्योतिःशास्त्रिय प्रणाली युक्त हैं; अतएव प्रमाण कोटी में ग्राह्य हैं, (२) तैत्तिरीय ब्रा० के समय धनिष्ठा-रंभपर वसंतसंपात की स्थिती थी इसको सामने रख कर तत्कालीन शीतातप वर्षा के तीव्रता द्वारा होने वाले क्लेशों की तुलना की जाय तो ज्येष्ठघ्नी आदि नाम योग्य हैं, (३) तदनुसार या और फलितके तत्वोंको लेकर आगे जो फलज्योतिष में फल कहे हैं उससे विधानोक्त पूर्व कथन में कुछभी विरोध नहीं आता है, (४) सूक्ष्म या स्थूल तारोंके उपलक्ष्य में असुर शब्द कहा न होकर संपात के विलोमगति या अन्य कारण से जो आकाश के दृश्यस्थिति में अंतर पडता है उसको अलग बताने के उपलक्ष्यमें असुराः ('पूर्व देवाः' वर्तमाने देवत्वात् मृषाः) इत्यादि शब्द कहे गये हैं। कोष ग्रंथों में भी ' पूर्वदेवा : सुरद्विषः ' के नामसे उल्लिखित किये गये हैं। अतः जो वैदिक यज्ञ रूप नव्य गणना के बाहर हैं वह असुर कहाते थे।

परीक्षण ६८ (आ)

(क) काळ कंजाची स्तुति ही केलेली वाक्यें वेदांत आहेत (भा. ज्यो. पृ. ६१ (का) अथर्व संहिता ६·८०), (ख) शत्रूंचा नाश व्हावा अशी इच्छा असेल त्यानीं चित्रावर आधान करावे असें सांगितल्याने जणूं काय चित्रा करंव भोग १८० अंश ठरणार आहे अशा

बुद्धी नें दीनानाथजीनीं या कथेला महत्व दिले आहे। परन्तु हा भ्रम आहे, (ग) कृत्तिका व इतर नक्षत्रांवरही आधान करण्यासबन्धीं अशा प्रकारची वर्णने आहेत.

समाधान ६५ (आ).

(क) यहां कोई प्रमाण या आधार नहीं बताकर जबकि गोविंदरावजी ने केवल भारतीय ज्योतिः शास्त्र का अगुंली निर्देश कर दिया है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि आपका वेद देखा हुआ नहीं है फिर ' असें वेदांत आहे' इत्यादि आपका कथन निरर्थक है। क्योंकि भा. ज्यो. में दीक्षितजी ने तै. ब्रा. के प्रस्तुत प्रमाण के संबंध में " यांतील ' दोनवरगेले ते दिव्य श्वान झाले ' हा निर्देश कोणत्यातरी दोन तारांस किंवा तार का पुंजांस अनुलक्षून आहे असें स्पष्ट दिसतें और अथर्व संहिता ६.८० के मंत्र के संबंध में—'ह्यांत एक दिव्य (आकाशांतला) श्वा आला आहे आणि आकाशांत देवासारखे असलेले तीन काल कंज आले आहेत. ' ऐसा गोलमाल अर्थ " दिसतें " क्रियापद से व्यक्त कर दिया है। इसी के भरोसे ' स्तुति का अर्थ नहीं होते हुए भी ' गोविंदरावजी का " स्तुतिही केलेली वाक्यें वेदांत आहेत " ऐसा ढोंग मारना हास्यास्पद है।

(ख) मूल (तै. ब्रा. के) प्रमाण में भ्रातृव्य शब्द है वर्तमान में इसका अर्थ भाई के पुत्रों (बाधवों) के संबंध में लगाया जाता है। लेकिन वैदिक बातें सब आकाशस्थ दिव्य ज्योति तारों के संबंध में है। उनमें जो तारे चितिचयन एवं यज्ञकर्मों के प्राचीन मंत्रों से एक वाक्यता रखने वाले निश्चित व अविकृत प्रतीत हुए वे तारे को देव, देवी, देवता और उनके दर्शकों को ऋषि, गंधर्वादि तथा स्थानभ्रष्ट, भ्रांतिकारी, अविक, विकृततारों को असुर, दानव, देवबांधव यज्ञ शत्रु याने वेध लेने वाले के ज्ञान में व्यत्यय लाने वाले शत्रु ऐसा इन्हें वेद में कहा है। प्रस्तुत चितिचयन में चित्रा तारे की इंद्र देवता बताकर मुख्यत्व बताया है। चित्रा तारे की इष्ट को (गणना) नहीं रहने से ' ते वै-अकीर्यन्त। ये वै-अकीर्यन्त। ते-ऊर्णाव्रभय. अभवन् ' इन शब्दों ने ही उनका खिसकना (स्थानभ्रष्ट होने से भ्रातृव्यत्व व्यक्त होता है। ग्रंथ में जो चित्रा से यज्ञ (चितिचयन) करता है वह अवकीर्य पर भ्रातृव्यान् भ्रांतिकारक असुर रूपों को बचाकर हटाकर ' ऐसा अर्थ होते हुए का गोविन्दरावजी ' शत्रूंचा नाश ' ऐसा अर्थ करते हैं सो उपर्युक्त ' अकीर्यन्त ' के विरुद्ध होने से उनका ही भ्रम व्यक्त हो जाता है। इतना ही नहीं तो चित्रागणना मे रेवतीबिन्दु के निकट की झीटापिसियम तारा अलग निजगति वाली होने मे स्थानभ्रष्ट है एवं ३२ तारों में अंधुक होने से भ्रांतिकारक निश्चित होती है तब वह इस तै. श्रुति के प्रमाण मे देव तारा न होकर आसुरी तारा स्वयं सिद्ध हो जाती है। और श्रुतिप्रोक्त चित्रा तारे की वर्तमान में भी विभागात्मकरूप

से प्रचलित है यानीं ' चित्रार्धे कन्या ' ' चित्रार्धे तुला ' माने जाती है। इस तरह की एक वाक्यता से चित्रा का कदंब भोग १८० सिद्ध होता नहीं तो क्या है ?

(ग) श. ब्रा. (२-१-२) के आधार से नीचे के कोष्टक में अग्नि के आधान के नक्षत्र लिखे हैं। तै. ब्रा. (१-१-२) में सिर्फ मृगशीर्ष और हस्त को छोडकर यही नक्षत्र कहे हैं। किंतु चितिचयन (सुपर्णचिती आदि वेद कालीन पंचांग का निर्माण) चित्रा तारे से ही करना लिखा है। कोष्टक रचना की उपपत्तिः—

अग्न्याधान और चिति निर्माण के योग्य प्रत्यक्ष वेध सिद्ध=आधेय एवं सन्मुख नक्षत्र (वैदिक ऋषियों के निर्वाचित तारे)

दीप्तिवर्ग.	आधेय नक्षत्र.	वदंत्र सूत्रीय शर.	आधेयदेवता.	सन्मुख देवता.
प्रति	योगतारा	दिशा	सत्य	ऋत
३	कृत्तिका	+ ४° २′	अग्नि	इंद्राग्नी
१	रोहिणी	− ५ २८	प्रजापति	मित्र
४	मृगशीर्ष	−१३ २३	सोम	ज्येष्ठेंद्र
२	पुनर्वसु	+ ६ ४०	अदिति	विश्वेदेव
३	पू. फाल्गुनी	+ ९ ४२	अर्यमा	अज·
७	उ. फाल्गुनी	+१२ १७	भग	अहिर्बुध्न्य
२	हस्त	−१२ ११	सविता	पूषा
१	चित्रा	− २ ३	देवेंद्र	अश्विनौ

जिन तारों की तेजस्विता उत्तम होकर जो सूर्य गमन मार्ग (क्रांतिवृत) के निकट में हैं यानी १२।१३ अंश से जिनका अधिक शर नहीं है; ऐसे तारों को वेध कर उसके अनुसार चिति के ऊपर ईंटों को रखना शुरू करते थे वह आधेय नक्षत्र ८ और उनसे १८० अंश पर निश्चित किये सन्मुख नक्षत्र ८ ऐसे १६ नक्षत्रों की देवता प्रस्तुत कोष्टक में बता दिये हैं। यद्यपि स्वाती, श्रवण, मूल, धनिष्ठा तारे तेजस्वी हैं किंतु उनका शर अधिक है। शृग (Gam ua Leonis) के निकट के सूक्ष्म तारों के जत्थे के निकट वाली मघा, आकाश गगा के निकट वाले आर्द्रा ज्येष्ठा पूर्वाषाढा जोभि दीप्तिमान् एव अल्प शर हैं निकटवर्ती पुज से रूप विकारी हैं। बाकी शतभिषक् भरणी, पुष्य व आश्लेषादि तारे अल्प तेजस्वी हैं। इसलिये इन ११ तारों को वेधोपयोगी नहीं मानकर उपर्युक्त १६ नक्षत्रों के विभागानुसार " क्षिजा मानो दे वास्य-धिष्ण्याः। इमे समंकाः " (श. ब्रा. ३, ५, १, १, पृ. ३६१) इनके भी क्षेत्र और तदंतर्गत पुंजो को समान विभाग से निश्चित किये हैं और संपूर्ण २७ नक्षत्रों के विभागों को निश्चित करने के लिये " ते देवाः प्रति बुध्येंद्र मध्य सो दधुस्त इद्रेणे व मध्यत प्रातः सवने " (ऐ. ब्रा. ६-२-१) " इंद्रोवै यजमानस्तत्तत्रऽ एवैतमग्रेऽर्मा थाधत्तऽइन्द्रो यज्ञस्य देवते तेनो हास्यै तत्सेन्द्र मग्न्याधेयं भवति. " (श ब्रा. २-१ २-११) " नाना इवा ऽएतान्यमे क्षत्राण्यासु । यथेवासौ सूर्य एवं सेषां एष [चित्रा] उपन्नेव वीर्य क्षत्र-मादत्त. [श. ब्रा. २-१-२-१८]

इस प्रकार ब्राह्मण ग्रंथों में क्रांतिवृत्त के ठीक ठीक मध्य में इंद्र है देवता जिसका ऐसे चित्रा नक्षत्र को मुख्य माना है। क्योंकि यह एक नंबर का तेजस्वी तारा होकर आधेय नक्षत्रों में सभी से इसका शर अल्प है। ऐसाही संहिता ग्रंथों में कहा है:— " त्वष्टादधच्छुष्ममिन्द्राय वृष्णेपाकोचिष्टुर्यशसेपुरूणि ॥ वृषायजन्वृषणंभूरिरेतामूर्द्धन्यज्ञस्यसमनक्तुदेवान् ॥ (वा० सं० २०।४४) " सरलार्थः— " यह त्वष्टा (चित्रा) देवताने यशस्वी और दीप्तिरूप वर्षण में समर्थ इन्द्र देवता को यथेष्ट बलशाली किया है, इसकी अपेक्षा अधिक वा समान प्रशंसनिय और कोई नहीं है। यह सब (नक्षत्रों) के क्षेत्रों का नियामक है। इसी (चित्रा) ने इंद्रको नियुक्त करके सबके विभाग रक्षण में सम्पन्न किया है। यह संपूर्ण देवों का एव खगोल का एक मात्र निश्चित करने वाला है अतएव त्वष्टा (चित्राका तारा) यज्ञरूप क्रांतिवृत का मूर्धा सदृश = मुख्य माना गया है यह संपूर्ण देवों को अपने विभागों में नियुक्त करे " इत्यादि प्रमाणों के द्वारा गोविंदरावजी को उत्तर दिया जाता है कि ' कृत्तिकादि नक्षत्रों पर अग्न्याधान के प्रसंग में जैसा चिति चयन में चित्रा को मुख्य मानने का वर्णन मिलता है ऐसा अन्य नक्षत्रों के संबध में नहीं है ' अतः आपका कथन केवल प्रलाप मात्र निर्मूल अतएव निरर्थक है।

परीक्षण ६५ (इ)

(घ) गणित व ज्योतिष अशा रोकठोक बाबींत पूर्वग्रह दूषित काव्यकल्पनेचा काय उपयोग ! (ङ) कथाचा अर्थ अनेक तऱ्हेनें करतां येतो. (च) या गोष्टीचा तर अनुभव नेहमीच येतो. (छ) कल्पनेच्या कोट्याच करावयाच्या तर असेही म्हणतां येईल कीं रेवतीची योनि राजमान्य गज आहे तर चित्रेची योनि क्रूर श्वापद व्याघ्र आहे. रेवती जातांना देवगणी अशी संज्ञा आहे तर चित्रा जातांना राक्षसगणी अशी संज्ञा आहे. तेव्हां ज्योतिषासारख्या गंभीरशास्त्रामध्यें चित्रासारख्या दुष्ट योनीच्या राक्षसगणी तान्यापेक्षां (ज) धीरोदात्तगज योनीच्या व सर्व तारागणांचा अधिपति जो पूषा तीच ज्याची देवता आहे अशा देवगणी रेवती तारासच प्राधान्य देण्यांत उच्च भावना व्यक्त होते.

समाधान ६५ (इ)

(घ) वेद गणित और ज्योतिष से अलग नहीं है। वेदकाव्य कल्पनारूप न होकर व्यवहारोपयोगी ज्योतिष के मूलतत्वों का (कुबेर भंडारस्थ) संग्रह ग्रंथ है। ऋषियोंने बड़े २ यज्ञ प्रयोगों के प्रयत्नोंद्वारा आकाशस्थ ज्योतियों के स्थान, स्वरूप, पुंज, दीप्ति आदि भेदों यथा विभाग निश्चित कर उन्हें चिरस्थायी एवं जगन्मान्य करने के लिये ऐसे चरित्र के रूप में कहा है कि संसार के मानव जाति के उत्पत्ति से लगाकर आजतक का इतिहास इसीमें भरा

हुआ है। और उसे धार्मिक उदात्त भावना से चरित्र का रूप देनेसे आजतक अविकृत अखंड और सर्वव्यापक होकर बना हुआ है। यद्यपि इस वैदिक ज्ञान की थोडी बहुत व्याप्ति संसार के सभी धार्मिक और ज्योतिष के ग्रंथोंमें उपलब्ध होती है। किंतु इसका पूर्ण स्वरूप देखना हो तो भारतीय संहिता, तंत्र, जातक और सिद्धान्त=ज्योतिषशास्त्र, मीमांसा, श्रौत, शुल्व और गृह्यसूत्र, मानवादि धर्मशास्त्र याज्ञिक ग्रंथ एवं इतिहासपुराणादि के साथ शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और वेदांज्योतिष आदि एवं शास्त्रीय ग्रंथो को तुलनात्मक दृष्टिसे अध्ययन किये बाद वेदार्थ के सत्य एवं समुज्वल स्वरूप को समझ सकते है ! देख सकते हैं तथा ऐतिहासिक कसौटीपर शास्त्रीय घर्षण से उसके सत्यासत्यत्व को तपास सकते हैं।

होम दि वेदाज में लिखे हुवे वैदिक मंत्रों को ऐतिहासिक प्रमाण माने और यहां उन्हीं मन्त्रों को काव्य कल्पना (कथाओं का अनेक तरह के अर्थ होने से अपादेय अप्रमाण) माने तो इसमें क्या नई बात है। यही है ना प्रिंसिपली स्वभाव ! (च) लेकिन ऐसे वेदार्थ का अनुभव 'नेहमी' नहीं देखा होगा। (छ) मालूम होता है शीटा तारे की निराधारता में कोई भी आधार नहीं मिलता देखकर डूबते हुए को सेवाल का भी आश्रय लेना दिखता है उनके तुल्य गोविंदरावजीने चित्रा रेवती विभागों को योनी घटित व्याघ्र गज कहते हुए उनके मेरे नामों के अश्वसिंह पर ध्यान नहीं दिया यदि ध्यान देते तो (ज)-धीरोदात्त की कहानी को छोडकर हाथी घोडा तथा गज सिंह की भाग दौड एवं छलांग मारने की कल्पना को लडए बिना नहीं रहते। क्योंकि गण स्वभावानुकूल कल्पना तरंगों में पाठकों को भुलावा देना *प्रिंसिपल आपटे साहब के सिवाय और किसी को शोभता नहीं है.*

परीक्षण ६५ (उ)

या कथेच्या विवेचनांत "ऊर्णावभयः" व "तो श्वानो ' यांचा दीनानाथशैनीं जो अर्थ लाविला आहे. तो पटण्यासारखा नाहीं. काळ कंजाचें तीन तारे व दोन कुत्रे यांचा संबंध मृगाचे तीन ठळक तारे व पुनर्वसूचे तारे यांच्याशीं असावेसें वाटतें (भा. ज्यो. पृ. ६१)

समाधान ६५ (उ)

गोविंदरावजीने फिरसे उसही कहानी की द्विरावृत्ति की है। किंतु ' पटण्यासारखी नाहीं' 'असावा सें वाटते' कह कर अपनी भ्रामक कल्पना का परिचय दे देने से तथा कोई भी मुद्देसूद प्रति पादन या प्रमाण नहीं बताने से स्वयं फोल (निरर्थक) निश्चित होगई है। वस्तुतः न तो वेदार्थ का वास्तविक शोध लगा है न गोविंदरावजीने लगाया है। जो प्रस्तुत विधानोक्त बातें चित्रा नक्षत्र के निकट के उत्तरीय भाग में यथानुक्रम से बराबर मिलाकर विधान में बताई गई हैं। उसका खंडन तो कहां से कर सकते हैं। यहां तो केवल बातों की मर्ती लगाकर उस सत्यार्थ को एवं वैदिक मंत्रोक्त सिद्धान्तों को उटपटांग बताने की बुद्धिसे उन्हे गोविंदरावजी मृग पुंज व पुनर्वसु पुंज में बता रहे हैं। सो सब निर्मूल एवं गलत है। जो कि आगे के विधानो में सांगोपांग रीति से स्पष्ट कर दी गई है.

विधान ६६

— वैदिक मंत्रोंके अर्थ करने की प्रस्तुत पद्धति बिलकुल नई हमारे ही द्वारा आविष्कृत होनेसे बिना आकाशीय नक्शों के सहारे आप महानुभावों को यथार्थ समझ न सकेगी

इसलिये "चित्रास्तोम" के संबंध के नकशे इस परिशिष्ट के अंतिम भागमें जोडे गए हैं। सो यहां उनका परिचय करार वाद कई सिद्धांत निश्चित करके उनके द्वारा वैदिक काल में भी आकाश की एवं क्रांतिवृत्त (राशी चक्र) की गणना चित्रा से ही का जाती थी। इस तरह चित्रा गणना की अखंड परंपरा और चित्रा तारे का महत्व आप सज्जनों की सेवामें निवेदित करुंगा। सुभीते से उल्लेखित करने के लिये इस प्रकरण का नाम मैंने चित्रा स्तोम रखा है.

विधान ६७

जब कि वैदिक काल में व्यवहारोपयोगी ज्योतिष के मूल तत्वोंका शोध लग गया था तब इन ज्योतिर्गोलोंको अखंड मंडलाकार सर्व व्यापि सर्व शक्तिमान परमात्मा की दिव्य (देदीप्यमान प्रत्यक्ष) विभूति नाना स्वरूप देवता आदि मानकर तत्कालीन ऋषियोंने बडी गवेषणा पूर्ण इनके (कविता रूप में किंतु यथार्थ सत्य सत्य) चरित्र वर्णन किये हैं। और वह सर्व साधारण को समझने के एवं चिरस्थायी प्रचार के लिये वे लोग यज्ञ प्रयोगों में इनके नकशे बनाकर प्रयोगों द्वारा आकाशीय स्थिती को प्रत्यक्ष मिलाकर बतलाया करते थे लेकिन वह नकशे कागद पर अंकित किये न होकर पृथ्वी पर ईंटें व पत्थरों के बडे आकार के बनाया करते थे और भक्तिभाव से उनका पूजन, अर्चन एवं होम इस तरह करते थे कि उसमें की प्रत्येक विधी उसके तत्वार्थ एवं गति, स्थिति ऋतु परिवर्तन आदि के काल को व्यक्त करती थी। इस विषय का विस्तृत वर्णन हमारे बनाए हुए युगपरिवर्तन एवं वेदकाल निर्णय में एवं सुपर्णचिति नामक वेद कालीन पचाग साधन ग्रंथ में मैंने लिखा है यहां सिर्फ (१) सुपर्ण चिति (२) वाक्रम दर्शक चिति और (३) वेदार्थ दर्शक दैवत गोल इनके चित्र बता दिये हैं।

विधान ६८.

इसके सिवाय प्रस्तुत प्रसंगोपयोगी और भी नकशे दिये हैं। यद्यपि वह वैदिक मंत्र-प्रतिपादित अर्थसे कुछ विरुद्ध हैं तोभी वह बहुत अंशमें वैदिक सिद्धान्तोंके अनुसार ही बने हुए प्रतीत होते हैं। वस्तुतः भारतीय एवं ग्यालिडियन नकशोंमें बिलकुल थोडाही अंतर है। अतः हमारे प्राचीन वैदिक नकशों को कोई आधुनिक कल्पित बता न सके इसलिये हमने प्राचीन परंपरागत प्रचलित नकशोंकाही यहां उपयोग किया है। जो कि अन्यत्र

प्रकाशित हैं। और सभीको तुलना करनेके लिये मिल सकते हैं। उन्हींपर के चित्र, फोटो द्वारा लेकर जैसे के वैसे दीये हैं। और उनके संबंध का वर्णन उसी ग्रंथकी भाषामें (पृष्ठांक आदि बताकर) उधृत किया है। ताकि किसीको यह संदेश नहो कि हमने हमारी इच्छानुकूल परिवर्तन करके वर्णन लिखा हो। और इससे यहभी ज्ञात हो जायगा कि आकाशमें उक्त चित्रों की आकृती (स्वरूप) करीब २ वैसीही दिखती है सो सत्यरूप है। बिना सत्यता के संसारव्यापी एकही कल्पना हजारों लाखों वर्ष होजाने परभी जैसी की वैसी टिक नहीं सकती है। क्यों कि काल्पित कल्पना तो तत्कालही में नष्ट हो जाती हैं। अतः वैदिक बातें सबसत्य एव विश्वसनीय हैं।

—विधान-६९—

निरूक्तकार यास्क और जैमिनि व सायणाचार्यादि ने जो अर्थ किया है वह पूर्ण नहीं है इसीलिये उन्होंने कितने ही मंत्रों का अर्थ केवळ उनके शद्वों के व्युत्पत्ति के अनुसार वैकल्पिक कहा है निश्चित रूप से वहा नहीं है। और " न पृथिव्यां नान्तरिक्षे न दिव्यग्निश्चेतव्य' इत्यादिषु 'अस्तिचाप्रसक्त प्रतिषेध रूपो नित्यानुवादो वेदे. " " प्रत्यक्ष विरूद्धं वचनमुपन्यस्तं– ' स एष यज्ञायुधी यजमानोऽ जसास्वर्गं लोकं यातीति प्रत्यक्षं शरीरकं व्यवदिशतीति (मी. सू. शावरभाष्ये १. १. पृ. १४)' उत्तानावै देवगवा वहन्ति ' अग्निर्वृत्राणि जंघनत् ' (मी. सु भा. १. ३. १० पृ. ५४) ' पितु. पयः प्रति गृभ्णाति माता तेन पिता वर्धते न पुत्रः ' (ऋ. सं. ५. ७. १. ३) ऐसे मंत्रों का अर्थ कूट काव्य या गूढ मानकर छोड दिया गया है। और इसी का अनुकरण आधुनिक विद्वानो ने किया है।

विधान ७०

लेकिन हमारी परिशोधित पद्धति से संपूर्ण सूक्तों के अर्थ काळ, कर्ता और ऋषि के स्थळ की संगति बराबर मिल जाती है। इतना ही नहीं तो पौराणिक प्रचलित नक्शों आदि से उसकी तुलनात्मक एक वाक्यता होकर हमारी निश्चित की हुई बातें ऐतिहासिक सिद्ध होती हैं। क्योंकि संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और सूत्रमथोक्त बातें ही भारत, रामायण, स्मृति एव पुराणादिकों में काव्य के रूप में कही गई हैं। अतएव वह पुराणोक्त काल्पनिक नहीं हैं जैसे विश्वामित्र शुनशेप आदि कुछ ऋषियों के नाम और चारित्र तथा इक्ष्वाकु, इला, ऐल पुरूरवा, उर्वशी, शंतनु, प्रतीप, भीष्म, व व्यास– वैशंपायन, गौतम–अहिल्या–इंद्र, इत्यादि

नाम वेद में आए हैं। और यह सब वेदकालीन ऐतिहासिक बातें हैं, किंतु भारत रामायणादि में उनके गुण, कर्म एवं चरित्र की वैशिष्ट्यता से साम्यता मिलने पर उनके नाम और समकालिकत्व बताया गया है। इससे पुराण ग्रंथोक्त के समकालीन वैदिक पुरुष व उनके चरित्र नहीं होसक्ते। अतः पीढियों से उनके काल को नापना या समझना अयुक्त है।

विधान ७१

वस्तुतः बहुतसी वैदिक बातें नक्षत्रों के व तारका पुंजों के उपलक्ष्य में कही गई हैं। सूक्तों के कर्ता हजारों ऋषि हैं। आज करीब ३ लाख वर्षों का इतिहास वैदिक सूक्तों में भरा हुआ है। मानवज्ञान की क्रांति व उत्क्रांति के साथ साथ ऐसी बातें कही गई हैं कि प्राचीन सूक्त कारों से नए ऋषियों के सूक्त सूक्ष्म बातों के प्रति पादक तथा वेधकी कुशलता व ज्ञानकी विशेषता को लिये हुए हैं। इस तरह बढते २ अंतमे इनसे व्यवहारोपयोगी ज्योतिष के मूलतत्वों का शोध पूर्णावस्था को पहुंचा हुआ हमें उपलब्ध होगया है।

विधान ७२

वैदिक वर्णन में शुद्ध नाक्षत्र, सौर, चान्द्र और अयन संपातिक आदि ज्योतिष के कई परिमाण उपलब्ध हैं, किंतु सब में मुख्य नाक्षत्रमान माना गया है। तारोंकी व नक्षत्रोंकी आकृतियां आकाश में निश्चित करके उनके सबन्ध का वर्णन सब नाक्षत्रमानका है। उस समय के ऋतु, अयन तथा संवत्सरादि सांपातिक मानके थे जोकि; सूर्य के ठीक प्राची दिशा में उदय होनेके काल को (रविका) स्वर्गा रोहण काल, और वहां से रविके ९०। १८०। २७० अंश यानी करीब तीन तीन महिनेपर द्यौः, अंतरिक्ष, पृथिवी के नामसे तथा राट्, विराट्, सम्राट् व स्वराट् नामसे कहते थे। इसके द्वारा द्यौः=पिता, पृथिवी=माता, अंतरिक्ष=भ्राता एवं स्वर्ग=शिशुः, पुत्र, संवत्सर ऐसा अर्थ होकर; इससे वसंत संपातकी स्थिति, उसका क्रम, व्युत्क्रम तथा और भी परमक्रांति आदि ज्योतिष के मुख्य परिमाण यथार्थ निश्चित हो सकते हैं। और आज हमें इनकी सूक्ष्मातिसूक्ष्म गति व स्थिति मालूम होगई है तो उन कथनकी जाँच सूक्ष्म गणित द्वारा आज हम कर सकते हैं। अतः इस प्रकार हर एक सूक्त का काल, कर्ता, और स्थल मालूम हो जाता है तथा पुराणोक्त कथन द्वारा उस सिद्धान्तको पुष्टि मिलनेसे उक्त बातें निःसंदेह (ऐतिहासिक) स्वयं सिद्ध होजाती हैं। किंतु यह कैसे होती हैं सो इसका आगे उदाहरण देकर स्पष्ट कर दिया जाता है।

विधान ७३

चित्रा तारे को क्रांतिवृत्त के ठीक ठांक मध्यमें मानने की प्रणाली करीव १ लाख वर्षोंसे प्रचलित है। इसे गणित द्वारा सिद्ध करने के लिये मैं वही उदाहरण देता हूं कि जिसके आधारपर आधुनिक विद्वान वेदों का काल शक पूर्व ४००० वर्षोंके अंदर का (अर्वाचीन) बता रहे हैं। इसके संबंध में ज्यो० केतकर ने नक्षत्र विज्ञान (पृष्ट ५६-५७) में लिखा है कि; " एता (कृत्तिकाः) ह वै प्राच्यै दिशो न च्यवन्ते। सर्वाणि ह वा अन्यानि नक्षत्राणि प्राच्यै दिशश्च्यवन्ते." या वरून शतपथ ब्रा० काली कृत्तिका थेट पूर्वेस उगवत असत ही प्रत्यक्ष पाहिलेली गोष्ट आहे. म्हणजे त्या कालापासून आजपर्यंत संपात ६९ अंश मागे हटला. त्याची ४९०० वर्षे लोटली आहेत असें सिद्ध होते. " इसी प्रकार आपने नकशे में भी " विषुववृत्त शतपथ ब्राह्मण काली शकापूर्वी ३१०० वर्षे." ऐसा लिख दिया है।

तथा ज्यो० दिक्षित ने भा० ज्यो. (पृष्ट १२८-२९) में शक पूर्व ३०६८ से ३००० वर्ष, प्रो० बेन्टली ने इ. स. पू. २२२० वर्ष, प्रो० बायो ने इ. स. पू. २३५७ वर्ष, प्रो. वेबर ने इ. स. पू. २७८० से १८२० वर्ष, प्रो० थीबो ने १७८० से ८२० वर्ष, और लोकमान्य टिळक ने ओरायन (मराठी पृ. २५) में ईसा पूर्व २३५० वर्ष, (ओरायन पृ. १-३ के लेखानुसार) प्रो० मॅक्समुल्लर ने इ. स.पू. १०० से ८०० वर्ष, डा. हो ने २००० से १५०० वर्ष, इसी काल के निकट में प्रो० गोडबोलेने कहा है। एवं परशुराम हरी थत्ते नासिक निवासी ने वेदांच्या काळाचा इतिहास [पृ. ३३६] में इ. स. पू. २५०० वर्ष, श्री० रा० व० वैद्य ने भारत काल मीमांसा में शक पूर्व ३००० वर्ष ही कहे हैं। तदनुसार ज्ञानकोष विश्वकोष व वर्तमान पत्र या मासिक पत्रादि पुस्तक व लेखों में वेद के और भारत के काल को अर्वाचीन बताया गया है। अतएव अभी तक वह जगन्मान्य कहला रहा है। किंतु सत्य के अनुरोध से नम्रता पूर्वक मैं कह सकता हूं; कि:- उक्त अनुमान प्रमाणभूत नहीं होकर अपूर्ण और समर्थन रहित है। क्योंकि न तो यहां ठीक पूर्व में कृत्तिका का उदय होना कहा है; न उक्त प्रमाण से ऐसा अर्थ निकलता है। तब इस आधार पर; बताया हुआ काल सत्य कैसे हो सकता है। बरना यहां ऐसा स्पष्ट लिखा है कि जहां संदेह को स्थल ही रहता नहीं है। किंतु उसके आगे पीछे के भाग के ऊपर किसी भी विद्वान् का — शोध-कतायुक्त-दृष्टिपात हुआ ही नहीं है। तब उसके यथार्थ शोध के बिना इसका यथार्थ काल निश्चय कैसे हो सकता है। वस्तुतः शतपथ के प्रस्तुत कंडिका के ५ अनुवाक हैं। एक एक अनुवाक से वही काल निश्चित होता है कि जो अन्यान्य सभी तत्कालीन ग्रंथों के प्रमाणों से निरपवादता से समर्थित होते हुए सभी वाक्यों की जिसके संबंध में एक वाक्यता हो जाती है।

विधान ७४

इसमें पहला प्रमाण ये है " कृत्तिका स्वग्नीऽआदधीत। एतावा ऽअग्नि नक्षत्रं यत्कृत्तिकास्तद्वै 'सलोम' योऽग्नि नक्षत्रे ऽग्नी आदधातै। तस्मात् कृत्तिका स्वादधीत ॥ १॥ [श. ब्रा. २-१-२'] " । अर्थः— " कृत्तिकाओं में दोनों अग्नी का आधान करें। क्योंकि यह कृत्तिका अग्नि का ही नक्षत्र है। यही (सलोम) सब नक्षत्रों का शिखा रूप है। अग्नि के नक्षत्र में अग्नि का आधान करना योग्य है। इसलिये कृत्तिका नक्षत्र में आधान करे ॥ १ ॥ " भावार्थ :— इसमें 'सलोम' शब्द बडे महत्व के अर्थ में कहा गया है। व्यवहार में जिस बिन्दु [स्थान या पॅंट] से आगे व पीछे जाने के अर्थ में लोम और विलोम तथा उत्तर दक्षिण के तर्फ चढने व उतरने के अर्थ में अनुलोम और प्रतिलोम शब्द कहे जाते हैं। व्युत्पत्तिशास्त्र से इस [बिन्दु] की व्याख्या 'लोहती त्रिज्या रूपं सीमान्तं, व्योम= दिवं स्थानं तल्लोमन् संज्ञम्। ('नामन् सीमन् व्योमन् रोमन् लोमन्' उणादिसूत्रे ४।१५१ ण) ख स्वस्ति के स्थितत्वा च्छिखारूपमित्यर्थः। अतएव " शिखीवर्हो, बली, वर्दे, शरे, केतुमहे, द्रुम ॥ मयूरे, कुक्कुटेऽपिचे " त्यग्नेःशिखास्थानीयत्वाच्छिखीति नाम प्रसिद्धोऽ मघादिसिभाति., द्वारा ज्ञात होता है कि ' उस समय परमक्रांति स्थान पर कृत्तिका नक्षत्र होनेसे वह शतपथ के स्थल-(अक्षांश ३५ के निकट के प्रदेश-) में ख स्वातिक में आता था। अतएव इस समय में अग्निको शिखि और कृत्तिका नक्षत्र को सलोम=चोटी वाला कहा है सो ही योग्य है। इतनाही नहीं तो इसी शतपथ [१'४'५.५] में " तस्माद्धेमन् (वे) म्लायन्त्योषधयः प्रवनस्पतिनां पलाशानि मुच्यन्ते, प्रतितरामिव वयाँसि भवन्त्यधरतरामिव वयाँसिपतन्ति विपतित लोमेवपापः पुरुषो भवति." ऐसा कहा है कि ' हेमंत ऋतुमें अति हिमके गिरने से धान्य के पाक (ओषधी) सूख जाते है संपूर्ण वनस्पति [वृक्षों के] पत्ते गिर जाते हैं। कई पशु पक्षियों के रंग पलट जाते हैं। वृक्षों पर से कई पक्षी नीचे भूमि पर गिर कर हताहत हो जाते हैं। पुरूष की लंबी छाया भूमि पर गिरने से मानों रोम गिर गये हो ऐसे विपतित लोमा पुरुष दिखाई देता है। " इस कथन से पता चलता है कि उस समय रवि की परमक्रांति बहुत अधिक थी क्योंकि शतपथ के स्थल के ३५ अक्षांश के प्रदेश में रवि परमक्रांति के ३० या ३१ के अंश बिना दक्षिण परमक्रांति हेमन्त ऋतु के मध्य काल में इतनी ठंड नहीं गिर सकती कि जिसका वर्णन ऊपर (शतपथ) में कहा गया है।

ऐसा ही ग्रीष्म ऋतु के मध्य में वर्षा आरंभ होने के संबंध में लिखा है:— " मध्यंदिनोऽथ वर्षाः। मध्यंदिन एवादर्धात वर्हि हि पोऽस्य छोपस्य नेदिष्ठं भवति वर्न्दिष्ठा देवैनमेतन्मध्याग्निर्मिमीते ॥ ९॥ छाययेव वा अयं पुरूषः। पाप्मनानुषक्तः सोस्याय कनिष्ठो भवत्य धरतर मिव यच्यते तरतरमिव भैवे तराप्मान मवयाये तस्माद् मध्यान्दिनऽएवादर्धीत ॥ १० ॥ (श. ब्रा. २-२-१) अर्थात् देव दिनके मध्य में वर्षा का

आरंभ होना, ख स्वस्तिक के निकट (नेदिष्ठ) में सूर्य आने पर आधान का करना यहीं से परिमाणों (नतांशों) को गिनना कहा है। वैदिक ग्रंथों में छाया को पाप कहा है। तदनुसार इस काल में पुरुष के ठीक सिर के ऊपर सूर्य के आने से मध्यान्ह में पुरुष की छाया उसके पैरों में ही समा जाती है। एवं बिलकुल व निष्ट रूप हो जाती है इसलिये प्रस्तुत काल में अग्नि का आधान करे।" इस कथन में पूर्वोक्त अनुमान दृढ होता है कि शतपथ के (३५ अक्षांश के) स्थल में रवि की परमक्रांति ३०।३१ अंश की हुए बिना उत्तर क्रांति के काल में पुरुषों की छाया उनके पैरों में नहीं आ सकती। और न खस्वस्तिक के निकट के नेदिष्ठ स्थान में सूर्य आ सकता है। तथा इसी काल में अग्नि का आधान करना कहा है। वाजस संहिता (१२·६८) में ' वपते इ बीज। अ (आ) सन्नो नेदीयः ' ' नेदीयम् काल आसन्न हो गया है कि जिस में बीज बोया जाता है तथा शतपथ [१.५·१·११] में ' अग्नि र्वैदेवानां ने दिष्टम् ' अग्नि ही देवोंका मध्यंदिन दर्शक, खस्वस्तिक के निकट का एवं बीज वपन काल का द्योतक है। इससे ज्ञात होता है। कि अग्नि नक्षत्र=कृत्तिका पर सूर्य के आने पर उस काल में खेती की बे वणी शुरू होती थी।

इसीलिये कृत्तिकाके ७ तारों के नाम से उस काल में जो आहुतियां दी जाती थीं उनके नामों से भी यही ज्ञात होता है कि उस समय कृत्तिका पर्जन्य नक्षत्र समझा जाता था जैसे १ (अंबा) अंबु जल देने वाली, २ (दुला) दुला = मंडल के सर्व भागव.ली, ३ (नितत्नि) विद्युत्रूप वाली एवं ग्रीष्म ऋतु के मध्यकाल की दर्शक, ४ (अभ्रयंती) अभ्र = बादल के समान आचरण करने वाली ५ (मेघयन्ती) मेघों को जुटाने वाली, ६ (वर्षयंती) जल की वर्षा का आरंभ करने वाली, और ७ (चुपुणीका) पृथ्वी को वनौषधी से हरीभरी करने वाली" ऐसे तैत्तिरीय ब्रा० (३.१.४. १.) में कृत्तिका के नाम कहे ही हैं। तथा सलोम के संबंध में:— ऋक्षा वा इय मलोम कासीत्। वतोवा इयमोषधी-भिर्वनस्पतिभिः सलोमका प्रजायत (तै. ब्रा. ३.१.४.५) ऐसा कहा है। अर्थात् जहां तक वह नक्षत्र पर्जन्यारंभ का न हुआ था वहां तक उसे 'अलोम का' नाम से तथा आगे वहां पर्जन्यारंभ होने पर 'सलोमका' नाम से कहने लगे क्यों कि उस नक्षत्र में वर्षा का आरंभ होनेसे पृथ्वी ओषधी एवं वनस्पतियों से हरी भरी रोम = 'लोम' सहित हो जाती थी। अतः जब कि दक्षिण परम क्रांति के काल को उक्त प्रमाण में विपरीतलोमा बताया है और प्रस्तुत प्रमाण में उत्तर परम क्रांति के काल को सलोमका बताया है। तथा शतपथ में कृत्तिका को 'सलोम' कहा है। इससे सिद्ध होता है कि जैसे वर्तमान में आर्द्रा नक्षत्र के आरंभ (६७°=आर्द्रा + २३ अयनांश=९० अंश यानी उत्तर परम क्रांति स्थान) पर अर्थात् २२ जून के बाद के काल में पर्जन्य (वर्षा) का आरंभ समझा जाता है वैसे उस काल में कृत्तिका नक्षत्र पर पर्जन्यारंभ माना जाता था।

विधान ७५

दूसरा प्रमाण ये है:—" एकं द्वेत्रीणि चत्वारीति वाऽअन्यानि नक्षत्राण्यथैता एव भूयिष्ठा यत् कृत्तिका स्तद्भूमान मेवैतदुपैति तस्मात् कृत्तिका स्वादधीत ॥ २ ॥ (श ब्रा. २·१·२) अर्थ:—' अन्यान्य नक्षत्र पुंज के तारे एक दो तीन एवं चार तक हैं। और इस कृत्तिका पुंज के बहुत यानी सात तारे हैं। इसलिये कृत्तिका में आधान करने वाले को बहुत सी बातें ज्ञात होकर श्रेयस् की प्राप्ति होता है ॥२॥ इससे स्पष्ट मालूम होता है कि; शतपथ आदि ब्राह्मण ग्रंथों के निर्माण काल के पूर्व संहिता काल में ही २७ नक्षत्रों के तारों की संख्या व आकृतियां आदि निश्चित होगई थीं; केवल फर्क इतना ही था कि संहिता काल में नक्षत्रों को उनके देवताओं के नाम से कहते थे। और ब्राह्मण काल में नक्षत्र और उनके देवताओं के नाम से कहने लगे क्योंकि तैत्तिरीय संहिता (४·४·१०) में तथा तै. ब्राह्मण (१·५·१,३.१.१-२) में सत्तावीस नक्षत्रों के देवता व नक्षत्रों के अनुक्रम वार नामों की तारा संख्या आदि का कुल वर्णन योग्यरीति से उपलब्ध होता है। दूसरे में यद्यपि वैदिक ग्रंथों में अग्निर्जातवेदा, भरताग्नि, कपिलाग्नि, वैश्वानराग्नि आदि विशेषणों युक्त कई अग्नि के नाम आये हैं वह कृत्तिका नक्षत्र देवता अग्नि के पुंज से भिन्न तार का पुंजो के उपलक्ष्य के ह। किंतु जहां एक केवल अग्नि का ही नाम आया है। वह सब वर्णन कृत्तिका नक्षत्र के संबंध का ही कहा गया है। अत: तैति. ब्रा. (३·५·७·१·) में "अग्निर्मूर्धा, दिव ककुत्। पति पृथिव्याअयम्। अपांरेतांसिजिन्वति। + दिविमूर्धानंदधिषेसुवर्षाम्।" " ककुदमितिमहन्नाम" निघं. (३,३,१९) अर्थात् "यह अग्नि द्यौः लोक का मूर्धा=मध्य का उंचा स्थान (ख स्वतिक) रूप। और पृथ्वीक्षापति = अभिमुख स्थान का रक्षक है। इसलिये पर्जन्य की वर्षा को बुलाता है। क्योंकि यह द्यौः का मध्य स्थान सुवृष्टि का धारक है" इस कथन से तथा शत. ब्रा. (७,४,२,५९) के समर्थन से निश्चित होता है कि उस (ब्राह्मण) काल में अग्निदेवता= कृत्तिका नक्षत्र; उत्तर परम क्रांति में स्थित होकर; शत पथ क स्थल स ख स्वतिक में उपस्थित होता हुवा तत्कालीन. ऋषियों को प्रत्यक्ष दिखता था। क्योंकि पूर्व प्रमाण में कृत्तिका को 'सलोम शिखा रूप कहा है। और यहां अग्निदेवता को मूर्धा, द्यौलोक का ककुद एवं सुवर्षा को बुलाने वाला कहा है।" सो दोनों प्रमाणों के स्वारस्य रूप एक वाक्यता से; उक्तार्थ ही निश्चत होता है।

विधान ७६

तिसरा प्रमाण ये है:— " एता ह वै प्राच्यै दिशो न च्यवन्ते। सर्वाणि ह वाऽअन्यानि नक्षत्राणि प्राच्यै दिशश्च्यवन्ते। तत् प्राच्या मेवास्यैतद्दिश्याहितौ भववस्तस्मात् कृत्तिका स्वादधीत ॥ ३ ॥" [श. ब्रा. २·१·२·] अन्वयार्थ.— " (अन्यानि सर्वाणि

नक्षत्राणि) और सब छब्बीस नक्षत्र (ह) प्रत्यक्ष में (वे) निश्चित रूपसे (प्राच्यै दिशः) प्राची दिक्सूत्र से (च्यवन्ते) च्युत हो जाते हैं यानी दक्षिण के तर्फ ढल जाते हैं। (वे) किंतु (एताः) यह कृत्तिकाएं (ह) प्रत्यक्ष में (प्राच्यै दिशः) पूर्व दिक्सूत्र–सम मंडल–से (न च्यवन्ते) च्युत नहीं होती हैं। किंतु (प्राच्यां एव) पूर्व में ही (अस्य) इसके (एतद्दिशि) इसी प्राची दिक्सूत्र में (तत्) कृत्ति का और अग्नि यह दोनो (आहितौ) एककालावच्छेद में उपस्थित मात्र [भवतः] हो जाते हैं। " अर्थात् शतपथ के प्रस्तुत प्रमाण में '*कृत्तिकाओं का पूर्व दिशा में उदय होता है*' ऐसा कहा न होकर '*अन्य सब छब्बीस नक्षत्र तो प्राची दिशा से च्यवित हो जाते हैं केवल एक कृत्तिका नक्षत्र च्यवित नहीं होता एवं वह (कृत्तिका) और अग्नि का तारा, यह दोनों एककालावच्छेद में प्राची दिशा में उपस्थित मात्र हो जाते हैं*' *ऐसा लिखा है। इससे प्राची दिशा का अर्थ ख स्वस्तिक से पूर्व* दिक्सूत्र [सम मंडल] हो सकता है। पूर्व क्षितिज बिन्दु नहीं। तथा यह निर्णय देखने (*वेध लेने) वाले के अक्षांश के अनुसार व ज्योतिः के क्रांति के द्वारा उसके उदय से लगा* कर याम्योत्तर लंघन (मध्याह्न) काल तक हो सकता है।

विधान ७७

सर्व साधारण विद्वानों को ज्ञात होने के लिये निम्नांकित कोष्टक द्वारा इस विषय को स्पष्ट करके बताता हूं:—

अक्षांश ३५ उ० शतपथ के स्थल पर तारे आदि के दृग्गोचर होने वाले उन्नतांश और

दिगंश

तारांश	नत	उत्तर क्रांति ५ अंश		उ. क्रांति १५ अंश		उ. क्रांति २५ अंश		उ. क्रांति ३५ अंश	
	कालांश	उन्नतांश	दिगंश	उन्नतांश	दिगंश	उन्नतांश	दिगंश	उन्नतांश	दिगंश
उ =	उत्तर		दिशा		दिशा		दिशा		दिशा
द =	दक्षिण								
	उदय	०°०'	उ. ६°६'	०°०'	उ१८°२५'	०°०'	उ.२१°४'	०°०'	उ४४°२७'
	९०	२ ५२	उ. ४ ६	८ ३२	उ.१२ २२	१४ २	उ २० ५४	१९ १२	उ.२१ ५
च्युत	....	....	....						
	७५	१५ ८	द. ४ ३४	२० ४१	उ. ४ ११	२५ ४५	उ ११ १६	३० १०	उ.११ ४६
च्युत	....	....	....	....	....				
	६०	२७ १६	द.११ ५६	३१ ५८	द. ४ ३४	३८ २	उ. ४ १	४१ ३६	उ.१८ २०
च्युत	....	....	....	....	....	....	....		
	४५	३८ ४१	द.२५ ३३	४० ४	द.१४ ४५	५० ७	द १ ५७	५३ २१	उ ११ ०१
	३०	४९ १०	द.४१ ०	५६ ३१	द.२९ ०	६२ ११	द ११ १४	६५ ३३	उ. ८ ४७
	१५	५६ ५७	द ६१ ४०	६५ ५३	द.५२ १७	७१ ३८	द.३३ ३६	७७ ४४	उ. ३ ४१
अच्युत	मध्याह्न	६० ०	द ९० ०	७० ०	द.९० ०	८० ०	द.९० ०	९० ०	उ. ० ०

पूर्व दिगंश (०।०) सम मंडल में आनेके समय के समशंकु और नत कालांश

पूर्वापरसूत्र	पूर्वादिक्	समशंकु	नतकालांश	समशंकु	नतकालांश	समशंकु	नतकालांश	समशंकु	नतकालांश
		अं क	अं क	अं क	अं क	अं क	अं क	अं क	अं क
	सूत्र	८ ४४	८३ ५०	२६ १९	६७ ३१	४७ २८	४८ १४	५० ०	० ०
	सार	च्युत = ५°		च्युत = १५°		च्युत = २५°		अच्युत = ३५°	

विधान ७८.

जबकि प्राचीन वस्तु संशोधकों ने एवं इतिहास क तत्वज्ञों ने वेद कालीन ऋषियोंके निवास स्थल को भारतवर्ष के उत्तर में अक्षांश ३५ के निकट का बताया है। और शतपथ ब्रा. (१.३.३-१७ व १.६.३.६) में कुरुक्षेत्र, कोशल व विदेह देशोंके उत्तर में उक्त अक्षांश ३५ के निकट का स्थल कहा गया है। तब निःसंदेहतापूर्वक निश्चित होता है कि शतपथ का स्थल अक्षांश+३५ का प्रदेश था। इस स्थल से उत्तर क्रांति ५।१५।२५।३५ वाले तारों के उदयास्त के समय तथा याम्योत्तर लंघन के समय; कितने उन्नतांश व दिगंश होंगे और वह कितनी उंचाई व नतकाल पर प्राची दिक्सूत्र सम मंडल-में आवेंगे सो गणित करके उपर्युक्त कोष्टक में बता दिया है। इससे आपको मालूम हो जायगा कि उत्तराक्षांश प्रदेश में उत्तर क्रांति वाले तारों का अग्राके दिगंशोंपर उदय होकर, अक्षांश से कम क्रांति वाले तारे ऊंचे आने पर प्राची दिक्सूत्र में आए बाद दक्षिण के तर्फ च्युत हो जाते हैं अतएव वैदिक ग्रंथों में इन तारों को च्युत कहते थे। तथा जिनकी क्रांति अक्षांश से अधिक थी वह ऊंचे आने पर प्राची दिशा के तर्फ आते हैं। किंतु च्युत हुए बिनाही ख स्वस्तिक के उत्तर की ओरसे घूमते हुए पश्चिम के तर्फ चले जाते हैं। और जिनकी क्रांति अक्षांश के बराबर है वह मध्यान्ह में ख स्वस्तिक पूर्वापर दिक्सूत्र के ठीक र मध्यमें उपस्थित मात्र हो जाते हैं। अतएव यह तारे अच्युत कहाते हैं। जैसे कि उत्तराक्षांशसे श्रवण नक्षत्र की उत्तर क्रांति अधिक होनेके कारण वैदिक ग्रंथों में श्रवण की देवता विष्णु का नाम अच्युत और अधोक्षज कहा गया है सो इसी आधार से है।

विधान ७९

हालों ज्यो. केतकरजी प्रभृति आधुनिक विद्वानों ने अच्युत का अर्थ ठीक पूर्व दिशा में उदय होना कल्पितकर कृत्तिका पुंज को विषुववृत्त पर बतलाने के लिये रोहिणी नक्षत्र

(६९°-२२° अयनांश = ४७°.अंश,,पर और कुछ विद्वानों ने कृत्तिका नक्षत्र पर ही अयन संपात को मानकर उपर्युक्त काल बता दिया है। लेकिन शतपथ में तो एक कृत्तिका को ही अच्युत बताकर कुल २६ नक्षत्रों को च्यवित (च्युत.) बताए हैं। और गणितमे पता चलता है कि उस समय एक कृत्तिका ही नहीं और भी ५ नक्षत्र विषुववृत्त पर थे इस लिये उनका उदय भी ठीक ठीक पूर्व दिशामें होता था। इसका स्पष्टी करण:—

अयनांश+४७°.व रवि परम क्रांति २४ द्वारा विषुववृत्तिय और अक्षांश३५ के निकट में

च्युत व अच्युत नक्षत्र

कोष्टक	नक्षत्र व तारों के नाम	कदंब भोग	शर	सायन भोग	विषुवांश	क्रांति
च्यवित (च्युत) होने वाले नक्षत्र व तारे	विषुववृत्तीय नक्षत्र पुंज	अं .क	अं. क.	अं. क.	अं. क.	अं क.
	कृत्तिका (ईटाटारी)	३६ ९	+ ४ २	३४९ १	३४८ २७	- ० ४२
	रोहिणी शकटाभिम (टाऊटारी)	४८ ४९	- ० ४३	१ ४९	१ ५७	+ ० ९
	भरणी (४१ एरैटिस) केतकरोक्त.	२४ २२	+१० २७	३३७ २२	३१२ १२	+ ० ४१
	अनुराधा (डेल्टा स्कार्पि.)	२१८ ४४	- १ ९८	१७१ ४४	१७१ ४१	- १ ३२
	प्रश्वा (दक्षिण पुनर्वसु)	९२ ९	-१९ ५१	४१ ०	४६ ३९	- १ ३३
	हस्त (बीटा कार्व्ही)	१७३ ३२	-१८ २	१२६ ३२	१३४ २९	- १ ३३
अच्यवित (अच्युत) नक्षत्र	ख स्वस्तिक में आने वाले नक्षत्र	अं क.	अं. क.	अं. क.	अं क.	अं. क.
	पूर्वा फाल्गुनी (थीटालिओनिस)	१३१ ३४	+ ९ ४२	६२ ३४	९३ ३	+३३ ४१
	ऊत्तरा फाल्गुनी (डेनिबोला)	१४७ ४५	+१२ १७	१०० ४७	१०३ १	+३६ ४०
	ख स्वस्तिक से उत्तरीय नक्षत्र	अं. क.	अं. क.	अं क.	अं. क.	अं. क
	स्वाती (आर्कटयूरस)	१८० २४	+३० ४९	१३३ २४	१४८ २८	+४६ १२

उक्त कोष्टक से ज्ञात होगा कि कृत्तिका, रोहिणी की जगह मिनतारा, भरणी, अनुराधा व पुनर्वसु और हस्त; यह नक्षत्र विषुववृत्त पर होने से यद्यपि पूर्व दिशा में उदय होते थे किंतु दो चार मिनिट के बाद ही यह दक्षिण के तर्फ च्युत हो जाते थे। वस्तुत: कोई भी

तारा उदय होकर कुछ ऊंचा आये बिना क्षितिजपर दिख सकता नहीं है। इस में भी कृत्तिका पुंज के तारे तीन चार वर्ग के होने से उदय हुऐ बाद कम से कम १२ मिनिट के ऊपर नेत्रों से दिख सकते हैं। तो इतने में ५।७ अंशों का दिगंशोंमें उन्नतांशों में फर्क आना स्वभाविक है। इसलिये "कृत्तिका थेट पूर्वेस उगवत असत ही प्रतक्ष पाहिलेली गोष्ट आहे." ऐसा विधान ७२ में कहा हुआ केतकरजी का कथन और अनुमान सत्य कैसे हो सकता है। शतपथ में सिर्फ एक कृत्तिका को ही अच्युत कहा है। किंतु पूर्व दिशा के उदय से अच्युत मानने में उक्त ६ नक्षत्र पुंज पूर्व में उदय होते थे सो उन सब को अच्युत मानना होगा तब इससे तो शतपथोक्त प्रणाम ही अयुक्त हो जाता है।

विधान ८०

इसलिये प्राचीदिवसूत्र– सममंडल–में आए बाद ही च्युत या अच्युत का निर्णय करना होगा। वह प्रस्तुत समय में ऐसे हो सकता है कि; अश्विनी, रोहिणी, शतभिषक्, मृगशीर्ष, रेवती, आर्द्रा, ज्येष्ठा, मूल, व पूर्वाषाढा, इन नक्षत्रों की दक्षिणक्रांति होने से यह प्राची-दिवसूत्र में आए बिना ही च्युत हो जाते थे। तथा उत्तर पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, चित्रा, विशाखा श्रवण, धनिष्ठा इनकी उत्तर क्रांति अक्षांश ३५ से कम होने से यह नक्षत्र सममंडल (प्राची दिशा) में आए बाद दक्षिण के तर्फ च्युत हो जाते थे। केवल पूर्वोत्तरा-फल्गुनी पुंज की क्रांति ३५ अक्षांश के निकट में होने से वह मध्यान्ह के समय विधान ७७ के कोष्टकोक्त कथन के अनुसार पूर्वदिवसूत्र में उपस्थित हो जाते थे। यानी च्युत नहीं होते थे। ऐसे ही स्वाती की क्रांति ४६ अंश उक्त अक्षांशों से उत्तर की होने से वह भी सममंडल में आए बिना ही मध्यान्ह में भी ख स्वस्तिक से करीब ११ अंश उत्तर से ही मंडलाकार घूम जाती थी। और दक्षिण में च्युत नहीं होती थी। इससे *निर्णय होता है कि* इस समय सिर्फ दोनो फल्गुनी और स्वाती यह तीन नक्षत्र अच्युत थे बाकी कृत्तिकादि २४ नक्षत्र च्यवित हो जाते थे। किंतु शतपथ में तो सिर्फ एक कृत्तिका को अच्युत और सब (छब्बीस) नक्षत्रों को च्युत कहे हैं। इससे प्रस्तुत काल में उक्त प्रमाण की बिल्कुल ही संगति नहीं मिलने से स्पष्ट हो जाता है कि शतपथ का यह काल *नहीं* है।

विधान ८१

प्रस्तुत प्रमाण वाक्योंकाअर्थ सूक्ष्मगणितागतज्ञातियोंद्वारा तबतक हम सरलता से नहीं बता सकते; कि जब तक यह न बता दिया जाय कि; अन्य प्रमाणोंद्वारा शतपथका निर्माण काल क्या था। क्यों कि उसीके अनुसार नक्षत्रों की ज्ञातियों का साधन किया जा सकता है। और यह काल तत्कालीन वसंत संपात से ज्ञात हो सकता है। मैने वेदकाल निर्णय (पृष्ठ ४०,-५३,९६) में शतपथ के प्रमाणों से और (पृष्ठ ३७-५७) में अनेक प्रमाणों से सिद्ध कर दिया है कि शतपथ ब्राम्हण एवं संपूर्ण वैदिक काल में संवत्सर यज्ञों का आरम्भ वसंत संपात से ही होता था। तथा शतपथ के काल में संवत्सर यज्ञों का आरंभ "तद्वैफाल्गुन्यामेवा एपाह संवत्सरस्य प्रथमारात्रिर्यत् फाल्गुनी पौर्णमासी ॥ १८ ॥ एतद्वैयैव प्रथमा पौर्णमासी। याप्रथमाष्ट कास्तस्यामुखा ऽसंभरति। याप्रथमा मावास्या तस्या दीक्षत ऽएतद्वै यान्येव संवत्सरस्य प्रथमान्य हानि तान्यस्य तदारभते ॥३॥ श० ब्रा० (६·२·१) इत्यादि प्रमाणों से निश्चित हो सकता है। जब कि पौर्णमान्तु फाल्गुन महाने की कृष्णअष्टमी, अमावास्या एवं पौर्णिमा में संवत्सरयज्ञ कियेजातेथे तब वसंतसंपातकीस्थिति भी फाल्गुन मास में ही थी। तथा शतभिषक् नक्षत्रपर सूर्यका संक्रमण उक्त फाल्गुन मास में ही आया करता है। तब शतभिषक् संपात काल में शतभिपथ का निर्माण होना शब्द के यौगिक अर्थ से निर्णीत होता है।

विधान ८२

यहां और प्रश्न उपस्थित होता है कि 'शतपथ का निर्माण काल गत शतभिषक संपात [जो कि शक पूर्व २३००० वर्ष में हुआ था उस] में हुआ है या उसके एक चक्र पूर्व के काल [जो कि शक पूर्व ५४६९८ वर्ष] में ? किंतु यह प्रश्न हिमालय की तत्कालीन बाल अवस्था के और उसके निकट के उत्तर समुद्र के वर्णन से ही हल हो जाता है। यह वर्णन शतपथ में इस प्रकार है।

"स औघ उत्थिते नाव मापेदे, xxx स नेत मुत्तरं गिरि मति दुद्राव, xxx या व त्तावदुदकं समवायात्, xxx तावत्तावदेवान्ववससर्प। तदप्येत दुत्तरस्य गिरेर्मनो

रवसर्पण मिति श. ब्रा. [१·६·३·६] इस कथन से ज्ञान होता है कि 'उत्तरगिरि के निकट में समुद्र का अस्तित्व था। कि जिसमें राजा मनु की नाव चलती थी। और उत्तरगिरी [हिमालय] उनका बंदरगाह था। और हिमालय इतना छोटा पर्वत था कि उस पर उस (अती शीत) काल में बर्फ नहीं गिरने के कारण उसका तब हिमालय नाम नहीं रखागयाथा। तथा इस प्रकार का भी वर्णन उपलब्ध होता है कि:— " तर्हि विदेघो माथव आस सरस्वत्यां। सतत एव प्राङ् दहन्नमीयायेमां पृथिवीम्, ×× सइमाः सर्वा नदी रतिद-दांह सदानीरे त्युत्तराद्गिरे निर्द्धावतिता१९ है व नाति ददाह, ×××× प्राचीनं भुवन मिति। सैषाप्ये तर्हि कोसल विदेहानां मर्यादा तेहि माथवाः॥ श.ब्रा. [१·३·३·१०] उस समय विदेह [जनकपुर = दरभंगा] के माधव नाम के राजा थे। उन्होंने सरस्वती के तीर पर आकार प्रत्यक्ष देखा उसका भावार्थ ये है कि; उस समय में ज्वाला मुखों का बडाभारी प्रकोप (परिस्फोट) हुआ था। उसीकेद्वारा बहुतसीनदियां जलगईं थी सरस्वती भी जल गई थी। सिर्फ कोसल (अयोध्याप्रात) और विदेह (जनकपुर दरभंगाप्रांत) इन दोनो देशों की सीमाको दर्शानेवाली हिमालय से निकली हुई सदानीरा नामक नदी नहीं जली थी। तथा इसी स्थल के और भी पूर्व कालिक वर्णन से एवं हमारे वेद काल निर्णय [पृ.९–१२] में दिये हुये प्राचीन भौगोलिक वर्णन व नकशों द्वारा पृष्ठ २३९ में निर्णीत किया है कि दो हजार ब्राह्मण ग्रंथों का काल शकपूर्व १॥ लाख वर्ष से शक पूर्व ५४ हजार वर्ष का है; इससे शतपथ का काल एक चक्र पूर्व के शतभिषक् संपात के समय [शकपूर्व ५४९९८ वर्ष] का होना चाहिये (क्योंकि शकपूर्व २३००० के करीब का तो मैत्र्युपनिषद् में और शकपूर्व २२०९० वर्ष में वेदांग ज्योतिष का निर्माण हुआ है। जो कि वेदकाल निर्णय [पृ.२३८ में मैने बता दिया है कि श्रौतसूत्रों के ११३१ ग्रंथ शकपूर्व ५४ से २३ हजार वर्षों में बने हैं। यही श्रौतसूत्र काल है। और श्रौतसूत्रों के पहिले ब्राह्मण-ग्रंथ (करीब २००० संख्या के ग्रंथ) बने हैं। अतः स्पष्ट होता है कि शतपथ का काल पहले चक्र के शतभिषक् संपात का यानी शकपूर्व ५४–५५ हजार वर्ष का है।

विधान ८३

लेकिन यह मोटा हिसाब है। गणितागत सूक्ष्म हिसाबसे इसकी एक वाक्यता करनेसे ही इसकी सचाई एवं मान्यता सिद्ध हो सकती है; इसलिये, तथा शतपथ के प्रस्तुत प्रमाणों के भावार्थ को सरलता से समझने के लिये; तत्कालीन तारोंकी खगोलीय स्थिति को जानलेना आवश्य है। सो निम्नांकित कोष्टक में दोनो शतभिषक् कालीन और धनिष्ठा कालीन, आकाश की स्थिति को स्पष्ट करके बताते हैं।

कोष्टक १ शतपथ कालीन क्रांति द्वारा अच्युत और च्युत नक्षत्रों का तथा तारों का ज्ञापक.

शत पथ के काल निश्चय में			(अ) शताभषगारभ का अर्वाचीन काल			(ब) धनिष्ठारंभ काल			(क) पूर्व शतभिषक काल	
(अ). (ब), (क) परिमाणों के लिये वर्तमान कालिक शुद्ध नाक्षत्र मान के कदंब सूत्रीय			शक पूर्व २३१२२ वर्ष में अयनांश + ३०६ ।-९'या -४३ । ५१ हर्शलोक॰ परम क्रांति २४ । ०			शक पूर्व ५२४७२ वर्ष में अयनांश + २९३।२० या -६६ ।४० लेवरियर ३थि परमक्रांति ३०।४६			शक पूर्व ५४६९८ वर्ष में, अयनांश-५२ ५१ लेवरियर परम क्रांति ३० । ५५	
नक्षत्र व तारों के नाम	कदंब भोग	शर उत्तर	सायन भोग	विषुवांश	क्रांति उत्तर	सायन भोग	विषुवांश	क्रांति उत्तर	विषुवांश	क्रांति उत्तर
	अ. क.	अ. क.	अं. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.
वसिष्ठसप्तऋषि	१४१ ५१	+५६ २३	१९५ ४२	२२१ ४०	४४ २५	२०८ ३१	२३३ १९	३५ २८	२२६ ४२	उ ३९ ३६
अभिजित् (व्हेगा)	२६१ २८	६१ ४४	३१५ १९	२९५ ४५	४२ १७	३२८ ८	३०१ ९	३८ ५८	२९४ ३१	३५ ४५
कृत्तिका (ईटाटारी)	३६ ९	४ २	९० ०	९० ०	२८ २	१०२ ४९	१०५ २८	३३ ५६	९० ०	३४ ५७
मरीचि सप्तऋषि	१५३ ५	५४ २३	२०६ ५६	२२५ १६	३९ २६	२१९ ४५	२४० ४८	३१ ४	२३१ ८	३४ ९
(अग्नि नाथ) का ता.	५८ ४४	५ २३	११२ ३५	११५ ३०	२७ २२	१२५ २४	१३१ ३६	२९ ४३	११७ १९	३३ ३४
अश्विनी (ग्या. ए.)	९ ४	६ २१	६२ ५१	५९ २१	२७ २७	७५ ४४	७२ २२	३६ ०	५७ १३	३३ २०
उत्तरा भाद्रपदा	३४५ १९	१२ ३६	३९ १०	३२ ५	२६ ४४	५१ ५९	४२ ४५	३५ २०	२८ ५१	३० १५
पूर्वा भाद्रपदा	३३० ४२	+१९ २३	२४ ३३	१४ ३४	२७ ३३	३७ ३२	२३ १५	३५ १९	१० ४९	२९ ६
रोहिणी (आल्डि.)	४५ ५७	− ५ २८	९९ ४८	१०० १६	१८ १०	११२ ३७	११४ ३२	२२ ५१	१०० ४६	२४ ५९
धनिष्ठा (आल्फा.)	२९३ ३३	+३२ २	३४७ २४	३३४ ३५	२५ ४	० १३	३४१ ४६	२८ २	३३१ ५४	२१ ५७
भरणी (इंसिलान.)	२४ ४०	+ ४ १०	७८ ३१	७७ ३	२६ १८	९१ २०	८८ २२	३४ ५५	७६ १८	२० ५२
पुनर्वसु (पोलक्स)	८९ २४	+ ६ ४०	१४३ १५	१३७ ५०	१६ ४४	१५६ ४	१६२ २८	१७ ४८	१५९ ५७	१९ १३
मृगशीर्ष (ला. ओ.)	५९ ५२	−१३ २३	११३ ४३	११३ १९	८ ४०	१२६ ३२	१२६ १४	११ ३५	११३ ५४	१५ २
श्रवण (आल्टेर)	२७७ ५५	+२९ १८	३३१ ४६	३२३ ९	१६ १३	३४४ ३५	३३१ ५२	१७ ३४	३२१ ४६	१२ ०
आर्द्रा (आल्फा.)	६४ ५५	−१६ ३	११८ ४६	११७ ४१	५ १४	१३१ ३५	१३० ३	७ २९	११८ ९	११ २१
स्वाती (आर्क.)	१८० २४	+३० ४१	२३४ १९	२३१ १८	३० ३२	२४७ ५	२५० २६	उ.२ २	२३९ ४६	उ. ४ ४०

कोष्टक २ (क) सदृश्री क्रांतिसे अच्युत और च्युत नक्षत्र.

उत्तर अक्षांश ३४°१७ = शतपथ के स्थलपर दृग्गोचर होनेवाले उन्नतांश और दिगंशः—

नत-कालांश	कृत्तिका नक्षत्र क्रांति १४ | ५७		मरीचि महर्षि क्रांति ३४ | ९		अग्नि (भरतोर्ध्वतारा) क्रांति ३३ | ३४		अश्विनी नक्षत्र . क्रांति ८ | ३३ | २० A		उत्तरा भाद्रपदा न. क्रांति ३०-१५.		फलांश
	उन्नतांश	दिगंश	उन्नतांश	दिगंश	उन्नतांश	दिगंश	उन्नतांश	दिगंश	उन्नतांश	दिगंश	
तारका	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.	अ. क.	
उदय	० ०	उ.४४ २०	० ०	उ.४३ १४	० ०	उ.४२ २५	० ०	उ.४२ ६	० ०	उ.३७ ५५	
-७५	८ ५१	उ.३६ ८५	८ २४	उ.३६ ६	८ ३	३५ १७	७ ५४	३५ २६	६ ३	३२ ९७	
९०	१९ ९	उ.२९ ४९	१८ ४९	उ २९ ५	१८ २८	२८ ३२	१८ २१	२८ २०	१९ ४६	२५ ३३	
७५	३० १०	उ.२३ ४१	२९ ४९	उ.२२ ५३	२९ ३४	२२ १७	२९ २८	२२ २	२८ ९	१८ ५१	
६०	४१ ३७	उ.१८ १७	४१ २१	उ.१७ १८	४१ १०	१६ ३३	४१ ५	१६ १६	३९ ५९	१२ २९	
४५	५३ २६	उ.१३ २३	५१ १५	उ.१२ २	९३ ६	११ ६	५३ २	१० ४६	५२ ७	उ. ५ ५३	च्युत
३०	६५ ३०	उ. ८ ४७	६५ २२	उ. ६ ५४	६५ १६	उ. ५ १७	६५ १३	उ. ४ ४५	६४ २४	द. १ ३६	च्युत
१५	७७ ४३	उ. ४ १९	७७ ३८	उ. ० ५१	७७ ३२	द. २ ३२	७७ २९	द. ३ ५०	७६ ३२	१६ १९	च्युत
मध्याह्न	९० ०	पूर्व. ० ०	८९ १२	द.९० ०	८८ ३७	द.९० ०	८८ २३	द.९० ०	८५ १८	द.९० ०	अच्युत

पूर्व दिगंश (० \| ०) सममंडल= पूर्वदिक्सूत्र में आने के समय के समशंकु और नत कालांश.

सम	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	पूर्व
मंडल	९०°|०'	०°| ०'	७८°|३०'	११°|१४'	७४°|४७'	१८°|४६'	७३°|३५'	१९°|४६'	६१°|३४'	३३°|२७'	सूत्र

A अश्विना पुंज के थीटा, ग्यामा, और म्यू एरेटिस इन तीन तारों में मध्य का ग्यामा एरेटिस लिया है।

नत कालांश	पूर्वा भाद्रपदा न. क्रांति २९।१९		धनिष्ठा नक्षत्र क्रांति २१।५७		भरणी नक्षत्र ‡ क्रांति २०।५२		पुनर्वसु नक्षत्र क्रांति १९।१३		श्रवण नक्षत्र क्रांति १२।०		सारांश
	उन्नतां०	दिगंश	उन्नतां०	दिगंश	उन्नतां०	दिगंश	उन्नतां०	दिगंश	उन्नतां०	दिगंश	
उदय	० ०	उ.३९ २४	० ०	उ.२७ ८	० ०	उ.२५ ४५	० ०	उ.२३ ४१	० ०	उ.१४ ४२	
९५	५ २१	३२ २	१ ०	२६ २१	० २०	२५ ३०	....	....	....	....	
९०	११ ११	२४ ३१	१२ २२	१८ १७	११ ४६	१७ २१	१० ५२	उ.१५ ५७	६ ५०	उ. ९ ५३	
७५	२७ २९	१७ ४०	२४ १९	१० ४०	२३ ४३	९ २९	२२ ५३	उ. ८ ६	१९ २	उ. १ ५३	च्युत
६०	३९ ३३	११ ५	३६ २८	उ. २ ४८	३५ ५७	उ. १ ३४	३५ ८	द. ० ३६	३१ २०	द. ७ २२	च्युत
४५	५१ ४१	उ. ४ १५	४८ ४४	द. ६ ५	४८ १३	द. ७ २८	४७ २३	९ ३३	४३ १७	१८ ११	च्युत
३०	६४ ०	द. ४ ४३	६० ४५	१६ २२	६० ९	२० १०	५९ ११	२२ ५०	५४ २६	३२ ४६	
१५	७६ १	२० ३८	७१ २८	४० ५७	७० ४२	४२ ५८	६९ २५	४५ ५८	६३ १९	५५ ४३	
मध्याह्न	८४ ९	द.९० ०	७७ ०	द.९० ०	७५ ५५	द.९० ०	७४ १६	द.९० ०	६७ ३	द.९० ०	

पूर्वदिगंश ०।० = सममंडल = प्राचीदिक्सूत्र में आने के समय के सम शंकु और नत कालांश.

सममंडल	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	सम शंकु	नत कालांश	प्राची
	४७°।५८'	३७°२१'	४०°४४'	५४°४७'	३८°२७'	५६°५७'	३५°३'	६०°९'	२१°४०'	७१°४९	सूत्र

‡ भरणी पुंज के तीन तारे ये हैं (१) इप्सिलान एरेटिस नं. १७५ प्रति ४'६४ भोग २४°।४०' शर +४।१०, (२) डेल्टा एरेटिस नाविकन नंबर १८७ प्रति ४-५३ भोग २६°।३५' शर +१।५१, (३) टाऊ एरेटिस नंबर १९७ प्रति ५'२७ भोग २१।२२ शर +२°।३९' इन में उत्तर शरात्मिक तारा इप्सिलान एरेटिस लिया है बाकी के तारों के भोग शर केतकर के नक्षत्र विज्ञान में लिखे हुए लिये हैं। सब्र उन तारों के भारतीय नाम मिले नहीं हैं.

विधान ८४.

उपर्युक्त पहले कोष्टक के (अ),(ब) और (क) समय में प्रो० लेवुरियर सारणी से रवि परम क्रांति २६°।४५',२०°।४४' और २०°।५५' आती है। सो (ब),(क) कालमें लिखी है। किंतु प्रो० हर्शेल साहबने इसको (२२-२४ अंशोंके अंदर) आंदोलन गति कही होने से चाहे जिस (ब) (क) आदि चक्रमें करीबन यही परमक्रांति आती है। इसलिये (अ) समयकी प० क्रांति प्रो० लिवरकी नहीं लेकर प्रकारांतर के परिमाण ज्ञात होने के उद्देश से प्रो० हर्शेल साहब की २४ अंश मित लेकर (अ) सदर के विषुवांश क्रांति इसीके द्वारा साधन किये हैं। (अ) और (क) सदर के अयनांश-५३। ११ एक ही होनेसे (अ) सदर के सायनभोगही (क) सदर के सायनभोग हैं। इसलिये (क) में सा० भोग लिखे नहीं हैं। दूसरे कोष्टक में (क) सदर के नक्षत्रों की क्रांति के अनुसार तथा शतपथ के स्थल के (कृत्तिकाशर (४° । २')+रवि परमक्रांति=) अक्षांश ३४।५७ लेकर उनके उन्नतांश, दिगंश और पूर्वदिशा (सम मंडल) से दक्षिण के तर्फ च्युत होनेके नतकालांश लिख दिये हैं। अब जब इन कोष्टकोंमें लिखी नक्षत्रोंकी क्रांति को देखते स्पष्ट रीतिसे ज्ञात होजाता है कि (ब) समय में कृत्तिकाकी क्रांति ३३°।५६' से आश्विनी, पूर्वा त्तराभाद्रपदा व भरणी की क्रांति अधिक होकर शतपथ स्थल के निश्चित किये हुए अक्षांश ३५ से भी अधिक है। इसलिये अश्विन्यादि नक्षत्र अच्युत और कृत्तिकादि च्युत निश्चित हो जाते हैं। तथा उक्त शतपथोक्त बातोंकी संगति इस कालमें मिलती नहीं है। इसलिये (ब) काल शतपथ का नहीं है। ऐसे ही (अ) काल में सब २७ नक्षत्रों में कृत्तिका की क्रांति २८। २ अधिक है। यानि सप्तर्षि और अभिजित् के तारे जोकि २७ नक्षत्रों में नहीं हैं उनके अतिरिक्त कोई नक्षत्र की क्रांति कृत्तिका से अधिक नहीं है तब कृत्तिका क्रांति तुल्य शतपथ के अक्षांश (२८। २) मानलेनेपर " सब नक्षत्र पूर्व दिशा से च्यवित हो जाते हैं एक कृत्तिका नक्षत्र च्यवित नहीं होता है " ऐसा उक्त ३ प्रमाणोंका वर्णन यद्यपि (अ) कालीन स्थिति से मिलता है। किंतु अक्षांश २८। २ शतपथ स्थल के हो नहीं सकते। क्यों कि उसमें कुरुक्षेत्र के उत्तर का वर्णन पाया जाता है। दूसरेमें आगे लिखे प्रमाणोंमेभी इसकी संगति मिलती नहीं है। इसलिये तथा (क)सदरकी क्रांति को देखने सब प्रमाणों की संगति मिलती है। इसलिये शतपथ का काल (अ) समय न होकर (क) समय का है।

विधान ८५.

चौथा प्रमाण यह है:— " अथ यस्मात्‌ कृत्तिकास्वादधीत । ऋक्षागा-६ या उपना अमेपत्य आमुःसप्तर्षीनु हस्म वैपुराऽऽक्षा इत्याचक्षते वा मिथुनेन व्यार्ध्यन्तामो

युत्तराहि सप्तऽर्षय उद्यन्ति पुरएता अशामिव वै तद्यो मिथुनेन व्यृद्धः न नेन् मिथुनेन पृद्धऽइति तस्मान्न कृत्तिका स्वादधीत ॥ ४ ॥" [श, ब्रा, २. १. २.] अर्थः-" यदि वहें कि कृत्तिकामें अग्न्या धान करना योग्य नहीं है क्योंकि (अग्रे) पहले (एताः) यह कृत्तिकाके ७ तारे (ह) प्रसिद्ध तौरसे (ऋक्षाणां) सातों ऋषियोंके ७ तारों की (वै) निश्चय करके (पत्न्यः) यज्ञ प्रयोगमें संयोग पाने वाली पत्नियोंके रूपमें (आसु.) हो गई थीं (उ) इसीलिये (सप्तऽर्षीन्) सातों ऋषियोंके तारोंके (हस्म) प्राचीन कालमें (वै) निश्चय करके यह (पुरऽर्क्षाः) पूर्व दिशामें आने वाले तारे हैं (इति) ऐसा (आचक्षते) ज्योतिष के वेधज्ञ- तत्ववेत्ता-लोग कहते हैं। किंतु वर्तमान में (ताः) वह कृतिका एं (मिथुनेन) ऋषियोंके जोडेसे (व्यार्धन्त) बिछड गई हैं (हि) क्योंकि अब तो (अमीः) यह (सप्तऽर्षयः) सप्तर्षियोंके तारे (उत्तराः) उत्तर दिशाके (हि)तर्फ के (उत्) विभाग-ब्रगल-से (यन्ति) जाते हैं। और (एता.) यह कृतिका एं (पुरः) पूर्व दिशामें उपस्थित होती हैं (तत्) सो यह (वै) तो (अशं) सुखकारक नहीं (इव) ऐसा होता है इसलिये (यः) जो नक्षत्र (मिथुनेन) जोडेसे (वृद्ध) युक्त रहा नहीं है (सः) वह (मिथुनेन) जोडेसे (वृध्यै) वृद्धि के लिये (न इत्) ठीक नहीं (इति) ऐसे (तस्मात्) कारणसे (कृत्तिकासु कृत्तिकाओंमें (न आदधीत) आधान नहीं करें " ॥ ४ ॥ इस प्रकार के कथन की संगति उक्त कोष्टक १ के (क) सदर में लिखी हुई मरीचि से वसिष्ठ ऋषिकी उत्तरक्रांति ३४°।९' से ३९°।२६' के अंतर्गत कृत्तिका क्रांति ३४°।५७' आनेसे बिल्कुल बराबर मिलती है किंतु (ब) सदर में लिखी उक्त ऋषियोंकी क्रांति ३९°।२६' से ४४।२५ के किंवा परमक्रांति २६।-४९ द्वारा साधित क्रांति के अंतर्गत आती नहीं है इसलिये स्पष्टरीतिसे ज्ञान होजाता है कि (अ) और (ब) समय में शतपथका काल न होकर (क) समय का है। यानी शकपूर्व ५४६९८ वर्ष में शतपथका निर्माण हुआ ऐसा निश्चित होता है।

विधान ८९

टारी = नाथ B. Tauri) तारे को प्राचीन और सिद्धान्त ग्रंथों में अग्नि के नामसे कहा है (उपर्युक्त को. १ देखिये) इनके भोगों में २२. ६ अंशों का सापेक्षांतर है । इससे विषुव वृत्तिय कृत्तिका के समय में अग्नि की उत्तर क्रांति ९–१० अंश होनेसे इसकी कृत्तिका के साथ जोडी बनती नही है। यानी इसकी केतकरादि के कहे काल में संगति मिलती नहीं है; क्योंकि न तो इस समय में कृत्तिका और अग्नि की समान क्रान्ति होती है और न यह दोनों तारका पुंज एक कालावच्छेद से ठीक पूर्व दिक्सूत्र में आते हैं। किंतु धनिष्ठा से शतभिषक् संपात पर्यन्त में इनकी क्रान्ती; स्वल्पान्तर (१°।२३')से समानता में आती है। और उक्त (१ कोष्टक के) (क) सदर में लिखे इन दोनो के विषुवांशांतर (२७°।१९) के प्रस्तुत अक्षांश ३४।५७ द्वारा निम्नलिखित समीकरणोंक्त गणित करने सेः—

$$\text{क्रांति को॰ स्पर्श रेषा} = \frac{\text{अक्ष को॰स्पर्श रेषा}}{\text{नत कालांश कोज्या}} = \text{घा॰}\ \frac{\overset{१०\cdot१५५५८०२}{९.९४८६४९५}}{१०.२०६९३०६} = \begin{matrix}\text{समानता होने की}\\ \text{क्रांति ३१।३०}\end{matrix}$$

ज्ञात होता है कि उस काल में कृत्तिका के खस्वस्तिक में आने के समय में अग्नी का तारा भी पूर्व दिशा में आता था। यह समानता जोभी कृत्तिका की एक योग तारा से एक दो अंशांतर की प्रतीत होती है किंतु ग्रंथ में पुंज के उपलक्ष्य की कही होने से पुंज से बराबर मिलती है। और स्थल के विस्तार में एक दो अंशांतर के अक्षांश होने से अग्नि की क्रान्ति (३३°।३४')- प्रस्तुत गणितागत क्रांतिसे (३१।३०) = (२°।४') जो ऐसा स्वल्पांतर आता है सो उपेक्षणी है। इस लिये इस (क) समय में दोनो प्रकार से अग्नी के साथ कृतिका की जोडी फाल्गुन मास में सायकाल के समय प्रत्यक्ष दिखती थी। इससे तथा उपर्युक्त चारों प्रमाणों की एक वाक्यता से निःसंदेहता पूवक सिद्ध होता है कि 'ज्यो॰' केतकर प्रभृति आधुनिक विद्वानों का कहा हुआ (शत पथ के) प्रमाण का अर्थ और (तदनुसार) कहा हुआ काल गलत है तथा (क) सदर में लिखा हुआ शक पूर्व ५४६९८ वर्ष का शतपथ का काल सिद्ध होता है।

विधान ८७

प्रस्तुत ब्राह्मण ग्रंथोक्त ज्योतिः शास्त्रेतिहास को, भारत और पुराण ग्रंथकारों ने भी संग्रहीत किया है। उसमें से कुछ भाग को ज्यो. दीक्षितजी ने भारतीय ज्योतिः शास्त्र (पृष्ठ ११०) में उधृत करके उसके अर्थ के संबंध में निम्न लिखित अपने भाव प्रगट किये है सो इस प्रकार हैः—

"अभिजित् स्पर्धमानातु रोहिण्या कन्यसी स्वसा ॥ इच्छन्ती ज्येष्ठतां देवी तपस्तप्तु वनं गता ॥ ८ ॥ तत्र मूढोऽस्मि भद्रंते नक्षत्र गगनाच्च्युतम् ॥ कालं त्विमं परं

स्कंद ब्रह्मणा सह चिंतय ॥ ९ धनिष्ठा दिस्तदा कालो ब्रह्मणा परि कल्पितः ॥ रोहिणी त्यभवत्पूर्वमेवं संख्या समाभवत् ॥ १० ॥ एवमुक्ते तु शक्रेण त्रिदिवं कृत्तिकागताः ॥ नक्षत्रं सप्तशीर्षाभं भाति तद्वन्हि दैवतम् ॥ ११ ॥ (भारत वन पर्व अ. २३०) "स्कंदाख्यानांत हीं वाक्यें आहेत. एकंदर वाक्यां चा सर्व भावार्थ नीट समजत नाहीं। अभिजित्, धनिष्ठा, रोहिणी, कृत्तिका त्या नक्षत्रां संबंधें निरनिराळया कथा चालू असलेल्या यांत गोंवलेल्या दिसतात. या मुळें त्यांचा पूर्ण संबंध कळत नाहीं. धनिष्ठादि काल ब्रह्मदेवानें कल्पिला असें ह्मटलें आहे, त्याची उपपत्ति स्पष्टच आहे. त्या पुढेंच 'पूर्वी रोहिणी होती' असें म्हटलें आहे. या वरून रोहिण्यादि गणना कधीं होती तीस अनुसरून तें ह्मटलें आहे कीं काय नकळे. अभिजित् नक्षत्र आकाशांतून पडलें ही यांतील कथा महत्वाची आहे. अभिजित् नक्षत्राचा शर सुमारे ६१ अंश उत्तर आहे. तें ध्रुव स्थानीं आलें म्हणजे फार खालीं आलेंच. त्या संधीस तें कधीं कधीं क्षितिजापर्यन्त ही येऊ शकेल. ×× "कृत्तिका आकाशांत गेल्या" असें ह्मटलें आहे. त्याचा संबंध कळत नाहीं." इस तरह अर्थ के संबंध में आपने गोलमाल ही कहा है, अर्थात् मुख्यार्थ नहीं समझने से कोई भी निश्चित बात लिखी नहीं है। लेकिन यह सब श्लोक बडे महत्वार्थ को लिये हुए हैं।

विधान ८८

उक्त श्लोकों के अर्थ को बताने के पहिले अभिजित् को निजगति का संस्कार देकर उसके शुद्ध परिमाणों को बनाना आवश्यक है। नक्षत्र विज्ञान (पृ. ३२) में प्रो० केतकर ने उ० ध्रुव से दिगंश ३४ पर ०.३६ विकला प्रति वर्ष अभिजित की निजगति लिखी है। उसको कदंब सूत्रीय करके प्रस्तुत काल के संबंध में निम्नलिखित परिमाण निश्चित होते हैं।

कोष्टक १ का परिशिष्ट.

निजगति संस्कृत अभिजित् के शुद्ध परिमाण			अभिजित् और कृत्तिका का क्रांत्यंतर			
उक्त कोष्टक १ का	(ब) धनिष्ठादि काल	(क) शतभिष-काल	परिशिष्ट	(अ)	(ब)	(क)
परिशिष्ट	अं. क.	अं. क.	को १ का परिशिष्ट	अं. क.	अं. क.	अं. क.
नाक्षत्र भोग	२६५ २०	२६५ २५	अभिजित् क्रांति	४१ १७	३८ ५८	३५ ४५
सायन भोग	२२२ ०	२१९ १६	निज गति संस्कार	−१ १६	−२ ५७	−३ ०
उत्तर शर	५६ ५१	५६ ४५	अभिजिच्छुद्ध क्रांति	४२ १	३६ १	३२ ४५
विषुवांश	३०६ ३१	२११ २५	कृत्तिका क्रांति	२८ २	३३ ९६	३४ ५७
उत्तर क्रांति	३६ १	३२ ४५	अभिजित्क्रांत्यंतर	+१२ ५९	+२ १५	−१ ११

विधान ८९

इससे गणित द्वारा निश्चित होता है कि शक पूर्व ५४०९२ वर्ष में अभिजित् और कृत्तिका की ३४°।१२' समान उत्तर क्रांति होगई थी और (ब) तथा (क) काल में करीबन दोनों की क्रांती समान दिखती थी और (अ) काल में १३ अंशांतर पर थी। तथा उपर्युक्त श्लोकों का ऐसा अर्थ होता है कि :- " (रोहिण्याः) रोहिणी नक्षत्र की (कन्यसी-स्वसा) कन्या के तुल्य कनिष्ठ प्रति के तारका पुंज वाली छोटी बहिन (देवी) कृत्ति का नक्षत्र (ज्येष्ठतां इच्छंति) सब २७ नक्षत्रों में मैं ही एक ऊंची बडी हो जाऊं ऐसी इच्छा करती हुई (अभिजित् स्पर्धमाना) सब नक्षत्रों में उत्तर क्रांति वाले अभिजित् नक्षत्र को भी जीतकर उससे भी मैं बडी हो जाऊं ऐसी स्पर्धा करती हुई (तपस्तप्तुं) तपसि= माघ महीने में तपने के लिये यानी सब से बडे दिनमान का रूप धारण कर बहुत देर तक प्रकाशित रहने के लिये (वनंगता) " व रिसलिलं कमलं वनं, गजबन्धनभुव्यपि' 'वनंप्रस्रव-णेगेहे प्रवासाँभसि काननइत्यमरहेमौ'' उत्तर परम क्रांति एवं पर्जन्य नक्षत्र के स्थान पर पहुंच गई। और अभिजित् को भी लांघकर स्वस्तिक स्थान में आने लगगई (तत्र) वहां (भद्रंते) परमापक्रम स्थान के मद्रान्त पर जाने से (मूढोऽस्मि=मूढाऽऽसीत्) उसका इरादा ढल गया। (नक्षत्रं गगनाच्युतम्) इधर अभिजित नक्षत्र का भी गगन [स्वस्तिक से पतन हो गया था। [कालं चिंतय] इस तरह अहा [अभिजित] के च्युति के साथ में कृत्तिका के भी स्कन्दित होने के आरंभ के इस कालको परमस्कंद का काल समझो ॥ ५ ॥ (धनिष्ठादि तदाकाल × परिकल्पितः ॥) ब्राह्मण ग्रंथकारों ने इस काल को धनिष्ठादि (संपातका) काल कहा है ॥ (रोहिणी × समाभवत् ॥ १० ॥) इसके पूर्वकाल में इसी स्थान (भुज ९० अंश) पर रोहिणी (नक्षत्रविभाग) आई थी। अब उसी संख्या के समान कृत्तिका आई है ॥ १० ॥ (एवमुक्तेतु × कृत्तिकास्त्रिदिवंगता) जब इन्द्र ने कहा तब कृत्तिका त्रिदिव (सम्पात से ९० अंश = तीन राशि] पर चली गई थी। [नक्षत्रं + वह्निदैवतम्] और अब भी 'जिसका देवता अग्नि है' इस प्रकार तारों का 'स्तशिर' रूप का [कृत्तिका और उसके उत्तर में स्कंद नामक] तारका पुंज स्वस्तिक व उत्तर स्थर प्रदेश में ही दिखाई देते हैं.

ऐसा इन श्लोकों का अर्थ है।

विधान ९०

प्रस्तुत अर्थ की उपपत्ति और गणितागत तारों की क्रांति से इसकी संगति; कैसी व किस प्रकारकी निश्चित होती है, यह परिशिष्ट कोष्टक (नं. १) द्वारा ही स्पष्ट है।

जाती है। प्रस्तुत कोष्टक की (अ) तथा (ब) पंक्ति देखिये; कृत्तिका की क्रांति से १३ तथा २ अंश उत्तर में अभिजित् की क्रांति होनेसे कृत्तिका की अभिजित् के साथ स्पर्धा सिद्ध होती नहीं है। तथा पूर्व पश्चिम दिक्सूत्र एवं ख स्वस्तिक रूप गगन (आकाश) से अभिजित् का भी पतन होता नहीं है। इतना ही नहीं तो सब नक्षत्रों में कृत्तिका का बडा होना यानी सब नक्षत्रों मे सिर्फ एक कृत्तिका की ही उत्तर क्राति अधिक होना तथा अक्षांश ३५ के प्रदेश में ख स्वस्तिक से पूर्व क्षितिज तक जाने वाले प्राची दिक् सूत्र (सम मंडल) से दक्षिण तर्फ च्युत नहीं होना इन दो मुख्य आधार पर उक्त प्रमाणो में कृत्तिका संबंध का इतिहास कहा गया है. सो (अ) काल में तो कृत्तिका की क्रांति अक्षांश ३५ से ७ अंश कम यानी २८ अंश मात्र होने के कारण अक्षांश २९ के प्रदेश में भी कृत्तिका ही स्वयं च्युत हो जाती है। और अभिजित् च्युत नहीं होता है। ख स्वस्तिक (३५ अंश) से सात अंश उत्तर से ही वह मंडलाकार घूम जाता है। इससे उक्त कथन का (अ) काल यानी शक पूर्व २३१२२ वर्ष का काल नहीं हो सकता। तथा (ब) कालम देखिये इस समयमें जोभी कृत्तिका अभिजित् के कुछ निकट में पहुंच गई है तोभी २ अंश दक्षिण में ही है। इससे उसकी अभिजित से स्पर्धा पूर्ण नहीं कही जा सकती। और इस काल में भी कृत्तिका च्युत होती है तथा अभिजित्, अश्विनी, उत्तराभाद्रपदा, पूर्वा भाद्रपदा व भरणी के तारे च्युत नहीं होते है। इससे स्पष्ट रीतिसे ज्ञात हो जाता है कि उक्त कथन का (ब) काल यानी शक पूर्व ५३७४२ वर्षका काल नहीं हो सकता है।

विधान ९१

परिशिष्ट की (क) कालम को देखिये इस (क) काल में इस संबंध की ग्रंथोक्त कुछ बातें यथार्थ घटित होती हैं। क्योंकि कृत्तिका की क्रांति +३४। ५७ होने से अक्षांश (३४ अं.।५७ क.) = ३५ अंश के प्रदेश के ख स्वस्तिक से अल्पतर (४ अंश) वाली कृत्तिका का पतन नहीं होते हुए बहुतर (+३१-८ अंश) वाले अभिजित नक्षत्र का गगन से पतन सिद्ध होता है। अतएव कृत्तिका की अभिजित से स्पर्धा यहीं पूर्ण होती है। क्योंकि अभिजित को लांघकर कृत्तिका २ अंश १२ कला उत्तर में बढ गई है। दूसरे अभिजित समेत २७ नक्षत्रों के - योग - तारे तो पूर्व दिशा (सम मंडल) से च्युत होजाते हैं, सिर्फ एक कृत्तिका नक्षत्र ही च्युत नहीं होता है। इस तरह कृत्तिका की ज्येष्ठता यहीं घटित होती है। तीसरा प्रश्न - (भारत के उक्त श्लोकों में " धनिष्ठादि तदा कालो ब्रह्मणा परिकल्पितः ") - धनिष्ठादि काल कहा है। सोभी इस समय वसंत संपात की स्थिति धनिष्ठा नक्षत्र के १७ घटी, ४० पल पर होनेसे धनिष्ठादि काल स्वयं सिद्ध होजाता है. और उपर्युक्त शतपथ माध्यंगोक्त प्रमाण से इसकी एक धारणा निश्चित हो

जाती है। इसलिये सिद्ध होता है कि उक्त घटना अक्षांश ३९ के स्थल से (क) काल में प्रत्यक्ष देखी हुई है। जोकि शतपथादि ब्राह्मण ग्रंथों में लिखे गई है. उसी के आधार पर महाभारत में उक्तश्लोक उधृत किये गए हैं। ज्यो० केतकर एवं ज्यो० दीक्षितजी को उक्त प्रमाणों का यथार्थभाव नहीं समझने से उनका बताया हुआ काल गलत है। और हमारा बताया हुआ अर्थ तथा गणितागत मान शुद्ध व सूक्ष्म है इससे तथा बीसों प्रमाणों की इस के संबंध में गणितागत एक वाक्यता होने से निर्णीत होता है कि इस खगोलीय ऐतिहासिक घटना का काल शक पूर्व ५४६९८ वर्ष का है। जोकि उक्त कोष्टक के (क) कालम में प्रो. लीव्हेरिअर और प्रो. हानसेन प्रोक्त परम क्रांति के आधार से बताया गया हैं।

विधान ९२

यदि कहें कि; ज्यो. केतकर ने तो केवल शतपथ के एक प्रमाण द्वारा उसके काल को बताने का प्रयत्न किया था। और ज्यो. दीक्षितजी ने भारत के श्लोकों द्वारा अभिजित का पतन व धनिष्ठादि काल बताया है। किंतु यही कोष्टक (नं. १) के तथा परिशिष्ट (क) कालममें बताए क्रांतिकेअंकोंद्वारा दोनों घटनाओंका ५४ हजार वर्षका एकहीकाल बताया गया है। और भारतका काल तो (वेद काल निर्णयमें) १८ हजार वर्षके करीबका निर्णीत किया है। इन दोनों कालों में ३६ हजार वर्षोंका अंतर कुछ थोडा नहीं है। तब इतने कालकी प्राचीन बातें भारत में यथास्थित कैसे आसकती हैं। यदि आई हैं तो; शतपथ आदि ब्राह्मण ग्रंथों में कही हुई " सप्तर्षियों की पत्निका रूप कृत्तिका ने धारण कर लिया था " इत्यादि बातेंभी भारत के प्रस्तुत कथाभाग में विस्तृत रूप से आनी चाहिये। और ज्योतिःशास्त्रीय आधार से उसकी, और अक्षांश ३९ के स्थल की; ऐतिहासिकता सिद्ध होनी चाहिये। अन्यथा इतने हजारों वर्षों का काल; इस शास्त्रीय ज्ञानयुग में सर्वमान्य कैसे हो सकेगा।

इन प्रश्नों को हल करने के पहले इसकी ऐतिहासिकता को स्पष्ट किया जाता है कि; यद्यपि यह घटना पृथ्वी पर कोई व्यक्ति द्वारा किसी एक (दस बीस वर्ष के) अल्प काल में हुई न होकर आकाश में हुई है। और वह सेकडों हजारों वर्षोंतक संसार में नित्यप्रति दिखती रही है। तब उसपर तत्कालीन सेकडों हजारों विद्वानों का दृष्टिगत होना स्वाभाविक बात है। और उनोंमें से खगोलीय तत्ववेत्ताओं ने अपने २ समय की प्रत्यक्ष देखी बातों को प्राचीनों की कही बातों से मिलाकर उनको छंदों के एवं गद्यों के रूप में बनाई हैं। यही ब्राह्मणादि ग्रंथों में अंकित (की गई) हैं। यही मंत्र अश्वमेध व राजसूय आदि यज्ञों में बडे गौरव के साथ पढे जाते थे। इसलिये उस समय के कई विद्वान कवियों ने उसे पुराण कथा यानी मनुष्य चरित्र का रूपक देकर जनता में गद्य, नक्शा व व्याख्यानोपदेशादि के अनेक साधनों द्वारा प्रसिद्ध की हैं। भारतकार श्रीमान् व्यासजी ने

अपने ग्रंथ (भारत) में ऐसी बहुतसी कथाएं उधृत कर, रक्खी हैं; कि जो वस्तुतः खगोलीय ऐतिहासिक हैं। उसी भारत के वनपर्व के कथाभाग में स्कंद के उपाख्यान में कृत्तिका संबंध के प्रस्तुत श्लोक आए हैं। यदि यह पूर्वापर की ऐतिहासिक बातें होती एवं किसी कोई कवियों द्वारा कही गई होती; तो इतने दीर्घ कालतक यह टिक नहीं सकती थी; किंतु यह हजारों वर्ष में धीरे २ घटित हुआ हुआ दिव्य ज्योतियों का खगोलीय इतिहास है। तभी आजभी हम उसे शास्त्रीय कसपर लगाकर उसके सत्यासत्य का निर्णय कर सकते हैं। इतनाही नहीं तो इसी खगोलीय ऐतिहासिक पद्धति के सिद्धांतों के आधार पर हजारों कथाभागों के भिन्न भिन्न कालों को उसमें कहे हुए सैकडों प्रमाणों की एक वाक्यता द्वारा निश्चित करते हुए आज से ३ लाख ३६ हजार वर्ष तक के [कालानुक्रमवार] इतिहास को बता सकते हैं। यह कुछ साधारण बात नहीं है। अतः इस रिपोर्ट में इस विषय के दो चार उदाहरण बताकर पाठकों को उक्त छबे कालका दिग्दर्शन मात्र करा दिया है। तथा उनमें भी पहले हम प्रस्तुत कथाभाग को और भी स्पष्ट करते हुए धनिष्ठादि काल को प्रमाणांतरों से पुन. निश्चित करके बताते हैं।

इस के लिये मैंने आगे एक कोष्टक दिया है। उस में इस कथा भाग से संबंध रखने वाले कई तारों के भिन्न २ (अ+ब+क) कालीन क्रांति आदि परिमाण लिखदिये हैं। ताकि पूर्वोक्त कोष्टकों से इसका संदर्भ लगाकर प्रस्तुतकथाकेभावार्थको पाठकगण कोष्टकोक्त अंकों से निश्चित करसकेंगे। औरइसके कालको भी साधारण भी पाठक सरलता से समझ सकेंगे क्योंकि ऐसे सिद्धान्तों को ही मैंने इसमें निश्चत किये हैं।

विधान ९३

यह कथा भारत के वनपर्व में इसप्रकार है। "भरतो भरत स्याग्निः (अध्याय २१९ श्लोक ८), स्वाहा तं दक्ष दुहिता प्रथमं कामयत्तदा ॥ अहं सप्तर्षि पत्नीनां कृत्वा रूपाणि पावकम् (२२४।४१), दिव्यरूप मरुंधत्या कर्तुं न शकितं मया (२२६।१४)." अर्थात् —"भरत Orion पुंजकेऊपर में जो अग्नि Noth नामक तारा प्रसिद्ध है, उसके साथ दक्ष प्रजापति (रोहिणी Aldebaran नक्षत्र) की स्वाहा Etatauri नामक कन्या = कृत्तिका ने विवाह करने का निश्चय किया किन्तु जब कृत्तिका ने अग्नि की प्रीति सप्तर्षियों की पत्नियों के ऊपर है ऐसा देखा तब कृत्तिका ने उन पत्नियों B, a, tt, s,e, n, ursao majaris का यानी सप्तर्षि पुंजके तारोंके निकटके छोटेतारोंका रूप तो धारण करलिया लेकिन वसिष्ट ऋषि 51 ursao majoris. mag. 2. 40 की पत्नि अरुंधति No 805, Sm 96(32)15° 150° के रूप को यह धारण नहीं करसकी थी।" इस प्रकार के कथन से प्रस्तुत ऐतिहासिक घटना का आकाशीय स्थल, कथाभागमें आएहुए व्यक्तियों का स्वरूप = आकृति परिचय और इनका परस्पर संबंध क्याहै सो सब स्पष्ट होजाता है। तथा ज्योतिः शास्त्रीय गणित के कसौटीपर इसको जांचनेसे निम्न लिखितानुसार इसका

मात्र प्रकट होजाता है। जैसाकि :—'उक्त अग्निकी क्रांतिका सप्तर्षिपुंजके सातों तारों की क्राति से दोचार अंशोंके फासले तक (उत्तरमें) पहुंचजाना ही उनकी पत्नियोंपर प्रीति हुई कही जासकती है। ऐसी स्थितिमें कृत्तिका के ७ तारों का क्रमक्रमी सप्तर्षियों के निकट वर्ती तारों के आकृतिका व प्रकाश वर्गका होते हुए उन ७ ऋषियों के क्रांति के निकट में पहुंचगया है। यही कृत्तिका का ऋषिपत्नियोंके रूपको धारण करना है। किन्तु आगे लिखा है कि यह कृत्तिका अरुंधतिके दिव्यरूप को पहुँच न सकीथी यानी वसिष्ठ [अरुंधति] की क्रांति तक यह उत्तरमें पहुंची नहीं थी. इससे ज्ञातहोता है कि सप्तर्षिपुंजके ७ तारों की क्रांति के अंदर उस समयमें कृतिका पहुंचगईथी। सिर्फ वसिष्ठ [अरुंधति] की क्राति से नीची रह गईथी।

विधान ९४

भारत में आगे कृतिका का विवाह अग्नि के साथ हुआ ऐसा कहा है। अर्थात् 'पत्निनों यज्ञ संयोगे' अग्नि के साथ कृत्तिका एक कालावच्छेदमें पूर्व पश्चिम दिक्सूत्ररूप = सम मंडलकी वेदीमें आने लग गई थी। सिर्फ ८२ कलाके अन्तरसे दोनोंकी क्रांति समान होगई थी। इसमें ऋषि पत्नियों का अभिलाप अग्नि ने किया व कृतिका ने ऋषि पत्नियों का रूप धारण कर अग्नि की अभिलाषा पूर्ण की है। इस कथन से सप्तर्षि पुंज की क्रांति के अंतर्गत कृत्तिका तो पहुँच गई थी और अग्नि की क्राति उससे कुछ कम थी। अतः इससे निम्न लिखित बातें निश्चित होती हैं। (१) ऋषियों के सात तारों में से दक्षिण क्रांति के तारों को लांघकर कृत्तिका अरुंधति = वसिष्ठके क्रांतिसे कुछ अंश दक्षिणमें रहनी चाहिये, (२) कृत्तिका से अग्नि की क्राति कुछ कम होते हुए भी यह दोनों एक कालावच्छेद में सम मंडल में आना चाहिये। और (३) पहिले अग्नि की क्राति कृतिका से अधिक हो कर बाद में कृत्तिका से कम हो जाना चाहिये। ऐसे यह तीन मुद्दे (प्रश्न) निश्चित होते हैं। सो यह जिस काल में हल होते हों वही इस घटना का काल है। इस का निर्णय करने के लिये कोष्टक (नं १) देखिये उसके (अ) काल में यह बातें बिल्कुल ही मिलती नहीं हैं। तथा (ब) काल में भी पूर्ण रूप से मिलती नहीं हैं। सिर्फ एक (क) काल में ही पूर्ण रीति से मिलती हैं। उस विभाग को यहाँ उद्धृत करके बताता हूँ।

प्रमेय और तारों के नाम तथा क्रांति के अंश कला और निर्णय के कारण :—

सप्तर्षिपुंजमें (वसिष्ठ) अरुंधतिकी क्राति = २९ २६ सप्तर्षिपुंजके क्रांतिकी उत्तर मर्यादा
सममंडलमें आनेवाली कृत्तिका का = २४ १७ ऋषियोंकी क्रातिके अंतर्गत ऋषिपत्नित्व
सप्तर्षिपुंजमें आरंभिक क्रातिवाले मरीचिकी = २४ ९ सप्तर्षि पुंजके क्राति की दक्षिण मर्यादा
सम मंडल में आने वाले अग्नि तारे की = २३ १४ क्रांतिपुंजके बाहिर दक्षिणके तरफ निकट में अतः ऋषिपत्नीकी प्राप्ती नहीं हुई केवल अभिलाप निश्चित होता है।

इस तरह उक्त तीनो प्रश्न इसी (क) काल में हल होते हैं। इससे भी यह घटना (क) कालीन ही निश्चित होती है।

विधान ९५.

भारत में आगे इसी कथा भाग को और भी बढा दिया है। जैसा कि :–
" तस्मिन् कुंडे प्रतिपदि कामिन्या स्वाहया तदा " तत्स्कन्नं तेजसातत्र संवृत्तं जनय त्सुतम् " (अ. २२९ श्लो. १६) अथैनमभज श्लोकः स्कंद. (२२५ । ३९) तस्य पष्ठी महा तिथिः [२२९ । ५३] " अर्थात् " विवाह हुआ तब कृत्तिका ने अग्नि के तेज को प्रतिपदा के दिन धारण करते ही आपने उसे उत्तर के (दूर के आकाश गंगा के) छठे कुंड में फेंक दिया। तब उसी तेज का स्कंद नामक पुत्र हुआ। इसका बढाव द्वितीया से ५ तिथि तक बढते हुए पष्ठी को पूर्ण हुआ, अतः छठा कुंड व पष्ठी तिथि के कारण शुक्र पक्ष की पष्ठी स्कंद की महा तिथि कहाती है. यहां क्रांति वृत्त से उत्तर शर ६ अंश की एक तिथि इस हिसाब से (१५ × ६ = ९०) उत्तर कदंब तक १५ तिथि होती हैं। तब कृत्तिका व अग्निका शर + ४ तथा ५ अंश होनेमे यह प्रतिपदा तिथिमें आते हैं और स्कंदका शर + ३४ अंश होने से वह पष्ठी तिथि में आता है। ज्योतिः शास्त्रीय ग्रंथों में १। ६ तिथि की देवता अग्नि व स्कंद ही माने गये हैं। आगे दिया हुआ कोष्टक नंबर ३ देखिये कृत्तिका भोग ३६·२ अंश के तुल्य ही ययातिका भोग ३६·२ अंश होनेसे तथा इस कथा भागके पूर्वापर संबंध को और तारों के नामोंके अर्थ प्राप्ति को देखने से निश्चित हो जाता है कि नकशे में प्रसिद्ध ययाति पुंज को ही यहां स्कंद नाम से कहा है। क्यों कि आगे लिखे प्रकार स्कंदोपाख्यान के लक्षण, स्वरूप व सान्निध्य आदि सब ययाति पुंज से ही पूर्णतया घटित होते हैं।

जैसाकि :— " (अ) लोहिताभ्रे सुमहति भाति सूर्यइवोदितः ॥ [२२९।२०], षट्शिरा द्विगुणश्रोत्रोद्वादशाक्षिभुजक्रमः ॥ एकग्रीवैकजठरः कुमारः समपद्यत. [२२७।१७-१८] (आ) रुद्र सूनुंततः प्राहुर्गुहम् (२२९।२९), गगा सुतंच [२३२।१९], शक्तिमुद्यम्य (२२६।३५), महिपस्य शिरो हरत् (२३१।९७), (इ) कुक्कट श्चाग्निना दत्तस्तस्य केतु रलंकृतः ॥ रथे समुच्छ्रितो भाति कालाग्नि रिव लोहितः (२३०-२३, (ई) सप्तम मारुत स्कंधं रक्ष नित्य मतंद्रितः (२३१।५५) (उ) समीपे भद्रशाखश्च भवच्छाग मुखस्तदा. [२२८।३] [ऊ] पताका कार्तिकेयस्य विशाखस्य च लोहिता [२३१।१९] [ए] शतक्रतुश्चाभिषिच्य स्कंदं सेनापतिं तदा ॥ सस्मार तां देवसेनां यासातेन विमोक्षिता ॥ अजाते त्वयि निर्दिष्टा तव पत्नी स्वयंभुवा ॥ गृहाण दक्षिणं देव्याः पाणिना पद्मवर्चसा. [२२९।४४-४८]."

अर्थात् :— ' [अ] आकाश के इस स्थलमें " लुब्धक * रोहिणी आर्द्रा व ब्रह्महृदय+यह सब लालरंग के तारे हैं। और ययाती पुंज के निकट की आकाश गंगा के

* लुब्धक [मृग व्याध] प्राचीनकालमें लाल रंगका था वही अब हरेरंग का होगया है। + ब्रह्म हृदय पहले लाल रंग का था वही अब नीले रंग का होगया है। [नक्षत्र विज्ञान पृष्ठ ३२ देखो] A देवयानी पुंजमें तारोंका जत्था [समूह] दीर्घवर्तुल सेनाके तुल्य झुंड में लंबी लाइन एक दिखजाती है [आकाश सौंदर्य पृ. ११५ चित्र ८४ देखो.]

अंतर्गत बहुत से तारे भी लाल रंगके हैं। इसलिये लाल रंगके अभ्र (बादल) रूप आकाश गंगामें स्कंद बडा देदीप्यमान दिखता है, ऐसा कहा है। इसके सिर में ६ तारे हैं कान आख भुजा व चरणोंमें १२।१२ तारेहैं। कंठ व पेटमें १।१ तारा है ऐसा होनेसे मनो इसका (ऐसे अवयवों का) स्वरूप ही हो ऐसा यह (अब भी) प्रत्यक्ष दिखता है। नकशे में देखिये ययाति पुंज इसी वर्णन के तुल्य है। (आ) इसकी आकृति रुद्र (भूतप Bootes)के तुल्य होने से इसे 'रुद्र सूनु' (रुद्रका अवतार), आकाश गंगाके अंदर होनेसे 'गुह' (नौका चलानेवाला), व गंगा सुतभी इसे कहते हैं। इसके दाहिने हाथ में शक्ति (आयुध) और बाएं हाथमें महिष का सिर ढालके तुल्य है, एवं इस महिष की दोनों आखें Rho Persei Bita Persei अलगोल नामक रूप विकारी तारोंकी कम ज्यादह चमकती हुई आखें कही गई हैं। (इ) अग्नि का दिया हुआ कुक्कुट Camelus (करभपुंज व शर्मिष्ठा पुंज) इसके रथ के उपर ध्वजा में लाल रंग का शोभित दिखता है। (ई) इन्द्र ने इसे वायु (आकाश) के ७ वें (स्तर=विभाग) में स्थापित करके कहा कि (अतंद्रित) सदा दक्ष रहते हुए इस (इंद्र के) स्थान की रक्षा करो। (उ) इसने अपने तुल्य रूप वाला एक भद्रशाख नामका पुरुष निर्माण किया कि जिसके गोद में बकरा है। और उसके मुंह में लाल रंग का बडा तारा चमकता है। (ऊ) इस कार्तिकेय (कृतिका का पुत्र) व विशाख के ऊपर पताका रूप बडे तारे ४ चमकते हैं, व विशाख की पताका लाल रंग की है। (ए)इंद्रने स्कंद को देव सेना के पति के स्थान में बैठाकर इसका अभिषेक किया, और देवसेना Andromeda (देवयानी पुंज) यह पहिले बंधी हुई दिखती थी सो स्कंद के काल में मुक्त दिखने लगी थी; सो इद्र ने उसका उल्लेख करके कहा कि ब्रह्मा ने आपके प्रदुर्भाव के पहिले ही कह दिया था कि यह आपकी पत्नी होगी। अतः अब आप इस देव सेना का दहिना हाथ ग्रहण करो। यानी स्कंदने देवसेना को वामांग में कर लिया व विवाह किया अब इनकी जोडी आकाशमें बहुत शोभायमान दिखने लगी है।" इत्यादि कहा है। [सारथीपुंज = भद्रशाख]

विधान ९६

इस लेखको आगे दिये हुये नकशा नंबर ३ से, एवं इस नामके आकाशीय प्रसिद्ध चित्रों से मिलाकर या प्रत्यक्ष देखेंगे तो आपको स्पष्टतापूर्वक मालूम होजायगा कि यह कार्तिकेय स्कंदका वर्णन कृत्तिकासे उत्तर में वर्ती रहने वाले ययाति पुंजके ही संबंधका है और देवयानी पुंजमें तारों का लंबा जत्था तारों की सेना के तुल्य होनेसे देवयानी को देव सेना के नामसे कहा है। तथा और भी इस संबंध के तारों के आकाशीय स्थान उस काल में कैसे क्या थे सो [शुद्ध सूक्ष्म गणितागत मान] मालूम होने के लिये कोष्टक नंबर २ द्वारा स्पष्ट करके बताता हूँ।

कोष्टक नं. ३= 'स्कंद कालीन आकाश की स्थिति दर्शक गणितांक'

माधवी (मिझार) देवसेना (देवयानी) कुक्कुट (शर्मिष्ठा) स्कंद (ययाति) विशाख (सारथी-ब्रह्महृदय)
गालव का तारा भूतप पुंज और गरुड पुंज आदि के परिमाण.

तारकापुंजा के वेध सिद्ध परिमाण.			शुद्ध नाक्षत्र		अयनांश ३०६१°= −५३।११ शतभिषक आरंभ काल में						
महाभारत में लिखे हुए तारका पुंजों क.	नक्षत्र विज्ञान में लिखे हुए तारका पुंजों के.	न दिकल में लिखा प्रकाश वर्ग.	चित्रा तारे को क्रांति वृत्त के ठीक मध्यमें मानकर कदंब सूत्रीय		कदंब कालीन सायन मान के.	प्रो. हूपॅल सारणा से श. पू. २३१२२ वर्ष (अ) रवि प. क्रांति २४।०		प्रो. लीव्हेरिअर प्रोक्त चक्रगति से श. पू. २३१२२ वर्ष (ब) र प क्रां २६।४५		प्रो. लीव्हेरिअर प्रोक्त चक्रगति से श. पू. ५४६९८ वर्ष (क) र प. क्रां. ३०।५५	
नाम	नाम.	दीप्तिवर्ग	भोग	शर.	भोग	विषुवांश	क्रांति	विषुवांश	क्रांति	विषुवांश	क्रांति
कृत्तिका	ईटाटारी	२·९६	३६° ९'	+४° २'	९०° ०'	९०° ०'	+२८° २'	९०° ०'	+३०° ४७	९०° ०'	+३४° ५७'
माधवी	मिझार	२·३७	६ ०	२६ ३५	५९ २१	४९ २६	४६ २०	४७ २७	४८ २४	४४ ०	५१ २२
देवसेना	देवयानी	२·२५	१७ ४७	३४ ४४	७१ ३८	६२ १३	५६ १४	५९ ३०	५९ १८	५६ ४	६२ ४९
कुक्कुट	शर्मिष्ठा	३·४४	२० ७	४८ ४८	७३ ५८	५६ १६	७० ७४	५१ १५	७३ ६	४० ४४	७६ ७
ययातकाशिर	[ग] पर्सियस	३·०८	३६ ११	३४ २२	९० २	९० २	५८ २२	९० २	६१ ७	९० २	६५ १७
,, मध्य	(अ) ,,	१·९०	३८ ५५	३० १६	९२ ४६	९५ ५	५४ १४	९४ २२	५६ ५८	९४ ५६	६१ ८
,, चरण	[ड] ,,	३·१०	४० ५७	२७ १७	९४ ४८	९६ ४९	५१ १०	९७ १५	५३ ५४	९८ ५	५८ २
महिप	अलगोल	रूपांतरकारी	३२ २०	२२ २६	८६ ११	....	४६ २६	....	४९ ११	....	५३ २१
विशाख	ब्रह्म हृदय	० २१	५८ १	२२ ५२	१११ ५२	११८ ५०	४४ ३९	१२० १४	४७ ३	१२२ ४३	५० ३८
गालव	(ब) सारथी	१·०७	६६ ५	२१ ३१	११९ ५६	१२९ २०	४१ ३२	१२९ ५६	४३ ४०	१३२ ४२	४६ ४८
इंद्र [मरुत्वान]	भूतप १	३·००	१७३ ४९	४९ ३३	२२७ ४०	२४१ ५३	३३ १०	२४६ ३४	३० ३९	२४७ २८	२६ ४९
,,	२	२·६३	१८० २५	५४ ५	२३४ १६	२३९ ४२	३० ९	२४० २८	२७ ३८	२४१ २६	२३ ५९
,,	३	३·५४	१८९ १८	४८ ५७	२४३ ९	२५० ३६	२६ ४७	२५१ २	२४ ११	२५१ ३५	२० १४
श्रवण	आल्टेर	०·८९	२७७ ५५	२९ १८	३३१ ४६	३२३ ८	१६ १३	३२२ ३२	१४ ३१	३२१ ४६	१२ ०
गरुड	लॉ. एकिलवर	३·५५	२६३ ३४	१८ १४	३१७ २५	३१४ २३	१ २४	३१४ १२	−० ३५	३१४ २८	−३ ३३

[......] अलगोल तारे की क्रांति कुछ स्थूल है वास्ते उसके विषुवांश लिखे नहीं हैं.

१ उक्त कोष्टक एवं विधानोक्त क्रांतिद्वारा देखनेवालेके स्थलके अक्षांश और उसका काल ज्ञात होसकता है। और उसके लिये दो प्रश्न खडे होते हैं:—(१) कृत्तिका के उत्तर गगन से स्कंदित होनेके समय में जब कि प्रस्तुत स्कंदकी घटना कहीगई है इसलिये इस समय के कृत्तिका की क्रांति का घटना शुरू होना और खस्वस्तिक से दक्षिण तर्फ उसके च्युत होनेका आरंभ होना चाहिये, तथा [२] स्कंद की आकृति पूर्णतया वायु के सातवें सदा दृश्य स्कंध (ब्रह्म पद स्थान पर यानी) इंद्र पद में पहुँच जाना चाहिये। ऐसे यह दोनों प्रश्न कोष्टक नं. ३ के अ, ब और क पंक्तियों के अंदर लिखी क्राति द्वारा (निम्नलिखित न्यास के अनुसार) हल होते हैं।

भारत में का स्थल (अक्षांश) और कालदर्शक न्यास.

कोष्टक नं. ३ में लिखे हुए काल मान.	अ		घ		क	
कृत्तिका की तत्कालीन क्रांति........९०-क्रांति=	२८°	२'	३०°	४७'	३४°	५७'
लंबांश=सदा दृश्य इंद्रपद.	६१	५८	५९	१३	५५	३
स्कंद की सदा अदृश्य और सदा दृश्य क्रांति	सदा अदृश्य		सदा अदृश्य		सदा दृश्य	
स्कंदशिर (Gamma Persei ग्यामा पर्शियम)	५८	२२	६७	७	६९	१७
देवसेना (Andromeda देवयानी पुंज)	५६	१४	५९	१८	६२	४९
स्कंद मध्य (Alpha Persei आल्फा पर्शियम)	५४	१४	५६	५८	६१	८
स्कंद चरण (Delta Persei डेल्टा पर्शियम)	५१	१०	५३	५४	५८	२

विधान ९७

उक्त घटना मे स्थल और (अ घ क) काल का निर्णय इस प्रकार होता है (१) यदि हम थोडे समय के लिये मान लेवें कि उक्त घटना को देखने वाले ऋषियोंके स्थल के अक्षांश ३४°।५७'से उत्तर में है या ध्रुव प्रदेश में है; तो ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि यहां कृत्तिका को खस्वस्तिक से अच्युत कहते हुए आगे वह च्युत (स्कंदित) होगई बताई गई है। सो अक्षांश उत्तर में बढने से कृत्तिका च्युत समझी जायगी। और स्कंदके सदा दृश्य के साथ और तारे सदा दृश्य में जाने से प्रमाण कथन की संगति बिगड जायगी। इससे अक्षांश ३४।५७ के निकट में ही प्रेक्षक का स्थल होना चाहिये (२) यदि अक्षांश ३४। ५७ के अंदर अक्षांश २८।२ का स्थल मानते हैं तो स्कंद का आद्यंत भाग (५१°।१०' से ५८°।२२') सदा दृश्य (६१°।५८') से कम रह जाता है इसमे (अ) कालम का स्थल व काल प्राप्त नहीं हो सकता, यदि अक्षांश ३०।४७ मानते हैं तो भी स्कंद का मध्यान्त भाग (५६।५८

से ९३ । ५४तक) सदा दृश्य (५९° । १३') से कम रह जाता है स्कंद पत्नीरूप देवसेना पुंज भी सदा दृश्य में आता नहीं है । इससे [ब] काउम का स्थल व काल भी ग्राह्य नहीं हो सकता। किंतु अब अक्षांश ३४ । ५७ को लीजिये स्कंद का आद्यंत भाग [६५° । १७' से ५८° । २] सदा दृश्य [५५° । ३'] के ऊपर होते हुए उसकी पत्नी देवसेना पुंज भी स्कंद के तुल्य क्रांति वाली सदा दृश्य भाग (स्वर्ग) में स्थित है एवं यह दोनों अतंद्रित पदपर आरूढ हो जाते हैं इससे सिद्ध हो जाता है कि स्कंद घटना को देखने वाले ऋषियों का स्थल ३४°।५७' = ३५° अक्षांश के प्रदेश में था। क्योंकि (क) कालम की क्रांति द्वारा यह सब घटना पूर्णतया मिलती है वास्ते इसका (क) काल जोकि शकपूर्व ५४६९८ वर्ष का था. और यह परम क्रांति प्रो. हानसेन की सारणी के तुल्य चक्र गति साधित होने से प. क्रांति की चक्रगति सिद्ध होती है । और प्रस्तुत घटना के दृष्टा ऋषियों का स्थल भारतवर्ष के अक्षांश ३४° ५७' के प्रदेश में था । ऐसा निश्चित होता है ।

विधान ९८

इस प्रकार विधान ७३–९७ के अन्दर बताए हुए खगोलीय ऐतिहासिक पद्धति के प्रतिपादन से पाठक अच्छी तरह समझ गये होंगे कि ज्यो० केतकर व ज्यो० दीक्षित का कहा हुआ अर्थ व काल गलत है और सूर्यसिद्धान्तादि ग्रन्थों में कही हुई रवि परम क्रांति २४ अंश की सदा स्थिर प्राय किंवा प्रो० हर्शल साहब के कथनानुसार २२–२४ अंश में आंदोलन गति की क्रांति न होकर चक्रगति वाली है । क्योंकि उतनी क्रांति माने बिना २७ नक्षत्रों में एक कृत्तिका की अधिक क्रांति, मरीचि सप्तर्षि को लांघ जाना अरुंधति से कम रहना और स्कंदके संबंधकी क्रांतियां आसकती नहीं हैं। न वसंत संपातव फाल्गुन से महीने का मेल मिलता है । तथा अभिजित् की निज गति से भी वही काल व क्रांति निश्चित होती है । हां यह मैं स्वीकार करताहूँ कि प्रो० हानसेन कृत 'चन्द्रकोष्टक ग्रन्थ' के आधार से शाके १८०० में (ज्यो० केतकर के ज्योतिर्गणित पृष्ठ ८४ में) कही हुई (रवि परम क्रांति=२३°।२७'। १८".५–०".४७६ वर्षगति) के चक्रगति की अपेक्षा–प्रो० हर्शल साहब ने ग्रहों के प्रकृत्यंश, मंदकर्ण, एवं मध्यम गति के आधार पर आकर्षण शास्त्रीय पद्धति से जो क्रांति की आंदोलन गति कही है सो–सूक्ष्म होना चाहिये और अधिक से अधिक २४ या २४॥ से क्रांति ऊपर नहीं होनी चाहिये किंतु प्रो० लीव्हेरीअर सारणी से क्रांति शकपूर्व ५३१५३ वर्ष में २९ अंश १९ कलामित र. प. क्रांति थी ऐसा म. म. ज्यो० पं. सुधाकर द्विवेदी ने दिग्मीमांसा पुस्तक (पृ. ३२) में लिख दिया है । वहां लिखा है कि:– " अथ यदि युरोपीय विदुषां वेधेन श्रोणायाः कदंब प्रोतीयः शरः सदा स्थिरः प्राक्साधितः २९°।१९' उत्तरो गृह्यते तदा एतत्समं परम क्रांतिमानं "लेवरियर" सारणीतः २९°।१९'=२३।२७।३१.८३+०.४७५९४ का–०.००००००१४९ का²। वर्ग समीकरण विधिना, मानं कालस्य सन् १८९० ईसवीतः पूर्व वर्षात्मकं = ९३१५३.५"। अर्थात् 'श्रवण नक्षत्र के शर २९°।१९' के तुल्य रवि परम

क्रांति बताने के उद्देश से प्रो० टनर साहेब के कोष्टक के आधार से शक १८५० में '२३°।२७'।२१'.८३—०.४७५९४ वर्षगति व कालांतर संस्कार +०".००००० १४९ वर्ष गति" द्वारा शकपूर्व ९३१५३ ९ वर्ष में २९°।१९' प. क्रांति' साधन करके बताई है। यद्यपि उक्तगति हानसेन की कई गति के तुल्य ही है किंतु इसमें जो कालान्तर संस्कार कहा है उसके द्वारा शकपूर्व–१९७९११ ४ वर्ष में र परम क्रांति ३४°।०'।४९.०" पर्यंत जाकर उधर घटने लगती है। अर्थात् वर्तमान क्रांति से १०।३३'।२६.९' बढे बाद घटने लगने से उधर के काल में पुन पूर्व स्थिति पर आजाती है। और इससे चाहे इसकी २१।२२ अंश की आंदोलन गति भी मान सकते हे। तब मेरा बताया हुआ काल भी उक्त वर्षों से करीबन पचासी वर्ष अधिक हैं तथा इस सारणी से ५।७ कला कम कृत्तिका की क्रांति भी पूर्वोक्त क्रांति के तुल्य ही आती है। इसलिये में कह सकता हू कि प्रो० हानसेन के ही क्या प्रो० डी०हेरियर सारणी से भी वही क्रांति आती है। और कोष्टक में भी इनका ही नाम मैंने लिखा है अतएव मेरा किया हुआ गणित व काल दो आधुनिक विद्वानों के गणताधार से शुद्ध व ग्राह्य है। इतनाही नहीं तो आज से ९६ हजार वर्ष पूर्व के सूक्ष्म गणितागतमानों को पौराणिक कथा भाग से मिलाकर बताते हुए एक "खगोलीय ऐतिहासिक पद्धति के सिद्धान्तों को" निश्चित कर देना और आगे इसी पद्धति से लाखों वर्षों के इतिहास को परिशोधित कर देना इस विषय के ऊपर ससार के विद्वान लोग अवश्यमेव ध्यान देंगे क्योंकि वह कालावधि गणित के महत्व को जानते है।

विधान ९९

तथापि सर्व साधारण विद्वान लोगों को ज्ञात होने के लिये ज्योतिः शास्त्र में कालावधि गणित का कितना महत्व है एव ग्रहगति के सूक्ष्म मानों को निश्चय करने में उसका कितना उपयोग होता आया है सो मैं बताना चाहता हू उसमे भी पहले मैं पाश्चात्य देश के ही कुछ उदाहरण देता हू –

(१) टालेमी [इ. स. १४०] नामक इजिप्त देश के ज्योतिर्विद ने अल्माजेस्त ग्रंथ में बाबिलोन शहर के [खल्डियन लोगों के देखे हुए] तीन चंद्रग्रहणों का उल्लेख *

* "(१) ता १९ मार्च इ. पू ७२० वर्ष में स्पर्श सायंकाल के ७।३० मध्य में हुआ. (२) ता. ८ मार्च इ. पू ७१९ ग्रहण मध्य ११५ रात्रा में ग्रास ३ अगुल. और (३) ता. १ सितंबर इ. पू ७१९ ग्रहण मध्यरात्रा में ८।३० ग्रास ६ अगुल उत्तर परिम से बाबिलोन के पूर्व रेखांतर २ घंग ४२ मिनिट हैं।" इत्यादि एम हिम आदि के Theary of Astronomy By Rev R mam, J Hymers and Rev S Vince--ग्रंथों में लिखा है.

किया है। हानसेन आदि पाश्चात्य ज्योतिर्विदों को चंद्र की मध्यम गति निश्चित करने में इन (ग्रहणों) का विशेष उपयोग हुआ है। (२) ग्रीक ज्योतिषी हिपार्कस ने ईसा के पूर्व १२८ वर्ष में वेध लेकर चित्रा का १७४ अंश और मघा का ११९।५०' सायन भोग निश्चित किया था। उससे सांप्रत के अयनांश और अयनगति के निश्चय करने में इनका विशेष उपयोग हुआ है। वस्तुतः अत्यंत प्राचीन काल से ही वसु = [वसंत संपात] के नापने में " चित्रामघा रायईशे वसूनाम् " [ऋ. सं. ७।७९।५] चित्रा = राजा और मघा प्रधान के तुल्य मानी गई हैं। तथा (३) पिकार्ड नामक फ्रेंच ज्योतिषी ने इ. स. १६६९ में सूर्य और प्रश्वा Procyon तारेका अंतर नाप रखा था; इसके आगे ७६ वर्ष के बाद दूसरे लाकेल नामक ज्योतिषी ने इ. स. १७४५ में सूर्य का प्रश्वा तारे से उक्त समानांतर का नाप किया था; तब इससे नाक्षत्र सौर वर्ष के परिमाण निश्चय करने में विशेष सहायता मिली है। इत्यादि बातों से आपको मालूम हो जायगा कि आज के सूक्ष्म परिमाणों से सेकडों हजारों वर्ष पूर्व में चाहे कुछ स्थूल क्यों न हो दोनों घटनाओं के परिमाणों का अंतर हमें ज्ञात हो जाने से उसमें गत वर्षों का भाग देने पर वह परिमाण अत्यंत सूक्ष्म हो जाते हैं। इसीलिये ज्योतिः शास्त्र में दीर्घ कालावधि प्रोक्त परिमाणों का [बातों का] बहुत ही महत्व है। ऐसी बातें जहां और दो चार सूक्ष्म गतियों द्वारा उसी काल में वे ही निश्चित हो जांय तो उसका विश्वास, मान्यत्व अबाधित सिद्ध हो जाता है।

विधान १००

उपर्युक्त कालावधि प्रोक्त ज्योतिष की घटनाओं को लिखकर रखने के सिर्फ थोडे ही उपयोग को देखकर कई विद्वान इस विषय में भारतियों पर दोष लगाते हैं और आक्षेप करते हैं कि:—" प्राचीन खाल्डियन व ग्रीक लोगों ने जैसे अपने ज्योतिष के वेधों को लिखकर सुरक्षित रख हैं, और उनकी ज्योतिष व ऐतिहासिक बातें आज भी हमें इष्टका कृति के लेखों में या ग्रंथ व निबंध आदि में उपलब्ध होती हैं; वैसी भारत के ज्योतिर्विदों ने रखी नहीं हैं। भारतीय ज्योतिष ग्रंथ सब जगह सिद्ध (तयार) अंकों से भरे हुए हैं। किंतु वह कौन काल में कितने वर्षों के वेधों पर से कैसे बनाए गए हैं। इन बातों का उल्लेख उनमें नहीं है। केवल प्राचीन अपौरुषेय कहकर मान्यता दी गई है। उनमें सिर्फ शाके ४२१ के अर्वाचीन ग्रंथकारों के ही कहे परिमाण कुछ सूक्ष्म है। और यह लिखे हुए मिलते भी है। जैसे कि आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, लल्ल, केशव और गणेश दैवज्ञ आदि ने सूर्य चंद्रग्रहण और गुरु शुक्र के अस्तोदय एवं ग्रहों के क्षेत्रफलादि परिमाण लिख रखे हैं तथा सिद्धान्त सम्राट, सार्वभौम व यंत्रराज आदि ग्रंथों में तत्कालीन तारों के भोगशर, नगरों के अक्षांस व, रेखांश एवं परमक्रांति आदि मान वेधसिद्ध रीति से संग्रहीत कर रखे

हैं। लेकिन इस प्रकार प्राचीनों ने लिखे नहीं हैं। इतना ही नहीं तो कई पाश्चात्य विद्या-विशारद विद्वान यहांतक कहते हैं कि नक्षत्रों के नाम चीनियों के पास से और राशियों के नाम ग्रीक [खाल्डियन] लोगों के पास से भारतियों ने सीखे हैं इत्यादि २। " लेकिन ऐसे आक्षेप व्यर्थ हैं। क्योंकि अभीतक भारतियों का तत्वज्ञान वस्तुत. ठीक ठीक बताया ही गया नहीं है। इसलिये ज्योतिःशास्त्रीय लेखों के संबंध में ऐसा संदेह होना स्वाभाविक ही है। परंतु जिस प्रकार इन दो तीन हजार वर्षों में पाश्चात्य देशीय शोधों से जितनी ज्योतिःशास्त्र की उन्नति हुई है। उससे कई गुनी महत्व की व कई वर्षों पूर्व से भारतियों के शोधों द्वारा यथानुक्रम उन्नति होते आई है। और वही तत्वज्ञान संसार में सर्वत्र फैला है। इस विषय का स्पष्टीकरण प्रस्तुत रिपोर्ट (पृ. ७२ ९३ कलम ३२ ९१, १०६-१३०) में किया गया है। और उसका काल कितना प्राचीन है यह भी बताया गया है।

विधान १०१

वस्तुतः इस देश में ज्योतिष का ज्ञान बहुत प्राचीन काल से प्रगट हुआ है और आज तक वृद्धिंगत होते आया है। जैसे –स्थूलमान के ज्ञान से सूक्ष्म परिमाणों को उपयोग में लाना, अल्प कालिक भगणादि के निश्चय से दीर्घ कालिक भगणादिकों को निश्चित करते जाना, कठिन व दीर्घ प्रयत्न साध्य प्रयोग एवं यंत्रों के स्थान में सुगम, स्वल्पायासिक प्रयोग व यंत्रों को करना तथा उपयोग में लाना, शुद्ध परिमाणों को प्रचार में लाकर उसे चिरस्थायी करने का प्रयत्न करना। इत्यादि तात्विक बातों का जैसे अन्य देशों में इतिहास मिलता है। उससे कई वर्षों पूर्व भारत के कुल प्राचीन ग्रंथों में उपलब्ध होता है। इस विषय का दिग्दर्शन मैंने वेदकाल निर्णय में किया है। (वे नि पृष्ठ १२५ देखिये) शक पूर्व ६३४२ वर्ष में यहां उज्जयनी में पुलिशाचार्य ज्योतिषी ने पौलिश सिद्धान्त नामक ग्रंथ बनाया है। (पृ. १४०) उसमें उज्जैन से काशी व यवनपुर के रेखांश लिखे हैं। सूक्ष्ममान से उज्जैन काशी के रेखांश मिलते हैं। तब उस काल का यवनपुर पूर्व कालीन बाईजंटियम् (बैजयंतिम्) किंवा ऐंद्रि ऑफ नगर के भी पूर्व काल में बसा था अब वहा कान्स्टांटिनोपल शहर बस गया है क्योंकि वहा के रेखांश ठीक ठीक मिलते है। इससे इतने प्राचीन काल में भी वहा से भारत का परिचय बना हुआ था। पुलिशाचार्यने के समय "पुनर्वसु'के (पोलक्स=पौलस्त्य) तारपर अयनसंपातकीस्थिति थी (पृ. १२०), रोमक सिद्धान्तोक्त सायनमानसे चैत्र शुद्ध १५ को चित्रा नक्षत्र के स्थान में सायन पुनर्वसु नक्षत्र होता है। और चित्रा संपात के काल से आज ६८५५ वर्ष बीत चुके है" ऐसा इस ग्रंथ में (तत्कालीन ऐतिहासिक ढंग से) स्पष्टता पूर्वक कहा हैं। तथा द्विगुण चरखंडों के उल्लेख से रवि परम क्रांति की स्थिति २४°। ३०' पर बताई है। इनके पहले कर्कोपाध्याय हुए हैं जिन्होंने श्रौतसूत्रभाष्य में चित्रा तारे पर वसंत संपात का उल्लेख किया है। उससे उनका काल शक पूर्व १३२०० वर्ष का निश्चित किया गया

है-(वे. पृ. १७३२), पारस्कर गृह्यसूत्र और महाभारत में अयनसंपातकी स्थिति मार्गशीर्ष मास में बताई है। इत्यादि से उनका काल शक पूर्व १९ हजार वर्ष का सिद्ध किया है (वे. पृ. ३३-६३ और चिरंजीव गोपीनाथ चुलेट कृत युगपरिवर्तन पृष्ठ ९१ देखिये), वेदांग ज्योतिष में अयनसंपात की स्थिति धनिष्ठा (एवं माघ महीने) के आरंभ में कही है। उससे उसका काल शक पूर्व २२ हजार वर्ष का है-(वे. पृ. १५३-२३५), श्रौत सूत्र ग्रंथ ११३१ हैं। इन सबका निर्माण श. पू. ५४-२१ हजार वर्षों में हुआ है। (वे पृ. २३८-३९) *, ब्राह्मण ग्रंथ करीबन २००० के ऊपर हैं। उनका काल आज से १९०-५४ हजार वर्षोंका है। इनमें से एक शतपथ ब्राह्मण का काल उक्त विधान (७३-९७) में करीबन ५० प्रमाणों की एक वाक्यता करके खगोलीय ऐतिहासिक पद्धति द्वारा शक पूर्व ९४६९८ वर्ष का सिद्ध किया गया है।

विधान १०२

ब्राह्मण ग्रंथ काल के पूर्व वेद संहिता काल है। वेद मंत्रों में पद्यात्मक को ऋग्वेद, गद्यपद्यात्मक को यजुर्वेद, गानात्मक को सामवेद, अर्थवान् को अथर्वणवेद कहते हैं। इस भेद से अनेक संहिताएं प्रसिद्ध हैं। इनमें हजारों ऋषियों के कहे हुए सूक्त हैं। जोकि तत्कालीन ऋषियों ने ज्योतिः पुंजों के संबंध की प्रत्यक्ष देखी हुई बातोंको कथारूप रूप देकर कहीं हैं। और भारत आदि पुराण ग्रंथकारों ने उसे और भी स्पष्ट करके सुसंगतरीति से लिखी हैं। इस संहिता काल की पूर्व मर्यादा उक्त खगोलीय ऐतिहासिक पद्धति के अन्वेषण के अनुसार अभी ३ लाख वर्ष के पूर्व काल तक पहुंच सकी है। आगे और भी सुदूर पूर्व जासकती है। " इस प्रकार केवल ज्योतिः शास्त्र का ही नहीं; मानवज्ञान का सूर्योदय भारतवर्ष में ही हुआ है। और आगे मैं सिद्ध करके बताने वाला हूं कि " अन्य सब देशों में यहीं का वैदिक ज्ञान, विज्ञान, सभ्यता और धर्म फैल गया है। बहुत काल होने से लोग उसके भाव को व वास्तविकता को भूल गए हैं। किंतु अब इस खगोलीय ऐतिहासिक पद्धति से अन्यान्य धर्म ग्रंथों के प्राचीन कथा भाग का अन्वेषण करने पर उसका मूल अर्थ फिर से ज्ञात हो सकता है। और हमें ज्ञात हो जायगा कि सारी मानव जाति (के धर्म) का मूल स्थान भारतवर्ष ही था। मुझे तो यहां तक विश्वास है कि इस ऐतिहासिक पद्धति को समझ कर तत्ववेत्ता लोग जब प्राचीन कथानकों का इतिहास लिखना शुरू करेंगे तब आज जो इतिहास काल की और इतिहास के पूर्व कालकी मर्यादा इस के पहले १-२ हजार और ४-६ हजार वर्षों की मानी जाती है वह ३ लाख तथा ३॥ लाख वर्ष पूर्व की मानी जावेगी। इस प्रकार इतिहास में बड़ी क्रांति होकर आगों वर्षों का मानवेतिहास तयार हो जायगा।

---

* इन्हीं श्रौत सूत्र ग्रंथों में से 'एक कर्मान्त सूत्र का काल आज से ५२ हजार वर्ष का था ' ऐसा ज्यो. म. म. सुधाकर द्विवेदी ने अपने दिग्मीमांसा ग्रंथ में बताया है।

विधान १०३

अभीतक संसार के विद्वानों के मत से ' सारी मानव जाति का मूलस्थान उत्तर ध्रुव प्रदेश में था ' । ऐसा माना जाता है । डॉ. वारन (पाश्चात्य पंडित) ने 'नंदनवनोपलब्धि' नामक पुस्तक में और लोकमान्य टिळक (भारतीय पंडित) ने ' आर्क्टिक होम दि वेदाज ' नामक पुस्तक में इसी बातको पुष्ट किया है । तथापि आगे ' वेदोंका निर्माण कहा हुआ ' इसके संबंध में लोकमान्य टिळक के सन्मुख नीचे लिखे प्रकार के दो प्रश्न खडे हुए थे कि:-
(१) यदि उत्तरीय ध्रुव प्रदेश में वेदोंका निर्माण होना कहता हूं तो वेदोंमें:- कुरु, पांचाल, कोसल, विदेहादि देशोंका; गंगा, सिन्धु, सरस्वती व यमुना आदि अनेक नदियोंका, हिमालय, विंध्यादि पर्वतोंका और विनशन, नैमिषारण्य, अंतर्वेदी आदि प्रदेशों का-" अनेक जगह उल्लेख मिलता है। सो सब भारत वर्ष में ही उपलब्ध होता है । सो यह नाम ध्रुव प्रदेश में कैसे आ सकते हैं ! और (२) यदि भारतवर्ष में ही वेदों का निमार्ण होना कहता हूं तो वेदों में: -" तीस ३० दिन के सतत अहोरात्र का, दीर्घकालीन संधि प्रकाश का, और उसी के अनुसार (अतिशीत गिरने के कारण उस काल के उपयोगी) किये जाने वाले अतिरात्र आदि यज्ञों का एव मंडलाकार घूमने वाले ज्योतियों का " उल्लेख मिलता है सो सब उत्तर ध्रुव प्रदेश में ही उपलब्ध होता है। सो यह ज्योतिः संबंधीय आधिभौतिक वैशिष्ट्य की बातें भारतवर्ष में कैसे कही जा सकती हैं ? । " इस तरह इन दोनों जटिल प्रश्नों को हल नहीं कर सके हैं । किंतु दोनो को मिला देने का प्रयत्न किया गया है, और वह इस तरह से है ।

विधान १०४

लो. टिळक ने उक्त पुस्तक में कहा है कि:-" वैदिक आर्यों का मूल वसतिस्थान ध्रुव प्रदेश के निकट में था । लेकिन आगे वहा हिमपात अधिक होने से वहां का जल वायु खराब हो गया इससे वहा के निवासी आर्यन् लोग ईसा के ९ । ६ हजार वर्ष पूर्व के काल में उस (ध्रुव) स्थान को त्याग कर अन्यान्य देशों में चले आए है । उनमें से कई मध्य एशिया में रहते हुए दो चार सौ वर्षों में भरतखंड में आगए हैं । और यहां बसाहत करके स्थिर रूप से रहने लगे तब उन्होंने यहीं पर ईसा के पूर्व ४५००-२००० वर्षों में वेदों का निर्माण किया है । किंतु उन्हें उत्तर ध्रुव प्रदेश के ज्योतिष की व तदनुसार प्राकृतिक लक्षणों की स्मृति बनी हुई थी इसीलिये वेद में उस स्थिति का व कई महीनों तक किये जाने वाले ' अतिरात्र ' आदि यज्ञों का उल्लेख किया गया है । इसी कथन को पुष्ट करते हुए रा. रा. विष्णु हरि वंडर पंडित ने " स्वर्गलोक व स्वर्गारोहण संदेह भजन " नामक लेख (चित्रमय ज्ञान विस्तार सितंबर १९२६) में कहा है कि:—

" My attention was however directed more & more to passages containing traces of an Arctic calendar and an Arctic Home and I have been gradually led to infer therefrom that at about 5000 or 6000 B. C. the Vedic Aryans had settled on the plains of Central Asia and that at the time the traditions about the existance of the Arctic Home and its destruction by snow and ice, as well as about the Arctic Origin of the Vedic Deities were definitely known to the bards of these races. " " These quotations are quite sufficient to convince any one that at the time when great Epic was composed Indian writers had a tolerably accurate knowledge of the meteor logical and astronomical characterestics of the North Pole & this knowledge cannot be supposed to have been acquired by mere mathematical calculations. The reference to the lustre of the mountain is specially interesting, in as much as, in all probability it is a description of the Auroira Borealis visible at the North Pole." Arctic Home in the vedas p. p. 69—70. अर्थात् " महाभारत के रचना काल में आर्यन ग्रंथकारों को उत्तर ध्रुव प्रदेश में दिखनेवाला ज्योतिष और वहां के आधिभौतिक वैशिष्य्य का ज्ञान उत्तम प्रकार का था। और वह ज्ञान ऋषियों ने केवल गणित की सहायता से शोध में लाये ऐसा हम कह नहीं सकते। और पर्वत के अंग के तेज का वर्णन तो विशेष करके अलंकारिक होने के कारण वहां से दिखनेवाले विशिष्ट प्रकाश के संबंध का ही बहुत करके होना चाहिये। इससे भारतीय आर्य लोग उत्तर ध्रुव प्रदेश को ही स्वर्गलोक मानते थे। " (१) ययाति, [२] अर्जुन, (३) पांडु, (४) सगर, (५) खट्वांग, (६) मुचकुंद, (७) त्रिशुंक (८) हरिश्चंद्र [९] रैवत-ककुद्मी, (१०) पुरंजय, (११) ऋतुध्वज, [१२] नहुष, (१३) लोमश (१४) इला-सुद्युम्न, (१५) उर्वशी-पुरूरवा, [१६] युधिष्ठिर, [१७] दुष्यन्त शकुंतला (१८) नल-दमयन्ती आदि भारतीय लोग सदेह स्वर्ग लोकको गए थे और वापसभी आगए थे ऐसा पौराणिक वर्णन उपलब्ध होताहै. " इसतरह विस्तार पूर्वक लिखाहै।

विधान १०५

परन्तु पूर्वोक्त मुख्य प्रश्नों को हलकिये बिना इसतरह मिलाने से कोई अर्थ निकल नहीं सकताहै। क्योंकि इसमें सतत अहोरात्र, दीर्घ संधि प्रकाश, अति शीतातप काल और ज्योतियों के मंडलाकार घूमने की ऐसी बातें हैं कि यह मध्य एशियामें दोचारसौवर्ष रहे बाद यानी १०।२० पीढियां होनेपरभी वह प्रत्यक्ष देखनेके तुल्य यथास्थित कहीं नहीं जा सकती! और अति शीत के प्रतिकारके लिये किये जाने वाले अतिरात्र आदि यज्ञोंका

करना यहां [भारत में] कदाचितभी संभवता नहीं है। यदिकहें कि ध्रुवप्रदेशमें कुछवेद बनें हैं और भारत में वह पूर्ण हुए हैं। इस तरह दोनो जगह मिलकर वेद बनेहैं तोभी जबकि वेदोंमें ऐसे दोनो जगह वेद बनाए गए एसा उल्लेख नहीं है। और ऐसा होता तो दो चार सौ वर्ष के मार्ग में भी पूरी स्वस्थता नहींभी होती तोभी इतने वर्षो में जब कभी मिली हो तब वेदोंका कुछतोभी निर्माण होना शुरू रहना चाहिये था। तथा उत्तर ध्रुव प्रदेश के हिमपात का, वहां के तथा मार्ग के अनेक नदी पर्वतादिकों का वर्णन कहीं तो भी थोडा बहुत आना चाहिये था किंतु ऐसा वर्णन कहीं भी आया नहीं है। और यदि ऐसा होता तो लोकमान्यादि को उक्त कोटीक्रम लगाने की भी कोई आवश्यकता नहीं थी। इसलिये जबकि वेदों में ऐसे उल्लेख नहीं है तब दोनों जगह वेद बने हैं यह कथन भी निराधार अतएव अयुक्त निश्चित होजाता है।

विधान १०६

तथा उत्तर ध्रुव प्रदेश में पहले बस्ती थी बाद में वहां हिम प्रलय शुरू होने के कारण वह उजड होगई यह कथन भी निराधार और असंभवित है क्योंकि " अत्यंत शीतातप का होना " यह प्रश्न ज्योतिः शास्त्र से हल हो सकता है। इसके संबंध में आर्टिक होम दि वेदाज के प्रथम प्रकरण में आकृति देकर लोकमान्य ने उसके कुछ तत्वों को समझाये भी हैं। तथा मराठी वेद काल निर्णय (पृ. ३०) की टिप्पणी में भी उसका दिग्दर्शन कराया गया है। उसका संक्षिप्त वास्तविक अर्थ ये है कि ' सायन मकर व कर्क संक्रमण के समय यदि रवि के उच्च नीच स्थान जिन वर्षों में एक होते हों उन वर्षों में शीत उष्ण काल के समय सूर्य से पृथ्वी अपनी मध्यम कक्षा से करीबन १६ लाख माइल दूर में तथा निकट में होजाती है। इससे नीचोच्चजनित पृथ्वी पर सूर्य की उष्णता के कम ज्यादा के समय ही दक्षिणोत्तर गोल में सूर्य की स्थिती द्वारा उष्णता का कम ज्यादा होना एक होजाने से उस काल में पृथ्वी पर अत्यंत शीतातप का होना स्वाभाविक बात है। क्योंकि इस समय दोनों परिमाणों के अंतरांश शून्य के निकट में होजाने से दोनों परिमाण मिलकर एक ही कार्य करते हैं। तब शीतोष्णमान जोरदार हो जाते हैं। और जब अंतरांश ९० अंश होते हैं तब मध्यम स्थिति एवं १८० अंश पर स्वल्प स्थिति होजाती है। इसकी तुलना वर्तमान स्थिति से कर सकते हैं। शाके १८०० में सायन मकर संक्रान्ति २४७.९°– रवि उच्च ७८°.७ = अंतरांश १६९°.२ होने से शीतातप की स्वल्प स्थिति है। ऐसा होते हुए भी वर्तमान में ध्रुव प्रदेश इतना ठंडा है कि इस वैमानिक युग में भी वहां कई गएहुए पुरुषोंमेंसे कोई वहां ठहर न सका है। अर्थात् बर्फ से आच्छादित उस प्रदेश में आज भी कोई रह सकता नहीं है। ऐसा यह मनुष्यों के निवास के लिये अयोग्य है। तब शक पूर्व ४२०० वर्ष में सो स्युच ५०.९°— सायन मकर संक्रांति ३३०.५=अंतरांश ८८.५ थे। सो वर्तमान से

उसकी तुलना को देखते आज से उस समय डेढी निकृष्ट स्थिति होनी चाहिये। यदि कहें कि उसके पूर्व काल में अच्छी होगी सो भी नहीं है। क्योंकि शक पूर्व ९५०९ वर्ष में तो दोनों परिमाणों के अंतरांश शून्य होने से वर्तमान से उसकी तुलना को देखते आज से उस समय द्विगुण निकृष्ट स्थिति निश्चित होती है। ऐसी निकृष्ट स्थिति में वहां मनुष्यों का मूलस्थान होना कोई भी शास्त्रीय आधार से सिद्ध होता नहीं है। फिर महाभारत के रचना काल तक आर्यन् ग्रन्थकारों को ध्रुव स्थान से दिखने वाला ज्योतिष तथा ध्रुव स्थान का आधिभौतिक विशिष्ट ज्ञान वह बिना देखे भाले व सुने यहां आर्यों को कैसे हो सकता है। कदापि नहीं। इसलिये उक्त दोनों प्रश्नों को जोडने वाला यह कोटि क्रम व्यर्थ है। यानी उक्त दोनों प्रश्न खडे ही रहते हैं।

विधान १०७

यदि कहें कि " फिर सदेह स्वर्ग में जाकर आनेवाले:-ययाति अर्जुन आदिके १८ नाम जो ऊपर बताए गए हैं। व उनके संबंध में भारत आदिके अनेक प्रमाण बताए गए हैं सो वैसी घटनाएं क्या हुई नहीं हैं? क्या यह कथाएं ऐतिहासिक न होकर कल्पना तरंग मात्र हैं। इन प्रश्नों के उत्तर में मैं कह सकता हूं कि:—उक्त घटनाएं भूमिपर न होकर आकाश में हुई हैं। तत्कालीन ऋषियों ने उनको आकाश में (सेकडों वर्षों तक) प्रत्यक्ष देखकर ज्योतिषके हिसाबसे यथास्थित लिख रक्खी हैं। जोकि आज हमें कविता के रूपमें उपलब्ध होती हैं सो सब खगोलीय ऐतिहासिक हैं। क्योंकि इन कथाओं के संबंध की कुलबातें ज्योतिः शास्त्रीय सूक्ष्म गणित द्वारा कालक्रम बद्ध निश्चित होती हैं। अतएव विश्वसनीय एवं सत्य है। तब यहां पृथ्वीपर के उत्तर ध्रुव प्रदेश वाला ययाति आदि उक्त १८ पुरुषों का सदेह स्वर्ग में गमन न होकर उन २ नाम से प्रसिद्ध तारों के पुंजोंका आकाशके उत्तर ध्रुव प्रदेश रूप स्वर्गका गमन है। और वह सांगोपांगरी तिसे सप्रमाण सिद्ध होजाता है। फिर वहां आकाश में हिमपातके कोटी क्रम लगाने की और शीतोष्ण कम ज्यादा होने के कारणोंको ढूंढनेकी; आवश्यकता ही रहती नहीं है। लेकिन उस कथा भागकी प्रत्येक बातको खगोली सूक्ष्मगणितद्वारा निश्चितकर उसकी एक वाक्यता से इस घटनाको देखने वालोंका स्थल और काल आदिका निर्णय करने की आवश्यकता रहती है। अन्यथा विना इस निर्णय के इसका ऐतिहासिकत्वही सिद्ध होता नहीं है। इसलिये इस सिधान्त को निश्चय करने के लिये एक ययाति का उदाहरण ही पर्याप्त समझकर उसे यहां उधृत करताहूं। क्योंकि विधान १०४ में कहे हुए सदेह स्वर्गगमन करने वालों के १८ नामोंमें पहिला ययाति का ही नाम दर्शाया गया है दूसरा कारण ये है कि (विधान ९३-९७ में कहे हुए) स्कंद काल के एक अयन चक्र के पूर्व काल में इसी स्कंद पुंज को ययाति नाम से कहते थे इसलिये इस उदाहरण द्वारा दोनों

कालों की तुलना उत्तम प्रकार से होते हुए अनेक प्रमाणों की एक वाक्यता द्वारा कालानुक्रम वद्ध इसकी ऐतिहासिकता भी सिद्ध होजाती है।

विधान १०८

महाभारत उद्योग पर्व में ययाति के संबंध का निम्नलिखित वर्णन है। इससे यह स्वर्ग में कैसा गया, कितने वर्ष रहा और वहां से लौट आनेपर क्या हुआ इत्यादि तात्विक बातें निश्चित होने से इस कथा भाग का ऐतिहासिकत्व तथा घटना का वास्तविक अर्थ स्पष्ट हो जाता है। जसा कि:- " विश्वामित्रस्तु शिष्यस्य गालवस्य तपस्विनः ॥ अनुज्ञातो मया वत्स यथेष्टं गच्छ गालव ॥ × ॥ इत्युक्तः प्रत्युवाचेदं गालवो मुनिसत्तमम्. [अध्याय १०६ श्लोक १९-२०] दक्षिणाः काः प्रयच्छामि भवते गुरु कर्मणि ॥ २१ ॥ असकृद्गच्छ गच्छेति। किं ददानीति बहुशः ॥ २५ ॥ एकतः श्यामकर्णानां हयानां चंद्र वर्चसां ॥ अष्टौ शतानि मे देहि गच्छ गालव माचिरम् ॥ २७ ॥ " अर्थः- " गालव ऋषि विश्वामित्र का शिष्य होकर कई वर्ष तक रहा है। गमन करते समय, ' गुरु दक्षिणा क्या देऊं,' ऐसा गालाव के पूछने पर ' जबकि तुमारे पास कुछ (दक्षिणा) देने को नहीं है, फिर मैं आपसे दक्षिणा कैसे माग सकता हूं। इसलिये बिना दक्षिणा दिये ही तुम जासकते हो।' ' नहीं गुरुवर्य मैं किसी से माग कर दक्षिणा दे सकता हूं।' ऐसे गालव के बहुत आग्रह करने पर विश्वामित्र ने कहा ठीक है। ' देते ही हो तो चंद्र प्रभा वाले एकतः श्याम कर्ण ८०० अश्व मुझे दक्षिणा में देने चाहिये। ' तथास्तु कह के गालव चले गए। "

भावार्थ :-इस कथन में आएहुएतारका पुजोंका परिचय व भावार्थ मालूम होने के लिये विधान ९६ के कोष्टक नंबर ३ में स्कंद=ययाति का एक रूप होने से इसके तथा इसके संबंध के तारों के पुनः स्वर्गारोहण स्थिति के विषुवांश क्रांति आदि व स्थल के अक्षांश लिख दिये हैं। तथा आगे कोष्टक नंबर ४ में ययाति की स्वर्ग से पतन की स्थिति के तारों के परिमाण लिख दिये हैं। इनमे तथा दिये हुए नक्शों मे आप (पाठक वृंद) घटना के तारकापुंजोंसे परिचित हो जांयगे। तथा ययाति Perseus गालव Bita Auriga यह पुंज (तारे) इसी नाम से आकाशीय नक्शों में लिखे जाते हैं। (नक्षत्र विज्ञान नकशा नं. ३।४।५ देखो) यद्यपि नकशों में नरतुरंग Cantarus. के स्वस्तिक Bita Crubis भाग के एक तारे का नाम विश्वामित्र B. Crux लिखा है। तथापि इसके नाम के यौगिक अर्थ मे=विश्वा=विशाखा और मित्र=अनुराधा नक्षत्रों में जिसकी व्याप्ति हो वह पुंज नरतुरंग Centaurus ही विश्वामित्र का पूर्ण रूप है। इसकी योग. तारा मात्र (व स्वस्तिक) को विश्वामित्र लिखा है सो ठीक ही है। विश्वामित्र का तारा दीप्तिमान (प्रति १·५० का) है, और गालव की दीप्ति उससे कुछ कम (प्रति २.०७ की)

है। दोनों का रूप, तेजस दृश्य होते हुए यह दोनों तारे आकाश गंगा के दक्षिणोत्तर तर्फ के मोड वाले तट पर स्थित हैं। अक्षांश ३५ के स्थल से देखने वालों ने इनका एक कालावच्छेद में सम मंडल में आने का दृश्य देखने से इनका गुरु शिष्यत्व का नाता बनाया गया है। किंतु ऐसी स्थिति किन वर्षों से आरंभ हुई कितने वर्षों तक यह सम मंडल में आते रहे हैं। ऐसा मैंने गणित करके बताया नहीं है। सिर्फ ययाति के स्वर्ग से पतन के समय इन दोनों की क्रांति दक्षिण हो जाने से यह सम मंडल में आते नहीं थे। उस काल की स्थिति मात्र यहां कोष्टक ४ में बताई है।

विधान १०९

" अथाह गालवं दीनं सुपर्णः पततांवरः (११४–१) निर्मितं वह्निना भूमौ वायुना शोधितं तथा ॥ तस्माद्धिरण्यं सर्वंहि हिरण्यं तेन चोच्यते ॥ २ ॥ नित्यं प्रोष्ठपदाभ्यांच शुक्रे धनपतौतथा ॥ मनुष्येभ्यः समादत्तं शुक्रश्चित्तार्जितं धनम् ॥ ३ ॥ अजैकपादहिर्बुध्न्यैरक्षते धनदेनच ॥ ऋतेच धनमश्वानां नावाप्तिर्विद्यते तव ॥ ४ ॥ "
अर्थः–जब गालव से गरुड मिले तब उन्होंने गुरु दक्षिणा के संबंध में सलाह दी और कहा कि–" अग्नि ने पृथ्वी में जिसका निर्माण किया और जिसके शुद्ध रूप को वायु ने बनाया इसलिये सब लोग हेमन्तऋतु के वस्तु जात मात्र को हिरण्य (सुवर्ण) कहते हैं। यह नित्य ही दोनों प्रोष्ठपदाओं के (पूर्वा भाद्रपदा के २ और उत्तरा भाद्रपदा के २ ऐसे) चारों तारों से शुक्रे = उच्चैश्रवा पुंज में तथा धनपतौ = धनिष्ठा पुंज में चित्तार्जित (चिति से संग्रह किये) धन को शुक्र = उच्चैश्रवा लेकर मनुष्यों (विशाखा अनुराधा पुंज के विभागों) को देता है। इस समय उक्त धन अजैकपात् (पूर्वा भाद्रपदा) अहिर्बुध्न्य (उ. भाद्रपदा) और धनद = कुबेर के तारों से सुरक्षित हो रहा है। इसलिये धन मिलने के उक्त काल के आए बिना तुम्हें अश्वों का धन मिल नहीं सकता है। अर्थात् इस काल में उच्चैश्रवा व अश्व पुंज के निकट के ४ तारों की क्रांति नातुंग = अश्वकेनिकट केतारों (तदा क्रांतितुल्य) तारों की क्रान्ति के समान नहीं हो सकती है। "

विधान ११०

" ययातिर्नाम राजर्षिर्नाहुषः ॥ तंप्रत्युपस्थितौ (११४ ९) ययातिः सर्वकामीश इदंवचनमब्रवीत् (११५·२) 'एषा' 'चतुर्णां वंशानां स्थापयित्री सुतामम ॥ ११ ॥ सभवान् प्रतिगृह्णातु ममैतां माधवीं सुताम् ॥ १४ ॥ प्रतिगृह्यचतां कन्यां गालवः सह पक्षिणा ॥ पुनर्द्रक्षावइत्युक्त्वा प्रतस्थे सह कन्यया ॥ १६ ॥ ततो (१) हर्यश्वो वसुमना-दानपतिः, (२) दिवोदासात्प्रतर्दनः– शूरः, (३) औशीनरान्शिबिः– सत्यधर्मरतः,

कोष्टक नं. ४ — ययाति के स्वर्ग से पतन कालीन क्रांति आदि परिमाण

तारोंके वेधसिद्ध परिमाण					अयनांश २२८।५५ मघा नक्षत्र (भुक्त ४० घ., ८ पल) काल में						
महाभारत में लिखे हुए तारों के-	नक्षत्र विज्ञान के नक्शे में लिखे हुए	प्रकाश परिमाण	शुद्ध नाक्षत्र परिमाण के (निरयण)		तत्कालीन सायन मानसे	प्रो. हर्शल सारणी व अर्वाचीन ग्रंथोक्त क्रांति से — श पू ४०२६७ वर्ष (अ) रवि परम क्रांति २४°।०'		प्रो. लॉक्येरिअर टेबुलमें लिखी गति से — श पू ४०२६७ वर्ष [ब] रवि परम क्रांति २८°।४७'		प्रो. ड्राय सेनकी कही गति युक्त — श पू. ७५०९४ वर्ष [क] रवि परम क्रांति ३३°।२३'	
नाम	नाम	दीप्ति	भोग	शर	भोग	विषुवांश	क्रांति	विषुवांश	क्रांति	विषुवांश	क्रांति
ययाति शिर	G. Perseus ग. पर्शिअस	३. ०८	१६ ११	+ ३४। २२	२६७ १६	२६७ १३	+१०।२३	२६७ ४४	+ ५।३७	२६७ ४५	− १।१
ययाति मध्य	A. Perseus अ. पर्शिअस	१. ९०	३८ ५५	३०। १६	२७० ०	२७० ०	+ ६।१६	२७० ०	+ १।२९	२७० ०	− ३।७
ययाति चरण	D. Perseus डे. पर्शिअस	३. १०	४० ५७	२७। १७	२७२ २	२७१ ४१	+ ३।१८	२७१ ४८	− १।२९	२७१ ४८	− ६।४
देवयानि (पुंज)	Andromeda	२. २५	१७ ४७	२४। ४४	२४८ ५२	२५२ २२	+ १।१२	२५२ ३७	+ ७।२९	२५२ ४५	+ ३।५
माधवी पुंज)	मिझार Pegasus	२. ३७	६ ०	२६। ३५	२३७ ५	२४० ४४	+ ५।५६	२४० ५४	+ ११४६	२४० ५४	− २।१६
ग्रालव नामक तारा	Bita Auriga	२. ००	६६ ५	२१। २१	२९७ १०	२९५ ८	− ०।५	२९५ १३	− ४।२५	२९५ २६	− ८।३५

चतुष्क तारे (क)	पू. भा. अ.	१. ५७	३१० ४२	१९।२४	२०१ ४७	२०७ २३	+ ४।७	२०७ ५९	+ ६।५३	२०८ २४	+ ४।४३
(ख)	पू. भा. ब.	१. ६१	३१५ ३४	३।१८	२०६ ३९	२१६ १५	+ १८।२६	२१७ २५	+ १५।३०	२१८ २०	+ ११।४५
(ग)	उ. भा. अ.	२. १५	३४५ १९	१२।३६	२१६ २४	२१८ ११	− २।९	२१७ ५६	− ५।८	२१७ ३२	+ ७।५१
(घ)	उत्तरा भा. ग.	२. ८७	३५० २८	२५।४१	२२१ ३३	२२७ १३	+ ६।४५	२२७ ३०	+ ३।१४	२२७ ३५	− ०।९
महायान् १	भूतप १	३. ००	१७३ ४९	४९।३३	४४ ५४	१३ ४९	+ ६१।५०	४ २१	+ ६२।३४	४ ३२	+ ६२।३३
इन्द्र ,, २	भूतप २	३. ६३	१८० २५	५४। ९	५१ ३०	१३ ४३	+ ६९।५८	१ ४७	+ ६८।३६	३५० ९	+ ६८।१७
,, ,, ३	भूतप ३	३. ५४	१८९ १८	+ ४८।५७	६० २३	३३ ३१	+ ६७।६	२७ ५७	+ ६९।२२	१० ४८	+ ७०।४३
विश्वामित्र	(व.) स्वस्तिक	१. ५०	११७ ४९	− ४८।३८	६८ ५४	७४ ४१	− २५।४७	७५ १३	− २१।१०	७५ ३७	− १६।४२
श्रविष्ठा	Alpha-Delphini	३ ८६	२९३ ३३	+ ३३।२२	१६४ ३८	१८१ २०	+ ३६।३	१८४ ४८	+ ३५।४७	१८८ ४	+ ३५।१६
कुबेर	Delta Aquarius	२ ९८	२९९ ४८	− ३।४८	१७० ५३	१७० ८	+ ०।१३	१७० १०	+ १।२	१७० १८	+ १।३९
गरुड	रविहंस पुच्छिलपक्ष	३ ५५	२६३ ३४	+ १८।१४	१३४ ३९	१४३ ४३	+ ३४।६	१४६ ३१	+ ३६।५१	१४९ ३४	+ ३९।३७
[illegible] तारे (क)	Sota centauri	२. ९१	१८९ १९	− २६। ०	६० २४	६३ ३३	− ४।४४	६३ ३९	− ०।२८	६३ ३६	+ ३।४०
(ख)	Mu centauri	३. २	१९३ ३७	− २८।५८	६८ ४२	७१ २१	− ६।२२	७१ २७	− १।५०	७१ २७	+ २।३२
(ग)	Theta centauri	२. २६	१९८ २९	− २२।४	६९ ३४	७१ ७	+ ०।२४	७१ २	+ ५।१	७० ५१	+ ९।२६
(घ)	Eta centauri	२. ६५	२०६ २५	− २५।३०	७७ ३०	७८ ५७	− ३।१	७८ ५६	+ २।४२	७८ ५२	+ ७।१३

(४) विश्वामित्राच अष्टक. यज्वा । एवं माधव्याश्चत्वारः पुत्रा अजायन्त । " विश्वामित्रः सुत तच अश्वैस्तैः (८००) समयोजयत् (११९·१९) कौशिकोऽपि वनंययौ. (१२०१) माधवीxवरं वृतवती वनम् ॥ ९-६ ॥ उपवासैः x आत्मनोलघुतां कृत्वा बभूव मृगचारिणी ॥७॥ अवंतीनांच पुण्यानां x पिबंति वारि मुख्यानि शीतानि विमलानिच ॥९॥ चरंती हरिणैः सार्धं मृगीव वनचारिणी ॥ १०-११ ॥ " अर्थः—" गालव को साथ लेकर गरुड प्रतिष्ठान नगर (कुरुक्षेत्र के उत्तर में २५ अक्षांस के प्रदेश) में ययाति के यहा गए और गालव के लिये दक्षिणा की प्रार्थना की; तब ययाति बोले कि मेरे पास अश्व तो नहीं हैं । किंतु चार वंशों को स्थापन करने वाली माधवी Pegasva [की मुख्य तारा मिरा है सो] मेरी लडकी को आप ले जाकर विवाह दो तो इसके चार संतान के बदले में आपको ८०० अश्व मिल जायगे । सो तुम गुरु को दक्षिणा दे देना ॥ १४ ॥ ठीक है फिर मिलूगा कहकर माधवी को साथ लेकर गालव और गरुड चले गये ॥ १९ ॥ दौसो दौसो अश्व में एक एक सतान ऐसे चार ठिकाने माधवी को विवाही तब इसको (१) हर्यश्व से वसुमना नामक पुत्र बडा दानी हुआ, (२) काशी के राजा दिवोदास से प्रतर्दन-शूर पुत्र हुआ । (३) औशीनर से शिबि सत्य वचनी हुआ, और (४) विश्वामित्र से अष्टक पुत्र बडा याज्ञिक हुआ। माधवी को इस प्रकार चार पुत्र हुए । इनके बदले में लिये हुए ८०० अश्व विश्वामित्र को दे दिये । इसने अपने माधवी के पुत्र अष्टक के पास उक्त अश्व रखकर आप वन में चले गए। माधवी भी तप करने के लिये वन में चली गई। वहा उपवासों को करने से दुर्बल होगई। और मृगों के साथ विचरने लगी । पवित्र नदी के स्रोतों का ठंडा निर्मल पानी पीती हुई हरिणादिकों के साथ भ्रमण करने लगी। " इस कथा का भावार्थः—आगे दिये हुए ययाति के स्वर्ग से पतन कालीन नकशों में एवं कोष्टक नंबर ४ में ययाति गालव, गरुड विश्वामित्र=नरतुंग माधवी=मिरा, देवयानी पुंज और विश्वामित्रादि चार तारों की चतुरस्राकृति वालों के पुत्र माधवी के निकट के पूर्वोत्तरा भाद्रपदाके चारों तारों को देखने से तथा सरट Sacerta जंबुक Vulpus पुंजों के हरिण, धनिष्टा को धन समझने से ग्रंथोक्त का आशय स्पष्ट हो जाता है । इन पुंजों के गणितागत अंकोकी तुलना कोष्टक नं. ४ द्वारा कर सकते हैं ।

विधान १११

" ययातिरपि x बहु वर्ष सहस्रायु र्युयुजे काल धर्मणा (१२० । १२) महर्षि कल्पो नृपतिः x ययातिः स्वर्गमास्थित. ॥ १४ ॥ बहु वर्ष सहस्राख्ये काले बहु गुणे गते ॥ अवमेने नरान्सर्वान् देवानृषिगणांस्तथा ॥ २२ ॥ पतेयं सत्स्विति वचास्त्रिरुक्त्वा नहुषात्मजः (१२१।८) नैमिषे पार्थिवर्षभान् ॥ चतुरोऽपश्यत नृपस्तेषां मध्ये पपातह ॥ प्रतर्दनो वसुमना शिबिरौशी नरोऽष्टक. ॥ १० ॥ वाजपेयेन यज्ञेन तर्पयंति सुरेश्वरम् ॥

तेषामध्वरजं धूमं स्वर्गद्वारमुपस्थितम् ॥ ११ ॥ भूमौ स्वर्गे च संबद्धां नदीं धूममयीमिव ॥ गंगा गामिव गच्छन्तीमालंव्य जगती पतिः ॥ १२ ॥ पपात मध्ये राजार्षिर्ययातिः पुण्य संक्षये ॥ १४ ॥ एतस्मिन्नेव कालेतु मृगचर्याक्रमागताम् ॥ स्पृष्ट्वा मूर्धनि तान्पुत्रां-स्तापसी वाक्यमब्रवीत ॥ दौहित्रास्तव राजेन्द्र ममपुत्रा न तेपरः ॥ २३ ॥ इमे त्वां तारयिष्यंति दृष्टमेतत् पुरातने ॥ २४ ॥ मया प्युपचितो धर्म स्ततोऽर्धं प्रतिगृह्यताम् ॥ ततस्ते पार्थिवाः सर्वे शिरसा जननीं तदा ॥ २६ ॥ अभिवाद्य नमस्कृत्य मातामहमथा-ब्रुवन् ॥ २७ ॥ अथ तस्मादुपगतो गालवोऽप्याह पार्थिवम् ॥ तपसे मेष्ट भागेन स्वर्गमा-रोहतां भवान् ॥ २८ ॥ समारुरोह नृपतिरस्पृशन् वसुधा तलम् ॥ (१२२ । १) न पृथ्वी-मस्पृशत्पदा ॥ २ ॥ दान, औदार्य, अनृत, यज्ञानुष्ठानफलानि चतुर्भिर्दौहित्रैर्दत्तानि तदा) यथा यथाहि जल्पन्ति दौहित्रास्तं नराधिपम् ॥ तथा तथा वसुमतीं त्यक्त्वा राजा दिवं ययौ ॥ १५ ॥ अभिवृष्टश्च वर्षेण × जजाल परयाश्रिया. (१२३ । १—३)

भारत उद्योग पर्व ।

अर्थः—" ययाति की कई हजार वर्ष की आयु होने बाद में वह काल धर्म के योग से स्वर्गको जाते हुए पहले महर्षि लोक में गए व बाद में स्वर्ग लोक में पहुंच गए। वहा बहुत हजारों वर्षोतक रहे अंतमें जब इनका पुण्यक्षीण होगया तब इन्हें गर्व आगया तो मानव, देवता, व ऋषियोंका (उच्चपदारूढ होनेसे) यह अपमान करने लगे। इस समय इंद्रकी आज्ञासे इनका पतन होना शुरू हुआ। इनकी क्रांति घटने लगी। यह देख ययाति तीन बार बोले कि; ' मेरा पतन सज्जनों में हो। ' इस लिये नैमिषारण्यमें ययाति (के तीनूं तारों) का पतन हुआ, उस समय माधवी के-प्रतर्दन, वसुमना, शिबि और अष्टक नामके-चारों पुत्र देवेश्वर को प्रसन्न करने के लिये वाजपेय यज्ञ कर रहे थे। इस यज्ञका धूआं स्वर्गद्वार तक पहुंच जानेसे ऐसा दिखता था कि; मानों भूमि से स्वर्ग पर्यंत देदीप्यमान धूएंकी नदी बांधी गई हो। और वह दोनों ओरसे लौटती हुई दिखने से मानों आकाशकी गंगा पृथ्वीपर बहती हुई आ रही है। इसका आश्रय लेकर ययाति राजा (पुण्य क्षीण होनेसे) धीरे धीरे पृथ्वी पर आगए। तब वहां मृग चर्याके क्रमसे माधवी भी आगई है। उसने अपने पुत्रों के मस्तकों का स्पर्श किया। और वह तपस्वी के वेशमें बोली कि:— पिताजी मेरे यह चारों पुत्र आपके दौहित्र हैं सो पुत्रों के ही तुल्य हैं। प्राचीन इतिहास को देखने से ज्ञात होता है कि यह आपको तारेंगे। और मैं भी मेरे संचित पुण्य मेंसे आधा अंश आपको देती हूं। यह सुनकर वहांके राजा लोग अपनी माताको शिर नवाकर प्रणाम किये। और मातामह (नाना) को नमस्कार करके आश्वासन देने लगे। उस काल में गालव ऋषि भी वहीं आगए। और ययाति के किये हुए उपकार से उऋण होने के लिये ययाति से बोले कि मेरी तपश्चर्याके आठ भाग से आप स्वर्ग में पधारिये। उस समय ययाति राजा पृथ्वी छोड देता हुआ ऊपरको चढने लगा है। वह इतना ऊपर आगया कि

(४) विश्वामित्राच अष्टक यज्वा । एवं माधव्याश्चत्वारः पुत्रा अजायन्त । " विश्वामित्रः सुत तच अश्वैस्तैः (८००) समयोजयत् (११९·१९) कौशिकोऽपि वनंययौ. (१२०।) माधवी×परं वृतवती वनम् ॥ ९-६ ॥ उपवासै × आत्मनोलघुतां कृत्वा बभूव मृगचारिणी ॥७॥ अवंतीनांच पुण्यानां × पिबंनि वारि मुख्यानि शीतानि विमलानिच ॥९॥ चरंती हरिणैः सार्ध मृगीव वनचारिणी ॥ १०-११ ॥ " अर्थ.—" गालव को साथ लेकर गरुड प्रतिष्ठान नगर (कुरुक्षेत्र के उत्तर में २५ अक्षांस के प्रदेश) में ययाति के यहा गए और गालव के लिये दक्षिणा की प्रार्थना की; तब ययाति बोले कि मेरे पास अश्व तो नहीं हैं । किंतु चार वंशों को स्थापन करने वाली माधवी Pegasva [की मुख्य तारा मिरा है सो] मेरी लडकी को आप ले जाकर विवाह दो तो इसके चार संतान के बदले में आपको ८०० अश्व मिल जायगे । सो तुम गुरु को दक्षिणा दे देना ॥ १४ ॥ ठीक है फिर मिलूंगा कहकर माधवी को साथ लेकर गालव और गरुड चले गये ॥ १९ ॥ दौसो दौसो अश्व में एक एक संतान ऐसे चार ठिकाने माधवी को विवाही तब इसको (१) हर्यश्व से वसुमना नामक पुत्र बडा दानी हुआ, (२) काशी के राजा दिवोदास से प्रतर्दन-शूर पुत्र हुआ । (३) औशीनर से शिबि सत्य वचनी हुआ, और (४) विश्वामित्र से अष्टक पुत्र बडा याज्ञिक हुआ। माधवी को इस प्रकार चार पुत्र हुए । इनके बदले में लिये हुए ८०० अश्व विश्वामित्र को दे दिये । इसने अपने माधवी के पुत्र अष्टक के पास उक्त अश्व रखकर आप वन में चले गए। माधवी भी तप करने के लिये वन में चली गई। वहा उपवासों को करने से दुर्बल होगई। और मृगों के साथ विचरने लगी। पवित्र नदी के स्रोतों का ठंडा निर्मल पानी पीती हुई हरिणादिकों के साथ भ्रमण करने लगी। " इस कथा का भावार्थ –आगे दिये हुए ययाति के स्वर्ग से पतन कालीन नकशों में एव कोष्टक नंबर ४ में ययाति गालव, गरुड विश्वामित्र=नरतुंग माधवी=मिरा, देवयानी पुंज और विश्व मित्रादि चार तारों की चतुरस्त्राकृति वालों के पुत्र माधवी के निकट के पूर्वोत्तरा भाद्रपदा के चारों तारों को देखने से तथा सरट Sacerta जंबुक Vulpus पुंजों के हरिण, धनिष्ठा को धन समझने से ग्रंथोक्त का आशय स्पष्ट हो जाता है। इन पुंजों के गणितागत अंकोंकी तुलना कोष्टक नं. ४ द्वारा कर सकते हैं।

विधान १११

" ययातिरपि × बहु वर्ष सहस्रायु र्युयुजे काल धर्मणा (१२० । १२) महर्षिकल्पो नृपति × ययाति. स्वर्गमास्थित ॥ १४ ॥ बहु वर्ष सहस्राख्ये काले बहु गुणे गते ॥ अयमेने नरान्सर्वान् देवानृषिगणास्तथा ॥ २२ ॥ पतेयं सत्स्विति धचस्त्रिरुक्त्वा नहुषात्मज (१२१ । ८) नैमिषे पार्थिवप्रभान् ॥ चतुरोऽपश्यत नृपस्तेषां मध्ये पपात ह ॥ प्रतर्दनो वसुमना शिबिरौशी नरोऽष्टक ॥ १० ॥ वाजपेयेन यज्ञेन तर्पयंति सुरेश्वरम् ॥

तेषामध्वरजं धूमं स्वर्गद्वारमुपास्थितम् ॥ ११ ॥ भूमौ स्वर्गेच संबद्धा नदीं धूममयीमिव ॥ गंगा गामिव गच्छन्तीमालंब्य जगतो पति. ॥ १२ ॥ पपात मध्ये राजर्षिर्ययातिः पुण्य सक्षये ॥ १४ ॥ एतस्मिन्नेव कालेतु मृगचर्याक्रमागताम् ॥ स्पृष्ट्वा मूर्धनि तान्पुत्रां-स्तापर्सा वाक्यमब्रवीत ॥ दौहित्रास्तव राजेन्द्र ममपुत्रा न तेपरः ॥ २३ ॥ इमे त्वा तारयिष्यंति दृष्टमेतत् पुरातने ॥ २४ ॥ मया ह्युपचितो धर्म स्ततोऽर्धं प्रतिगृह्यताम् ॥ ततस्ते पार्थिवाः सर्वे शिरसा जननीं तदा ॥ २६ ॥ अभिवाद्य नमस्कृत्य मातामहमथा-ब्रुवन् ॥ २७ ॥ अथ तस्मादुपगतो गालवोऽप्याह पार्थिवम् ॥ तपसे मेऽष्ट भागेन स्वर्गमा-रोहतां भवान् ॥ २८ ॥ समारुरोह नृपतिरस्पृशन् वसुधा तलम् ॥ (१२२ । १) न पृथ्वी-मस्पृशत्पदा ॥ २ ॥ दान, औदार्य, अनृत, यज्ञानुष्ठानफलानि चतुर्भिर्दौहित्रैर्दत्तानि तदा) यथा यथाहि जल्पन्ति दौहित्रास्तं नराधिपम् ॥ तथा तथा वसुमतीं त्यक्त्वा राजा दिवं ययौ ॥ १५ ॥ अभिवृष्टश्च वर्षेण × जज्वाल परयाश्रिया. (१२३ । १—३)

भारत उद्योग पर्व ।

अर्थ —" ययाति को कई हजार वर्ष की आयु होने बाद में वह काल धर्म के योग से स्वर्गको जाते हुए पहले महर्षि लोक में गए व बाद में स्वर्ग लोक में पहुंच गए। वहा बहुत हजारों वर्षोंतक रहे अंतमें जब इनका पुण्यक्षीण होगया तब इन्हें गर्व आगया तो मानव, देवता, व ऋषियोंका (उच्चपदारूढ होनेसे) यह अपमान करने लगे। इस समय इंद्रकी आज्ञासे इनका पतन होना शुरू हुआ। इनकी क्रांति घटने लगी। यह देख ययाति तीन बार बोले कि; ' मेरा पतन सज्जनो में हो ' इस लिये नैमिषारण्यमें ययाति (के तीनूं तारों) का पतन हुआ, उस समय माधवी के–प्रतर्दन, वसुमन', शिबि और अष्टक नामके–चारों पुत्र देवेश्वर को प्रसन्न करने के लिये वाजपेय यज्ञ कर रहे थे। इस यज्ञका धूआ स्वर्गद्वार तक पहुंच जानेसे ऐसा दिखता था कि; मानों भूमि से स्वर्ग पर्यंत देदीप्यमान धूएंकी नदी बांधी गई हो। और वह दोनों ओरसे छोटती हुई दिखने से मानों आकाशकी गंगा पृथ्वीपर बहती हुई आ रही है। इसका आश्रय लेकर ययाति राजा (पुण्य क्षीण होनेसे) धीरे धीरे पृथ्वी पर आगए। तब वहा मृग चर्याके क्रमसे माधवी भी आगई है। उसने अपने पुत्रों के मस्तकों का स्पर्श किया। और वह तपस्वी के वेशमें बोली कि:– पिताजी मेरे यह चारों पुत्र आपके दौहित्र हैं सो पुत्रों के ही तुल्य हैं। प्राचीन इतिहास को देखने से ज्ञात होता है कि यह आपको तारेंगे। और मैं भी मेरे संचित पुण्य मेंसे आधा अंश आपको देती हूं। यह सुनकर वहांके राजा लोग अपनी माताको शिर नवाकर प्रणाम किये। और मातामह (नाना) को नमस्कार करके आश्वासन देने लगे। इस काल में गालव ऋषि भी वहीं आगए। और ययाति के किये हुए उपकार से उऋण होने के लिये ययाति से बोले कि मेरी तपश्चर्याके आठ भाग से आप स्वर्ग में पधारिये। इस समय ययाति राजा पृथ्वी छोड़ देता हुआ ऊपरको चढने लगा है। वह इतना ऊपर आगया कि

उसके चरणभी पृथ्वी को स्पर्श नहीं करते थे तब चारों दौहित्रोंने इन्हें दान, औदार्य, अनृत (सत्यवचन) व यज्ञोंका फल दिया। जैसे जैसे दौहित्र अपना २ पुण्य अर्पण करते थे वैसे वैसे ययाति पृथ्वी से ऊपर को चढते जाते थे। अन्तमें ययाति पुनः स्वर्ग लोक में चले गए हैं। सो ययाति प्रसन्न होकर प्रति वर्ष जलकी वर्षा का आरंभ करते हैं। और अत्यंत शोभायुक्त देदीप्यमान हो गए हैं।"

भावार्थ.—"तारों की क्रांति का बदलना बहुत धीरे धीरे (हजारों वर्षों में) दृष्टि गोचर होता है। इसलिये ययाति की आयु कई हजार वर्षों की तथा स्वर्ग में स्थिति हजारों वर्ष की कही है। आदिपर्व (अ. ८९ श्लो. १६-१८) में तो इंद्रपुरी, प्रजापति (ध्रुव मंडल) लोक और अंतमें नंदन वनमें हजारों वर्षों में ययाति का लौटना लिखा है। क्रांतिका बढाबढ़ जानाही पुण्यक्षीण होनेसे व प्रजापति के लोक तक पहुंच जानेसे ययाति को गर्व आगया कहा है। इसी से ययाति का पतन दर्शाया है। विश्वामित्र (नर-तुरंग) के निकट के (कोष्टक नम्बर ४ में देखिये) 'का खा गा घा' चार राजाओं [विषु व वृत्तीय तारों] के तुल्य आकृतिरूप वाले पूर्वोत्तराभाद्र पदाके 'क, ख, ग, घ' तारे पुत्ररूप थे। यानी वह एकही रेखा में दिखते थे। यह उच्चैश्रवा पुंज के अंतर्गत होनेसे 'वाजपेय यज्ञ कर रहे थे' कहा है। साथ में दिये हुए नकशों को देखने से ज्ञात होगा कि, यहीं से आकाशगंगा, पतंकेभुपं के छतके मारुक ऊपर को फैली हुई और पूर्व पश्चिम दोनों बगल से दक्षिण के तर्फ लौटती आती हुई दिखती है। इसके पूर्व के तर्फ की आकाश गंगा में ययाति पुंज है। इस समय भाद्रपदमास के संपातसे काटने यह पुंज विषुव वृत्त के नीचे आजाने से स्वर्ग से आकाश गंगा के अवलंब से ययाति का भूमिपर पतन हुआ कहा है। आदि पर्व [अ. ८८ श्लो. ९] में ययाति की आकृति व स्वरूप "शक्रार्क विष्णु प्रतिम प्रभावम्" इंद्र=ज्येष्ठ, रवि=हस्त, विष्णु=श्रवण पुंजके तीन तीन तारों के तुल्य ही ययाति के तीन तारे कहे हैं। जोकि 'पतेय सत्सु निरूक्षवा" के टीकाकार के कथन से कोष्टक में उक्त तीनों तारे ययाति के शिर, मध्य व चरण स्थानीय माने हैं सो युक्त है। और यह तीनों तारे विषुवत्वृत्तके नीचे (दक्षिण क्रांति के) हो जानेसे 'सूर्यपथात्पवंतम्' (आदि पर्व ८८-८) सूर्यपथ = विषुवत्वृत्तसे पतन कहा गया है। साथ दिये हुए नकशेमें और कोष्टक ४ के (क) कालम में लिखी हुई ययाति आदि की क्रांति को देखने से स्पष्ट तया मालूम होता है कि; पूर्वोत्तराभाद्रपदा के चारोंतारों की क्रांति के अंतर्गत ययाति की क्रांति आगई थी। अतएव इन दौहित्रों के बीच ययाति का पतन बताया है। 'मिहार' नामक तारे को मुख्य मानकर (आकी) देवयानिपुंजको यही माधवी=मधु चैत्रमासीय तारका पुंज यही तथा शर्मिष्ठा इनि होनेके कारण — मृगके मुख शिर और पदनक्षेत्रुकाकारचक्रने पानी = मृगचर्मणा कहे गए है। इसी के लिए

के नीचे चारों तारे होने से यह अपने पुत्रों के सिर का स्पर्श कर रहा है। और वह चारों अपनी माता को सिर से प्रणाम कर रहे हैं। माधवी पुंज का मध्य विषुव वृत्त से आधा अंश नीचे हो गया है वास्ते माधवी पुण्य का आधा भाग पिता को दे रही है। इधर कृतज्ञता पूर्वक गालव भी आ गए हैं। क्योंकि इनकी क्रांति भी ययाति के तुल्य विषुववृत्त से दक्षिण में हो गई है। वह (द. क्रां.) ८ अंश हो जाने से गालव अपने संचित पुण्य के ८ भाग देकर ययाति को विषुवत् वृत्त पर लाने को कह रहा है। माधवी और भाद्रपदा के चारों तारों के सायन भोग अयन की विलोम गति से २७० अंश के तर्फ बढ रहे हैं। अतएव यह दक्षिण के तर्फ जाते हुए और ययाति उत्तर के तर्फ बढते हुए हैं। वास्ते इन्होंने कहा कि:- " अचे देकैकशोराजंल्लोकान्नः प्रतिनंदासि ॥ सर्वे प्रदाय भवते गंतारो नरके वयम् (आदि पर्व ९३ १०) " हमारा पुण्य आपको देकर हम लोग नरक (दक्षिण गोल) में जाने को तैयार हैं। आप स्वर्ग में जाईये ऐसा स्पष्ट कहा है। इस समय ययाति का सायन भोग २७० अंश से आगे धीरे २ बढने लगा है। इससे ३ तारे विषुवत् वृत्त पर आगए तब पृथ्वी को स्पर्श किये बिना यह स्वर्ग में जाने लगे। आगे इसकी उत्तर क्राति ३५ अंश के ऊपर बढ गई तब (उक्त ययाति के प्रतिष्ठान नगर) उत्तर ३५ अक्षांश के प्रदेश में यह पूर्व पश्चिम रेखा रूप भूभाग को चरण से स्पर्श किये बिना स्वर्ग में चले गए हैं। धीरे २ सतत ऊर्ध्वस्थान में प्रजापति के लोकरूप [सायन भोग ९० अंश] पर आरूढ होगए हैं। इससमय ययाति = कृतिका पुंज पर सूर्य आनेसे जलकी वर्षा को वर्षाने लगे हैं। और उत्तर क्राति पूर्ण होने से परम शोभा को एवं दीप्ति के काल को प्राप्त हुए हैं। " इत्यादि कहा है।

विधान ११२ (काल निर्णय.)

